*1685. **Sardar Dhanna Singh Gulshan :** Will the Minister for Finance be pleased to state—

(a) whether any rice or other foodgrain was exported by Government from the State during the year 1957; if so, the quantity thereof in each case;

(b) whether any profit accrued to the Government as a result of the export referred to above; if so, the amount thereof;

(c) whether Government also imported any foodgrains from outside during the period mentioned in part (a) above; if so, the quantity thereof in each case ?

Shri Benarsi Das Gupta (Deputy Minister) : (a) Yes, 31065 tons of rice on Government of India account during October to December, 1957.

(b) Does not arise.

(c) 36,944 tons of wheat and 481 tons of rice were imported by Government in the early months of 1957 for distribution through Fair Price Shops.

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब सवाल के पहले पार्ट के जवाब में यह बताया गया है कि 31 हज़ार ton चावल गवर्नमेंट of India को भेजा गया है और दूसरे पार्ट के जवाब में बताया गया है कि profit का सवाल ही पैदा नहीं होता तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि कया यह अमर वाक्या नहीं है कि जिस कीमत पर हमारी गवर्नमेंट ने चावल खरीदा था उस से ज़्यादा कीमत पर यह गवर्नमेंट of India को भेजा गया है ?

उप मंत्री : यह अमर वाक्या नहीं है ।

Sardar Bhupinder Singh Mann : May I know whether it is a fact that the price of rice in Punjab is much lower than the price of rice in the adjoining area of U.P.?

उप मंत्री : हां बिल्कुल ठीक है। जब किसी चीज़ पर कहीं control होता है तो उसी चीज़ की कीमत बराबर के इलाकों में ज़्यादा होती है ।

अध्यक्ष महोदय : आप ऐसा जवाब देते देते फंस जायेंगे इस लिये वित्त मंत्री को जवाब देने दें। (The Deputy Minister is likely to be cornered while replying to the supplementaries. Let the Minister for Finance, therefore reply.)

Sardar Bhupinder Singh Mann : May I know from the Finance Minister or his deputy if they have calculated the loss they have caused to the Punjab State by this Order?

Minister for Finance : No calculation has been made.

Shri Dev Datt Puri : Will the honourable the Finance Minister please state the disparity between the prices in the U.P. and the prices in the border areas in the Punjab and, also, whether satisfactory arrangements for the purchase of rice from the border areas have been made?

Minister for Finance : So far as the question of disparity in prices is concerned, I will have to ascertain the prices in the contiguous territory. At present, I have no official information in this connection. As regards the procurement from the border areas, adequate arrangements were made.

श्री प्रबोध चन्द्र : जनाब मैं ने सवाल किया था कि क्या यह अमर वाक्या नहीं है कि पंजाब गवर्नमेंट की चावल की procurement price उस price से कम थी जो कि Government of India से ली गई है तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि ऐसा होते हुए भी मुनाफा न होने की क्या वजह है ?

वित्त मंत्री : Question के जवाब में अर्ज़ कर दिया गया है कि चावल Government of India को उसी कीमत पर दिया गया है जिस पर कि यह procure किया गया था। यह तो उस के लिये उसी के रुपये से खरीदा गया था । इस लिये मुनाफे का सवाल ही पैदा नहीं होता ।

श्री राम प्यारा : क्या यह हकीकत नहीं है कि जितना चावल पंजाब में गवर्नमेंट ने procure किया है उस से ज़्यादा चावल पंजाब से smuggle हो कर वैसे बाहर चला गया है ?

मुख्य मंत्री : मैं समझता हूं कि यह बिल्कुल गलत है ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : क्या यह हकीकत नहीं है कि तकरीबन एक करोड़ रुपए का घाटा पंजाब को चावल के यहां कम भाव होने की वजह से हुआ है ?

ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਪੈਸਿਆਂ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਦੇਖਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ । ਪਿਛਲਿਆਂ ਕਈ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਇਥੇ ਧਾਨ ਦੀ ਜੋ price ਰਹੀ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਇਹ ਘਟ price ਤੇ procure ਨਹੀਂ ਕੀਤੇ ਗਏ। ਫਿਰ ਸਾਨੂੰ ਬਾਕੀ ਦੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਨਾਲ ਆਪਣੇ co-relations ਨੂੰ ਵੀ ਦੇਖਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਬਾਕੀ ਦੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਨੂੰ ਚਾਵਲ ਦੀ ਲੋੜ ਸੀ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਇਹ ਬਾਹਰੋਂ ਮੰਗਵਾਉਣੇ ਪੈ ਰਹੇ ਸੀ ਤੇ ਫਿਰ ਸਾਡਾ ਸੂਬਾ ਚਾਵਲ ਨਾ ਖਾਣ ਵਾਲਾ ਸੂਬਾ ਹੈ ਇਸ ਕਰਕੇ ਅਸੀਂ ਇਹ procure ਕਰ ਲਏ ਹਨ । ਇਹ ਮੈਂ ਮੰਨਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਿਛਲਿਆਂ ਪੰਜਾਂ ਛਿਆਂ ਸਾਲਾਂ ਦੀ ਕੀਮਤ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਥੋੜਾ ਬਹੁਤ loss ਜ਼ਰੂਰ ਹੈ ਪਰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਹੀਂ । ਇਹ ਇੰਝ ਜਾਪਦਾ ਹੈ ਕਿ ਦੂਜਿਆਂ ਸੂਬਿਆਂ ਨਾਲੋਂ ਇਥੇ ਚਾਵਲ ਦਾ ਭਾਉ ਘੱਟ ਹੈ । ਫਿਰ ਬਾਕੀ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਖਾਤਰ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਵੇਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਇਥੇ ਚਾਵਲਾਂ ਉਤੇ control ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਤਾਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਹੁਣ ਨਾਲੋਂ ਬਹੁਤ ਵਧ ਰੁਪਏ ਬਤੌਰ ਕੀਮਤ ਮਿਲਦੇ ?

ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਗੱਲ ਸਾਨੂੰ ਨਹੀਂ ਸੋਚਣੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਜੇਕਰ ਅਸਾਂ Government of India ਕੋਲੋਂ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਲੈ ਕੇ ਇਥੇ ਚਾਵਲਾਂ ਦੀ ਉਪਜ ਵਧਾ ਲਈ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਕਿ ਜੇ ਬਾਕੀ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਨੂੰ ਚਾਵਲ ਦੀ ਲੋੜ ਪਏ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਉਸ ਦੀ ਕੀਮਤ ਵਧਾ ਦਈਏ। ਅਸਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ ਦੀ ਕੀਮਤ ਵਧਾ ਕੇ ਆਪਣੀ Second Five Year Plan ਨੂੰ ਖਤਮ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਨਾਲ ਦੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਜਿਸ ਕੀਮਤ ਤੇ ਚਾਵਲ ਵਿਕ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ ਉਸ ਕੀਮਤ ਨਾਲੋਂ ਬਹੁਤ ਵਧ ਹੈ ਜਿਸ ਕੀਮਤ ਤੇ ਇਹ ਇਥੇ procure ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ?

ਮੁੱਖ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਨਹੀਂ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਇਥੇ ਦਸ ਰੁਪਏ ਤੇ ਵਿਕਿਆ ਹੈ, 11 ਅਤੇ ਪੌਣੇ ਬਾਰਾਂ ਤੇ ਵੀ ਵਿਕਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਗੋਂ ਅਸਾਂ ਉਥੇ ਨਾਲੋਂ ਵਧ ਕੀਮਤ ਲਈ ਹੈ।

ਸਰਦਾਰ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ : ਕੀ ਮੁਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਹ ਜੋ ਸਸਤੀ ਕੀਮਤ ਤੇ ਚਾਵਲ Central Government ਨੂੰ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ, ਕੀ ਇਹ ਇਸ ਕਰ ਕੇ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਸੂਬਾ ਉਸ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦਾ ਮਕਰੂਜ਼ ਹੈ ?

ਮੁਖ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਹ ਚਾਵਲ ਬਿਲਕੁਲ ਸਸਤੇ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੇ ਗਏ। ਇਹ ਤਾਂ ਮੁਨਾਸਬ ਕੀਮਤ ਤੇ ਦਿੱਤੇ ਗਏ ਹਨ।

ਸਰਦਾਰ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ : ਕੀ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਥੇ ਚਾਵਲਾਂ ਦੀ procurement ਕਰਨ ਕਰ ਕੇ ਇਥੇ ਦੀ markets ਨਾਲੋਂ ਨਾਲ ਲਗਦੇ ਸੂਬੇ ਦੀ markets ਵਿਚ ਚਾਵਲਾਂ ਦੀ ਕੀਮਤ ਵੱਧ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਥੇ ਘੱਟ ਰਹੀ ਹੈ ?

ਮੁਖ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਹ procurement ਕਰ ਕੇ ਨਹੀਂ ਰਹੀ। ਇਹ ਇਸ ਲਈ ਘਟ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਸੂਬਾ rice eating ਸੂਬਾ ਨਹੀਂ। ਤੁਸੀਂ ਕੇਰਾਲਾ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਲੈ ਲਉ ਉਹ ਭਾਵੇਂ rice growing ਸੂਬਾ ਹੈ ਪਰ rice eating State ਹੋਣ ਕਰ ਕੇ ਉਥੇ ਚਾਵਲਾਂ ਦਾ ਭਾਉ ਇਥੋਂ ਨਾਲੋਂ ਵਧ ਹੈ।

श्री राम प्यारा : क्या चीफ मिनिस्टर साहिब बतायेंगे कि क्या Central Government की तरफ से इस किस्म की हिदायात आई हैं कि deficit सूबे चावलों को export करें और surplus सूबे इन को export न करें ?

अध्यक्ष महोदय : काफी सवाल इस बारे में पूछे गये हैं। (A sufficient number of suplementaries has been put on this question.)

The honourable Minister need not answer this question.

Shri Dev Datt Puri : Sir, it has been stated that adequate arrangements for the procurement of rice were made in the border areas. Will the honourable Minister please state if any procurement has been made at all in the border tehsils of Jagadhari and Thanesar ?

Minister for Finance : Well, I require a separate notice for this. But so far as I know—and the honourable Member also knows—that adequate arrangements were made. It is to his knowledge also.

Mr. Speaker : Now question No. 1308, please.

ਮਾਲ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਸਵਾਲ ਦੇ ਪਹਿਲੇ ਹਿੱਸੇ ਦਾ ਜਵਾਬ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਹੈ ਤੇ ਦੂਜੇ ਦਾ ਜਵਾਬ ਇਸ ਵੇਲੇ ਮੇਰੇ ਪਾਸ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਨੂੰ ਕਲ ਲਈ ਰੱਖ ਲਿਆ ਜਾਏ।

Mr. Speaker : Yes, it is postponed.

ASSESSMENT OF BETTERMENT CHARGES IN VILLAGE BOGHIPURA DISTRICT FEROZEPORE

***1438. Pandit Ram Kishan Bharolian :** Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) whether he is aware of the fact that village Boghipura Tehsil Moga District Ferozepore is in the area which was recently affected by floods;

(b) whether it is a fact that the areas of the village referred to in part (a) above, is neither irrigated by canal nor by any other means;

(c) whether it is also a fact that the revenue authorities have assessed Betterment Charges on the said village; if so, the reasons therefor;

(d) whether any representation has been received by Government from the Kisan Sabha for exemption of this village from the levy of Betterment Charges; if so, the action taken thereon ?

Giani Kartar Singh : (a) Yes.

(b) The area of the village referred to above in the question is included in the Irrigation boundary of Kokri Distributary of Abohar Branch.

(c) Yes. The Betterment charges are being assessed since the Kokri Distributary is being changed from non-perennial to perennial and there would be improvement in the Irrigation.

(d) No such representation has been received so far.

RELIEF TO FLOOD-AFFECTED PERSONS IN DISTRICT SANGRUR

***1466. Comrade Jangir Singh :** Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) the estimated value of the damage caused to crops and property etc., and the number of lives lost by floods in 1957 in District Sangrur;

(b) whether any relief was given by Government to the persons affected by the floods, referred to above this ; if so, the particulars of the relief given togetherwith the total amount expended for the purpose?

Giani Kartar Singh : (a) (*i*) Rs. 23,61,710
(*ii*) No life was lost.

(b) A sum of Rs 3,00,000 has been placed at the disposal of Deputy Commissioner Sangrur for advancing Taccavi Loans to the flood-affected persons. The loan is being distributed.

AIR CONDITIONING OF KIRAN CINEMA CHANDIGARH

*1553. **Sardar Niranjan Singh Talib :** Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) whether the plan for the building of the Kiran Cinema at Chandigarh was sanctioned; if so, when;

(b) whether the license for the said Cinema contained any stipulation which the licensee had to fulfil; if so, what;

(c) whether it is a fact that the licensee had to air-condition the Cinema Hall, but has not so far done so; if so; the action, if any taken against him;

(d) the number of instalments of the price of the land which have so far been paid by the licensee of the said Cinema to the Capital Project authorities ?

Giani Kartar Singh : The desired information is as under :—

(a) The plans of the building of Kiran Cinema were supplied by Government. These were submitted for formal sanction of the Chief Administrator on the 9th February, 1957, but as these required certain corrections, the same were returned on the 21st March, 1957. The revised plans now submitted on the 23rd January, 1958, are under scrutiny.

(b) Except the general conditions prescribed under the Punjab Cinemas (Regulation) Act, and the Rules framed thereunder, the cinema license granted by the District Magistrate, Ambala, for the Kiran Cinema, Chandigarh, contained no stipulation which the licensee had to fulfil.

(c) The air-conditioning of the Cinema Hall was one of the conditions of the sale of cinema site and the licensee has since installed the air-conditioning plant which is ready for work and is awaiting electric connection to be given. No action is, at present, therefore called for against the licensee.

[Minister for Revenue]

(d) The licensee has paid Rs 1,14,980.14 in cash towards the price of the site and the balance of Rs. 35,239.00 is being recovered by adjustment of the amount of claims for which they had submitted verified claims.

ਸਰਦਾਰ ਨਰਿੰਜਨ ਸਿੰਘ ਤਾਲਿਬ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਕਿਰਨ ਸਿਨਮਾ ਕਦ ਤੋਂ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ ? Plan ਹੁਣ 1958 ਵਿਚ ਕਿਉਂ ਮੰਜ਼ੂਰ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ।

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਸ ਲਈ notice ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਨਰਿੰਜਨ ਸਿੰਘ ਤਾਲਿਬ : Capital ਦੇ Rules ਜੋ ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੁਤਾਬਕ ਕੋਈ Plan sanction ਕੀਤੇ ਬਿਨਾਂ building ਨਹੀਂ ਬਣ ਸਕਦੀ । ਕੀ ਮੈਂ ਪੁਛ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ building ਕਿਵੇਂ ਬਣ ਗਈ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੈਂ ਵੀ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਨਹੀਂ ਬਣ ਸਕਦੀ ਪਰ ਪੱਕੀ position ਦਰਿਆਫ਼ਤ ਕਰਕੇ ਹੀ ਦਸ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ।

ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਉ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਆਪ ਵੀ ਸਿਨਮਾ ਵੇਖਿਆ ਹੈ...... (ਹਾਸਾ)

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਹ ਸਵਾਲ ਪੈਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ । (ਹਾਸਾ)

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, the honourable Minister has stated that the air-conditioning plant has been installed and they are awaiting the supply of the current. May I know whether in view of the shortage of electricity in Punjab, they have fixed any priorities?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਸ ਲਈ notice ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ । ਮਹਿਕਮਾ Electricity ਤੋਂ ਦਰਿਆਫ਼ਤ ਕਰਨਾ ਪਵੇਗਾ ।

Sardar Bhupinder Singh Mann : In view of the joint responsibility of the Cabinet, is it open to the Minister-in-charge to avoid the answer of the question in this way?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੈਂ evade ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ । ਮੈਂ ਤਾਂ joint responsibility ਵੀ ਮੰਨਦਾ ਹਾਂ । ਮੈਂ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਦਰਿਆਫ਼ਤ ਕਰਨਾ ਪਵੇਗਾ ।

KIRAN CINEMA AT CHANDIGARH

***1554. Sardar Niranjan Singh Talib :** Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) the number of sites for Cinemas provided in the plan of the Capital Project at Chandigarh;

(b) the number of sites so far sold out;

(c) whether he is aware of the fact that the Proprietors of the Kiran Cinema at Chandigarh are treating the said Cinema as monopoly; if so, the steps Government propose to take to end that monopoly and thereby enlarge and improve the scope for entertainment of the inhabitants of Chandigarh?

Giani Kartar Singh : (a) One cinema site in Sector 22-D and three in Sector 17 (City Centre).

(b) One.

(c) Kiran Cinema is the only Cinema in Chandigarh at present. A Cinema site in Sector 17 will be put to public auction to be held on the 23rd February 1958.

ਸਰਦਾਰ ਨਰਿੰਜਨ ਸਿੰਘ ਤਾਲਿਬ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ 23 ਫਰਵਰੀ ਲੰਘ ਗਈ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ? (ਹਾਸਾ)

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਇਸ ਸਵਾਲ ਦਾ ਜਵਾਬ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਉਦੋਂ 23 ਫਰਵਰੀ ਨਹੀਂ ਸੀ ਆਈ । (ਹਾਸਾ)

ਸਰਦਾਰ ਨਰਿੰਜਨ ਸਿੰਘ ਤਾਲਿਬ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ 17 Sector ਦਾ ਜੋ Cinema ਦਾ plot ਹੈ ਉਸ ਦੀ reserve price ਕੀ ਰਖੀ ਹੈ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਸ ਲਈ notice ਦਿਉ ।

ਸਰਦਾਰ ਨਰਿੰਜਨ ਸਿੰਘ ਤਾਲਿਬ : ਮੇਰਾ ਭਾਵ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕੀ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਇਸ ਦੀ ਕੀਮਤ ਉਚੀ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ?

Mr. Speaker : This is not a supplementary question.

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ 23 ਫ਼ਰਵਰੀ ਨੂੰ ਕੀ ਕਾਰਵਾਈ ਹੋਈ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਤਾਰੀਖ ਵਾਰ ਵਾਕਫੀਅਤ ਲਈ ਨੋਟਿਸ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

खान अब्दुल गफार खां : जनाबेआली वज़ीर साहिब ने फरमाया था कि जब यह जवाब तैयार हुआ था तो 23 तारीख नहीं हुई थी । तो जनाब मैं आप की वसातत से इन से दरियाफ्त करना चाहता हूं कि क्या यह मक्खी पर मक्खी ही मारते हैं या अपनी तरफ से कुछ सोच समझ कर भी जवाब दिया करते हैं ? (हंसी)

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਆਪਣੇ ਵਲੋਂ ਜਿੰਨੀ ਸਮਝ ਹੈ ਉਸ ਮੁਤਾਬਕ ਜਵਾਬ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ । ਜੇ ਕੋਈ ਨਾ ਸਮਝੇ ਤਾਂ ਕੀ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹਾਂ । (ਹਾਸਾ)

CONSTRUCTION OF SIDHARTHAR CANAL

***960. Comrade Ram Chandra :** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state—

(a) whether the construction of Sidharthar Canal has been taken in hand by Government; if so, the progress so far made in this behalf together with the time by which it is expected to be completed;

(b) the estimates originally framed for the construction of the said Canal;

(c) whether the estimates referred to in part (b) above have recently been revised; if so, the amount of the revised estimates?

Sardar Gian Singh Rarewala : (a) Yes. About 70 per cent of the work has been completed. The Sidharthar Canal is expected to be completed by the end of May, 1958.

(b) Original estimate amounted to Rs. 11,57,600.

(c) The estimate was revised in the year 1954 to Rs. 26,38,523.

UNSTARRED QUESTIONS AND ANSWERS

MUAFI LAND IN VILLAGE MANSURWAL, TEHSIL KAPURTHALA

829. Sardar Atma Singh : Will the Minister for Revenue be pleased to state—

(a) whether any land in village Mansurwal, tahsil Kapurthala is a muafi land for the common good of the public; if so, the area thereof;

(b) the year when it was declared muafi and reserved for the said purpose;

(c) the manner in which the land referred to above is being managed and the manner in which its income is being utilised at present ?

Giani Kartar Singh : (a) Yes Sir. 65 ordinary acres.

(b) In the year 1922 BK.

(c) The muafidars get the whole of the income and spend it on the maintenance of the public places of worship—a mandir, Gurdwara and a Mosque and wells for drinking water.

10 A.M.

PRESENTATION OF BUDGET ESTIMATES FOR THE YEAR 1958-59

Mr. Speaker : The Question hour is over. Now the hon. Minister for Finance will present the Budget Estimate for the year 1958-59.

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : श्रीमन, मैं आप से साल १६५८-५६ का बजट (Budget) पेश करने की इजाजत चाहता हूं।

२. यह ठीक है कि साल १६५७ के दौरान उस से पिछले साल के मुकाबिले में चीज़ों के भाव कुल मिला कर ज्यादा रहे, लेकिन करंसी के फैलाव के कारण पहली पांच-साला योजना के आख़िरी साल में जो भाव बढ़ने शुरु हो गए थे और जिन के कारण बड़ी चिंता फैल रही थी, वे अगस्त, १६५७ में बढ़ने से रोके ही नहीं गए बल्कि वे घटने भी शुरु हो गए। इस के कई एक कारण हैं। एक तो साल १६५६-५७ के दौरान खेती की पैदावार में खास बढ़ती हुई। दूसरे, अनाज की आवाजाई पर इलाकाई बंदिशें लगा दी गईं, सरकारी ज़खीरों से ज़्यादा अनाज दिया गया, भारत सरकार ने अनाज के ज़खीरों को प्राप्त करने के लिए और ज्यादा अधिकार हाथ में ले लिए और सट्टे की रोक-थाम के लिए बैंकों से मिलने वाले कर्ज़ों पर भी रोक लगा दी गई।

आर्थिक हालात

साल १६५२-५३ के थोक दरों के अखिल भारतीय सूचक आंकड़ों (All-India Index Number) को १०० मानने पर साल १६५७ में ये आंकड़े १०८.७ थे हालांकि साल १६५६ में ये आंकड़े सिर्फ़ १०२.६ थे। लेकिन दिसम्बर, १६५७ में ये आंकड़े फिर उसी सतह पर आ गए जहां कि ये दिसम्बर, १६५६ में थे। कीमतों के ये सूचक आंकड़े जो दिसम्बर, १६५६ में १०७.६ थे, बढ़ते बढ़ते अगस्त, १६५७ में ११२.० हो गए थे, पर फिर ये धीरे धीरे कम होकर दिसम्बर, १६५७ में १०७.५ रह गए। इसी अरसे में जीवन-यापन सम्बन्धी अखिल भारतीय सूचक आंकड़ों (All-India Cost of Living Index) की हालत भी लगभग इसी तरह रही। साल १६५२-५३ को आधार मानने पर खुराक की चीज़ों के अखिल भारतीय सूचक आंकड़ों की हालत भी ऐसी ही थी हालांकि इस में घटाबढ़ी ज़रा ज़्यादा स्पष्ट थी। दिसम्बर, १६५६ में ये आंकड़े जो १०४.८ थे, अगस्त, १६५७ में बढ़ते बढ़ते ११२.१ हो गए थे, पर फिर दिसम्बर, १६५७ में ये घट कर १०४.६ रह गए।

पंजाब राज्य के ये सूचक आंकड़े भी इस अरसे में अखिल भारतीय आंकड़ों की तरह ही घटते बढ़ते रहे। अक्तूबर-दिसम्बर, १६४६ के थोक दरों के सूचक आंकड़ों को आधार मानने पर दिसम्बर, १६५६ में ये आंकड़े ६६.४ थे। फिर अगस्त, १६५७ में यह बढ़ कर १०३.५ हो गए पर फिर दिसम्बर, १६५७ में घट कर ये आंकड़े ६६.० रह गए। लुधियाना के लिए खपतकारों सम्बन्धी दरों के सूचक आंकड़े (Consumer Price Index) जो साल १६४६ में १०० थे, दिसम्बर, १६५६ में ६६ थे। फिर ये लगातार बढ़ कर अप्रैल, १६५७ में ६८ हो गए पर फिर नवम्बर, १६५७ में धीरे धीरे कम हो कर ६५ रह गए।

खेतीबाड़ी ही पंजाब के लोगों का बड़ा सहारा है। इस दिशा में साल १६५६-५७ में काफ़ी तरक्की हुई। अक्तूबर, १६५६ में बारिशों और मार्च, १६५७ में ओले पड़ने से कुछ इलाकों में फसलों को थोड़ा बहुत नुकसान पहुंचा था, लेकिन इस के बावजूद साल १६५६-५७ में (जो कि दूसरी पांच-साला योजना का पहला साल था) पैदावार के आख़री अनुमान (Final Forecast) के अनुसार अनाज की पैदावार ५,५५० हज़ार टन थी जब कि इस से पिछले साल में यह पैदावार ४,४३६ हज़ार टन थी। साल १६५६-५७ में ईख (देसी खांड की शकल में) और तिलहन की पैदावार क्रमशः ५३६ और १५६ हज़ार टन थी जब कि

मंत्री]

इस से पिछले साल यह क्रमशः ५५६ और १४९ हज़ार टन थी। कपास की पैदावार जो वर्ष १९५५-५६ में ७३५ हज़ार गांठें थी, साल १९५६-५७ में बढ़ कर ८२५ हज़ार गांठें हो गई। साल १९५७-५८ में भी काफ़ी अच्छी फसल होने की आशा है।

इस राज्य में पिछले दो सालों की तरह ही इस साल भी भारी बाढ़ें आईं। बाढ़-पीड़ितों को सहायता पहुंचाने के लिये जो भी साधन मौजूद थे, उन्हें इस काम में झोंक दिया गया। लेकिन इस के बावजूद १,५४८ गांवों में २ लाख एकड़ धरती को नुकसान पहुंचा। खुराक, कम्बल और कपड़ों के लिए २ लाख रुपए की सरकारी सहायता दी गई और तकावी कर्ज़ों के रूप में १९ लाख रुपए बांटे गए। राज्य सरकार हर साल आने वाली इस मुसीबत की हमेशा के लिए रोक-थाम करने की ज़रूरत को अच्छी तरह महसूस करती है। दूसरी पांच-साला योजना में बाढ़ों को रोकने के बांधों और पानी के निकास की नालियों की तामीर के लिए ४ करोड़ रुपए के खर्च की तजवीज़ है। पहाड़ी नालों के पानी को निकालने के लिए नालियों, और नदियों के किनारे बाढ़ रोकने वाले बांधों को बनाने के लिए इस चालू साल में १ करोड़ २४ लाख रुपए की योजनाओं पर काम होगा। अगले वर्ष में इस काम के लिए १.६८ करोड़ रुपए का प्रबन्ध किया गया है। आशा है कि नदियों के किनारों पर जो बांध बनाए जाने हैं, उन में से अकसर अगली मौन-सून से पहले मुकम्मल कर लिए जाएंगे।

कुदरती मुसीबतों से राज्य के खज़ाने पर जो अचानक बोझ पड़ जाते हैं, उनकी ओर फाइनैंस कमीशन (Finance Commission) का विशेष ध्यान गया। इसलिए कमीशन ने यह सुझाव दिया कि राज्य सरकारें इन कामों के लिए धन का अलग प्रबंध करें और इस फण्ड के लिए हर साल निश्चित रकमें जमा की जाएं। हमें इस काम के लिए ४० लाख रुपए प्रतिवर्ष अलग रखने को कहा गया है। हमने इस सुझाव को मान लिया है और साल १९५८-५९ में इस काम के लिए ३४ लाख रुपए का प्रबन्ध किया है ताकि अकाल सहायता कोश (Famine Relief Fund) में ४० लाख रुपए पूरे हो जाएं।

देश की माली हालत का एक और चिंताजनक पहलू विदेशी मुद्रा (Foreign Exchange) की भारी कमी है। अदायगियों के शेष (Balance of Payments) की हालत इस साल लगातार खराब होती चली गई। इसका कारण आयात के बढ़ते हुए बिल हैं जिन का सम्बन्ध अनाज से लेकर भारी मशीनों (Capital Goods) सभी से है। भारत सरकार को आयात नीति (Import Policy) और कड़ी करने के लिए कदम उठाने पड़े। इन पगों से सनअती मशीनों की आयात पर भी प्रभाव पड़ा है और इस के कारण सनअतों के विस्तार की रफ्तार कुछ हद तक कम हो गई है। देश के यातायात ढांचे की भार ढोने की शक्ति पर पहले ही ज़रूरत से ज्यादा बोझ है और यह बात देश की आर्थिक तरक्की के रास्ते में एक और रुकावट है। सनअती तरक्की के बारे में दूसरी पांच-साला योजना में जो लक्ष्य रखे गए हैं उनको तभी पूरा किया जा सकता है अगर इन रुकावटों पर काबू पा लिया जाए। भारत सरकार आगे ही इस सिलसिले में मज़बूत कदम उठा चुकी है और राज्य सरकार भी इस दिशा में ज़रूरी सहायक कदम उठा रही है।

पंजाब में इस अरसे में सनअती तरक्की की रफ्तार मोटे तौर पर कायम रखी गई है। इस का एक कारण तो यह है कि पिछले कुछ सालों में जो तरक्की की गई थी वह जारी रही और दूसरे यह कि मैंने यहां जिन आर्थिक कठिनाइयों को गिनाया है, उन का अभी पूरा असर महसूस होना शुरु नहीं हुआ। आशा है कि हालत को सुधारने के लिए जो कदम उठाए गए हैं उन की मदद से न केवल इस तरक्की की रफ्तार जारी रहेगी बल्कि यह आगे से भी तेज़ हो जाएगी। दर असल साल १९५७ में पैदावार की मात्रा में काफ़ी बढ़ती हुई और राज्य के कई अहम उद्योगों का विस्तार हुआ। इन में कपड़ा, खांड, कागज़, सीमेंट, बाइसिकल, सिलाई की मशीनें, मशीनी औज़ार और खेतीबाड़ी सम्बन्धी औज़ार बनाने, बर्तन बनाने और बिजली का सामान तैयार करने वाली सनअतें काबले ज़िकर हैं। इस समय राज्य में सूती कपड़े की मिलों की तादाद छः हो गई है। इन में एक मिल तो पटियाला डिवीज़न की है और दूसरे अमृतसर की एक बन्द हुई मिल फिरसे चालू हो गई है। इन कारखानों में एक लाख से ऊपर तकले और १,३८३ करघे हैं। राज्य में इस समय २१६ लाख पौंड सूत और ६८३ लाख गज़ कपड़ा तय्यार होता है जब कि पिछले वर्ष इन की पैदावार क्रमशः १४५ लाख पौंड और ३९८ लाख गज़ थी। खांड के उद्योग के लिहाज़ से यह वर्ष बहुत अहम रहा। सरस्वती शूगर मिल में २८,४५० टन खांड तय्यार की गई जो पिछले वर्ष के आंकड़ों से ७४.५ फ़ीसदी अधिक है। इस के इलावा पटियाला डिवीज़न की तीन मिलों में १८,५०० टन चीनी तय्यार हुई। तीन नई सहकारी खांड की मिलें कामयाबी से कायम कर ली गई हैं। इन में से हर मिल १,००० से १,२०० टन खांड तय्यार कर सकेगी। पिछली फसल के मौके पर इन मिलों के देरी से चालू होने के कारण मामूली मात्रा में ही खांड तय्यार हो सकी लेकिन इस से हमें कीमती तजर्बा मिला और आशा है कि वर्तमान फसल के मौके परपैदावार संतोषजनक होगी। कागज़ की मिक़दार में लगभग १६ फ़ीसदी की और सीमेंट के उत्पादन में २८ फ़ीसदी की बढ़ती हुई। साइकल और साइकल के पुर्ज़ों की सनअत में भी वर्ष भर लगातार प्रगति होती रही। तय्यार होने वाले साइकलों की संख्या में ५,७०० की बढ़ती हुई और १२ लाख रुपए से अधिक मूल्य के साइकल के पुर्ज़े पहले की निसबत ज़्यादा तय्यार किए गए। सिलाई की मशीनों के उद्योग की पैदावार में ४०० फ़ीसदी का इज़ाफ़ा हुआ और कुल ७०,००० मशीनें तय्यार हुईं। मशीनी औज़ारों और खेतीबाड़ी सम्बन्धी औज़ारों के उद्योगों में भी शानदार इज़ाफ़ा हुआ और पैदावार की मालीयत १.६ करोड़ रुपए से बढ़ कर २.६७ करोड़ रुपए हो गई। लोहे को छोड़ कर दूसरा धातुओं के उद्योग ने पिछले वर्ष की निसबत १२.५ फ़ीसदी ज़्यादा सामान तय्यार किया। बिजली का समान तय्यार करने की सनअत में पंजाब अभी तक पिछड़ा हुआ था परन्तु अब इस में तरक्की हो रही है। बिजली के पंखों के उद्योग की तरक्की के साथ साथ बिजली की मोटरों, ए० सी० एस० आर० कंडकटर (A. C. S. R. Conductor), धातु के खोलवाले स्विच (Switch), स्विच फियूज़ यूनिटों (Switch Fuse Units) और एयर-ब्रेक सर्किटों (Air-break Circuits) का निर्माण भी अभी अभी शुरु हुआ है। इस साल में १ और १० हार्स पावर के बीच की लगभग १,१०० मोटरें, ६७ लाख गज़ ए० सी० एस० आर० कंडकटर (A. C. S.R. Conductors) और लगभग ९०,००० गज़ वी० आई० केबल (V.I. Cables) तय्यार हुए। इस के इलावा लाईट स्टील स्ट्रकचरल्ज़ (Light Steel

[वित्त मंत्री]

Structurals), एयर कण्डीशनर्ज़ (Air-Conditioners), साइकलों की तारें और फ्री ह्वील (Free-wheels), पलास्टिक का सामान, मोटरों के पुर्ज़े, मैलीएबल कास्टिंग (Malleable Castings) आदि के लिए नए उद्योग शुरु किए गए ।

सारांश यह कि हमने खेतीबाड़ी और उद्योग दोनों में सब तरह से तरक्की की है ।

सामान्य (General)

३. बजट पेश करते समय नए बजट प्रस्तावों के साथ २ चालू वर्ष और बीते वर्ष की माली हालत पर रौशनी डालने का रिवाज है । जैसे कि मैंने अपने पिछले वर्ष के बजट भाषण में कहा था कि साल १९५६-५७ में राज्य पुनर्गठन कानून, १९५६ (States Reorganisation Act, 1956) के अधीन पंजाब और पैप्सू का एकीकरण हुआ । साल १९५६-५७ के लिए पहले के पंजाब और पैप्सू राज्यों के विधान-मंडलों द्वारा पास की गई अनुदानों (ग्राण्टों) की मांगें ३१ अक्तूबर, १९५६ को समाप्त (Lapsed) हो गईं और १ नवम्बर, १९५६ के बाद के बाकी ५ महीनों के लिए पंजाब के राज्यपाल महोदय ने नए राज्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ज़रूरी खर्चों की मंज़ूरी दी जिस में वे रकमें भी शामिल थीं जो पहले मंज़ूरशुदा खर्चों से अधिक थीं । इन वैधानिक तबदीलियों के कारण उस साल के लिए दोहराए गए अनुमान (Revised Estimates) तैयार नहीं किए गए थे ।

१९५६-५७ का लेखा

४. साल १९५६-५७ का लेखा प्राप्त हो गया है और कुल मिला कर हालत यह है कि वर्ष के शुरु में २०,४४ लाख रुपए का कुल बकाया (Balance) था । यह बकाया साल की समाप्ति पर २१,८४ लाख रुपए था और इस में १४० लाख की वृद्धि हुई । यह बढ़ती लेखे के इन अहम मदों में लेन-देन (transactions) के कारण हुई है :—

		(लाख रुपयों में)
आगम खाता (Revenue Account)	..	+३,९६
पूंजी व्यय (ठोस) [Capital Expenditure (net)]	..	—२१,७०
सरकार द्वारा दिए गए कर्ज़े और पेशगियां (ठोस) [State Loans and Advances (net)]	..	—१,१४
सरकार पर कर्ज़ा (ठोस) [Public Debt (net)]	..	+२३,०४
आकस्मिक खाता (Contingency Fund)	..	—५०
किसी मद में न आने वाला कर्ज़ा (Unfunded Debt)	..	+४४
जमा रकमों और चुकती रकमों के लेन-देन, जिस में लगाई गई पूंजी शामिल नहीं (Deposits and Remittance Transactions excluding Investments)		—२,७०
जोड़	..	+१,४०

लगाई गई पूंजी की रकम साल के आख़ीर में १६,८८ लाख रुपए हो गई ।

वर्ष १९५७-५८

५. विधान मंडल के सामने पेश किए गए वर्ष १९५७-५८ के बजट अनुमान में ४०,४६ लाख रुपए की रकम आगम प्राप्तियों के रूप में और ४३,२६ लाख रुपए की रकम आगम खर्च के रूप में दिखाई गई थी जिस से २८० लाख रुपए का घाटा ज़ाहिर होता था। इसलिए और कर लगाने की तजवीज़ की गई थी जिस से १०६ लाख रुपए की आमदनी का अनुमान था। उस समय इस बात का भी इशारा किया गया था कि कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों को सहायता देने से सरकारी खज़ाने पर १५ लाख रुपए का ज़ायद खर्च पड़ जाएगा। इस तरह कुल आगम घाटा १८९ लाख रुपए आंका गया। व्यापारिक फसलों पर उपकर (Cess) और ज़मीन के लगान पर स्पैशल सरचार्ज (Special Surcharge) लगाने के सिवाए बाकी सभी कर लगाए जा चुके हैं। व्यापारिक फसलों पर उपकर (Cess) लगाने का विचार छोड़ दिया गया था। ज़मीन के लगान पर स्पैशल सरचार्ज की तजवीज़ को इस हाऊस ने स्वीकार कर लिया है और अब इस पर विधान परिषद् (Legislative Council) में विचार होना है। इस लिए यह घाटा बढ़ जाना चाहिए था लेकिन दुहारए गए अनुमानों से घाटे की बजाए २५८ लाख रुपए की बढ़ती हुई है। इस अनुमान के अनुसार आगम प्राप्तियों की रक़म ४२,२३ लाख रुपए है और आगम खर्चे की रक़म ३९,६५ लाख रुपए। इस हालत में यह फ़र्क इसलिए हुआ कि फाइनैंस कमीशन की सिफारिशों के अनुसार, जिन्हें भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है, पंजाब सरकार को केन्द्रीय सरकार से टैक्सों और सहायता अनुदानों के ज़ायद हिस्से के रूप में २६३ लाख रुपए की रक़म १९५७-५८ के बजट में दिखाए गए आंकड़ों से ज़्यादा मिली है। इस के इलावा अनुमानित घाटे को कम करने के लिए विशेष वेतन और और जहां कहीं संभव हो सका ग़ैरज़रूरी खर्च को कम करने के साथ साथ आकस्मिक ख़र्च (Contingencies) की मद में १५ फ़ीसदी और सफ़र भत्ते की रकम में ५ फ़ीसदी की कटौती करके बचतें अमल में लाई गईं। अनुमान है कि इस से आगम ख़र्चे में १०० लाख रुपए की बचत हो गई है।

आगम लेखा (Revenue Account)

आगम प्राप्तियों और आगम ख़र्चे की अहम घटाबढ़ियां (Variations) ये हैं :—

आगम प्राप्तियां—		(लाख रुपयों में)	आगम खर्चे—		(लाख रुपयों में)
दूसरे टैक्स और ड्यूटियां	..	+६६	भूमि का लगान	..	−१५
ब्याज	..	+५	राज्य एक्साइज़ ड्यूटी (State Excise Duty)	..	−२८
शिक्षा		+९१	नागरिक प्रशासन (Civil Administration)		−९
असाधारण प्राप्तियां (Extraordinary Receipts)	..	−९९			

[वित्त मंत्री]

शिक्षा	..	–६५
चिकित्सा (Medical)	..	–२५
कृषि	..	–२८
उद्योग	..	–६४
बहुमुखी नदी योजनाएं (Multi-purpose River Schemes)	..	–३७

६. दुहराए गए अनुमानों के अनुसार पूंजीगत खर्च ३४,२५ लाख रुपए है जब कि मूल बजट में यह पूंजीगत खर्च २९,९२ लाख रुपए था। इस खर्च में ४३३ लाख रुपए की जो बढ़ती हुई है उसका कारण सिंचाई सम्बन्धी निर्माण कार्यों के लेखे की १९४ लाख रुपए की वह रकम है जो अमृतसर के सैंट्रल वर्कशाप को बेचने से उत्तर रेलवे (Northern Railway) से हमने लेनी थी और जिसका बड़ा हिस्सा हमें प्राप्त नहीं हुआ। यह रकम शुरू में खर्च में कमी के रूप में दिखाई गई थी। इसके इलावा इसमें भाकड़ा-नंगल प्राजैक्ट पर होने वाला २७२ लाख रुपए का वह खर्च भी शामिल है जिस के प्राजैक्ट की बिजली सम्बन्धी योजनाओं पर खर्च होने की सम्भावना थी।

पूंजी लेखा (Capital Account)

कर्ज़ों और पेशगियों की दशा में मूल बजट में पेशगियों के लिए ६९१ लाख रुपए की रकम रखी गई थी और ४९८ लाख रुपए की वसूलियों का अनुमान था। इस तरह मूल बजट की इस मद में १९३ लाख रुपए का ठोस घाटा ज़ाहिर होता था। संशोधित अनुमानों के अनुसार पेशगियों की रक़म ५११ लाख रुपए है और वसूलियों की रक़म ४३० लाख रुपए है जिस से अब केवल ८१ लाख रुपए का ठोस घाटा दिखाई देता है। पूंजी की दिशा में यह जो सुधार हुआ है उसका कारण यह है कि विलायती खाद के सिलसिले में एक तो कम कर्ज़े दिए गए और दूसरे इस सम्बंध में वसूलियां भी हुईं।

मैं माननीय सदस्यों से प्रार्थना करूंगा कि दूसरी तफ़सीलों के लिए वे फाइनैंस सैक्रेट्री (Finance Secretary) के मैमोरैण्डम (Memorandum) को देखने का कष्ट करें।

वर्ष १९५८-५९

७. अब मैं साल १९५८-५९ के बजट प्रस्तावों की तरफ आता हूं। साल १९५७-५८ के दुहराए गए अनुमान के साथ तुलना करते हुए अगले माली साल का बजट इस तरह है :—

बजट प्रस्ताव

			दुहराये गए अनुमान १९५७-५८	बजट १९५८-५९
			(लाख रुपयों में)	
(i)	साल के शुरू में बक़ाया (Opening Book Balance)	..	४,९६	५,२८

(ii) आगम लेखा—

(Revenue Account) (लाख रुपयों में)

(क) आगम प्राप्तियां (Revenue Receipts)	..	४२,२३	४७,८१
(ख) आगम खर्च (Revenue Expenditure)	..	३९,६५	४९,८९
(ग) { बढ़ती (+) / खसारा (—) }	..	+२,५८	—२,०८
(iii) पूंजी खर्च (Capital Expenditure)	..	३४,२५	२९,६५
(iv) कर्ज़े और पेशगियां—			
(क) वसूलियां	..	४,३०	४,३३
(ख) पेशगियां	..	५,११	६,३६
(ग) ठोस	..	—८१	—२,०३
(v) कर्ज़े की मदें—			
(क) चुकते कर्ज़े/उठाए गए कर्ज़े (ठोस) [Debt discharged/incurred (net)]	..	+३०,१४	+२३,४६
(ख) किसी मद में न आने वाला कर्ज़ा (ठोस) [Unfunded Debt (net)]	..	+२३	+३८
जोड़	..	+३०,३७	+२३,८४
(vi) आकस्मिक (Contingency) खाता	..	+५०	..
(vii) जमा और पेशगियां (ठोस)	..	+१,९३	+५,४१
(viii) खाता बन्द करने का बकाया (Closing Book Balance)	..	+५,२८	+७७
(ix) लगाई गई पूंजी (Investments)	..	१६,४८	१३,१५

आगम खाते में आगम प्राप्तियों की रक़म ४७,८१ लाख रुपए और आगम खर्च की रक़म ४९,८९ लाख रुपए है। इस तरह इस में २०८ लाख रुपए का घाटा है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि दोहराए गए अनुमानों के मुकाबले में प्राप्ति और खर्च दोनों तरफ काफ़ी बढ़ती हुई है। आगम प्राप्तियों में ५५८ लाख रुपए की बढ़ती हुई है। इस में ठीक ७५ लाख रुपए की रक़म केन्द्रीय करों में से हमें मिली है। इन करों को केन्द्र और राज्यों में बांटा जाता है।

[वित मंत्री]

इस साल इन करों से मिलने वाला हमारा हिस्सा फाईनैंस कमीशन की सिफारिशों के परिणाम-स्वरूप बढ़ा दिया गया है । लगभग १६५ लाख रुपए वे हैं जिन के अगले साल भारत सरकार से अधिक मिलने की आशा है । बाकी बढ़ौतियां इस प्रकार हैं :—

(लाख रुपयों में)

(i)	बहुमुखी (Multi-purpose) नदी योजनाएं ..	१,३१
(ii)	शिक्षा ..	७३
(iii)	असाधारण प्राप्तियां (Extraordinary Receipts) ..	४६
(iv)	ज़मीन का लगान ..	४१
(v)	सिविल वर्क्स (Civil works) ..	२२

आगम खर्चे में १०,२४ लाख रुपए की बढ़ती मोटे तौर पर इस प्रकार है :—

(i)	लोक-हितकारी (Beneficent) विभाग ..	४,७८
(ii)	बहुमुखी (Multi-purpose) नदी योजनाएं ..	१,६१
(iii)	सिविल वर्क्स (Civil works) ..	८१
(iv)	आम प्रशासन (Civil Administration) ..	७१
(v)	सामुदायिक विकास (Community Development) तथा कौमी विस्तार सेवा (N.E.S.)	३७
(vi)	फुटकर ..	३१
(vii)	अकाल ..	३१
(viii)	ज़मीन का लगान ..	२६
(ix)	विभाजन से पहले की अदायगियां ..	१०
(x)	वन ..	८
(xi)	ट्रांस्पोर्ट ..	८
(xii)	स्टेशनरी और प्रिंटिंग ..	६

इन सब घटाबढ़ियों का फाईनैंस सैक्रेट्री के मैमोरैंडम में तफ़सील से ज़िक्र किया गया है और मैं और ब्यौरा देकर माननीय सदस्यों का समय नष्ट नहीं करना चाहता । इस समय मैं आपको यही बताना चाहूंगा कि यह खर्च लोकलबाडियों के स्कूलों को सरकारी प्रबन्ध में लेने और राज्य में छठी जमात तक तालीम को मुफ्त कर देने से ही बढ़ा है । इनके अलावा दूसरी पांच-साला योजना की स्कीमों पर खर्च के बढ़ जाने और सफर-भत्तों और आकस्मिक खर्चों पर लगाई गई उस कटौती की बहाली से भी खर्च में बढ़ौती हुई है जोकि खसारे को पूरा करने के लिए इस साल लगाई गई थी । यह तो साफ़ ज़ाहिर है कि ऐसी कटौतियां हर साल जारी नहीं रखी जा सकतीं ।

८. पूंजीगत खर्च के लिए १३,४७ लाख रुपए की वसूलियों के अलावा जिन्हें कमी या खर्च के रूप में दिखाया गया है, २६,६५ लाख रुपए की व्यवस्था है । लगभग सारा पूंजीगत खर्च योजना स्कीमों का है । इसका बड़ा हिस्सा अर्थात् १८,४१ लाख रुपए भाखड़ा-नंगल प्राजैक्ट पर, १६३ लाख रुपए चंडीगढ़ राजधानी प्राजैक्ट पर, ४५७ लाख रुपए माधोपुर-ब्यास लिंक, सरहन्द फीडर, गुड़गांव नहर प्राजैक्ट जैसे सिंचाई कार्यों पर, ५० लाख रुपए बिजली पर, ३७। लाख रुपए सिविल वर्क्स पर और ५३ लाख रुपए सनअती विकास पर खर्च होना है ।

पूंजीगत खाता (Capital Account)

अगले साल पेशगियां देने के लिए ६३६ लाख रुपए की रक़म की तजवीज़ है । इस के मुकाबले में अनुमान है कि ४३३ लाख रुपए की वसूलियां होंगी ।

पेशगियों की बड़ी बड़ी रक़में इन मदों से सम्बन्धित हैं । काश्तकारों के लिए पेशगियां ३८४ लाख रुपए, मकान बनाने के लिए पेशगियां जिस में थोड़ी आमदनी वाले लोगों को मकान बनाने के लिए मिलने वाली पेशगियां भी शामिल हैं, ९४ लाख रुपए, पानी सप्लाई और सफाई योजनाओं (National Water-supply and Sanitation Schemes) के लिए पेशगियां ५० लाख रुपए, उद्योगों को राज्य सहायता कानून के अनुसार पेशगियां ४० लाख रुपए, पुनर्वास कर्ज़े १७ लाख रुपए, और हथ-करघों को मशीनी करघों में बदलने के लिए पेशगियां १८ लाख रुपए ।

९. मैंने खातों के ज़रूरी ज़रूरी हिस्सों के अधीन अगले साल के बजट की मोटे तौर पर रूपरेखा दे दी है । अब मेरा विचार योजना की स्कीमों का एक खुलासा देने का है जिस के अन्तर्गत महकमों की सभी ज़रूरी कार्यवाहियां आ जाती हैं । दूसरी पांच-साला योजना पहली योजना की सफलताओं को सामने रख कर बनाई गई थी ताकि राज्य के शहरी और देहाती दोनों क्षेत्रों की संतुलित आर्थिक उन्नति में यकीनी तौर पर ताल मेल पैदा किया जा सके । पैप्सू और पंजाब के मिल जाने के बाद नए राज्य की इकट्ठी योजना में १६३ करोड़ रुपए के खर्च की व्यवस्था थी । राज्य सरकार के निवेदन करने पर प्लानिंग कमीशन हथ-करघों को मशीनी करघों में बदलने के लिए, तथा अम्बर चरखे और दूसरे ग्राम उद्योगों के प्रोग्रामों के लिए ३ करोड़ रुपए और देने के लिए राज़ी हो गया । अब कुल योजना १६६ करोड़ रुपए की है ।

योजनागत स्कीमें (Plan Schemes)

योजना के पहले साल (१९५६-५७) के दौरान विकास की कई योजनाओं पर कुल लागत दुहरा कर ३१.४८ करोड़ रुपए कर दी गई थी ; पर १९५६-५७ के दौरान हुआ असली खर्च २४.१२ करोड़ रुपए ही था जो कि दुहराए गए अनुमानों का लगभग ७६ फ़ीसदी बैठता है । इस साल के दौरान जो इकट्ठी योजना बनाई गई है उस के सिलसिले में इकट्ठा होने (Integration) से पहिले के पंजाब और पैप्सू के राज्यों की विकास योजनाओं को दुहराने, उन के कार्यक्षेत्र को बढ़ाने और उन्हें लागू करने का काम किया गया । इस से योजनाओं (Schemes) को अमली शकल देने की रफ्तार धीमी पड़ गई । इस सिलसिले में काम की रफ्तार धीमी होने का कारण यह भी था कि महकमे पंजाब पैप्सू के इकट्ठा होने (Integration) सम्बन्धी मामलों को सुलझाने में लगे हुए थे ।

[वित्त मंत्री]

साल १९५७-५८ के लिए ३४.८ करोड़ रुपए की एक योजना मंजूर की गई थी। उमीद है कि लगभग यह सारी रक़म ख़ासकर जो भाकड़ा-नंगल, सिंचाई, बिजली और सड़कों पर खर्च होनी है, इस्तेमाल कर ली जाएगी।

साल १९५८-५९ के लिये राज्य सरकार ने योजना पर ४३.३८ करोड़ रुपये ख़र्च करने का विचार किया था, पर साधनों की कमी और देश के माली ढांचे में करंसी के फैलाव के रुझानों के कारण प्लानिंग कमीशन ने राज्य की योजना को घटा कर ३३.७९ करोड़ रुपए कर दिया। यह खर्च केन्द्रीय सरकार से १६ करोड़ रुपए के कर्जे और ग्रांटें लेकर और बाकी का १७,७९ करोड़ राज्य के अपने साधनों से निकाल कर पूरा किया जाएगा। राज्य के लिए इतनी बड़ी रकम जुटाना मुश्किल होगा और जैसा कि प्लानिंग कमीशन के साथ फैसला हुआ है, हम विकास ख़र्च के अपने हिस्से के कुछ भाग कुछ हुंडियां (Securities) बेच कर पूरा करेंगे।

अब जब कि मैं दूसरी पांच-साला योजना के सम्बन्ध में उस के आरंभ से लेकर अब तक का खुलासा दे चुका हूं, मैं अलग अलग महकमों की बड़ी बड़ी सरगर्मियों का ज़िक्र करना चाहूंगा।

खेतीबाड़ी और पशु पालन

१०. खेतीबाड़ी की पैदावार बढ़ाने पर ज़्यादा ज़ोर दिया जा रहा है, और जैसा कि मैं ने पिछले साल कहा था, हमारी दूसरी पांच साला योजना की कामयाबी ख़ास तौर पर खेती-बाड़ी की पैदावार बढ़ाने पर ही आधारित है। ऐसा करके ही हम कीमतों को बढ़ने से रोकने में कामयाब हो सकेंगे और तभी हम अपनी विदेशी मुद्रा (Foreign Exchange) के उन बहुत बड़े हिस्सों को, जो अन्न को बाहर से मंगवाने पर खर्च होते हैं, बचा सकेंगे। दूसरी बड़ी बड़ी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए हमें इस विदेशी मुद्रा की बहुत आवश्यकता है। इसलिए खेतीबाड़ी को ज़रूर ही सब से ज़्यादा तरजीह मिलनी चाहिए। प्लानिंग कमीशन ने दूसरी पांच-साला योजना के दौरान अन्न की पैदावार ४४.३६ से ५८.७६ लाख टन तक, कपास की पैदावार ७.३५ से १२.५० लाख गांठों तक, गन्ने की पैदावार ५५.७७ से ७८.०० लाख टन तक और तिलहन की पैदावार १.४९ से १.८५ टन तक बढ़ाने की ज़िम्मेवारी हम पर डाली है और हम इस को पूरा करने का वायदा दे चुके हैं। १९५६-५७ के दौरान अन्न की पैदावार ११.१४ लाख टन, कपास की पैदावार ९०,००० गांठें और तिलहन की पैदावार १०,००० टन बढ़ गई। गन्ने की पैदावार कुछ कम हुई जिस से गुड़ १९५५-५६ में ५.५६ लाख टन के मुकाबले में १९५६-५७ के दौरान ५.३९ लाख टन हुआ। यह कमी गन्ने की कीड़ी (Top-borer) के भारी हमले के कारण ही हुई। फिर भी १९५७-५८ के दौरान हम ६.८२ लाख टन तक पैदावार बढ़ा लेंगे। १९५७-५८ में १.९१ लाख टन अन्न की, ८,००० टन तिलहन की और एक लाख गांठें कपास की और अधिक पैदावार बढ़ाने की भी हम आशा करते हैं। अनाज की पैदावार में जो बढ़ती हुई है उसकी वजह से अब हम अपनी ज़रूरतों से १० लाख टन से भी ज़्यादा अनाज पैदा कर रहे हैं। इस में से काफ़ी बड़ा हिस्सा हम देश के दूसरे कमी वाले राज्यों को भेजते हैं।

खेतीबाड़ी के महकमे ने विकास का जो प्रोग्राम बनाया है उस के अधीन सिंचाई की ज़्यादा सहूलतें जुटाई जाएंगी, बढ़िया किस्म के बीज सप्लाई किए जाएंगे और बड़े पैमाने पर खाद

बांटी जाएगी। परती ज़मीन का सुधार किया जाएगा, पौधों की हिफ़ाज़त और खेतीबाड़ी के उन्नत तरीकों को लोकप्रिय बनाने की कोशिशें की जाएंगी। साल १९५७-५८ में ५९४ नए कुएं, १०८ पम्पिंग सैट और २५ ट्यूबवैल लगाए जाने की उमीद है। इन्हें लगाने के लिए सरकार किसानों को माली मदद देती है। अगले साल ८५० कुओं को बनाने, ८० पंपिंग सैट तथा ६७ ट्यूबवैल लगाने का प्रोग्राम है। इस मक़सद के लिए कुल २४ लाख रुपए के कर्ज़े दिए जाएंगे। ट्रैक्टरों को खरीदने के लिए कर्ज़े देने के वास्ते १६ लाख रुपए की रक़म रखी गई है। चालू साल के दौरान बढ़िया बीज की सप्लाई के सिलसिले में १,००० मन मक्की का बीज, (Hybrid Maize Seed) ७१,००० मन गेहूं का बीज तथा १.४२ लाख मन कपास का बीज किसानों में बांटा गया। १९५८-५९ के लिए १ लाख मन गेहूं का बीज तथा १.४७ लाख मन कपास का बीज तकसीम करने का निशाना है। मक्की का बढ़िया (Hybrid) बीज पैदा करने के लिए नारायणगढ़ में ४०० एकड़ का एक बड़ा फ़ार्म खोला गया है। महकमे ने अपने सामने यह निशाना रखा हुआ है कि दूसरी पांच-साला योजना के अन्त तक हर एक कौमी विस्तार सेवा खंड (N. E. S. Block) में एक बीज फ़ार्म कायम किया जाए। २८ बीज फ़ार्म पहले ही कायम किए जा चुके हैं तथा अगले साल में ५२ और बीज फ़ार्म खोलने की तजवीज़ है। चालू साल में ४०,००० टन नाइट्रोजन की खाद बांटी जाएगी और १९५८-५९ में ६५,००० टन यही खाद तकसीम करने की आशा है। चालू साल में एक लाख एकड़ ज़मीन को हरी खाद दी गई और अगले साल में २ लाख एकड़ रकबे में हरी खाद डाली जाने की तजवीज़ है। कौमी विस्तार सेवा तथा सामुदायिक विकास ब्लाकों में खास अमला लगाया गया है जो स्थानीय तौर पर खाद के साधनों को बढ़ाने की ओर ध्यान देगा। अगले साल में ८,००० एकड़ भूमि के सुधारने का विचार है। खेतीबाड़ी का महकमा फ़सलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों की रोकथाम के बारे में अपनी योजना का विस्तार भी कर रहा है तथा इस मक़सद के लिए किसानों, सहकारी समितियों और पंचायतों को जो साज़-सामान दिया जाएगा उस के खर्च का एक हिस्सा सरकार भी उठाएगी।

बाग़बानी की तरक्की की दिशा में भी पहले की तरह ही ध्यान दिया जाएगा और इस काम के लिए अगले साल में ११ लाख रुपए की रक़म रखी गई है। इस रक़म से सरकारी कर्ज़ देकर ३,००० एकड़ ज़मीन में फलों के बाग़ लगाए जाएंगे।

लुधियाना में ज़रायती कालेज (Agricultural College) की इमारत मुकम्मल होने वाली है। अगले साल कालेज के साथ एक रिसर्च विंग (Research Wing) खोल दिया जायेगा। इस विंग पर, जिस की बहुत दिनों से ज़रूरत महसूस की जा रही थी, ४.५० लाख रुपए खर्च होंगे। कालेज में ऊंची शिक्षा (Post-graduate Studies) के प्रबन्ध का विस्तार किया जाएगा और एक ग्राम-समाज शास्त्र तथा कृषि-अर्थ शास्त्र (Rural Sociology and Agricultural Economics) शाखा भी खोली जाएगी।

हिसार में पशु-चिकित्सा के कालेज (Veterinary College) की इमारतें बनाने का काम ठीक रफ़्तार से चल रहा है। चंडीगढ़ में दूध सप्लाई यूनियन के लिए ज़मीन प्राप्त कर ली गई है। अमृतसर में २० लाख रुपए की लागत से एक कारखाना (composite milk processing plant) लगाया जा रहा है जिस में दूध से बनने

[वित्त मंत्री]

वाली कई तरह की चीजें तय्यार होंगी। इस के इलावा जो और नई स्कीमें शुरू की जाएंगी उन में पशुओं के लिए ताक़तवर खुराक की कमी की जांच-पड़ताल, पशुओं के वाह या मोक रोग के लिए वैक्सीन (Freeze Dried Rinderpest Vaccine) का उत्पादन और पटियाला डिवीजन में पशुओं के इलाज के लिए हस्पताल की इमारतें बनाने वग़ैरा की योजनाएं अहम हैं।

चकबंदी

११. ऐसे राज्य में जिस का माली ढांचा बड़े रूप से खेतीबाड़ी पर निर्भर हो और जहां के खेत छोटे छोटे और बिखरे हुए हों, और जहां पर विरासत सम्बन्धी कानून सदियों से इस मसले को और भी मुश्किल बना रहे हों, चकबन्दी की ज़रूरत बहुत ज्यादा होती है। इस बात के बावजूद और अपनी पूरी कोशिशों के बाद भी हम चकबन्दी के काम को उस तेज़ी से नहीं कर पा रहे जिस का कि निशाना हमने अपने सामने रखा हुआ था। इस बारे में जो रुकावटें आईं, वे बहुत कुछ हमारे बस के बाहर थीं। साल १९५६-५७ में हम केवल १६ लाख एकड़ ज़मीन की चकबन्दी ही कर सके जबकि हमने २९ लाख एकड़ ज़मीन की चकबन्दी का निशाना रखा था। चालू साल में तो इस काम की रफ्तार और भी धीमी रही है। इस दिशा में चालू साल के लिए जबकि हमने ३१ लाख एकड़ ज़मीन की दोबारा बांट का अनुमान लगाया हुआ था हम दिसम्बर, १९५७ तक सिर्फ़ ९ लाख एकड़ की **ही** दोबारा बांट कर सके हैं। राज्य भर में हो रही पटवारियों की हड़ताल की वजह से अब हालत और भी खराब हो गई है। इस काम में जो धीमी रफ्तार रही है सरकार उसके कारणों की जांच कर रही है और आशा है कि अगले साल के लिए हमने ३० लाख एकड़ का जो निशाना अपने सामने रखा है उसे पूरा कर लिया जाएगा।

सहकारिता

१२. दूसरी पांच-साला योजना के लिए देश ने जो कौमी नीति अपनाई है, उस में सहकारिता की सरगर्मियों को तेज़ और मज़बूत बनाने का काम एक बुनियादी हैसीयत रखता है। इसलिए हम पंजाब में सहकारिता के विकास के लिए बनाए गए सामूहिक प्रोग्राम को बड़ी मज़बूती के साथ चला रहे हैं। इस प्रोग्राम के अनुसार अलग अलग क्षेत्रों में—जैसे कि उधार देने, सामान की बिक्री, कच्चे माल से दीगर चीज़ें तय्यार करने (Processing), ज़खीरा करने और खेती तथा घरेलू सनअतों में तालमेल पैदा करके तरक्की की जाएगी। ऐसी तरक्की के लिए कई किस्मों की सहकारी संस्थाओं को सरकार और रिज़र्व बैंक दोनों की तरफ से ही मुनासिब माली मदद दी जा रही है।

चालू माली साल में सभी तरीकों की जो नई सोसाइटियां रजिस्टर हुईं, उन की तादाद २,००० के लगभग है। इस तरह अब पंजाब में इन सोसाइटियों की कुल तादाद २४,००० से ज्यादा हो गई है। इन सोसाइटियों से राज्य के ७० फ़ीसदी से ज्यादा गांव और राज्य की ४० फ़ीसदी से ज्यादा आबादी फ़ायदा उठा रही है। सहकारिता से लाभ उठाने वाली आबादी के बारे में यह अखिल भारतीय आंकड़े केवल २१ फ़ीसदी ही हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि पंजाब सहकारिता के क्षेत्र में समूचे तौर पर बाकी देश से बहुत आगे है।

इस समय जो बड़े प्रोग्राम चालू हैं उनमें सहकारी आधार पर दिए जाने वाले कर्ज़ों के विस्तार का काम प्रमुख है। इस काम के लिए इससे सम्बन्धित कई एक दिशाओं में एक साथ

ही कई एक कदम उठाए गए हैं । साल १९५७-५८ में लगभग १,००० नई छोटी उधार सोसाइटियां (Small Credit Societies) कायम की गई हैं, इतनी ही दूसरी सोसाइटियों को मज़बूत बनाया गया है । इसके इलावा १८० बड़ी कृषि-उधार सोसाइटियां कायम की गई हैं । सरकार ने सैंट्रल सहकारी बैंकों और एपैक्स को-आपरेटिव बैंक की शेयर पूंजी में धन लगा कर उन्हें काफ़ी मज़बूत बनाया है । इन कोशिशों की वजह से देहाती इलाकों में सहकारी संस्थाओं द्वारा दी जाने वाली उधार की सहूलतों में काफ़ी बढ़ती हुई है । चालू साल में इन सोसाइटियों ने ४.५ करोड़ से अधिक के छोटे अर्से के और २ करोड़ रुपए के दरम्याने अर्से के कर्जे दिए । सहकारी आधार पर लम्बे अर्से के कर्जे देने के सिलसिले में ज़मीन रहन बैंकों (Land Mortgage Banks) की स्थापना के लिए एक खास कानून बनाने के लिए कार्यवाही की गई है । राज्य भूमि रहन बैंक (State Land Mortgage Bank) हाल ही में रजिस्टर किया गया है और यह बैंक जल्दी ही चालू हो जाएगा ।

उधार की सहूलतें जुटाने के साथ साथ सहकारी तरीके से खेती की पैदावार की बिक्री और उस से दीगर सामान तय्यार करने (Processing) के काम को एक बड़ी पहल दी जा रही है । दूसरी पांच-सला योजना के दौरान हर बड़ी मंडी में खेती की पैदावार की बिक्री के लिए एक एक सहकारी संस्था कायम करने की तजवीज़ है । इस निशाने को पूरा करने के सिलसिले में ही चालू साल में ४० नई सोसाइटियां कायम की जा रही हैं । इन सहकारी सोसाइटियों के काम में तालमेल पैदा करने और उसे सहल बनाने के लिए एक राज्य सहकारी सप्लाई और बिक्री संघ (State Co-operative Supply and Marketing Federation) को भी कायम किया गया है । इस संस्था ने राज्य भर में विलायती खादों की बांट की ज़िम्मेदारी ले ली है । सहकारी आधार पर खेती की पैदावार की बिक्री और उस का ज़खीरा करने के काम में मदद देने के लिए हाल ही में एक खास कानून बनाया गया है । इस कानून के अनुसार गोदामों के काम की ठीक तरह से देख भाल की जाएगी और उन के लिए लाइसैंस दिए जाएंगे । एक राज्य गोदाम कार्पोरेशन (State Warehousing Corporation) कायम करने के लिए भी पग उठाए गए हैं । यह कार्पोरेशन केन्द्रीय गोदाम कार्पोरेशन (Central Warehousing Corporation) की मदद से प्रमुख मंडियों में गोदाम बनाने के लिए ज़रूरी कदम उठाएगी ।

पहिली योजना के अर्से में भोगपुर, पानीपत और रोहतक में खांड की तीन सहकारी मिलों की स्थापना की गई थी । साल १९५६-५७ में बटाला और मोरिण्डा की दो नई सोसाइटियों को खांड की मिलें लगाने के लिए लाइसैंस दिए गए थे । इस साल के दौरान यह सोसाइटियां मशीनरी की ख़रीद के लिए कोशिशें करती रही हैं, लेकिन विदेशी मुद्रा (Foreign Exchange) की कमी के कारण वह कोई सौदा तय नहीं कर सकीं । साल १९५७-५८ में जो और खास सफ़लता सहकारिता के क्षेत्र में मिली है, वह यह है कि सांझीखेतीबाड़ी सम्बन्धी लगभग ७० नई सहकारी संस्थाएं रजिस्टर हुईं और इस तरह राज्य में काम करने वाली ऐसी कुल सोसाइटियों की तादाद ६०० से भी बढ़ गई । इसी तरह इस साल के दौरान श्रम और निर्माण संबंधी सहकारी संस्थाओं की तादाद ७०० के करीब पहुंच गई है । इन संस्थाओं के सदस्यों की तादाद ७०,००० से भी ज़्यादा है । जहां तक सनअती सोसाइटियों का सम्बन्ध है, इन की स्थापना

[वित्त .मंत्री]
भी बड़ी तादाद में हुई है, खास कर चमड़े और हथखड्डी की सनग्रतों की। इस सिलसिले में चालू साल के आखीर तक इन सनग्रती सोसाइटियों की तादाद लगभग १,६०० हो जाएगी। इस दिशा में हम बाकी देश के किसी भी राज्य से अच्छी तरह मुकाबिला कर सकते हैं। इस के इलावा औरतों की सहकारी संस्थाओं के क्षेत्र में भी बड़ी कामयाबी मिली है। चालू साल में औरतों की ५३ सनग्रती सोसाइटियां और कई एक बचत सोसाइटियां कायम हुई हैं और इस से राज्य में औरतों की चालू सहकारी सोसाइटियों की तादाद ६०० के करीब पहुंच गई है। औरतों की ये सोसाइटियां पंजाब के सहकारी आंदोलन की एक खास विशेषता हैं।

साल १९५८-५९ में सहकारिता के सामूहिक विकास के लिए काम जारी रहेगा। १,००० छोटी उधार सोसाइटियों को मज़बूत बनाया जाएगा और १०० बड़ी उधार सोसाइटियां कायम की जाएंगी। सैंट्रल को-आपरेटिव बैंकों, एपैक्स बैंक (Apex Bank) और राज्य ज़मीन रहन बैंक की शेयर पूंजी में सरकार और धन लगाएगी। साल १९५८-५९ के लिए सहकारी संस्थाओं द्वारा दिए जाने वाले कर्ज़ों का जो निशाना हम ने रखा है उस के मुताबिक ६०० लाख रुपए के छोटे अर्से के, और ४०० लाख रुपए के दरम्याने अर्से के कर्ज़े दिए जाएंगे। माल की बिक्री और उस से दीगर सामान तय्यार करने (Processing) की दिशा में २२ सोसाइटियां कायम की जाएंगी। इन में से १२ सोसाइटियां बिक्री के साथ साथ प्रोसैसिंग (Processing) का काम भी करेंगी। खेतीबाड़ी की सहकारी सोसाइटियां और श्रम और निर्माण सम्बन्धी सहकारी सोसाइटियां कायम करने की दिशा में हम ने जो निशाना रखा है उस के अनुसार क्रमशः ७८ और ६० ऐसी सोसाइटियां कायम की जाएंगी। राज्य गोदाम कार्पोरेशन (State Warehousing Corporation) कई एक बड़ी मंडियों में गोदाम बनाने और उन्हें हासिल करने का विचार रखती है। साल के दौरान कार्पोरेशन को शेयर पूंजी के तौर पर ७.८० लाख रुपए और दिए जाएंगे। सनग्रती सहकारी सोसाइटियों और खास कर औरतों की दस्तकारियों और हथखड्डी सम्बन्धी सोसाइटियों के विकास के लिए खास ध्यान दिया जाएगा।

सिंचाई और आबादकारी

१३. भाखड़ा के महान् प्राजैक्ट पर प्रोग्राम के अनुसार तरक्की हुई। अगले माली साल के दौरान, यहां पर आंशिक रूप से जमा होने वाले पानी से कुछ एक नहरों को, जो बन कर तय्यार हो चुकी हैं, बारामासी पानी मिलना शुरू होगा। माधोपुर ब्यास लिंक, सरहंद फ़ीडर, पश्चिमी जमना नहर का सुधार और दादरी सिंचाई योजना जैसे बड़े बड़े दूसरे प्राजैक्ट या तो बन कर तय्यार हो चुके हैं या उन पर तामीर का काम बहुत आगे बढ़ चुका है। अगले साल पश्चिमी जमना नहर से लिफ्ट की मदद से बरसाती पानी द्वारा रिवाड़ी और दूसरे इलाकों को सिंचाई देने का और गुड़गांव नहर प्राजैक्ट का काम शुरू किया जाएगा। दूसरी पांच-साला योजना में इन सिंचाई के कामों के लिए ४०.७५ करोड़ रुपए की रक़म रखी गई है। इस में से १२ करोड़ रुपए की रक़म सितम्बर, १९५७ तक पहले ही खर्च की जा चुकी है। दूसरी पांच-साला योजना के आखीर में राज्य में सालाना सिंचाई के मातहत रकबा बढ़ कर ९२ लाख एकड़ हो जाएगा, जबकि पंजाब के बटवारे के वक्त सिंचाई का रकबा सिर्फ़ ३९ लाख एकड़ था।

हाऊस को इस बात का पता है कि राज्य में पिछले पांच सालों के दौरान बहुत से ट्यूबवैल (Tube-wells) लगाए गए हैं। फिर भी ये ट्यूबवैल अभी पूरी तरह नहीं चल रहे क्योंकि २३ नए पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से बिजली का दर महंगा है। तजरबे के लिए सरकार ने फैसला किया है कि यह दर घटा कर १२ नए पैसे प्रति यूनिट कर दिया जाए। बिजली के दर में इस कमी का देहाती जनता ने स्वागत किया है और सरकार को आशा है कि खुराक की पैदावार बढ़ाने के लिए इन ट्यूबवैलों से पूरा पूरा फ़ायदा उठाया जाएगा। १९५८-५९ में ७५ नए ट्यूबवैल लगाए जाएंगे।

भाकड़ा बांध में अब कुछ हद तक पानी जमा होने और उससे दायमी सिंचाई मिलने से मंडियों के विकास की समस्या पहले की निस्बत ज्यादा ज़रूरी हो गई है । इस सिलसिले में कुल ३६ मंडियां कायम की जाएंगी जिन में से ९ के विकास का काम १९५७-५८ में शुरू कर दिया गया। प्लाटों का नीलाम सिरसा, फतहबाद, कलांवाली, भवानी खेड़ा, भट्टू तथा कैथल में कायम होने वाली मंडियों में किया गया। यदि हम चाहें कि इन मंडियों का विकास हमारी सिंचाई सहूलतों के विकास के साथ साथ ही हो तो सारे काम की रफ्तार को तेज़ करना पड़ेगा। सरकार इन इलाकों के विकास से सम्बन्धित दूसरी समस्याओं के बारे में भी सजग है। इन समस्याओं में नए बैंक खोल कर उधार की सहूलतें जुटाने, सहकारी समितियों को कायम करने, और तकावी कर्ज़े देने आदि के काम शामिल हैं। इस सिलसिले में सभी महकमों के अफ़सरों की एक कमेटी बनाई गई है जो कि एक सांझी योजना बनाएगी।

बिजली

१४. आज के मशीनी युग में बिजली की सप्लाई और खपत खेतीबाड़ी तथा उद्योग की तरक्की के लिए ज़रूरी शर्तें हैं। ऐसे राज्य में जिसका माली ढांचा ज्यादातर खेतीबाड़ी पर निर्भर है, यह ज़रूरी हो गया है कि हम बिजली द्वारा किसान को ज़मीन से पानी निकालने में मदद दें। सभी प्रकार के छोटे, बड़े और दरमियाने उद्योगों का विकास बिजली के बिना नामुमकिन है। इस तरह शहरी और देहाती इलाकों में जीवन के मयार को ऊंचा उठाने के लिए बिजली एक ज़रूरी साधन है। इन सब ज़रूरतों को पूरा करने के लिए हमने पहले से अधिक बिजली पैदा की है और अब तो बिजली की मांग उत्पादन से भी बढ़ गई है। बिजली के और विकास का काम भी योजना के मुताबिक चल रहा है। भाकड़ा के बाईं ओर के बिजली घर में ९०,००० किलोवाट बिजली पैदा करने वाला पहला यूनिट दिसम्बर, १९५९ के दौरान चालू किया जाएगा, और इतनी ही बिजली पैदा कर सकने वाले बाकी सैट हरेक तीन महीने के वकफ़े के बाद चालू किये जाएंगे। २६-२६ हज़ार किलोवाट बिजली पैदा करने वाले और यूनिट गंगूवाल तथा कोटला में क्रमश: अक्तूबर, १९५९ तथा अप्रैल, १९६० में चालू किए जाएंगे। इन यूनिटों के लग जाने पर हम शहरी तथा देहाती इलाकों में बिजली पहुंचाने के काम को और तेज़ कर सकेंगे तथा उद्योग और खेतीबाड़ी के लिए और बिजली दे सकेंगे। इस वक्त जो बिजली हमारे पास है उस से चालू साल के दौरान ३५० और शहरों तथा गांवों में बिजली पहुंचा दी गई है और इसके इलावा ३६,००० आम कनैकशन, कारखानों के लिए १,२०० कनैकशन तथा खेतीबाड़ी के लिए १,३०० कनैकशन दिए गए हैं। नए ग्रिड सबस्टेशन (Grid Sub-stations)

[वित्त मंत्री]

बनाए गए हैं। मीलों लम्बी के. वी. (K.V.) लाईनें तय्यार की गई हैं और बिजली की खपत करने वालों की संख्या उहल नदी सिस्टम पर ६२ हज़ार से बढ़कर १.१६ लाख हो गई और नंगल सिस्टम पर ८६ हज़ार से बढ़ कर १.३५ लाख हो गई है।

१५. राज्य में सनअतों की बढ़ती हुई रफ्तार के कारण सनअती अदारों ने, उद्योग विभाग से सहायता के लिए ज़्यादा मांग की। यह सहायता की मांग सनअती कर्ज़ों, टैक्निकल

उद्योग तथा श्रम

ट्रेनिंग, आयात सुविधाओं, कंट्रोल वाले कच्चे माल की सप्लाई, मयार के मुताबिक सामान तय्यार करने (Standardization) तथा उस की बिक्री की सुविधाओं के बारे में थी। राज्य की बढ़ती हुई सनअती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए महकमे ने ज़रूरी प्रबन्ध कर लिए हैं। इस राज्य में उद्योगों के विकास की रफ्तार बहुत हद तक सनअती पूंजी के प्रबन्ध पर निर्भर है। इस दिशा में विभाग ने उद्योगों के लिये राज्य सहायता कानून (State Aid to Industries Act) के अधीन माली सहायता के रूप में पहले से अधिक धन देने का यत्न किया है। इस कानून के अधीन दिए गए कर्ज़ों की रकम १९५५-५६ में ३३ लाख रुपए थी जो कि १९५६-५७ में बढ़ कर ६३ लाख रुपए के लगभग हो गई। १९५७-५८ के दौरान इस काम के लिए जो ३६ लाख रुपए रखे गए थे, उनको पूरा बांट देने पर भी सारी मांग पूरी नहीं हो सकेगी। साल १९५८-५९ में कर्ज़ों के लिए रखी गई रकम बढ़ा कर ४० लाख कर दी गई है।

पंजाब फाइनैंशल कार्पोरेशन (Punjab Financial Corporation) की अदा-शुदा (Paid-up) पूंजी १ करोड़ रुपए है और इस के बनने के बाद पिछले पांच सालों में इस कार्पोरेशन ने १.०९ करोड़ रुपए के कर्ज़े मंजूर किए हालांकि इस में से केवल ८३ लाख रुपए के कर्ज़े बांटे गए। इस लिए यह आवश्यक हो गया था कि कार्पोरेशन की पूंजी को बढ़ाया जाए, ख़ास कर इस लिए कि दिल्ली राज्य प्रशासन के साथ इस बात का करार किया गया था कि कार्पोरेशन अपने कार्यक्षेत्र में दिल्ली राज्य को भी शामिल कर लेगी। रिज़र्व बैंक तथा केन्द्रीय सरकार की मंज़ूरी से, कार्पोरेशन ने चालू साल में एक करोड़ रुपए की रकम के १०-साला बांड (Bond) जारी किए। इन बांडों की वापिसी के समय पर ४.९७ फीसदी मुनाफ़ा (Redemption Yield) दिया जाएगा। मुझे हाऊस को इस बात की रिपोर्ट देते हुए खुशी है कि यह बांड हमारी आशा से भी जल्दी बिक गए और जनता इन की मांग करती रही। अब कार्पोरेशन की हालत पहले से अच्छी होगी और यह पंजाब तथा दिल्ली के दरमियाने तथा छोटे पैमाने के उद्योगों को ज़्यादा कर्ज़े दे सकेगी। यह कर्ज़ा उद्योगों के लिए राज्य सहायता कानून (State Aid to Industries Act) के अधीन दी गई मदद के इलावा होगा। बड़े पैमाने के उद्योगों की मदद के लिए, बैंक आफ़ पटियाला एक अहम ज़रूरत पूरी कर रहा है। यह बैंक राज्य प्रबन्ध में है।

इस साल के दौरान उद्योगों को आम सहूलतें जुटाने तथा तय्यार माल को एक मयार पर लाने के काम में काफ़ी तरक्की हुई। लुधियाना में एक गवर्नमैंट फिनिशिंग तथा टैस्टिंग सैंटर (Finishing and Testing Centre) की स्थापना की गई है जो कि बाईसिकल के पुर्ज़ों,

सिलाई की मशीन के पुर्जों तथा छोटे पैमाने के अन्य इंजीनियरिंग के कामों में आने वाली उन टैकनीकल क्रियाओं (Operations) की व्यवस्था करेगा जिन पर बहुत खर्च उठ जाता है। इन क्रियाओं में आंच देने (Heat Treatment), बिजली से मुलम्मा चढ़ाने (Electroplating), अनैमल (Enamelling) करने, फ़िनिशिंग और टैस्टिंग इत्यादि शामिल हैं। इस महकमे द्वारा होज़री के सामान के लिए लुधियाना में तथा खेतीबाड़ी के औज़ारों के लिए बटाला में स्टैण्डर्डाइज़ेशन (Standardization) के जो केन्द्र खुले हुए हैं वे बाकायदा काम कर रहे हैं। इन केन्द्र में ३१ दिसम्बर, १९५७ तक क्रमश: २३ लाख रुपए और ४ लाख रुपए की मालीयत के सामान पर "क्वालिटी माल" की मुहर लगाई गई। इस के इलावा खेलों के सामान, सजावट के बढ़िया कपड़े, साइंस के सामान, बर्तन-साज़ी, सूती कपड़े, और रंगाई और कपड़े की छपाई पर मयार सम्बन्धी चिह्न (Quality Marking) लगाने के लिए छ: और केन्द्र भी कायम किए जा रहे हैं। ये केन्द्र जल्द ही पूरी तरह चालू हो जाएंगे।

लुधियाना में एक सनअती बस्ती (Industrial Estate) की स्थापना के लिए, २७.३ एकड़ ज़मीन ४ लाख रुपए की लागत से प्राप्त की गई है। यहां जल्दी ही कारखाने लगाने के लिए कोशिशें की जा रही हैं। बटाला और मालेरकोटला में भी सनअती बस्तियों को कायम करने का विचार है। इस स्कीम के लिए पांच-साला योजना में कुल ७७.९७ लाख रुपए की रकम रखी गई है। तजवीज़ यह है कि उन्हें कारखानों के लिए न केवल मुनासिब दामों पर ज़मीन दी जाए बल्कि बिजली, पानी, सड़कों आदि की तथा कुछ दूसरी ज़रूरी सुविधाएं भी दी जाएं।

हथकरघा सनअत के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम मशीनी करघों को लागू करना है। भारत सरकार ने साल १९५७-५८ में इस राज्य के लिए ५०० मशीनी करघे (Powerlooms) अलाट किए। इन में से ३८० करघे लगाने की मंज़ूरियां पहले ही दी जा चुकी हैं। इस काम के लिए ५.५० लाख रुपए के कर्जे दिए गए हैं। तजवीज़ है कि अगले साल के दौरान ८०० मशीनी करघे बांटे जाएंगे और इस मकसद के लिए २० लाख रुपए की माली सहायता दी जाएगी। कांगड़ा के पिछड़े ज़िले में लोगों की माली हालत को सुधारने के लिए कुछ कशमीरी दस्तकारियां जारी की जा रही हैं जैसे कि कालीन बनाना, कसीदाकारी (Chain-stitch embroidery), पशमीने की बुनाई, धुस्से (Hooked-rug) और नमदे आदि बनाना। इस महकमे ने काशमीर से एक माहिर कारीगर (Technical Expert) की सेवाएं प्राप्त कर ली हैं और इन दस्तकारियों की सिखलाई के लिए केन्द्र खोले हैं। इन केन्द्रों में इस वक्त ७५ छात्र ट्रेनिंग ले रहे हैं।

योजना के अनुसार १.६ करोड़ रुपए की रकम बड़े पैमाने के उद्योगों के लिए, ४.३६ करोड़ रुपए की रकम छोटे पैमाने के उद्योगों के लिए और ३.१२ करोड़ रुपए की रकम हथ-करघा, खादी तथा ग्राम उद्योगों के लिए रखी गई है। बड़े पैमाने के उद्योगों के क्षेत्र में जिन अहम कामों के करने का विचार है, वे हैं खांड की नई मिलें, एक कपड़े की मिल तथा पुरानी रूई की

[वित्त मंत्री]
कताई (Shoddy Spinning) के एक कारखाने की स्थापना। इन उद्योगों का विकास कारखानादारों (Private Enterprise) के सहयोग से किया जाएगा। छोटे उद्योगों के विकास के लिए जो प्रोग्राम बनाया गया है उस के अनुसार औद्योगिक बस्तियां कायम की जाएंगी, अहम सनअतों के माल को नए मशीनी तरीकों (Rationalisation) की मदद से तय्यार करने और उसे मुनासिब मयार पर लाने के यत्न किए जाएंगे, सहकारी समितियों को बढ़ावा दिया जाएगा और उन्हें उदारता से माली मदद दी जाएगी। खादी तथा देहाती सनअतों का विकास अखिल भारतीय खादी तथा ग्रामोद्योग कमीशन के द्वारा बताए गए तरीके के अनुसार किया जाएगा। इस बारे में कमीशन की नीति के अनुसार राज्य की खादी तथा ग्रामोद्योग योजनाओं को अमल में लाने के लिए एक खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड (Statutory Khadi and Village Industries Board) बनाया गया है।

इस साल मज़दूरों और मालिकों के दरमियान कोई बड़ा झगड़ा नहीं हुआ और बहुत हद तक उन के सम्बन्ध अच्छे बने रहे। इसी कारण औद्योगिक पैदावार बढ़ गई है। मज़दूर कल्याण योजनाएं भी तरक्की करती रही हैं। सनअती मज़दूरों के लिए मकान बनाने की योजना (Industrial Housing Scheme) के अधीन ६१८ मकान पहले ही बनाए जा चुके हैं और ६६० बन रहे हैं। चार और मज़दूर कल्याण केंद्र फगवाड़ा, गोबिन्दगढ़, हिसार तथा पठानकोट में खोले गए हैं। मज़दूरों की सरकारी बीमा योजना जो पहले सात सनअती नगरों में चालू की गई थी, दूसरी योजना के दौरान और भी नगरों में लागू की जाएगी। लगभग ३०,००० मज़दूर २५ उद्योगों में लागू की गई प्राविडैंट फंड स्कीम (Employees' Provident Fund Scheme) से लाभ उठा रहे हैं। राज्य में इस समय २६ रोज़गार-दिलाऊ दफ़्तर (Employment Exchanges) खुले हुए हैं जिन से लगभग ४१,००० व्यक्तियों की रोज़गार सम्बन्धी ज़रूरतें पूरी होती हैं।

सड़कें तथा ट्रांसपोर्ट

१६. सड़कों की उन्नति की ओर लगातार ध्यान दिया जाता रहा। १६५६-५७ में तसल्लीबख्श तरक्की हुई और १६५ मील सड़कें मुकम्मल की गईं। चालू साल के अन्त तक ३३५ मील और सड़कें तैयार हो जाएंगी जिस से पक्की सड़कों की कुल लम्बाई ३,६०० मील हो जाएगी। अगले साल के लिए सड़कों पर २.८४ करोड़ रुपए खर्च करने का विचार है जब कि चालू साल के दौरान में २.६५ करोड़ रुपए खर्च किए जाने का अनुमान है। बरसात के मौसम में यातायात चालू रखने के लिए, जालन्धर के निकट बेंई पर जो पुल बनाया जा रहा था, वह तय्यार हो चुका है। कालका-अम्बाला सड़क पर घग्गर नदी का पुल मुकम्मल होने वाला है। इस पुल के बन जाने से राजपुरा के रास्ते ट्रैफ़िक को बदलने की ज़रूरत नहीं रहेगी।

जनता को सफ़र की और अच्छी सहूलतें जुटाने के लिए सरकारी ट्रांसपोर्ट सर्विस बहुत बढ़िया काम कर रही है। लुधियाना में एक बस स्टैंड के लिए ज़मीन हासिल कर ली गई है जब कि दिल्ली, अम्बाला और करनाल में बस स्टैंडों के लिए ज़मीनें प्राप्त की जा रही हैं। फिरोज़पुर, पठानकोट, जालन्धर और अमृतसर के बस स्टैंड तय्यार हो चुके हैं और चंडीगढ़

में एक ऐसा बस स्टैंड बनाने का काम जल्दी ही शुरू कर दिया जाएगा, जिस में सभी सहूलतें मौजूद होंगी। माल ढोने का काम बढ़ जाने से ३८५ और ट्रकों (Public Carriers) के परमिट मंज़ूर किए गए हैं।

चंडीगढ़ राजधानी

१७. पंजाब और पैप्सू राज्यों के इकट्ठा हो जाने से राजधानी प्राजैक्ट के कुछ निर्माण-कार्यों को बढ़ाना ज़रूरी हो गया, इस लिए प्लानिंग कमीशन ने दूसरी पांच-साला योजना में चंडीगढ़ राजधानी प्राजैक्ट के अनुमानित खर्च को ११,६२ लाख रुपए से बढ़ा कर १३,२० लाख कर दिया है। लेकिन इन बढ़ाई गई योजनाओं को पूरा करने के लिए शायद कर्ज़ा देना प्लानिंग कमीशन ने अभी मंज़ूर नहीं किया। हम यह ज़रूरी समझते हैं कि यह रुपया हमें मिले, क्योंकि हमारी कुछ ज़रूरतें दोनों राज्यों के मिल जाने से बढ़ गई हैं। यह एक ऐसी बात है जिसका अन्दाज़ा राजधानी प्राजैक्ट के अनुमान तय्यार करते समय शुरू में नहीं लगाया जा सकता था। हाईकोर्ट की इमारत को बढ़ाना होगा। कर्मचारियों को शिमला से चंडीगढ़ लाने के लिए हमें २,५०० और रिहायशी मकान चाहिएं और प्रादेशिक कमेटियों (Regional Committees) को स्थान जुटाने के लिए विधान सभा की इमारत को भी बढ़ाना पड़ेगा। हमारी ये ज़रूरतें कितनी वास्तविक हैं, प्लानिंग कमीशन को इस बात का यकीन दिलाने के लिए कोशिशें जारी हैं। इन कठिनाइयों के बावजूद बाकी दफ्तरों को अगले साल में शिमला से चंडीगढ़ लाने के लिए सरकार ने पक्का इरादा किया हुआ है। इस काम के लिए और रिहायशी मकानों की ज़रूरत होगी। इस लिए फ़ैसला किया गया है कि एक हज़ार और मकान बनाने का काम फ़ौरन ही शुरू कर दिया जाए। विधान सभा की इमारत बनाने का काम शुरू करने की भी तजवीज़ है, हालांकि इसके एक हिस्से को धन की कमी के कारण फिलहाल रोकना पड़ जाएगा। राज्यपाल महोदय की अपनी इच्छा पर नए राजभवन की तामीर का काम मुल्तवी कर दिया गया है। मौजूदा सरकट हाऊस को और बढ़ा कर और उस में ज़रूरी तबदीलियां करके उसे ही राजभवन में बदल दिया जाएगा।

चंडीगढ़ में प्राइवेट क्षेत्र में भी बराबर तरक्की हो रही है। एक हज़ार मकान पहले ही बन कर तय्यार हो चुके हैं तथा २५० बन रहे हैं। अब तक यहां १,२६५ व्यापारिक प्लाट बनाए गए हैं जिन में से ६४६ प्लाट बिक चुके हैं। चालू साल में प्राइवेट इमारतों की तामीर के कामों को बढ़ावा देने के लिए ४० लाख रुपए के इमदादी कर्ज़ों का इन्तज़ाम किया गया। अगले साल के लिए भी इस काम के लिए इतनी ही रकम रखी गई है।

चंडीगढ़ में सनअतों की तरक्की के लिए सरकार ने राजधानी चंडीगढ़ को एक सनअती क्षेत्र करार दिया है जहां १५४ सनअती प्लाट होंगे। जिन लोगों को ये प्लाट अलाट किए जाएंगे, उन्हें सनअतों की सरकारी मदद के कानून (State Aid to Industries Act) के मातहत ५० हज़ार रुपए तक के कर्ज़े मिल सकेंगे। जो कारखानादार चंडीगढ़ में जल्दी ही कारखाने लगाना चाहते हैं, उनके लिए कुछ एक प्लाट रिज़र्व रखे गए हैं। इन प्लाटों को उन्हें आपसी बातचीत से तय की गई कीमत पर बेचा जाएगा। जो फौंडरियां सरकार को सरकारी

[वित्त मंत्री]

आर्डर पर माल सप्लाई करेंगी, उन्हें लोहे और कोयले (Coke) का फालतू कोटा दिया जाएगा। जो कोटाहोल्डर प्लाटों की खरीद के छः महीने के अन्दर अन्दर चंडीगढ़ में अपने कारखाने ले आयेंगे, उन्हें लोहे और इस्पात का २५ फ़ीसदी फालतू कोटा मिलेगा। चंडीगढ़ के कारखानों को इस बात की भी रियायत दी गई है कि वे महकमा स्टोर पर्चेज (Stores Purchase Department) की आधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिये कम से कम टैंडर देने वाले को कीमतों पर सामान सप्लाई कर सकते हैं। मज़दूरों के लिए मकान बनाने की जो योजना बनाई गई है, उस के मातहत ३०० मकान पहले ही तय्यार हो चुके हैं।

सामुदायिक विकास

१८. सामुदायिक विकास प्रोग्राम जारी होने से राज्य के देहाती इलाकों में एक नया सामाजिक और आर्थिक ढांचा पनप रहा है। अब देहाती जीवन का शायद ही कोई ऐसा हिस्सा होगा जिस में तेज़ी से तबदीली नहीं आ रही। देहाती जनता पक्की गलियों, साफ़ पानी, अच्छी शिक्षा, डाक्टरी चिकित्सा और उचित खुराक तथा मकानों इत्यादि की सुविधाओं की अहमीयत को समझने और पसन्द करने लग पड़ी है। इन सभी सहूलतों को आम लोगों तक आसानी से पहुंचाने के इलावा सामुदायिक विकास कार्य खेतीबाड़ी के विकास को सब से ज़्यादा महत्व देता है। तजवीज़ है कि इस प्रोग्राम के मातहत इलाकों में खेतीबाड़ी की पैदावार को ४० फ़ीसदी तक बढ़ाया जाए। राज्य भर के लिए जो निशाने रखे गए हैं उन के सम्बन्ध में जिला और ब्लाकों (Blocks) के लिए भी निशाने निश्चित कर दिए गए हैं और पैदावार की ग्रामवार योजनाएं तय्यार की गई हैं। केवल सितम्बर, १९५७ तक १०.८७ लाख मन विलायती खादें बांटी गईं, २.६ लाख एकड़ बंजर भूमि में हल चलाया गया और ३ लाख एकड़ ज़मीन में सिंचाई की सुविधाएं पहुंचाई गईं। साल १९५७ के पहले छः महीनों में गांव वालों ने अपनी तरफ से जो मदद दी उस की मालीयत ५८१ लाख रुपए बैठती है जबकि सरकार ने इस काम के लिए अपनी ओर से ५६२ लाख रुपये खर्च किए।

इस वक्त राज्य में १२० विकास खंड (Development Blocks) काम कर रहे हैं, इन से १६,१३१ गांवों की ८४.५० लाख आबादी लाभ उठा रही है। चालू साल में ३७ नए कौमी विस्तार सेवा खंड (N.E.S. Blocks) जारी किए गए और भरपूर विकास के लिए ८ एन० ई० एस० खंडों को सामुदायिक विकास खंडों में तबदील किया गया। अगले साल २६ ब्लाक खोले जाएंगे और ११ मौजूदा ब्लाकों को सामुदायिक विकास ब्लाकों में तबदील किया जाएगा। तजवीज़ है कि दूसरी पांच-साला योजना के आखीर तक सारे राज्य में कौमी विस्तार सेवा खंड (N.E.S. Blocks) कायम कर दिये जाएंगे।

11 a.m.

सेहत

१९. राज्य में डाक्टरी सहूलतों और सेहत सम्बन्धी प्रोग्राम बढ़ाने की दिशा में तरक्की जारी है। स्वास्थ्य यूनिटों (Health Units) और ग्राम स्वास्थ्य केन्द्रों (Rural Health Centres) की तादाद बढ़ गई है, ६ और सिविल डिस्पैंसरियों को सरकारी इंतज़ाम में ले लिया गया है और दांतों सम्बन्धी इलाज के प्रबन्ध का काम तरक्की पर है। मलेरिया, कोढ़, तपेदिक और चेचक की रोकथाम के लिए मुनासिब कदम उठाए गए हैं। असल में मलेरिया-विरोधी कार्यक्रम अगले साल तक

सारे राज्य में लागू हो जाएगा । परिवार-नियोजन क्लीनिक (Family Planning Clinic) कायम करने की दिशा में अभी काम शुरू ही हुआ है और इस काम को अगले साल और बढ़ाया जाएगा ।

पानी सप्लाई की जो २७ योजनाएं हैं उन में से १० मुकम्मल हो चुकी हैं और दूसरी दस में निर्माण का काम काफ़ी आगे बढ़ गया है । निकास नालियां तैयार करने की २२ योजनाओं में से ६ में काम बहुत आगे बढ़ चुका है । पंजौर और राजपुरा के नज़दीक के देहात की सफ़ाई स्कीमें (Rural Sanitation Schemes) मुकम्मल हो चुकी हैं किन्तु ऐसी दूसरी देहाती योजनाओं पर बहुत तरक्की नहीं हो सकी । अब फैसला किया गया है कि देहाती आबादी खर्च के २५ फीसदी के बजाए अब केवल १२ फ़ीसदी हिस्सा नकदी और जिन्स की शकल में दे और बाकी रुपया केन्द्र और राज्य से सहायता के रूप में मिले । इस तबदीली से आशा है कि देहाती इलाकों में और योजानाएं जारी हो सकेंगी और मुकम्मल की जा सकेंगी । अगले साल पानी सप्लाई और पानी के निकास की योजनाओं पर खर्च करने के लिए ६४ लाख रुपए रखे जा रहे हैं ।

आयुर्वैदिक चिकित्सा को पहले की तरह ही बढ़ावा दिया जा रहा है । पटियाला के आयुर्वेदिक कालेज में दाखला बढ़ा दिया गया है और अगले साल में ५० नई आयुर्वैदिक डिस्पैंसरियां खोली जाएंगी । चालू साल में भी ५० ऐसी डिस्पैंसरियां खोली गई थीं ।

२०. चालू माली साल में पंजाब सरकार ने दो अहम फैसले किए जिनसे शिक्षा के क्षेत्र में क्रान्ति आ जाएगी । इस में से पहला फैसला राज्य की स्थानीय संस्थाओं (Local Bodies) के स्कूलों को सरकारी इंतज़ाम में लेने के बारे में था । इस

तालीम

हाऊस के माननीय सदस्य जानते हैं कि स्थानीय संस्थाओं के अध्यापकों को नौकरी की शर्तों को अच्छा बनाने के सवाल पर सरकार पिछले कुछ सालों से ध्यान दे रही है । ये अध्यापक कम तनख़ाह मिलने के बारे में आन्दोलन भी करते रहे हैं और एक या दो मौकों पर इस आंदोलन ने भीषण रूप धारण कर लिया था । चूंकि अध्यापकों की इन मांगों को पूरा करने में सबसे बड़ी रुकावट यह थी कि संबन्धित स्थानीय संस्थाओं को सहायतानुदानों (Grants-in-Aid) के रूप में भारी रकम देनी पड़ती थी, इस लिए पंजाब सरकार ने फैसला किया कि इस राज्य के हित में यह अच्छा रहेगा कि इन्हें सहायतानुदान देने की बजाए, इन के स्कूलों को ही सरकारी इंतज़ाम में ले लिया जाए । इस कार्यवाही का सीधा नतीजा यह निकलेगा कि अपनी तनख्वाहों के स्केल के बारे में स्थानीय संस्थाओं के अध्यापकों को कोई शिकायत नहीं होगी । यह भी मानना पड़ेगा कि स्थानीय संस्थाओं के अकसर स्कूलों में न तो पूरा सामान था न अच्छी इमारतें । उनके सारे अध्यापक भी पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं होते थे । इस तबदीली से १०,००० से ज्यादा स्कूलों, २८,००० अध्यापकों, ४०० क्लर्कों और चौथे दर्जे के ३,००० कर्मचारियों को लाभ पहुंचा है ।

दूसरा फैसला और भी अहम है जिसके मुताबिक राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में प्राइमरी स्टैंडर्ड तक शिक्षा मुफ्त कर दी गई है । कांगड़ा और महिन्दरगढ़ ज़िलों के पिछड़े

[वित्त मंत्री]

इलाकों में मिडल तक की पढ़ाई की फीस नहीं ली जाएगी । अमृतसर और गुरदासपुर ज़िलों के बाढ़-पीड़ित लोगों की सहायता के लिए हाई स्टैंडर्ड तक शिक्षा मुफ्त करने का भी फैसला किया गया है। मुफ्त शिक्षा देने का हमने जो निशाना रखा हुआ है, उसे पूरा करने के सिलसिले में हाऊस को यह जान कर खुशी होगी कि राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में अगले साल से छठी जमात तक मुफ्त शिक्षा की रियायत देने का फैसला कर लिया गया है।

माली ज़िम्मेदारियों के इलावा, इन दोनों योजनाओं से आगे चल कर कई अहम और कठिन मसले पैदा हो जाएंगे, जिन्हें हल करने के लिए हमें बहुत कुशलता और धीरज से काम करना पड़ेगा।

इस चालू साल में शिक्षा योजना के अधीन दूसरी स्कीमों पर ११७ लाख रुपए खर्च किये जा रहे हैं और अगले साल के लिए १३० लाख रुपए रखे गये हैं। लड़कियों की शिक्षा की ओर खास ध्यान दिया गया है। लड़कियों के चार प्राइमरी स्कूलों को मिडल स्कूलों और ६ मिडल स्कूलों को हाई स्कूलों में बदल दिया गया है। इनके इलावा चंडीगढ़ और जालन्धर में लड़कियों के लिए दो नए स्कूल कायम किए गए हैं। गुड़गांव और रोहतक में लड़कियों के दो कालेज और कुरुक्षेत्र में एक नया पोस्ट-ग्रेजुएट बेसिक ट्रेनिंग कालेज कायम करने की तजवीज़ है।

मौजूदा युग में देश की हर तरह की तरक्की में टैकनीकल शिक्षा का अहम स्थान है। दूसरी पांच-साला योजना तय्यार करते समय प्लानिंग कमीशन ने इंजीनियरों की जो कमेटी (Engineering Personnel Committee) बनाई थी उस ने इस बात की भारी आवश्यकता पर ज़ोर दिया कि नई संस्थाएं खोल कर और मौजूदा संस्थाओं को बढ़ा कर टैकनीकल शिक्षा की सहूलतों को फ़ौरन ही बढ़ाया जाए। इस बात के मद्देनज़र पंजाब सरकार ने टैकनीकल शिक्षा के लिए एक बोर्ड (State Board for Technical Education) कायम किया। राज्य में टैकनीकल शिक्षा और टैकनीकल प्रोग्राम को ठीक तरह से चलाने के लिए इस बोर्ड के साथ एक टैकनीकल शिक्षा डायरैक्टोरेट (Technical Education Directorate) होगा जो इस बोर्ड की कार्यकारिणी एजैंसी (Executive Agency) के तौर पर काम करेगा। आशा है कि इस से राज्य में टैकनीकल शिक्षा का मयार ऊंचा हो जाएगा।

दूसरी पांच-साला योजना में जो अहम योजनाएं शामिल की गई हैं उन के मुताबिक चंडीगढ़ के इंजीनियरिंग कालेज (Punjab Engineering College) को इतना बढ़ा दिया जाएगा कि उस में डिग्री कोर्स के लिए हर साल २४० छात्र और हाईवे इंजीनियरिंग (Highway Engineering) के पोस्ट-ग्रेजुएट कोर्स के लिए १० छात्र दाखिल किए जा सकें। नीलोखेड़ी के गवर्नमेंट इंजीनियरिंग स्कूल और पालीटैक्निक (Polytechnic) को इकट्ठा कर दिया जाएगा। एक पालीटैक्निक संस्था चंडीगढ़ में और दूसरी हरियाना के इलाके में कायम की जाएगी।

इसके इलावा अम्बाला के सरकारी टैकनीकल इंस्टिच्यूट को विकसित किया जाएगा । अगले साल में इन संस्थाओं के विकास के लिए ९७ लाख रुपए रखे गए हैं । इन योजनाओं के इलावा पटियाला की थापर इन्स्टिच्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नालोजी (Thapar Institute of Engineering and Technology), लुधियाना का गुरुनानक इंजीनियरिंग कालेज, फगवाड़ा को विश्वकर्मा पोलीटैक्निक, बैजनाथ की तारा-कर्ण एस० डी० इन्स्टिच्यूट, होशियारपुर की टैकनीकल इन्स्टिच्यूट और जालन्धर की मेहरचन्द टैकनीकल इन्स्टिच्यूट जैसी प्राइवेट संस्थाओं को भी सरकार द्वारा मदद दी जा रही है ।

अनुसूचित इलाके और पिछड़ी जातियां

२१. अनुसूचित कबीलों की तरक्की के कल्याण और लाहौल तथा सपीति के अनुसूचित इलाकों के लिए खेतीबाड़ी, सिचाई, पशुपालन, शिक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, वन और सड़कों सम्बन्धी महकमों ने अपनी सरगर्मियां जारी रखीं । इस काम पर दूसरी पांच-साला योजना के दौरान राज्य योजना (State Plan) में से २१.५८ लाख रुपए और केंद्रीय प्लान (Central Plan) में से ८८.२६ लाख रुपए खर्च किए जाएंगे ।

अनुसूचित जातियों और पिछड़ी श्रेणियों की भलाई के काम की देखभाल एक अलग महकमा करता है । मैं ने पिछले भाषण में जिन रियायतों का ज़िक्र किया था, वे अब भी इन्हें दी जा रही हैं । अनुसूचित जातियों (Scheduled Castes) और विमुक्त जातियों को ज़मीन खरीदने के लिए माली मदद देने की एक योजना मंजूर की गई है । यह योजना केन्द्र की ओर से शुरू की गई है । ३२० परिवारों को आबाद करने के लिए १६ लाख रुपए की ज़मीन खरीदी जा रही है। इस काम के लिए केन्द्रीय सरकार की तरफ से ७ लाख रुपए और राज्य सरकार की ओर से २ लाख रुपए पहले ही खर्च हो चुके हैं।

राष्ट्रीय कार्यकर्ताओं की मदद

२२. कौमी वर्करों की मदद के लिए जो फण्ड जारी किया गया है उस में से सियासी पीड़ितों को पहले की तरह ही मदद मिलती रही है । साल १९५८-५९ में इस काम के लिए १६ लाख रुपए की रकम रखी गई है ।

सिविल और रेविन्यू सम्बन्धी शासन-प्रबंध

२३. साल १९५७-५८ में प्रशासन क विकेन्द्रीकरण (Decentralization) का काम जारी रहा और ३ नई सब-डिवीज़नें खोली गईं । इस साल भ्ष्टाचार विरोधी विभाग (Anti-Corruption Department) ने अपने पांव अच्छी तरह जमा लिए और अब रिश्वतखोर कर्मचारियों के खिलाफ जांच और छान-बीन का काम बड़ी तेज़ी से पूरी किया जा रहा है ।

खज़ानों (Treasuries) और उप-खज़ानों (Sub-Treasuries) क काम में और सुधार लाने के लिए पूरा-वक्त काम करने वाले ६ सब-ट्रेयरी अफ़सर लगाए गए । उमीद है कि जल्दी ही ऐसे १८ और अफसर लगाए जाएंगे ।

[वित्त मंत्री]

पिछले साल राज्य की पुलिस पर बड़ा दबाव और बोझ पड़ा। हिन्दी समिति एजीटेशन ने राज्य के फ़िरकों में आपसी तनाव और कशीदगी पैदा कर दी थी, किन्तु इस आन्दोलन का बड़ी होशियारी और धीरज के साथ सामना किया गया। पुलिस ने इस सारे आन्दोलन के दौरान समय समय पर दिलाई जाने वाली भारी उत्तेजना के बावजूद फर्ज़शनाशी का शानदार सबूत दिया। हालांकि इन हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस का काम बहुत बढ़ गया था फिर भी उस ने अपराधी तत्वों को ख़त्म करने के लिए अपनी मज़बूत और सरगर्म कोशिशें जारी रखी हैं। और उन में किसी तरह की ढील नहीं आने दी है। इन कोशिशों की वजह से डाकों, लूट, सेन्ध, चोरियों और अग़वा आदि सभी तरह की वारदातों में कमी हुई। कई एक हथियार-बंद डाकुओं से मुकाबिले हुए और इन की वजह से खतरनाक किस्म के ७ मुजरिम मारे गए और २१ गिरफ्तार हुए।

पंजाब आर्म्ड पुलिस (Punjab Armed Police) देश की सीमाओं की बड़ी सावधानी से चौकसी करती रही। उसकी वजह से सरहद पर रहने वाले लोगों के हौसले बुलन्द हैं। चोरी-छुपे माल ले जाने की वारदातों को रोकने के लिए की जा रही कार्रवाइयों की रफ्तार तेज़ कर दी गई और इन के नतीजे के तौर पर चोरी-छुपे माल ले जाने वाले ९६१ आदमी गिरफ्तार किए गए और १८ लाख रुपए का सामान ज़ब्त किया गया।

हमारी जेलों में इस वक्त जितने कैदी हैं और उन के लिए वहां अधिकृत रूप से जितनी जगह चाहिए उस का अंतर अब नई जेल इमारतों की तामीर से बहुत हद तक कम हो गया है। कई एक हवालातों (Judicial Lock-ups) को सहायक जेलों में बदल दिया गया है। कैदियों को कई एक और सहूलतें दी गई हैं और जेल उद्योग तसल्लीबख्श तौर पर तरक्की कर रहे हैं।

माननीय सदस्य जानते ही हैं कि पंजाब में ज़मीन के पट्टे की सुरक्षा (संशोधन) सम्बन्धी कानून, १९५७ [Punjab Security of Land Tenures (Amendment) Act, 1957] के मंजूर हो जाने से अब सरकार राज्य में फाल्तू ज़मीनों के बारे में ठीक ठीक जानकारी इकट्ठी कर रही है। उमीद है कि ज़मींदार इस दिशा में अब हमें ज़्यादा सहयोग देंगे और हमें अगले माली साल के दौरान फाल्तू ज़मीन के बारे में ठीक ठीक जानकारी मिल जाएगी। खेतिहरों के बारे में जो सुधार लागू किए गए हैं उन्हें अमली जामा पहनाने में आने वाली सभी तरह की देरियों को दूर करने के लिए एक अलहदा महकमा खोलने का फैसला किया गया है। यह महकमा एक एडीशनल सैक्रेट्री (Additional Secretary) के मातहत होगा।

२४. आप जानते ही हैं कि पिछले साल सरकार ने वेतन पड़ताल समिति (Pay Revision Committee) की सिफारिशों को पूरी तरह मंजूर कर लिया था। यह कमेटी जून, १९५६ में कायम की गई थी। इस की सिफारिशों के मंजूर होने से पटवारी, कानूनगो, अध्यापक, फुटकांस्टेबल, हैड कांस्टेबल, असिस्टैंट सब-इंस्पैक्टर पुलिस आदि कम वेतन पाने वाले बहुत से कर्मचारियों, और चौथे दर्जे के सरकारी मुलाज़िमों को मदद मिली थी। सरकारी कर्मचारियों को और फ़ायदा पहुंचाने के लिए हमने जो नीति अपनाई हुई है उसके मुताबिक सरकार ने अब यह फैसला किया है कि पहिले के पंजाब और पैप्सू के कर्मचारियों के लिए आरज़ी और महंगाई भत्तों को एक जैसा कर दिया जाए। पंजाब के जो कर्मचारी १०० रुपए से २५० रुपए तक वेतन लेते हैं उन्हें दो सालाना तरक्कियां (Increments) मिलती हैं और जिनका वेतन २५१ रुपए से ४०० रुपए के दरमियान है उन्हें कुछ शर्तों और सम्बन्धित कर्मचारियों के हितों को देखते हुए कुछ ज़रूरी घटाबढ़ियों (Marginal Adjustments) के साथ एक सालाना तरक्की (Increment) मिलती है। यह रियायत अब पहिले के पैप्सू के ऐसे कर्मचारियों को भी मिलने लगेगी। इस से हमें ८ लाख रुपए का अतिरिक्त सालाना खर्च बढ़ाना पड़ेगा। पूर्ववर्ती पैप्सू के जिन कर्मचारियों का मासिक वेतन ७५० रुपए तक है उन्हें अपने महंगाई भत्ते का ५० फ़ीसदी महंगाई वेतन के तौर पर मिलता है। यह रियायत अब इतना वेतन पाने वाले पंजाब के कर्मचारियों को भी मिलने लगेगी। इस तरह पैंशन देने के बारे में सरकार की ज़िम्मेदारी में ९ लाख रुपए की बढ़ती हो जाएगी। अनुमान है कि नई दर्जाबंदी से सफर भत्तों, किराया मकान आदि के रूप में २५,००० रुपए का आवर्तक (Recurring) सालाना खर्च बढ़ जाएगा।

सरकारी मुलाज़िमों को रियायतें

२५. राष्ट्रपति ने जो दूसरा फाइनैंस कमीशन बनाया था उस ने चालू वर्ष के दौरान अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। इस कमीशन ने आयकर (Income-tax), केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क (Union Excise Duties), सम्पत्ति शुल्क (Estate Duty) और रेलवे के भाड़े पर लगे टैक्सों से होने वाली ठोस आमदनी के केन्द्रीय सरकार (Union Government) और राज्यों के बीच बटवारे के बारे में सिफारिशें की हैं। इन की तफसील फाइनैंस सक्रेटरी (Finance Secretary) के मैमोरैण्डम (Memorandum) में दी गई है। आम सहायतानुदानों (General Grants-in-aid) के सिलसिले में पंजाब के लिए १२५ लाख रुपए की जो रकम निश्चित की गई थी उसे बढ़ा कर २२५ लाख रुपए सालाना कर दिया गया है। यह बढ़ती पंजाब की उन खास समस्याओं को सामने रखकर की गई है जो एक सरहद्दी राज्य होने और अभी तक बटवारे के घावों के पूरी तरह न भरने के कारण हमें

फाइनैंस कमीशन (Finance Commission)

[वित्त मंत्री]

पेश आ रही हैं। जबकि फाइनैंस कमीशन ने सहायतानुदान को बढ़ा कर २२५ लाख रुपया सालाना कर दिया है उस ने उन कदमों की भी तसदीक कर दी है जो कि पंजाब सरकार ने पहली पांच-साला योजना के दौरान ज़रूरी टैक्स इकट्ठे करने के लिए उठाए। ५ करोड़ रुपए का जो निशाना रखा गया था उस में से पंजाब ४.५ करोड़ रुपए इकट्ठे करने में कामयाब हुआ और इस तरह ९० फ़ीसदी निशाना पूरा कर लिया गया।

इन सिफ़ारिशों का एक आम नतीजा यह निकला है कि हमारी आमदनी में काफ़ी ज़्यादा बढ़ती हुई है। साल १९५७-५८ के बजट में इन साधनों से जहां ५२१ लाख रुपए की प्राप्ति हुई थी वहां १९५८-५९ में यह बढ़ कर ८१४ लाख रुपए हो जाएगी। कमीशन ने हमारी ज़रूरतों को जिस खूबी से समझा है उस के लिए मैं और मेरे साथ आप सब सदस्य भी कमीशन के सभापति तथा उस के दूसरे सदस्यों के शुक्रगुज़ार होंगे। हमारा यह फर्ज़ है कि कमीशन ने हम से जो आशाएं बांधी हैं, हम उन्हें पूरा करें। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट के आखरी पैराग्राफ (Paragraph) में इन आशाओं का जो खुलासा दिया है उस का ज़िकर मैं यहां करना चाहूंगा :

> "इस वक्त इस बात की सब से बड़ी ज़रूरत है कि राज्य अपने जो आगम (Revenue) बजट बनाएं वे घाटे के न हों। उन्हें इस योग्य बनाने के लिए हमने केन्द्रीय टैक्सों को बांटने की यह नई योजना (Scheme of Devolution) बनाई है। जब तरक्की और विकास की बड़ी बड़ी योजनाओं पर अमल हो रहा हो तो राज्य के बजट में घाटे का भारी अंदेशा बना रहता है और इस तरह करंसी के फैलाव की संभावनाओं (Inflationary Potential) के बढ़ जाने से देश के माली ढांचे को ही खतरा पड़ जाता है। अब जब कि स्थायी सम्पत्ति (Permanent Assets) पर होने वाला सारा खर्च पूंजीगत खर्च (Capital Outlay) माना जाने लगा है, चालू खातों के घाटों को उधार लेकर पूरा करना हमारी पीढ़ी के लिए एक ऐसा नामुनासिब कदम होगा जो हम बोझ के रूप में आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़ जाएंगे। इसलिए यह ज़रूरी है कि हम विकास खर्च को अपने साधनों से ही पूरा करें और राज्य सरकारें इस खर्च को पूरा करने के लिए भी आगम (Revenue) में घाटा न पड़ने दें। हम पूरी उमीद रखते हैं कि वे अपनी माली नीतियां तैयार करते वक्त इस बात को ध्यान में रखेंगी।"

अपने बजट को संतुलित बनाने के लिए जो कदम उठाने ज़रूरी हैं उन की तरफ आप का ध्यान दिलाने से पहले मैं उन सिफ़ारिशों का ज़िक्र करना चाहूंगा जो कि राज्यों द्वारा केंद्र (Union) के कर्ज़ों को लौटाने के सिलसिले में फाइनैंस कमीशन ने की हैं। इन सिफ़ारिशों की तफ़सील फाइनैंस सैक्रेट्री (Finance Secretary) के मैमोरैण्डम (Memorandum) में दी गई है। इन से पता

चलता है कि राज्यों का बोझ अब मुनासिब हद तक कम हो गया है । भारत सरकार ने इन सिफ़ारिशों को अगर्चे मंज़ूर कर लिया है फिर भी हमें कहा गया है कि हम पुराने आधार पर ही अपना बजट तैयार करें और हम ने ऐसा ही किया है । फिर भी मैं केंद्रीय सरकार से मांग करूंगा कि वे इस दिशा में भी फाइनैंस कमीशन (Finance Commission) की सिफ़ारिशों पर अमल करे । मैं पुनर्वास सम्बन्धी कर्ज़ों को लौटाने के बारे में खासतौर से उत्सुक हूं । हम ने फाइनैंस कमीशन (Finance Commission) से निवेदन किया कि केंद्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों को पुनर्वास योजनाओं के लिए दिये जाने वाले कर्ज़े की शर्तों के अनुसार पश्चिमी पाकिस्तान से १ जनवरी, १९५० से पहिले आने वाले बेघर लोगों को और इस तारीख या इस के बाद पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले बेघर लोगों को कर्ज़ा देने का तरीका अलग अलग है । पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले लोगों को दिए जाने वाले कर्ज़ों के मामले में नुकसान की सारी ज़िम्मेदारी केन्द्रीय सरकार ने ली जबकि पश्चिमी पाकिस्तान से आए बेघर लोगों को दिये जाने वाले कर्ज़ों के मामले में नुकसान राज्य सरकार और केन्द्रीय सरकार में ५० : ५० की निस्बत से बांटा जाना था । इस प्रकार का भेदभाव वाजिब नहीं था । क्योंकि पंजाब में ज्यादातर कर्ज़े १ जनवरी, १९५० से पहिले ही दिए गए थे, इसलिए हमने मांग की कि बेघर लोगों के पुनर्वास के कर्ज़ों को लौटाने में इस तरह का भेदभाव दूर किया जाए ।

फाइनैंस कमीशन ने यह मान लिया कि हमारी मांग जायज़ है और उन्होंने सिफ़ारिश की है कि १ अप्रैल , १९५७ से राज्य सरकार केन्द्रीय सरकार को वसूल किया हुआ मूलधन और उस का व्याज ही अदा करे जिस में इन तारीखों को बची रहने वाली बकाया रकम की वसूली भी शामिल है । फाइनैंस कमीशन ने इस बात का अंदेशा ज़ाहिर नहीं किया कि इस प्रकार राज्य सरकार के इन कर्ज़ों की वसूली के प्रयत्नों में किसी प्रकार की ढील आ जाएगी बल्कि उन्हें पूरा विश्वास था कि राज्य सरकार इस मामले में अपनी ज़िम्मेदारी को पूरी तरह महसूस करती है । राज्य सरकार के लिए यह बात बड़ी अहम है कि केन्द्रीय सरकार फाइनैंस कमीशन के इस सुझाव को मान ले और मौजूदा भेदभाव को दूर करे ।

बिजली बोर्ड (Electricity Board)

२६ . पिछले साल मैं ने हाऊस को बताया था कि बिजली सप्लाई कानून, १९४८ (Electricity Supply Act, 1948) के मातहत पंजाब में एक राज्य बिजली बोर्ड (State Electricity Board) कायम किया जाएगा । यह बोर्ड अब पहली अप्रैल, १९५८ से बनाया जा रहा है । यह एक स्वतंत्र संस्था (Autonomous Body) होगी । पंजाब सरकार की बिजली की योजनाओं के सारे लेन देन इन के ही ज़िम्मे होंगे ।

बिजली सप्लाई कानून, १९४८, की धारा ६१ के अनुसार बोर्ड हर साल फरवरी में राज्य सरकार को अगले साल के लिए पूंजी और आगम की अनुमानित आमदनी

[वित्त मंत्री]
और खर्च की तफ़सील निर्धारित तरीके से पेश करेगा। यह तफ़सील बहस के लिए राज्य विधान मंडल के सामने पेश होगी। लेकिन इसे विधान मंडल की मंजूरी की ज़रूरत नहीं होगी। पहली अप्रैल, १६५८ से बोर्ड के बन जाने से हमारे बजट अनुमानों में, जहां तक बिजली की मदों का सम्बन्ध है, ब्योरेवार मांगें शामिल नहीं होनी चाहिएं, पर चूंकि इस समय तक बोर्ड कायम नहीं हुआ, इसलिए बजट अनुमान अलग अलग नहीं किए जा सकते। इसलिए अभी बजट उसी तरह तय्यार किया गया है जिस तरह आज तक होता रहा है।

अनुमान है कि साल १६५७-५८ के आखीर तक उहल नदी योजना और नंगल बिजली प्राजैक्ट पर क्रमश: १३,१४ लाख रुपए और ३५,५७ लाख रुपए की कुल पूंजी लगाई जा चुकी होगी। यह रकम बोर्ड के ज़िम्मे कर्ज़े के रूप में समझी जाएगी और इस कर्ज़े पर बोर्ड को इस तरह के कर्ज़ों के लिए निश्चित दरों पर सूद देना पड़ेगा। अनुमान है कि सूद के मौजूदा दरों के आधार पर बोर्ड को उहल नदी योजना पर लगी पूंजी के लिए ४८ लाख रुपए और नंगल बिजली प्राजैक्ट पर लगी पूंजी के लिए १७८ लाख रुपए हर साल सूद के तौर पर देने होंगे। यही रकम है जो सरकार बोर्ड से वसूल किया करेगी। इस के मुकाबले में १६५८-५६ के बजट अनुमानों के अनुसार सरकार की आमदनी उहल नदी योजना के सिलसिले में ६६ लाख रुपए और नंगल बिजली प्राजैक्ट के सिलसिले में १११ लाख रुपए कम हो जाएगी। आमदनी में यह कमी उहल नदी योजना के सिलसिले में चालू खर्चों, मशीनरी की घिसाई और दूसरे प्रबंध-सम्बन्धी खर्चों को और नंगल बिजली प्राजैक्ट के सिलसिले में प्रबंध-सम्बन्धी खर्चों को पूरा करने के बाद आंकी गई है। इस तरह जहां तक नंगल का सम्बन्ध है बोर्ड के बनने से इस वक्त राज्य सरकार को कोई घाटा नहीं है क्योंकि अगर बिजली से कुछ ज़्यादा आमदनी भी होती तो वह पूंजीगत सूद सम्बन्धी खर्चों की अदायगी में ही चुक जाती। लेकिन जहां तक उहल नदी योजना का सम्बन्ध है इस समय उस से राज्य को १८ लाख रुपए की ठोस आमदनी है और बोर्ड कायम हो जाने के बाद यह बंद हो जाएगी। इसलिए इस से साल १६५८-५६ के बजट में जो आगम घाटा पहले ही दिखाया जा चुका है, वह और बढ़ जाएगा।

साधन और छंटनी तथा काडर कमेटियां (Resources and Retrenchment and Cadre Committees)

२७. अपने पिछले साल के बजट भाषण में मैंने इस बात की तरफ़ इशारा किया था कि अलग अलग महकमों द्वारा जो खर्च किया जा रहा है, उस की छान-बीन करने के लिए कमेटियां कायम की जाएंगी। खास तौर पर इस खर्च का सम्बन्ध सफ़र भत्तों, आकस्मिक खर्चों (Contingencies) और कर्मचारी वर्ग (Staff) से है। इस सिलसिले में १६ जून, १६५७ को साधन और छंटनी कमेटी की स्थापना की गई। कमेटी की अभी तक छ: बैठकें हुई हैं तथा उसने सरकार से कुछ सिफ़ारिशें की हैं जोकि सरकार के विचाराधीन हैं। कमेटी चालू वर्ष के अन्त तक अन्तरिम रिपोर्ट पेश करने की आशा रखती है।

जून, १९५७ में एक काडर कमेटी (Cadre Committee) भी बनाई गई थी। सरकार को आशा है कि इस कमेटी की रिपोर्ट कुछ महीनों में इसे मिल जाएगी।

२८. बजट में दिखाई गई प्राप्तियों और खर्च के मुताबिक आगम में २०८ लाख रुपए का घाटा है और चूंकि बिजली बोर्ड (Electricity Board) के बन जाने से १८ लाख रुपए की हमारी ठोस आमदनी कम हो जाएगी, इसलिए इस घाटे के २३४ लाख रुपए तक हो जाने की उमीद है। इस के अलावा हम ने सरकारी कर्मचारियों को सहायता के रूप में लगभग ८ लाख रुपए सालाना देने की और जिम्मेदारी भी ले ली है। यह घाटा इस कारण भी अजीब लगता है कि आगम प्राप्तियों में फाईनैंस कमीशन की सिफारिशों के नतीजे के तौर पर हमें मिलने वाली रकम भी शामिल कर ली गई है। जहां तक आगम खर्च का सम्बन्ध है, तालीमी मकसदों के लिए स्थानीय संस्थाओं को दी जाने वाली ग्रांटें आगम खर्च के खाते में शामिल नहीं की गई हैं क्योंकि इन स्कूलों को सरकार अपने प्रबन्ध में ले चुकी है। इस लिए वैसे तो कोई घाटा नहीं होना चाहिए था और न ही ज्यादा टैक्स लगाने का सवाल ही उठना चाहिए था पर हाउस के माननीय सदस्यों को मानना पड़ेगा कि बड़ी बड़ी विकास की योजनाओं के साथ-साथ, स्थानीय संस्थाओं के स्कूलों को सरकारी प्रबन्ध में लेने तथा छठी जमात तक मुफ्त तालीम शुरू करने से खज़ाने (Exchequer) पर बहुत ज़्यादा बोझ पड़ेगा। इस खर्च को पूरा करने के लिए हमें और साधनों का सहारा लेना ही होगा। क्योंकि जैसा कि फाईनैंस कमीशन का विचार है, कर्ज़ा लेकर या अपने रिज़र्व फंड से चालू आगम घाटे को पूरा करना ख़तरे से खाली नहीं है।

आगम के घाटे को पूरा करने के नए साधन

ज़मीन के लगान पर स्पैशल सरचार्ज लगाने के बारे में जो बिल इस हाऊस में पास हुआ था अब वह कौंसिल के विचाराधीन है और जब वह लागू हो जाएगा तो उमीद है कि इस से १५ लाख रुपए की ज़ायद आमदनी होगी। लेकिन इस के बाद भी हमें २१९ लाख रुपए के बाकी घाटे को पूरा करना होगा। इस मकसद के लिए हम ने सेल्ज़-टैक्स कानून, १९४८ (General Sales Tax Act, 1948) के अधीन कपास, बिनौलों, खली, कच्ची खालों (raw hides) और बिना कमाए हुए चमड़ों (raw skins), बिना तैयार की हुई ऊन (raw wool) पर भी बिक्री-कर लगाने का फैसला कर लिया है। पहले इस कानून के मातहत इन चीज़ों को टैक्स से छूट मिली हुई थी। इस के साथ ही कारखानेदार जिस कच्चे माल को खरीदते हैं, उस पर भी दो नए पैसे फ़ी रुपया के हिसाब से टैक्स लगाने का फैसला किया गया है। सामान्य बिक्री-टैक्स (General Sales Tax) के २ पुराने पैसे फी रुपया के दर को भी बढ़ा कर ४ नए पैसे कर दिया जाएगा। इस से फीसदी के हिसाब से इस टैक्स की मिकदार ३.१३ से बढ़ कर ४ हो जाएगी। इस के इलावा हमने यह तजवीज़ भी की है कि असलह (Arms) के लाइसैंसों को

[वित्त मंत्री]

जारी करने की फीस तथा इन लाइसैंसों की सालाना फ़ीस को भी दोगुना कर दिया जाए। इन टैक्सों से हमें १२७ लाख रुपए की ग्रामदनी होगी। फिर भी खसारे की जो खाई बच रहेगी वह काफी बड़ी है, ग्रौर उसे हमें पाटना ही होगा। इसलिए हम ने फैसला किया है कि तालीमी उपकर (Education Cess) लगाया जाए। यह उपकर एक तो बिजली ड्यूटी (Electricity Duty) की शक्ल में होगा ग्रौर दूसरे ग्रनाज पर बिक्री टैक्स की शक्ल में। बिजली ड्यूटी घरेलू ग्रौर व्यापारिक खपतकारों की पहली सीढ़ी (Slab) की खपत के मौजूदा दरों पर १० फीसदी के हिसाब से ग्रौर बाकी श्रेणियों के खपतकारों की खपत के मौजूदा दरों पर २५ फीसदी के हिसाब से लगाई जाएगी। इस से ६२ लाख रुपया सालाना की ज़ायद ग्रामदनी होगी। दालों समेत सभी ग्रनाजों पर ७५ नए पैसे फी सौ रुपया के हिसाब से बिक्री-टैक्स लगाया जाएगा। इस से हर साल ४० लाख रुपए सालाना की ज़ायद ग्रामदनी होगी। इस तरह जिन नए टैक्सों के लगाने की तजवीज़ है, उन से कुल २२९ लाख रुपए की ग्रामदनी होगी। इस के साथ ग्रगर ज़मीन के लगान पर लगाए गए स्पैशल सरचार्ज की रकम भी शामिल कर ली जाए तो इस से न सिर्फ २३४ लाख रुपए का खसारा पूरा हो जाएगा बल्कि हमें १० लाख रुपए की थोड़ी सी बचत भी होगी।

इस हाउस के सामने ज़ायद टैक्स लगाने की तजवीज़ें रखते हुए मैं उमीद करता हूं कि ग्राप इन पर बेलाग होकर ग़ौर करेंगे। मैं दूसरी पांच-साला योजना के दौरान ग्रपने सामने रखे हुए निशानों ग्रौर उन के सिलसिले में मिली कामयाबी का जो खुलासा ग्राप के सामने रख चुका हूं उस से यह बात साफ़ ज़ाहिर होती है कि हम तरक्की के रास्ते पर ग्रागे बढ़ रहे हैं। तालीम के क्षेत्र में विकास की कई बड़ी योजनाएं हाथ में ली गई हैं ग्रौर उन पर नुमायां तरक्की हुई है। लेकिन फिर भी ग्राने वाले ज़माने में हमारे सामने बड़ी कठिनाइयां हैं ग्रौर ग्रगर हमने ग्रपने इस कटे-बंटे राज्य को फिर से ग्रपने पैरों पर खड़ा करने के ग्रपने शानदार निशाने पर पहुंचना है तो इन कठिनाइयों का मुकाबला करने के लिए सभी पार्टियों ग्रौर उन के नुमाइंदों को एक सांझा मोर्चा बनाना होगा। इस काम के लिए ग्रापसी तनाव ग्रौर तलखी को हमें ग्रापसी विश्वास ग्रौर शान्ति में बदल देना है ग्रौर इस राज्य के सभी निवासियों को कंधे से कंधा मिला कर ग्रागे बढ़ना है। चाहे सियासी तौर पर हमारे कितने ही मतभेद क्यों न हों, इस निशाने को हासिल करना हमारा एक पवित्र कर्त्तव्य है ग्रौर इस बारे में सभी एक मत होंगे कि इस राज्य के विकास के लिए हम सब को ग्रपने विचारों, इरादों ग्रौर कामों में एकता लाकर इकट्ठे ग्रागे बढ़ना है। इसलिए मैं इस महान् हाउस के सभी माननीय सदस्यों से ग्रपनी सारी सचाई ग्रौर साफ़दिली के साथ यह ग्रपील करूंगा कि जो मसले हमारे सामने हैं उन को हल करने के लिए सांझे यत्न करें। केवल यही एक तरीका है जिस को ग्रपना कर हम ग्रागे ग्राने वाले कठिन दिनों में तरक्की के रास्ते पर ग्रागे बढ़ सकते हैं। मैं सरकार की तरफ से सभी

माननीय सदस्यों को यह यकीन दिलाता हूं कि उन की तरफ़ से जो भी तामीरी नुक्ता-चीनी की जाएगी या सुझाव दिए जाएंगे, हम न सिर्फ़ उन का स्वागत करेंगे बल्कि उन पर पूरी तरह से सोच-विचार भी करेंगे।

२६. मैं फाइनैंस डिपार्टमैंट के अफसरों और कर्मचारियों के काम की सराहना करता हूं जिन्होंने बजट के ये बड़े-बड़े दस्तावेज़ बड़ी मेहनत से तैयार करके हाउस के आगे रखने की ज़िम्मेदारी को बड़ी खुशी खुशी निभाया है। पिछले साल के दस्तूर के उलट में एक अफसर का ज़िकर करना चहता हूं, जो अगले माली साल के दौरान फाइनैंस डिपार्टमैंट से रिटायर हो रहे हैं। श्री बद्रीनाथ चोपड़ा फाइनैंस डिपार्टमैंट में ३७ साल तक सराहना योग्य काम करने के बाद जून, १६५८ में छुट्टी पर जा रहे हैं। छुट्टी के बाद वे रिटायर हो जाएंगे। मैं सरकार की तरफ से इन की सराहना करता हूं।

धन्यवाद

मैं अकाउंटेंट-जनरल तथा कंट्रोलर, प्रिंटिंग और स्टेशनरी, की भी सरकार की तरफ से सराहना करता हूं। प्रैस को इस बार खासतौर पर पहले से ज्यादा मेहनत से काम करना पड़ा।

अब मैं आप की इजाज़त से १६५८-५६ का बजट आप के सामने पेश करता हूं। (*Cheers*)

The Sabha then adjourned till 9-00 A. M. on Friday, the 28th February, 1958.

611PVS—344—4-3-59—CP., and S., Punjab, Chandigarh

237

Punjab Vidhan Sabha Debates

28th February, 1958

Volume I. No. 12

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Friday, 28th February, 1958

CHANDIGARH:

Printed by the Controller of Printing and Stationery, punjab

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATE VOL. I, NO. 12, DATED THE 28TH FEBRUARY, 1958

Read	*For*	*On page*	*Line*
Court	Cou t	(12)8	2
Phul	Phui	(12)8	16
completed	comple ed	(12)9	2 in column 4.
completed	com leted	(12)9	26 in column 3.
widening	widen ng	(12)9	31 in column 2.
which	whi h	(12)10	30
financial	finanicial	(12)12	29
temporary	tempoary	(12)19	15
which	whi h	(12)35	23
complaint	com lanit	(12)35	24
routes	routs	(12)35	30
Transport	ransport	(12)36	23
implemented	implement d	(12)37	2
conditions	condi ions	(12)38	10
फूल	पूल	(12)39	11
opened	open d	(12)39	21
they	thay	(12)39	22
applicants	applications	(12)41	4
of	ot	(12)50	14th from below.
Jullundur	Juliundur	(12)50	13th from below.
District	D strict	(12)57	6th from below.
District	D strict	(12)58	12
Nazir	Naz r	(12)58	12
Bridge	B idge	(12)58	3rd from below.
helping	helplng	(12)59	7
matter	ma ter	(12)59	9th from below.
administrated	admin strated	(12)59	7th from below.
discussed	d scussed	(12)60	2

Read	*For*	*On page*	*Line*
discussion	d seussion	(12)60	2
opened	opend	(12)60	9th from below.
तरक्की	तरक्क	(12)63	12
sales	sa es	(12)68	9
producers	p oducers	(12)69	6
THE	HE	(12)71	3 of Heading
ਵਲੋਂ	ਵਲ	(12)88	last
को	से	(12)93	16th from below.
रकम	जमानत	(12)94	13
देहाती	देहात	(12)95	2nd from below.
HOUSES	HOUSE	(12)97	14
ਅਯੋਗ	ਯੋਗ	(12)98	last
ਮੁਜ਼ਾਹਰਿਆਂ	ਮੁਾਹਰਿਆਂ	(12)104	14
resolution	esolution	(12)104	30
passed	placed	Annexure	6th from below.
Samiti	S miti	Annexure	11th from below.
whether	wheather	Annexure	8th from below.
Government	Governmnt	Annexure	6th from below.

PUNJAB VIDHAN SABHA

Friday, 28th February, 1958.

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, Chandigarh Capital at 9 a.m. of the clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.

QUESTION HOUR

Mr. Speaker : There are three starred questions, 1573, 1308 and 1371, which were promised to be answered today Now we will take up these questions.

(*Question No. 1573* was not put.*)

APPOINTMENTS TO THE POSTS OF NAIB-TEHSILDARS IN THE STATE.

***1308. Shri Ram Piara.** : Will the Minister for Revenue be pleased to state —

(a) the qualifications, if any, prescribed for the posts of Naib-Tehsildars in the State ; and their scale of pay ;

(b) whether fresh appointees are required to undergo any special course of training before they are assigned the duties of Naib-Tehsildars.

Giani Kartar Singh : The information could be had easily from the Punjab Tehsildars Rules and Standing Order No. 12. However, for the convenience of the Member it is stated —

(a) (i) There are two classes of Naib-Tehsildars 'A' and 'B'. In the case of Class 'A' Naib-Tehsildar Candidate, a person should have passed the first examination of a recognized University in Arts or Science; or the Diploma Examination of the Aitchison College, Lahore, or the Senior Oxford or Senior Cambridge Local Examination. He should not be more than 25 years of age ; provided that Financial Commissioner may, in special circumstances, sanction the appointment of a person exceeding 25 years of age:

In the case of Class 'B' Naib Tehsildar Candidate, a person should have passed the Anglo Vernacular Entrance test and such examinations as are recognised by the Punjab University to its Matriculation Examination or other higher standard of an Indian Univers ty, or the Diploma Examination of the Aitchison College, Lahore or should have been in Government service for not less than five years of

[Minister for Revenue]

which not less than two should have been spent in the duties of a field Kanugo or unless, being a permanent or officiating district Kanugo, or district Revenue Accountant, he passes the Naib-Tehsildar's examination.

(ii) The scale of both categories of Naib-Tehsildars is Rs.125—5—160/10—230/10—300.

(b) Yes. They shall ordinarily serve for a term of not less than one year and not more than two years in the revenue establishment of a district to be named by the Commissioner. If the candidate has already some experience with revenue work, the Commissioner may fix a shorter period, not less than six months.

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਸਵਾਲ ਨੰ: 1573 ਵੀ ਅੱਜ ਲਈ ਸੀ ।

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ call ਕੀਤਾ ਸੀ । ਪਰ ਇਹ put ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਇਆ । (I had called that question before the present one. But it was not put.) Now question No 1371 please.

ਮਾਲ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਹ question ਜੀ, ਮੈਨੂੰ address ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ; ਪਰ ਇਹ I.P.M. ਨੂੰ transfer ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ । ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜਵਾਬ ਦੇਣਾ ਸੀ ।

Minister for Irrigation and Power : I have not received it as yet.

Mr. Speaker : It will be put on Monday.

ਸਰਦਾਰ ਰਾਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਇਹ ਤਾਂ Revenue Department ਨੂੰ concern ਕਰਦਾ ਹੈ ।

Mr. Speaker : This question has been transferred to the I.P.M.

ਸਰਦਾਰ ਰਾਜਿੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ ਤਾਂ forms ਬਾਰੇ ਪੁਛਿਆ ਹੈ । ਇਹ Revenue ਨਾਲ concern ਕਰਦਾ ਹੈ । ਕੀ Revenue Minister ਸਾਹਿਬ ਸਵਾਲ ਪੜ੍ਹਨ ਦੀ ਖੇਚਲ ਕਰਨਗੇ ?

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਇਹ ਸੋਮਵਾਰ ਨੂੰ ਦੁਬਾਰਾ ਆ ਜਾਏਗਾ । (This question will be put again on Monday.) It will not be reprinted in the list but will be replied and come for supplementaries again.

FUNCTIONING OF TUB-WELLS IN AMBALA AND KARNAL DISTRICTS.

***1307. Shri Ram Piara**: Will the Minister For Irrigation and Power be pleased to state—

(a) whether any of the tube-wells installed by Government for irrigation purposes, in the districts of Ambala and Karnal, are not functioning at present, if so, their number in each of these districts, together with the reasons therefor and the time by which these are expected to start working;

(b) whether it is a fact that operators for the tube-wells referred to in part (a) abovewere appointed even when these tube-wells were not working ; if so, the amount paid to them by way of salary, etc., for such period?

Sardar Gian Singh Rarewala : (a) Yes.

Karnal .. 21

Ambala .. 18

Due to non-completion of water courses and lack of demand from zamindars.

(b) No.

सरदार रामदयाल सिंह : क्या जिन tube-wells के water courses नहीं बनें हैं उन में से कुछ नहीं चल रहे या सारे नहीं चल रहे हैं ?

मंत्री : जिन के water courses नहीं बने वह नहीं चल रहे । मैंने पहले भी house में जवाब दिया था कि कच्चे water courses बना कर चालू कर दिए जाएं ।

LIFT IRRIGATION SCHEME IN TEHSIL REWARI AND JHAJJAR.

***1490. Pandit Shri Ram Sharma** : Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state whether there is any proposal under the consideration of Government to introduce lift irrigation Scheme in the tehsils of Rewari and Jhajjar in the State together with the time by which it is expected to be implemented and its likely duration ?

Sardar Gian Singh Rarewala : Yes. The estimate is under sanction with the Planning Commission. The work is expected to be completed within 2 years after the estimate is sanctioned.

चौधरी लहरी सिंह : Minister साहिब ने जवाब दिया है कि दो साल तक झज्जर की scheme की sanction हो जाएगी । क्या Central Government से गुड़गांव के लिए भी sanction हो जाएगी ?

मन्त्री : Planning Commission स अभी रिवाड़ी के लिए sanction नहीं हुई है ।

Mr. Speaker : The estimate is under sanction with the Planning Commission. The answer is like that.

TUBE-WELLS IN THE STATE.

***1552. Sardar Niranjan Singh Talib :** Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state :—

(a) the total number of Tube-wells installed during the first and the second Five-Year Plan separately in the State, together with the total expenditure incurred thereon;

(b) whether it is a fact that certain tube-wells referred to in part (a) above have not so far been put to use; if so, their number and the reasons therefor ?

Sardar Gian Singh Rarewala :

	Total No. of tube-wells installed	*Total expenditure incurred thereon*
(a) First Five-Year Plan period ..	1121	603.26 lacs
Second Five-Year Plan Period ..	301	131.73 lacs.

(b) Yes.

(i) 225 tubewells.

(ii) Partly due to:—

(i) non-availability of Power;

(ii) Lack of demand by the cultivators ;

(iii) non-completion of water courses.

ਸਰਦਾਰ ਨਿਰੰਜਨ ਸਿੰਘ ਤਾਲਿਬ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਕਈਆਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ Power ਵੀ ਮੌਜੂਦ ਹੈ ਅਤੇ tube-wells ਵੀ ਹਨ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਰਤਿਆ ਨਹੀਂ ਜਾ ਰਿਹਾ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਰੇਟ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੋਣ ਦੇ ਕਾਰਨ ਬਿਜਲੀ ਨਹੀਂ ਸੀ ਲਈ। ਹੁਣ ਰੇਟ ਘਟਾ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਲੋਕ ਬਿਜਲੀ ਲੈ ਰਹੇ ਹਨ।

ਸਰਦਾਰ ਨਿਰੰਜਨ ਸਿੰਘ ਤਾਲਿਬ : ਇਕ operator ਦੇ ਕੋਲ ਕਿੰਨੇ tube-wells ਸਪੁਰਦ ਕੀਤੇ ਹਨ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਦੋ ਤੋਂ ਪੰਜਾਂ ਤਕ।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਸਰਕਾਰ tube-wells ਲਗਾਉਣ ਦੇ ਪਹਿਲੇ ਇਹ ਨਹੀਂ plan ਕਰਦੀ ਕਿ ਉਥੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੋਵੇਗੀ ਉਹ ਮੁਹੱਈਆ ਹੋ ਜਾਣਗੀਆਂ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਜ਼ਰੂਰ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਫਾਜ਼ਲ ਦੋਸਤ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਵੇਲੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ food ਦੀ shortage ਸੀ ਇਸ ਕਰਕੇ ਜਲਦੀ ਜਲਦੀ ਵਿਚ tube-well's ਲਗਾਏ ਗਏ ਸਨ। ਵਰਨਾ ਹਰ ਇਕ ਚੀਜ਼ plan ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ: ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਜਲਦੀ ਵਿਚ ਲਗਾਏ ਗਏ ਸਨ ਉਸ ਵੇਲੇ ਕੀ ਬਿਨਾ plan ਕਰਨ ਦੇ ਲਗਾਏ ਗਏ ਸਨ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ: ਨਹੀਂ।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਜਿਹੜੇ tube-wells ਬੇਕਾਰ ਪਏ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਚਾਲੂ ਕਰਨ ਲਈ ਕੀ ਕਾਰਵਾਈ ਸਰਕਾਰ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ।

ਮੰਤ੍ਰੀ: ਖਾਲ ਬਣਾਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਬਿਜਲੀ ਦਾ ਰੇਟ ਘਟ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ।

ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ: ਇਨ੍ਹਾਂ tube-wells ਨੂੰ ਬਾਕਾਇਦਾ ਚਾਲੂ ਕਰਨ ਵਿਚ ਕਿੰਨੀ ਦੇਰ ਲਗ ਜਾਏਗੀ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ: ਅਸੀਂ ਅਪ੍ਰੈਲ ਦੇ ਅਖੀਰ ਤਕ ਹਰ ਇਕ tubewells ਨੂੰ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਦੇਵਾਂਗੇ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : क्या वज़ीर साहिब बताएंगे कि यह हाई रेट क्यों रखा गया था जिस की वजह से लोगों ने बिजली नहीं ली।

ਮੰਤ੍ਰੀ: ਪਹਿਲਾਂ ਜਿਹੜਾ ਰੇਟ ਸੀ ਉਹ No profit no loss basis ਤੇ ਹੈ ਸੀ। ਪਹਿਲਾ ਪੌਣੇ ਚਾਰ ਆਨੇ ਰੇਟ ਹੈ ਸੀ। ਪਰ ਹੁਣ ਚੂੰਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਮਹਿਸੂਸ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ food production ਦੀ ਬੜੀ ਸਖਤ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਰੇਟ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਵਾਰਾ ਨਹੀਂ ਖਾਂਦਾ ਇਸ ਕਰਕੇ ਘਟਾ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ।

मौलवी अब्दुल गनी डार : कितनी देर के बाद यह बात सरकार ने महसूस की है ?

ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ: ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਸ ਬਜਟ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਜਿਹੜਾ 25 ਫੀ ਸਦੀ ਵਾਧਾ electricity aid ਵਿਚ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਹੀ tube-wells ਵਿਚ ਵੀ ਵਾਧਾ ਹੋਵੇਗਾ ?

Mr. Speaker : This question does not arise.

ਬਾਵਾ ਹਰਨਾਮ ਸਿੰਘ: ਕੀ tube-wells area ਵਿਚ ਜਿਥੇ tube-wells ਅਜੇ ਤਕ ਨਹੀਂ ਲਗੇ ਉਥੇ ਲਗਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਸਰਕਾਰ ਤਿਆਰ ਹੈ ?

Mr. Speaker : This is a new question. It does not arise out of the main question.

श्री प्रबोध चन्द्र : वज़ीर साहिब ने फरमाया है कि पहला रेट जो था वह no profit no loss basis पर था। तो क्या सरकार जो बिजली industrialists को बहुत कम रेट पर दे रही है उस में नुकसान उठा रही है ?

Mr. Speaker : This question does not arise.

मौलवी अब्दुल गनी डार : क्या वज़ीर साहिब फरमाएंगे कि Industrialists को क्यों कम रेट पर बिजली दी जा रही है और गांव वालों से क्यों ज़्यादा रेट मांगा जा रहा है ?

BUILDING FOR GOVERNMENT COLLEGE AT MUKTSAR, DISTRICT FEROZEPORE

***1650. Sardar Gurmit Singh 'Mit'** : Will the Minister for Education and Labour be pleased to state—

(a) the date on which the Governmemt College at Muktsar, district Ferozepur, was started ;

(b) the amount spent on the construction of the building for the said college so far ;

(c) if no building has been constructed so far, the reasons therefor ?

Shri Harbans Lal (Deputy Minister) : (a) June 1951.

(b) Nil.

(c) The question of the construction of new building for Government College, Muktsar, will be considered as soon as the position in regard to funds improves.

श्री प्रबोध चन्द्र : इस की वजूहात क्या है कि वहां पर ज़मीन भी available है और funds भी थे तो अभी तक building नहीं बनाई गई ?

उपमन्त्री : पोज़ीशन यह है कि funds के अलावा 25 acres ज़मीन भी society की तरफ से दी गई थी । लेकिन बाद में पता लगा कि society अकेली मालिक नहीं है बल्कि उस ज़मीन के अलग अलग मालिक हैं जब तक वे लोग ज़मीन college के नाम transfer नहीं करते उस वक्त तक building नहीं बनाई जा सकती ।

श्री प्रबोध चन्द्र : क्या सरकार की यह पालिसी नहीं है कि जब कोई offer वह accept करती है तो उस की सारी legal implications को देख कर उस को accept करे ?

उपमन्त्री : Legal implications देखने के कारण ही तो यह ज़मीन transfer नहीं हो सकी ।

श्री प्रबोध चन्द्र : The offer was given before the work was started. After five years of the starting of the colony, the Government comes with an explanation that there is some difficulty about the transfer of land. मेरा सवाल यह है कि किसी offer को accept करने से पहले क्या उस की legal implications को verify नहीं करती ?

उपमन्त्री : जब गार्डन सोसाइटी की तरफ से offer पहुंची तो enquiry की गई, transfer deed मुकम्मल होने चला था तो मालूम हुआ कि दरअसल सोसाइटी मालिक नहीं है बल्कि अलहदा अलहदा मालिकान हैं उन को कहा गया कि उन की तरफ से transfer deed होना चाहिये । चूंकि अभी तक वह deed मुकम्मल नहीं हुआ इस लिये देर हो रही है ।

ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ : ਲੋਕ ਅਲਹਿਦਾ ਅਲਹਿਦਾ offer ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਹਨ ਕਿ ਨਹੀਂ ?

उपमन्त्री : डिप्टी कमिश्नर उन को persuade कर रहा है ।

श्री प्रबोध चन्द्र : Does the Government propose to take any legal action against the co-operative society ?

Minister : That is a suggestion for action.

PENDING INDUSTRIAL DISPUTES.

***1435. Sardar Sarup Singh :** Will the Minister for Education and Labour be pleased to state—

(a) the number of industrial disputes which have been pending adjudication for (i) over three years, (ii) over two years, and iii) over one year ; separately ; together with the reasons therefor in each case ;

(b) the steps, if any, taken or proposed to be taken by Government for the expeditious adjudication of the industrial disputes in future ?

Shri Amar Nath Vidyalankar :

(a) (i) 3 ..	Proceedings stayed by the Supreme Court and the High Court.
(ii) 1 ...	Final orders by the Tribunal stayed by the Punjab High Court.
मौलवी अब्दुल गनी डार : आखिर इस मद पर दस लाख रुपये की रकम खर्च हो रही है। यह ज़रूरी है कि अपनी स्टेट को smuggling से बचाया जाये। जो अखबार में खबर छपी है कि एक smuggler किसी मिनिस्टर साहिब के घर से पकड़ा गया यह खबर ठीक है या नहीं इस से मेरा कोई ताल्लुक नहीं। Smuggling बढ़ रही है और smugglers की जुरर्त होती है कि वे मिनिस्ट्रों के घरों में आ जायें और यहां आ कर गिरफ्तार हो जायें (interruptions) सरदार जोगिंदर सिंह ने तो मुल्क के लिए तकलीफ उठाई लेकिन smugglers को पनाह देना और smuggling के नाम पर रुपया नाजायज़ खर्च करना सरदार जोगिंदर सिंह की हुकूमत के शायाने शान नहीं।

अध्यक्ष महोदय : देखिए आप किधर चले गये। (The hon. Member may please listen. He has digressed from the real point.)

मौलवी अब्दुल गनी डार : इस लिए जवाब दिया था, स्पीकर साहिब, कि आखिर. . . .

अध्यक्ष महोदय : मैं यहां बैठा हूं देखने के लिये कि debate relevant है या नहीं। इसका scope limited है। (I am here to judge whether the debate is relevant or not. Its scope is limited.)

मौलवी अब्दुल गनी डार : जैसे आप इर्शाद फरमाएंगे वैसे अमल करूंगा। इस में दो items हैं—एक smuggling की और दूसरी C. I. D. की। C.I.D. पुलिस, executive पुलिस और फौज से बढ़ कर सूबे की महाफ़ज़ है लेकिन स्पीकर साहिब, आज क्या हालत है। C. I. D. के सिपाही आज M. L. A.s Hostel और मिनिस्टरों की कोठियों के इर्द गिर्द घूमते रहते हैं। Telephone के दफ्तरों और तार घरों में बैठे हैं। क्या C. I. D. का यही काम है?

[Mr. Speaker at this time rang the bell indicinatg the hon. Member's time was over].

श्री शेर सिंह (झज्जर) : अध्यक्ष महोदय, इस अनुपूरक मांग में जिस पर बहस हो रही है तीन चार items विशेष हैं जिन की तरफ मैं गवर्नमेंट का ध्यान दिलाना चाहता हूं । इस में नई vehicles खरीद किये जाने का ज़िक्र है इस लिये कि आंदोलन का मुकाबला करने के लिये ज्यादा force रखी गई । कुछ anti-Smuggling के बारे में जिक्र है । जहां तक vehicles का सम्बन्ध है, अगर हम इस सिलसिले में पिछले छः सात महीने का काम देखें तो पता चलेगा कि police vehicles का दुरुपयोग किया गया है । इन vehicles में लोगों को बिठा कर बरसात के मौसम में जंगलों के अंदर छोड़ा गया । State के बाहर भी यह vehicles इस्तेमाल किये गए और अंदोलन करने वालों को हरिद्वार, देहली और उत्तर प्रदेश में ले जा कर छोड़ दिया गया । अध्यक्ष महोदय, आप अंदाजा लगाएं कि पुलिस बरसात के मौसम में 10/11 आदमियों को इन vehicles में सवार कर के जंगलों में छोड़ आये जहां फसलें खड़ी हों, घास उगा हो, सांप घूमते हों, और अंधेरी रात हो, आखिर यह गाड़ी रोकने का काम बहुअकबरपुर में लोगों को मजबूर हो कर करना पड़ा । कई लोगों ने पुलिस को हाथ जोड़ कर निवेदन किया कि इन सत्याग्रहियों को जंगलों में न छोड़ें ता कि उन्हें रोटी खिलाई जा सके और दूध पिलाया जा सके। आखिर इन लोगों ने सत्याग्रह किया था—कोई जुल्म तो नहीं किया । उन्हों ने कोई इखलाकी जुर्म तो नहीं किया । यह अधिकार हर आदमी को है । पुलिस का फर्ज है कि अगर वह किसी आदमी को गिरफ्तार करती है तो वक्त पर रोटी तो दे और उन्हें जंगल में तो न छोड़ आये । जब इन अधिकारों पर police छापा डालती थी और अपनी शक्ति का दुरुपयोग करती थी तब जनता ने कोई गुनाह नहीं कर दिया अगर वे अपने भाइयों को रोटी खिला दें, उन्हें पानी पिला दें या दूध पिला दें । इसको रोकने के लिये जो अत्याचार हुए उसके दोहरान की जरूरत नहीं । Police ने अपनी शक्ति का और उन vehicles का दुरुपयोग किया, लोगों को तंग किया । ज़िला रोहतक में पुलिस के 1,000 सिपाही चार पांच महीने तक गांव के अंदर घूमते रहे । एक Police State बन गई थी । Police के S.H.O.s, Havildars और सिपाही गांव में जा कर नंबरदारों के ज़रिये प्रचार करते थे लोगों में कि वे इस अंदोलन में हिस्सा न लें । पुलिस के इतिहास में मैं ने यह बात पहले कभी नहीं सुनी कि रात के वक्त एक एक गांव में तीन तीन सिपाही भेजना, लोगों को धमकियां देना और उन को पकड़ना, जैसा कि इस समय में किया गया । अगर कोई आदमी कानून को तोड़ते हैं तो उन को पकड़ा जाए, हमें कोई एतराज़ नहीं । मगर यह नहीं सुना कि पुलिस के सिपाही गांव में बैठ कर यह प्रचार करें कि तुम हमारे जाट भाई जो हो, थोड़ी सी गुरमुखी सीख लो ; ऐसा प्रचार करना इन पुलिस वालों का काम रहा है। यह बात मैं ने पुलिस के इतिहास में पहले कभी नहीं सुनी ।....... (विघ्न)

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਇਹ ਗਲ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੈ ।

श्री शेर सिंह : आप दुःखी क्यों होते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : No interruptions, please. आप उन्हें बोलने क्यों नहीं देते ? (No interruptions, please. Why does not the hon. member allow the speaker to speak uninterruptedly ?) (interruption by Sardar Harchand Singh.)

श्री शेर सिंह : अगर आप के साथ police ऐसा दुर्व्यवहार करे तो आपको पता लगे । इस प्रांत में उन लोगों की बेइज़्ज़ती हुई जिन के साथ दुर्व्यवहार हुआ उनके प्रति आपके दिल से यह आवाज़ निकलनी चाहिए ? (एक माननीय सदस्य : यह बात झूठ है) आप interfere न करें । अपने दिमाग से फिरकापरस्ती निकाल दें । हमारी पुलिस के सिपाही, जो किसी खास मज़हब से ताल्लुक रखते हैं, वे वहां लगाए गए । वे हकूमत के आदमी हैं । उन्होंने लोगों से कहा कि तुम इस तरफ क्यों आते हो । उनके ऊपर गलत मुकदमें चला कर यह कोशिश करते थे कि वे यह काम न करें । ज़िला रोहतक में police के 1,000 आदमी इसी काम के लिए लगाए गए । उनका काम था लोगों में प्रचार करना, झूठे मुकदमें चलाना कोई मिल जाए तो ज़बरदस्ती अंगूठा लगवा लेना; आठ आठ आदमी पकड़ कर सफैद कागज पर अंगूठा लगवा लेना और उसके बाद यह कहना कि मैंने और उन्हों ने माफी मांग ली है । जो पुलिस कानून की मुहाफिज़ समझी जाती है, रक्षा करने वाली समझी जाती है, आज वह उस कानून को तोड़ती है । जो कानून यहां पुलिस को apply करता है वह उसी कानून को तोड़ती है । उस लाकानूनी को पुलिस ने तीन चार महीने अपने हाथ से चलाया परन्तु सब अत्याचार करने पर भी ठीक बात कहने से लोगों को नहीं रोक सकी । तो इस समय में पुलिस ने जो काम किया उसकी जितनी निंदा करें थोड़ी है । यह बड़े दुःख की बात है कि पुलिस के छोटे से छोटे कर्मचारी से ले कर बड़े से बड़े अफसर तक ने यह चीज़ की है और उन्हों ने third degree methods का प्रयोग किया । यह कितनी दुर्भाग्य की बात है । यही नहीं एक D.I.G. तक ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया । यह बड़े अफसोस की बात है । एक सिपाही गलती कर सकता है, किसी को जूते भी मार सकता है, कई और चीज़ें भी कर सकता है लेकिन हमने पुलिस के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं सुना कि एक D.I.G., जिस के हाथ में एक Range हो, वह भी अपने सामने सिपाहियों से लोगों को पिटवाये और जूता मारने का उदाहरण पेश करे । और उस समय में यह चीज़ हुई । (स्वास्थ्य तथा चकबन्दी मन्त्री : ऐसी बात नहीं हुई है, क्या आप ने खुद देखा है?)

अध्यक्ष महोदय : Interruption न करें। (No interruption, please.)

श्री शेर सिंह : आप वहां जा भी नहीं सके । 65 साल का बूढ़ा हो गया है ; तमीज़ नहीं आई है । (स्वास्थ्य तथा मुरब्बा बंदी मन्त्री : तमीज़ सिखाने वाले आप ही

हैं ।) अब सीखी है अपने घर में मेरे साथ होते तो सीखते ।) मैं तो यही निवेदन कर रहा था कि बड़े से बड़े अफसर ने भी इस मामला में दुर्व्यवहार किया है । आप का फर्ज था, आप public के नुमायंदे यहां बैठे हैं, आप की जिम्मेदारी है कि अगर कोई बड़ा अफसर ऐसा काम करे तो उस गलत काम की आप निंदा करें । गलत बात की हिमायत करना किसी के लिए शोभा की बात नहीं । मैं तो निवेदन कर रहा था कि police की ओर से दुर्व्यवहार हुआ, police के सामान का दुर्व्यवहार हुआ शक्ति का दुर्व्यवहार हुआ ।

जहां तक smuggling का काम है इसमें भी हमारी police अछूती नहीं रही। Border पर smuggling के काम का जहां तक सम्बंध है हम नहीं कह सकते कि हमारी police अछूती रही है । जो reports आ रहीं हैं उनसे पता चलता है कि पिछले दिनों में police के बड़े से बड़े अफसर ने भी उस में शामिल हो कर हिस्सा लिया यह कहां तक ठीक है यह कहना कठिन है परन्तु हम police के काम की प्रशंसा नहीं कर सकते । हम लोगों से वादा करते हैं, पंजाब में नहीं बाहर भी वादा करते है सारे देश में कि हम police का व्यवहार अच्छा करेंगे । आज और Staff रखने की और vehicles के लिए पैसे की मांग की जा रही है । मैं आप से निवेदन करता हूं कि police ने अपनी vehicles और शक्ति का दुरुपयोग किया है । Police ने अच्छा काम नहीं किया । इस लिए मैं इस demand का विरोध करता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : अब काफी नहीं है ? चौधरी सूरज मल जी, अब कह लें, जो कहना है। (Is that not enough ? Now Chaudhry Suraj Mal may say whatever he wants to say.)

(*Minister for Consolidation and Health rose to speak.*)

अध्यक्ष महोदय : Interruption नहीं करनी चाहिये, जब अपनी बारी आए कहें । The hon. Members should not interrupt. They should speak at their own turn.)

स्वास्थ्य तथा चकबंदी मंत्री (चौधरी सूरज मल) : साहिबे सदर, इस वक्त जो मसला ज़ेरे बहस है उसके बारे मे मैं कुछ कहना चाहता हूं । Opposition के मेम्बर साहिबान में से एक दो ने Police के रवैया के बारे में, Police की अपनी powers के misuse के बारे और vehicles के misuse के बार में कुछ कहा है। साहिबे सदर, मैं आपके सामने यह कहना चाहता हूं कि जो anti-Punjabi या anti-Hindi agitation शुरू हुई था ; मेरा मतलब है कि anti-Punjabi और pro-Hindi agitation जो शुरू हुई थी उसके लिए मैं समझता हूं कि जो साहिबान यहा थे, अगर वे अपनी सिदक दिलो से ; सच्चे दिल मे, जो बातें हुई वह देख कर कहें तो मै कह सकता हूं कि जो रवैया सत्याग्रहियों का होना चाहिए था वह रवैया हमारी Police का हुआ । मैं ने अपनी

[स्वास्थ्य तथा चकबन्दी मन्त्री]

आंखों से देखा है। लोग उनके ऊपर ईंटें फैंकते थे, पत्थर फेंकते थे और अत्याचार करते थे और वे उनके सामने हाथ जोड़ते थे और बड़ी नम्रता से उनके साथ बर्ताव करते थे। जो लोग इस किस्म की बातें करते हैं, दूसरे लोगों को बरगलाते हैं, पीछे भागते हैं और छुपते फिरते हैं उनके लिये यह ठीक नहीं है। वे दूसरों को बरगला कर ऐसी बात कहें यह ठीक नहीं। मैं अपनी आंखों देखा वाका बयान करता हूं। Secretariat के सामने जो पुलिस के आदमी थे जो कोई उन्हें देखता, उसको सराहना किए बगैर नहीं रह सकता। जिस आदमी ने देखा वह जानता है कि Police वाले किस हद तक नम्रता भाव वाले कहलाते हैं।

पानी-रोटी का ज़िक्र किया। बहुत से भाइयों ने कहा कि उन्हें दूध पिलाते थे, रोटी खिलाते थे। रोहतक के चारों तरफ सड़कें हैं। उन्हों ने वह रोकीं; उन्होंने law-lessness create की और यह कहना कि दूसरी कौम के जो आदमी हैं उन को मारो, पीटो

4.00 p.m

और उनकी बेइज़्ज़ती करो, अगर इस किसम के हालात आप रोहतक के ज़िले के अंदर पैदा करना चाहते हैं वहां पर लाऐसनैस पैदा करना चाहते हैं तो कोई भी गवर्नमैंट यह बात बरदाश्त नहीं कर सकती। आप ने अपने मुंह से माना है कि रोहतक ज़िले में पुलिस का रवैया निहायत नम्रता का रहा है और इस के बावजूद जो बात आप ने डी. आई. जी. के बारे में कही उस से साफ ज़ाहिर होता है कि आप का माइंड प्रेजूडिस है। किसी अफसर की ग़ैर हाज़री में ऐसी बात कहना ठीक नहीं है। मैं समझता हूं कि आप यह बात बाहर निकल कर कहें तो आप को पता लग जाए। (आवाज़ें : हम ने ओपनली कहा है।) आप का मामला ज़ेरे गौर है। (विघ्न)

साहिबे सदर, मैं कहना चाहता हूं कि जो लोग खुद शीशे के मकान में बैठे हों वे दूसरों पर पत्थर फैंकने की हिम्मत कैसे कर सकते हैं। उन को अपने आप को संभालना चाहिये, उन को पहले अपने गिरेबान में मुंह डाल कर देखना चाहिये और बाद में उपदेश देना चाहिये। मैं दावे के साथ कहता हूं कि मुझे जब बहू अकबरपुर में जाने का मौका मिलेगा तो जरूर जाऊंगा, मैं अब वहां जा सकता हूं। ग़लत बातें कहने का कोई फायदा नहीं है। जिन भाइयों ने उस वक्त वहां पर फिसादात करने की कोशिश की, उत्पात करने का यत्न किया अगर वहां पर किसी किसम का फसाद हो जाता, कुछ और खतरनाक बात हो जाती तो जैसा कि चीफ मिनिस्टर साहिब ने कहा है उस के जिम्मेदार मेरे सामने बैठे भाई खुद होते। हमारी पुलिस का रवैया इस ऐजीटेशन में बहुत अच्छा रहा है। उन को सिखाया गया था कि वे लोगों के साथ निहायत नम्रता का व्यवहार करें, किसी के साथ भी ज़्यादती न करें। चुनांचि उन्हों ने निहायत बुरदबारी के साथ अपने आप को संभाला और बड़े हौसले से काम

लिया है उन का सलूक बहुत ही नम्रता का रहा है । अगर आप लोग भी पुलिस की तरह का सलूक करें, पुलिस की तरह ही नम्रता का सबक आप भी सीखें तो हमारा सूबा आसानी से तरक्की कर सकता है । सर्विसज को डिमोरेलाईज करने से और अफसरों को खामखाह बुरा भला कहने से हमारा सूबा तरक्की नहीं कर सकता । इस से सूबे को कुछ फायदा नहीं है । साहिबे सदर, इन लफजों के साथ में कहना चाहता हूं कि यह डिमांड निहायत जरूरी है और निहायत माकूल है, इस को जल्दी ही पास करना चाहिये ।

श्री कुन्दन लाल (फिरोजपुर) : प्रधान जी, आपोज़ीशन के मैम्बरों की तरफ से इस बहस के दौरान में पुलिस का जिक्र बड़े जोरों शोरों से किया गया है । मैं समझता हूं कि ऐसी बातें करना उन की तरफ से निहायत ज्यादती करना है । जिन पुलिस अफसरों ने हिन्दी ऐजीटेशन में काम किया है और जिस बुरदबारी से उन्हों ने काम कर के दिखाया है वह निहायत ही काबले तारीफ है। जहां तक फिरोज़पुर का ताल्लुक है वहां पर बहुत गलत बातें हुई । अगर उस समय वहां के पुलिस अफसर और दूसरे अफसरान धैर्य से और सब्र से काम न लेते तो मैं कहता हूं कि आज फिरोज़पुर का नक्शा ही और होता । स्पीकर साहिब मुझे यह कहते हुए फखर महसूस होता है कि हमारे ऐजीटेशन के लीडरों की तरफ से हालांकि कई किसम की गलत बातें करने की कोशिश की गई, फिरोज़पुर में ये लोग हालांकि फसादात करवाना चाहते थे लेकिन इस के बावजूद भी हमारी पुलिस के अफरों ने और दूसरे अफसरों ने निहायत हौसले और बुरदबारी से काम लिया और किसी किस्म की शिकायत ज़बान पर वे न लाए। इस के बावजूद डी. आई. जी. की जीप पर और अफसरों की जीपों पर पथराओ किया गया, उन को पीटा गया और यहां तक कि जेल की चार दीवारी तोड़ दी गई लेकिन फिर भी पुलिस अफसरों ने किसी किस्म का जबर नहीं किया और किसी पर हाथ नहीं उठाया । इस लिये यह कहना कि पुलिस वालों ने इस ऐज़ीटेशन के दौरान में ज्यादती की है ठीक नहीं है । दूसरी जगहों की बात तो मैं नहीं कहता लेकिन जहां तक मेरे अपने इलाके का ताल्लुक है पुलिस वालों ने निहायत दानिशमन्दी से, सबर से और शान्ति से काम लिया है। तो आज यह कहना कि पुलिस ने यह कर दिया, वह कर दिया ठीक नही है । हकीकत यह है कि पुलिस वालों ने फिरोजपुर के अन्दर और उस के गिरदो निवाह के इलाके में इस ऐजीटेशन के दौरान में जिस को कि सत्याग्रह का नाम दिया गया था और जिस को सत्याग्रह का नाम देना निहायत गलत था, जिस में सच्चाई नाम को भी नहीं थी ज्यादती बिल्कुल नहीं की बल्कि निहायत अक्लमंदी और सबर से काम लिया है ।

यह बात मैं खुद नहीं कहता बल्कि हिन्दुस्तान का एक बहुत बड़ा आदमी कह चुका है कि इस ऐजीटेशन में सच्चाई नाम को भी नहीं थी । अगर पुलिस अपना रवैया तबदील न करती और उसी तरह का सलूक ऐजीटेशन वालों से करती

[श्री कुन्दन लाल]

जो कि वह अंग्रेज़ों के ज़माने में किया करती थी, जो हरकतें वह उस सरकार के वक्त में किया करती थी तो इस समय फिरोजपुर का नक्शा ही और होता। मेरे दोस्त यह कहते हैं कि पुलिस ने लोगों पर जबर किया और उस ने लोगों पर झूठे मुकद्दमें चलाये, इस सिलसिले में मैं आप के ज़रिये यह कहना चाहता हूं कि अगर पुलिस ऐसा काम करती तो आज जिन डिपोहोल्डरों, लायसैंस होल्डरों ने और परमिट वालों ने इस ऐजीटेशन वालों के साथ हमदर्दी दिखाई थी उन सब के डिपो, लायसैंस और परमिट ज़बत कर लिये जाते। पुलिस वालों ने उन लोगों पर मुकद्दमें नहीं बनाये। मेरा कहने का मतलब यह है कि यह कहना कि पुलिस वालों ने इस ऐजीटेशन के दौरान में लोगों के साथ ज़्यादती की है सरासर गलत बात है। पंजाब के किसी और हिस्से में पुलिस ने चाहे कुछ किया हो तो उस का ज्ञान मुझे नहीं है लेकिन जालन्धर डिविज़न और खास कर मुझे फिरोज़पुर ज़िले का पता है, मैं ने अपनी आंखों देखा है कि किस तरह पुलिस वालों ने शांति और बुरदबारी के साथ इस मसले पर काबू पाया है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कि देहाती और शहरी का सवाल पैदा करते हैं लेकिन यह सच्चाई है कि इन भाइयों ने जो कि इस ऐजीटेशन के लीडर थे सिखों की मसनूई शक्ल बना कर सिख नौजवानों को भड़काने की कोशिश की (आवाजें : शेम, शेम) (विघ्न)

अध्यक्ष महोदय : आप वाईंड अप करें।

श्री कुन्दन लाल : स्पीकर साहिब, आज इन बातों से मेरा सिर शर्म से झुक जाता है। मेरे भाई जो ऐसे तरीके अख़्तियार करते रहे हैं इन्हों ने धर्म को बचाने की बात नहीं की बल्कि धर्म को डिग्रेड करने की हरकतें की हैं। इन लफज़ों के साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक फिरोज़पुर का ताल्लुक है वहां पर पुलिस के अफसरान ने डी. आई. जी, ऐस. पी और दूसरे अफसरान ने निहायत ही बुरदबारी से काम लिया और फिरोज़पुर के इलाके को बचाने का यतन किया।

ਪੰਡਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ (ਊਨਾ) : ਸ਼੍ਰੀਮਾਨ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ demand ਦੇ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਕ ਵਾਕਿਆ ਬਿਆਨ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਕ ਪਾਸੇ ਕਿਵੇਂ ਪੁਲਿਸ ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਮੰਨਜ਼ੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਪੁਲਿਸ ਦੀਆਂ ਕੀ ਹਰਕਤਾਂ ਹਨ। 21 ਫਰਵਰੀ ਦਾ ਵਾਕਿਆ ਹੈ। ਸ਼੍ਰੀ ਲਾਲਾ ਰਾਮ ਵਲਦ ਸੁਖੀ ਰਾਮ ਬੱਲਬਗੜ੍ਹ, ਜ਼ਿਲਾ ਗੁੜਗਾਵਾਂ ਵਿਚ ਗਿਰਫਤਾਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ..........

अध्यक्ष महोदय : आप इस को कहां जोड़ने वाले हैं ? (Where is the hon. Member going to connect it with the demand ?)

ਪੰਡਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਜ਼ੁਲਮ ਜਬਰ ਨਾਲ ਜੋੜਨ ਵਾਲਾ ਹਾਂ........

अध्यक्ष महोदय : इस demand में यह किस तरह relevant है ? (How is it relevant with the demand under discussion ?)

ਪੰਡਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਪੁਲਿਸ ਲਈ ਇਹ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਉਹ ਕਿੰਨੇ ਜ਼ੁਲਮ ਕਰਦੀ ਹੈ..........

अध्यक्ष महोदय : जिन खर्चों के लिये डिमांड हैं आप उनको ही डिस्कस कर सकते हैं। दूसरी चीज़ें बजट की general discussion पर बोलें (The hon. Membeer can discuss only those items which are included in the demand. He may discuss other things at the time of general discussion of the Budget.)

ਪੰਡਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : ਜੋ ਕੁਝ ਹੁਣ ਤਕ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਬੋਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਹੜੇ ਵਾਕਿਆਤ ਬਿਆਨ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ; ਇਹ ਇਸੇ ਨਾਲ ਹੀ ਤਾਲੁਕ ਰਖਦਾ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗਲਾਂ ਨੂੰ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕਰਕੇ ਦੋਵਾਂ ਪਾਸਿਆਂ ਨੂੰ ਫਿਰਕਾਪ੍ਰਸਤੀ ਦੀ ਹਵਾ ਮਿਲੀ ਇਥੇ ਕਹਿਣ ਦੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਤਾਂ......

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਂ ਆਪ ਤੋਂ ਸਿਰਫ ਇਹ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਕੁਝ ਤੁਸੀਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਕਿ ਇਹ Save Hindi Agitation ਬਾਰੇ ਜੋ ਪੁਲਿਸ ਦੀ demand ਹੈ ਉਸ ਨਾਲ ਤਾਲੁੱਕ ਰਖਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਤੁਸੀਂ ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਦਸੋ ਕਿ ਇਸ ਉਤੇ ਬੋਲਣਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ? (The only thing which I want to enquire from the hon. Member is this whether whatever he wants to speak in any way connected with the demand on police requisitioned in connection with the Save Hindi Agitation. He should let me know whether he wants to speak on this item or not.)

ਪੰਡਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : ਨਹੀਂ ਜੀ, ਮੈਂ ਇਸ ਉਤੇ ਨਹੀਂ ਬੋਲਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ।

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, अभी २ वज़ीरे Health साहब ने इस House के अन्दर ऐसा नकशा खैंचा जिस से ज़ाहिर होता था कि पंजाब की पुलिस पुलिस नहीं रही बल्कि देवता बन गई है। असल में तो वज़ीर साहिब अपनी कोठी में या बंगले में रहते हैं। उन्हों ने, जो कुछ पुलिस ने पिछले सात महीनों में पंजाब के अंदर किया है, खुद जाकर न देखा है और न देखने की कोशिश की है। उन्हों ने तो बल्कि इस किसम की ऐनक लगाई हुई है कि जिस से उन्हों ने पुलिस को और ही तरीके से देखने की कोशिश की है, अपनी वज़ारत को कायम रखने के नज़रिए से देखने की कोशिश की है, अपनी गवर्नमेंट के पक्ष के नजरिए से देखने की कोशिश की है। जो कुछ पंजाब के अन्दर पिछले सात महीनों के अन्दर हुआ उसकी जो असलियत है, जो हकीकत है उसकी तरफ से इन्हों ने अपनी आंख को बिल्कुल बन्द रखा है। मैं आप को

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

बताता हूं, स्पीकर साहिब, कि पंजाब में खास तौर पर ज़िला करनाल के अन्दर, ज़िला रोहतक के अन्दर, पानीपत में कोई आर्य समाज का मन्दिर ऐसा न था जिस को कि पुलिस ने घेरे न रखा हो। मैं ने अपनी आंखों से देखा है, लोगों को आर्य समाज मंदिरों के अन्दर जाने नहीं दिया जाता था। जिस D.I.G. की वज़ीर साहिब ने तारीफ की है वह D.I.G. दयानन्द मठ रोहतक के अन्दर जूतों समेत चला गया। मन्दिर के अन्दर एक ब्रह्मचारी था। उसने उनको कहा, "चौधरी साहब, जूते लेकर मन्दिर में मत आइए, यहां यह हवन कुण्ड है"। उन्हों ने जवाब दिया, "जा रे! ऐसे कई हवन कुण्ड मेरे पैरों के नीचे पड़े रहते हैं"। आप हैरान होंगे....

अध्यक्ष महोदय : जो अफसर House के अन्दर मौजूद न हो और जो अपने आप को defend न कर सकता हो, उस पर allegations लगाना ठीक नहीं। (It is not desirable to make allegations against an officer who is not present in the House to defend himself.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : अगर मिनिस्टर साहिब उसकी तारीफ न करते तो मैं भी उसके मुतालिक कोई ज़िक्र न करता। लेकिन जब उन्हों ने तारीफ की है तो जरूरी है कि असलियत को बयान किया जाए। उसी पुलिस के अफसर के बारे में 80, 90 हज़ार लोगों ने राम सिंह D. I. G. (*Interruptions*) व चौधरी रणवीर सिंह M. P. और प्रताप सिंह तौलेता M. P. का पुलिस के ज़ुलम कराने की वजह से बाइकाट किया हुआ है।

अध्यक्ष महोदय : Rule यह है कि तारीफ तो हो सकती है लेकिन उसके conduct को बहस में नहीं लाया जा सकता। (According to the rule officers can be praised but their conduct cannot be discussed.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं इस को अब discuss नहीं करता। आपका हुक्म सिर माथे पर।

अब मैं जनाब की खिदमत में अर्ज़ करता हूं कि इस पुलिस ने लड़कों को पीटा, स्कूल के बच्चों को पीटा। हरियाना के अन्दर कोई शहर या कसबा ऐसा नहीं जिसके अन्दर police ने बच्चों को, छोटे २ बच्चों को न पीटा हो। इसके बारे में अभी अभी हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने एक सवाल का जवाब देते हुए बताया है। मैंने, स्पीकर साहब, अपनी आंखों से देखा है कि जाट कालेज रोहतक में चार सौ, पांच सौ सिपाही तैनात हुए थे। कई दफा इस से भी ज्यादा तादाद वहां पहुंच गई थी। (*Interruptions*).

इसके इलावा, स्पीकर साहब, जो कुछ बहुअकबरपुर में हुआ और दूसरी जगहों पर हुआ बार बार दुहराना भी बड़ा अजीब सा मालूम होता है कि ऐसा

मालूम होता था गोया कि उन दिनों पंजाब के अन्दर पुलिस का ही राज हो। जम्हूरियत या प्रजातन्त्र का तो बिल्कुल नामोनिशान ही नहीं था। यहां चण्डीगढ़ में क्या हुआ ? गवर्नमेन्ट की नाक के नीचे, चीफ मिनिस्टर की नाक के नीचे जो कुछ यहां के आर्य समाज मन्दिर में हुआ पुलिस की तारीफ करने के लिए यही वाक्या काफी है। इसके अलावा हमारी इस गवर्नमैंट के मिनिस्टर को, जो कुछ चंडीगढ़ में हुआ उसके बारे डाक्टर गोपीचन्द को मुआफी मांगनी पड़ी, यह चीज गवर्नमैंट को शरमसार करने के लिए क्या काफी नहीं ? यह सब कुछ किस की वजह से हुआ ? हमारी इस पुलिस की वजह से जिस के लिए यह रुपया मांगा जा रहा है और जिसकी तारीफ हमारे Health Minister साहिब ने की है। स्पीकर साहब, जो जो कारनामे, जो जुल्म इस पुलिस ने इस agitation के दौरान किए अगर उन सारे के सारे जुल्मों का यहां पर ज़िक्र किया जाए तो हमारे "राव बहादुर साहब" को पता लग जाए कि यह पुलिस तो ऐसी है कि जिसके लिए इसको तनखाह भी नहीं दी जानी चाहिए (*Interruptions*). मैं राव बहादुर साहब को क्या अर्ज़ करूं।

अध्यक्ष महोदय : यह राव बहादुर साहब कौन हैं ? (Who is this Rao Bahadur Sahib ?).

चौधरी धर्म सिंह राठी : चौधरी सूरज मल। अभी इन्होंने 'राव बहादुर' का खिताब छोड़ा नहीं। (*Interruptions—An observation from the chair was drowned in the interruptions*) मैंने उन के ऊपर बहुत भारी ऐहसान किए हैं। एक दफा राव बहादुर साहब फंस रहे थे, मैंने उन को बचाया था (*Interruptions*).

अध्यक्ष महोदय : बाहर तो आप उन को चाचा कहते हैं।
(The hon. Member addresses him "Chacha" outside the Chamber).

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब, मैंने इन पर बड़े ऐहसान किए हैं (*Interruptions*) और अब कहते हैं कि मुझे याद नहीं।

अध्यक्ष महोदय : लेकिन आप इन ज़ाती मामलों को क्यों यहां पर लाते हैं। उन्हें मत discuss करें। (But why does the hon. Member introduce such personal matters into the debate ? He should not discuss them).

चौधरी धर्म सिंह राठी : खैर, मैं दूसरी बातें अर्ज़ करता हूं। तो मैं यह कह रहा था कि पंजाब के अन्दर इन सात महीनों के अन्दर इतने अत्याचार हुए कि जितन किसी भी तारीख को ढूंढने से नहीं मिलते। मैंने बहुत सी तारीखें पढ़ी है, मैंने चंगेज़खां की तारीख पढ़ी है, औरंगज़ेब के ज़माने को पढ़ा है, अंग्रेज़ों की, हलाकू की, नाज़ियों की हकूमत को, रूस के ज़ार की तारीख में जुल्मों की कहानियों को पढ़ा है लेकिन

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

जो अत्याचार इन सात महीनों के अन्दर लोगों पर हुए, हमारे कैरों साहब के राज में हुए ऐसे अत्याचार किसी दूसरी हकूमत के अहद में न सुने हैं, न पढ़े हैं और न देखे हैं । इस कैरों की सरकार ने हलाकु और चंगेज़ को भी मात कर दिया है। जो कुछ पुलिस ने किया वह सब कुछ चीफ मिनिस्टर के कहने पर हुआ, इन्होंने कराया । इस बारे में जब मैंने कहा था कि उन पर मुकहमा चलना चाहिए तो उन्होंने फरमाया कि राठी के ऊपर मुकद्दमा चलना चाहिए । वह भी इन्होंने चला कर देख लिया । जो Supreme Court ने फैसला दिया उससे इन को शर्म आनी चाहिए । अगर ......

अध्यक्ष महोदय : यह सब कुछ इस demand में कैसे आता है ? आप मेहरबानी करके इस के ऊपर ही बोलें। (How is all this relevant to the Demand under discussion ? He may please confine himself to the Demand only).

चौधरी धर्म सिंह राठी : पुलिस की रिपोर्टों पर ही ये सब गिरफ्तारियां हुई । जो police के कर्मचारी इस तरह की झूठी रिपोर्टें करें उन के लिए हरगिज़ यह Demand मंजूर नहीं होनी चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय : अब wind up करें । (please wind up now.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं एक दो वाक्यात बता कर बैठ जाऊंगा । एक पुलिस के अफसर ने एक आदमी के बारे में यह रिपोर्ट की कि उसने 31 जून को lecture दिया जिसकी बिना पर वह पकड़ा गया । वह Rohtak ज़िले में detenu था । उस पर यह इल्ज़ाम लगाया गया कि उसने 31 जून को lecture दिया । जब कि स्पीकर साहब, आप खुद जानते हैं कि जून के महीने के 31 दिन होते ही नहीं । इसी तरह शाम सुन्दर एक detenu है जिसको इसी पुलिस ने गिरफतार किया । इसको इस बिना पर पकड़ा गया कि 9 अगस्त को उसने एक गांव में लैक्चर दिया । जनाब, सात तारीख को तो पुलिस ने उसे गिरफतार कर लिया था तो 9 तारीख को वह गांव में लैक्चर कैसे दे सकता था जब कि वह 9 तारीख को जेल में था ? इन अलफाज़ के साथ मैं इस Demand की जो कि agitation के सम्बन्ध में दी गई है, मुखालिफत करता हूं । यह बिल्कुल नजायज़ तौर पर इस्तेमाल की गई है, लोगों की आज़ादी को सलब किया गया है, इसलिए यह पास नहीं की जानी चाहिए ।

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮਦਿਆਲ ਸਿੰਘ (ਲੁਧਿਆਣਾ-ਦੱਖਣ): ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਦੋ ਛੋਟੀਆਂ ਛੋਟੀਆਂ demands ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਬਾਬਤ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ। ਇਕ ਤੇ ਇਹੋ ਹੈ demand ਨੰਬਰ 4 ਪੁਲਿਸ ਦੀ ਬਾਬਤ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਇਸ ਡੀਮਾਂਡ ਦਾ ਤਾਲੁੱਕ ਹੈ ਇਸ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ items ਅਜਿਹੀਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ Save Hindi Agitation ਕਰਕੇ ਪੈਸਾ ਮੰਗਣਾ ਪਿਆ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਇਸ agitation ਦਾ ਤਾਲੁਕ ਹੈ,

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਦਰਅਸਲ ਇਹ ਜ਼ਿਆਦਾ ਦੇਰ ਤਕ ਇਸ ਲਈ ਚਲਦੀ ਰਹੀ—ਇਸ ਕਾਰਨ linger on ਹੁੰਦੀ ਰਹੀ ਕਿ ਪੁਲਿਸ lenient ਰਹੀ, ਜ਼ਿਆਦਾ lenient ਰਹੀ—over lenient ਰਹੀ। ਮੈਂ ਯਕੀਨ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਪੁਲਸ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ lenient ਨਾ ਹੁੰਦੀ ; ਜ਼ਰਾ ਵੀ strongly action ਲੈਂਦੀ ਤਾਂ ਇਹ agitation ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ linger on ਨਾ ਹੁੰਦੀ । ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਨਿਹਾਇਤ ਜ਼ਬਤ ਨਾਲ ਕੰਮ ਲਿਆ । ਜਿੰਨਾ ਜ਼ਬਤ ਨਾਲ ਕੰਮ ਲਿਆ ਉਤਨੀ ਹੁੱਲੜਬਾਜ਼ੀ ਵਧੀ । ਇਸ ਨਾਲ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਦੀ prestige ਨੂੰ ਧੱਕਾ ਹੀ ਪੁਜਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ demoralise ਹੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ leniency ਦਾ ਹੀ ਕਾਰਨ ਹੈ ਕਿ ਜਾਲੰਧਰ ਵਿਚ ਇਕ ਅਫ਼ਸੋਸਨਾਕ ਵਾਕਿਆ ਹੋਇਆ ਜਿਸ ਵਿਚ ਇਕ ਦੋ deaths ਵੀ ਹੋਈਆਂ । ਪੁਲਿਸ ਦਿਆਂ ਹੁੰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਵੀ ਇਸ ਹੁੱਲੜਬਾਜ਼ੀ ਨੂੰ ਜਿਸ ਸਖਤੀ ਨਾਲ ਦਬਾਇਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ, ਨਹੀਂ ਦਬਾਇਆ ਗਿਆ । ਇਸ ਤੋਂ ਅਲਾਵਾ ਲੁਧਿਆਣੇ ਦਾ ਵਾਕਿਆ ਹੋਇਆ । ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਮੁੰਡੇ ਸਤਿਆਗਰਹੀ ਸਨ—ਉਹ ਮੁੰਡੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਚਿਹਰੀ ਦਾ ਕਮਰਾ ਨਹੀਂ ਛਡਿਆ, ਸਕੂਲ ਦਾ ਕੋਈ ਸ਼ੀਸ਼ਾ ਨਹੀਂ ਛਡਿਆ—ਉਨ੍ਹਾਂ ਮੁੰਡਿਆਂ ਤੇ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਮਹਿਜ਼ ਇਹ ਸਮਝ ਕੇ ਕਿ ਵਰਗਲਾਏ ਗਏ ਹਨ, ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਸ਼ਰਾਰਤਾਂ ਤੇ ਹਰਕਤਾਂ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਕਰਦੀ ਗਈ ਅਤੇ ਬਾਵਜੂਦ serious provocation ਦੇ ਕੋਈ action ਨਹੀਂ ਲਿਆ।

ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ actually public ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ feeling ਹੈ ਕਿ ਇਸ case ਵਿਚ ਬੜੀ discrimination ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਦੋ ਤਿੰਨ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਜਦੋਂ ਅਕਾਲੀ ਪਾਰਟੀ ਨੇ ਆਪਣੀ movement ਚਲਾਈ ਸੀ ਤਾਂ ਉਸ ਵੇਲੇ ਬੜੀ ਸਖਤੀ ਵਰਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਮੈਂ ਵੇਖਿਆ ਸੀ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਅਕਾਲੀ movement ਵਿਚ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚੋਂ ਜਾ ਜਾ ਕੇ hunt ਕਰਦੀ ਸੀ ਪਰ ਉਸ ਵੇਲੇ ਪਰੋਫੈਸਰ ਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਇਹ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਸੀ ਆਇਆ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਵਧੀਕੀਆਂ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਉਸ ਵੇਲੇ ਤਾਂ ਇਹ ਐਨ ਆਰਾਮ ਨਾਲ ਵਜ਼ਾਰਤ ਦੀ ਕੁਰਸੀ ਤੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਸਨ। ਹੁਣ ਜੋ ਇਤਨੀ ਗਲਤ agitation ਚਲ ਰਹੀ ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ ਕੋਈ ਸਿਰ ਪੈਰ ਹੀ ਨਹੀਂ, ਜਿਥੇ ਮਰਜ਼ੀ ਆਈ ਹੁਲ੍ਹੜਬਾਜ਼ੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਹੁਲ੍ਹੜਬਾਜੀ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਿਖਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਹੁਲ੍ਹੜਬਾਜ਼ੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ leader ਸਿਖਾਉਂਦੇ ਹਨ, ਤਾਂ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਥਾਂ ਤੇ ਮਾੜੀ ਮੋਟੀ ਪੁਲਸ ਕੋਲੋਂ ਸਖਤੀ ਹੋ ਵੀ ਗਈ ਹੈ ਤਾਂ ਕੀ ਇਹ ਵਡੀ ਗੱਲ ਹੈ। ਜਿਥੇ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਨੇ ਬੜੀਆਂ ਜ਼ਿਆਦਤੀਆਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ ਉਥੇ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਨੇ ਬੜੀ leniency ਵਰਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਦੀ ਇਸ ਨਰਮੀ ਕਰ ਕੇ ਹੀ ਪੁਲਸ ਤੇ ਇਤਨਾ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਵਿਚ ਸਖਤੀ ਤੋਂ ਕੰਮ ਲੈਂਦੀ ਤਾਂ ਇਹ ਖਰਚਾ ਇਤਨਾ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਣਾ।

ਹੁਣ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਕੁਝ smuggling ਦੇ ਬਾਰੇ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। Anti-smuggling drive ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਅਫਸਰ ਲਗੇ ਹੋਏ ਸਨ ਉਹ ਬੜੇ competent ਸਨ ਅਤੇ ਉਸ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬੜੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਕਿ smuggling altogether ਬੰਦ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਮੈਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਬਹੁਤ ਹਦ ਤਕ ਬੰਦ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਗੱਲ ਕਹੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ

[ਸਰਦਾਰ ਰਾਮਦਿਆਲ ਸਿੰਘ]
right ups ਦਾ ਹਕ ਹੈ ਇਹ ਬੁਰੀ ਬਾਤ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਆਦਮੀ ਇਥੇ ਰਾਜ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਇਹ allegations ਲਗੇ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਭਾਵੇਂ ਕਿਤਨਾ ਵੀ ਖਰਚ ਇਸ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਨ ਲਈ ਕਰਨਾ ਪਏ, ਉਹ ਕੀਤਾ ਜਾਏ। ਇਸ ਨੂੰ ਪੂਰੇ ਤਰੀਕੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਖਤਮ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਤਾਂ ਜੋ ਕੋਈ ਭਰਾ allegation ਲਗਾਉਣਾ ਵੀ ਚਾਹੇ ਤਾਂ ਉਹ ਵੀ ਨਾ ਲਗਾ ਸਕੇ।

श्री बलराम दास टण्डन : On a point of information, Sir. आप ने lobbies में गैर आदमियों का आना बन्द किया है, क्या इस में Press Men जो कि पहले वहां आने के entitled थे और वहां पर आ सकते थे उन्हें भी क्या अब..........

अध्यक्ष महोदय : वह बात तो अब ख़त्म हो चुकी है। (This matter has already been decided.)

श्री बलराम दास टण्डन : वे जब Press Gallery में बैठ सकते हैं तो उन का इन lobbies में आना क्यों ममनूह करार दिया गया है। यह तो........

अध्यक्ष महोदय : आप मेरी भी सुनेंगे या अपनी ही कहे जायेंगे। इस बारे में जैसा लोक सभा में procedure होगा उसी पर यहां चला जायेगा। (Will the hon. Member please listen to me or go on harping his own tune ? In this connection the same procedure which is in vogue in the Lok Sabha will be adopted.)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : आप को पता है कि आप........

श्री बलराम दास टण्डन : जब वे press gallery में बैठ सकते हैं तो... (डाक्टर बलदेव प्रकाश भी कुछ बोलने लगे)

अध्यक्ष महोदय : अगर आप तीनों यकलख्त बोलें तो मेरी समझ में कैसे कुछ आ सकता है ? (If all the three hon. Members begin to speak at a time, how is it possible for me to understand them.)

श्री बलराम दास टण्डन : अध्यक्ष महोदय, दरअसल इस में कुछ मुग़ालता खड़ा हो गया है। जब वे press gallery में बैठते हैं और वे lobby में आने के भी entitled थे क्यों कि यह एक convention है........

अध्यक्ष महोदय : Convention तो ऐसे ही बन गई है। (It is not a sound convention.)

श्री बलराम दास टण्डन : उन का वहां पर आना किसी भी position में हो, जो चीज़ पहले है उस को........

अध्यक्ष महोदय : आप ने ठीक कहा है। इस पर मैं सोचूंगा। (At this Shri Jagat Narain Chopra wanted to rise) आप बैठिये और demands पर हो रही discussion को interrupt न कीजिये (The hon. Member has rightly said. I will consider it. (Addressing Shri Jagat Narain Chopra) He may please resume his seat, and should not interrupt the discussion.)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : सिर्फ एक मिनट के लिये।

वहां Parliament में यह तरीका है कि वहां वह हो press के representatives बैठते हैं जिन को कि पास मिले होते हैं। वे lobbies में भी चले जाते हैं।

अध्यक्ष महोदय : इस को मैं देखूंगा। (I shall look to it.)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य (सफीदों) : स्पीकर साहिब, इस demand पर काफी चर्चा हुई है और इस में Opposition के जितने भी लीडर हैं, लाला जगत नारायण और दूसरे, उन सब ने हिन्दी agitation का नाम ले ले कर पुलिस के बारे में बहुत कुछ कहा है लेकिन मैं ने तो ऐसी कोई चीज़ होती देखी नहीं। पुलिस के बारे में यह जो चीजें कहते रहे हैं ऐसी कोई चीज़ मेरी नजर में तो आई नहीं। यह लोग जो सूबे के बड़े भक्त बनते हैं उन्हें सोचना चाहिये कि जिन लोगों ने इस सूबे के अन्दर इस agitation को चलाया है और इस movement को ज़ोर दिया है उन्हों ने ही इस चीज़ का बीज बोया था। अब उस की मुखालिफत करना गलत बात है। मैं ने पिछले सात आठ सालों से जो कुछ पढ़ा है और देखा है और जो मैं इन लोगों से मिलता रहा हूं उस से तो मुझे यही पता लगता है कि इस सारी चीज का बीज़ हो इन्हों ने बोया था। उस वक्त उन्हों ने इस का समर्थन किया था और कहा था कि यह फारमूला अच्छा है और यह फारमूला यहां........

Chaudhri Dharam Singh Rathi : On a point of order, Sir. Is the hon. Member relevant?

अध्यक्ष महोदय : जब आप हलाकू और चंगेज़ खां का जिक्र कर रहे थे तब अगर आप relevant थे तो अब यह कहने में भी relevant हैं। (When the hon. Member referred to Halakoo and Changhez Khan and it was considered to be relevant now reference of this by the hon. Member is also relevant.)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य : स्पीकर साहिब, यहां तो यह चीज़ देखी गई है कि जो चीज़ यह खुद करते रहे हैं वह यह दूसरों पर थोप रहे हैं। मेरे भाई

[श्री श्री कृष्ण शास्त्री बैद्य]
राठी साहिब ने बहुत बातें की हैं । यह उन दिनों पानीपत और करनाल में गये तो जा भी न सके और मेरे हलके में तो इन की हिम्मत नहीं हुई जाने की। स्पीकर साहिब, वहां कोई हिन्दी और गुरमुखी का सवाल नहीं था । वहां तो हिन्दू और सिख का सवाल पैदा किया गया था । जब लाला जगत नारायण अपना जत्था ले कर वहां आये तो वहां जो नारे लाये गये उन के बारे में मुझे यहां कुछ कहते हुए भी शरम आती है । अफसोस की बात तो यह है कि इन चीज़ों के होते हुए भी हर सरकारी अफसर के काम की यहां नुक्ताचीनी की जाती है । क्या इन की ज़मीर नहीं है ? क्या इन की ज़िम्मेदारी नहीं है ?

पुलिस के बारे में मैं यहां कुछ हालात बतलाता हूं कि कैसे हालात में उसे काम करना पड़ा था । जीन्द का मुझे पता है कि कैसे वहां जलूस निकाला गया और कैसे पुतले बनाकर फूंके गये और हिन्दुओं न सिखों को जूते मारे और वहां जो Magistrate था वह अन्दर चला गया । वहां हालत इतनी खराब हो गई थी कि बड़ी मुश्किल से D. I. G. Police ने उस को काबू किया । मैं ने ज्यादा तर ऐसे २ हालात देखे हैं जिन को बयान भी नहीं किया जा सकता । मैं तो यह कहूंगा कि पुलिस को ऐसी चीज़ों को ज्यादा सख्ती के साथ रोकना चाहिये था । यदि वह कुत्ते लगवा कर उन लोगों को मरवा देती तो भी कोई बुरी बात न होती (हंसी), अगर इन को रोकने के लिये पुलिस न होती तो हालात और भी बुरे होते । मैं यह नहीं कहता कि पुलिस बुराइयों से बिल्कुल साफ हो गई है । यह अभी corruption करती होगी लेकिन जहां तक इस का इस agitation से ताल्लुक है इस ने बड़ी अच्छी तरह से काम किया है । हिसार में D. I. G. Police की तरफ से की गई सख्ती के बारे में जो कहा गया है, मैं कहूंगा कि जहां तक उस शख्स का ताल्लुक है उस ने वहां कोई सख्ती नहीं की । स्पीकर साहिब, यह तो बिल्कुल वैसी ही बात है जैसे जब किसी के मर जाने पर औरतें रोने के लिये इकट्ठी होती हैं तो वे सब अपनों २ को ही पीटती हैं। (हंसी) स्पीकर साहिब, मैं फिर कहता हूं कि पुलिस के जो सिपाही हैं वे इतना काम करते हैं, सुबह से ले कर शाम तक अपनी duty देते हैं कि अगर इस demand में मांगा गया सारा रुपया उन को ही दे दिया जाये तो इस में कोई बुरी बात न होगी । पुलिस के थानेदार और दूसरे बड़े अफसर भी काम करते हैं, पर police के सिपाई बहुत duty देते हैं इस लिये उन को पैसे देने ही चाहियें ।

अभी प्रोफैसर शेर सिंह ने इस की मुखालिफत की है । मुझे याद है कि यही प्रोफैसर साहिब जब वज़ीर थे तो कहा करते थे कि यह फारमूला बड़ा अच्छा है, इसे चलाओ और अब यह इस के खिलाफ डण्डा लेकर खड़े हो गये हैं

स्पीकर साहिब, मेरी constituency सफीदों में और रोहतक

में क्या हुआ (विघ्न) मज़ाहरे किए गए। ऐसी २ बातें की गईं कि जिन को छोटे २ आदमी सहन नहीं कर सकते मगर चीफ मिनिस्टर साहिब ने कहा कि कोई बात नहीं है। यह लोग बहकाए गए हैं। कोई अफसोस नहीं है, कोई डर की बात नहीं है। जो आदमी गलत होता है वह गलती करता है। (चौधरी धर्म सिंह राठी की तरफ से विघ्न) मेरे भाई राठी जी क्या बातें करते हैं। भले आदमी मैंने तेरे लैक्चर सुन रखे हैं। हिंदी का नाम ले २ कर रोना, प्रताप सिंह क्यों आ गए, चौधरी सूरज मल क्यों आ गए (सरकारी बैंचों की तरफ से तालियां) (श्री राठी की तरफ से विघ्न)

अध्यक्ष महोदय : राठी साहिब, आप ने कई कुछ कहा। तब किसी ने इन्टरप्शन नहीं की। तो अगर कोई दूसरा कुछ कहता है तो सुन लें। नो इन्टरप्शन प्लीज़। (Mr. Rathi, you have had your say. Then nobody interrupted you. Now you should have the patience to listen to others.)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य : इस हाऊस में सारे मैंम्बर साहिबान ही जनता की तरफ से आए हैं। इन लोगों ने बड़े २ वादे किए। इन लोगों ने राठी जी को कहा कि श्री क्रिष्ण कुछ नहीं करता। मगर कोई दयानतदारी की भी बात की होती। (हंसी)। हमें तो कम से कम जो यहां बैठते हैं ज़िम्मेदारी से बात करनी चाहिए। अगर हम में से कोई गलत बात कहे तो लोगों में क्या impression होगा। जो भी बात हो ज़िम्मेदारी से हो, बिना अर्थ के बात नहीं होनी चाहिए। निरर्थक बात निरर्थक लोग किया करते हैं। (सरकारी बैंचों की ओर से तालियां और हंसी) (घंटी)। तो मैं कहूंगा कि सरकार को और पैसा पुलिस के सिपाहियों को देना चाहिए।

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, इस मांग पर दोनों पहलुओं से इतना कुछ कहा गया है कि मेरे कहने के लिए शायद बहुत कम छोड़ा गया है। आप के सामने पुलिस को ज़ालिम बतलाने की कोशिश की गई और कहा गया कि बहुत ज़्यादतियां हुईं। दूसरा पहलू भी आप ने सुना कि पुलिस ने कमज़ोरी दिखाई। यह पहलू भी बताया गया कि पुलिस ने वही किया जो हकीकी तौर पर उस का फर्ज़ था और इस सत्याग्रह में जो बराए नाम सत्याग्रह कहलाता था, अपने आपको पेश किया। जिन दो तीन वाकों पर गवर्नर के भाषण पर discussion हुई उन को दुहराया गया और बजट की बहस में यह फिर दुहराए जांएगे और आखीर सैशन तक यही बात चलेगी। मगर मैं अपने Opposition के भाइयों से भी यह तवक्कुह रखता था कि जहां इन्हों ने कुछ वाके बयान किए थे वहां Chief Minister साहिब ने भी गवर्नर के भाषण पर discussion का जवाब देते हुए कुछ ऐसे वाके बयान किए थे जिन का यह जवाब देते। यह वह वाके थे जो हिन्दी रक्षा समिति के नाम पर आंदोलन करने वालों ने किए थे। इन में से जितने भाई बोले क्या उन्हों ने उन का ज़िक्र भी किया? Secretariat का जो वाका उन्हों ने तफसील से बताया, Deputy Commissioner रोहतक के घर जो वाका हुआ, Women Police की जो बेइज्ज़ती हुई, क्या इन के मुताल्लिक उन्हों ने एक लफज़ भी कहा कि इन की क्या justification थी, या क्या इन्हें condemn किया अगर इन की ज़मीर कहती

[वित्त मन्त्री]
है कि नाजायज़ वाक्यात हुए ? दरअसल जो बातें यहां कही जाती हैं वह इन की अपने मन की prejudice है। यह बार बार इन बातों को दुहराते हैं और दुहराते ही चले जाएंगे । इन में जो वज़न है वह आप देख सकते हैं।

एक नई बात श्री बलराम दास टंडन जी ने कही । वह इस वक्त यहां नहीं हैं। मगर अच्छा होता अगर वह अपनी मिसाल न देते । आप ने कहा कि मेरी जायदाद की कुर्की के warrants निकले, जो कुर्की हुई उसका procedure ठीक नहीं था, नोटिस नहीं दिया गया या दूसरी formalities observe नहीं की गई। इन्होंने जो बातें की हैं काफी हौसले की की हैं । यह इस बात को कबूल करते हैं कि यह मफरूर थे । इन्हों ने जुर्म किया, कानून इन्हें गरिफतार करना चाहता था, मगर यह इस August House के hon. Member होते हुए और इतने जिम्मेदार होते हुए भागे भागे फिरे, मफरूर रहे । अखबारों में निकलता था, वहां नमूदार होंगे, वहां जाएंगे, वहां गरिफतारी के लिए पेश होंगे। यह सारी बातें आपने अखबार में देखी होंगी मगर यह सारी बातें एक hon. Member की शान के शायां नहीं। आप इस तरह कानून से भागे २ फिरते रहे और शिकायत है कि मेरे खिलाफ दफा 87 और 88 के तहत कार्यवाही क्यों की गई, कुर्की क्यों की गई, मुझे पहले confidence में क्यों नहीं लिया । यह अमर वाका है कि इनको पता था कि पुलिस इन्हें गरिफतार करना चाहती है और वह दीदा दानिस्ता मफरूर रहे। यह बात इन्हें कैसे शोभा देती है? अच्छा होता अगर वह यह बात न करते । मैम्बर साहिबान कभी कभी ऐसी बातें करते हैं जो उन की ज़ात से ताल्लुक रखती हैं। मैं उन से अपील करूंगा कि वह अपनी कहानी यहां न बयान किया करें। इस तरह वह अपने आपको embarrassment से बचाएंगे और हमें भी ।

एक बात का और हवाला दिया कि किसी Municipal Commissioner और teacher के बयानात निकले । मुझे समझ नहीं आती कि उन बैचिज़ और इस Party की तरफसे जो बयानात निकले हों उन पर इतना ज़ोर दिया जा रहा है। आप ने देखा होगा कि कितने कितने ज़िम्मेदार आदमियों ने किस ढंग से बयानात निकाले और फिर कह दिया कि मुझे तो मालूम नहीं यह चीज़ कैसे शाया हुई, यह बयान तो मैंने नहीं दिया, मेरी मर्ज़ी से नहीं छपा । इस तरह से यह अपने को उन बयानात से disassociate करते हैं। जब इतने इतने ज़िम्मेदार आदमी अखबारों में निकले अपने बयानों को गलत कह देते हैं, तो बेचारे एक teacher या Municipal Commissioner की औकात ही क्या है। पता नहीं किस ने बयान दिया होगा । किस ने यह बयान मन से घड़ा होगा और यह बात किस के दिमाग से निकली होगी और झूठ अखबारों में दे दी होगी। और वह अखबारें जिन में ऐसे बयानात छपते हैं उनका भी fertile brain है और जिस की वजह से ऐसे बयानात निकल जाते हैं तो इन पर ऐसा ज़ोर नहीं देना चाहिए और मैं कहूंगा कि इन की सदाकत पर यकीन नहीं है ।

मौलवी साहिब ने एक बात का ज़िक्र किया है । मुझे उन की बात सुन कर अफसोस हुआ । वह बड़े देर के Parliamentarian हैं । मैं उनकी दिल से कद्र करता हूं । उन्हों ने ज़िन्दगी कौम की सेवा में गुज़ारी है । वह बड़े intelligent हैं । उनका दिमाग बहुत fertile है ।

उन्हें भी खूब सूझती हैं और मेरा ख्याल है कि जितनी इन्हें सूझती है पंजाब के बाकी Politicians को कम सूझती होगी । मैं ज़ाती तौर पर उनकी दिल से कद्र करता हूं लेकिन मैं उनसे यह अपील ज़रूर करूंगा कि वह ज़ाती मुआमलात को इतनी दूर तक न ले जाया करें कि जहां से निचली जगह तक पहुंच जाएं । इस बात का हवाला मैं समझता हूं नहीं देना चाहिए जिस का इशारतन २ उन्हों ने हवाला दिया है । हम में से सभी कभी मुखालिफ भी रहे हैं और फिर इकट्ठे भी । मुखालिफ भी हो जाते हैं और हक में भी पर आपसी बातों को एक ऐसी सतह तक रहने देना चाहिए कि हाउस की शान कम न हो और फिर ऐसी बातें करने से अपनी भी शान कम होती है । तो मैं ऐसी बातों का क्या जवाब दूं । मौलवी साहिब के साथी भी शानदार हैं । पांच चार इकट्ठे हैं । इनका दिमाग fertile है । मौलवी साहिब ने कुछ ऐसे साथी भी इकट्ठे कर लिए हुए हैं जो अखबारों के मालिक हैं और जो वह कहानियां बना बना कर अखबारों में निकाल देते हैं । वह अजीब मनघड़त बेबुनियाद और बेहूदा हो सकती हैं और इस पर हमें कहा जाए कि हम नोटिस लें ? मैं इसे नहीं मानता कि ऐसी खबरों में इनका हाथ हो सकता है, मुझे इस बात का यकीन है ।

जो बातें इन्हों ने वज़ीर साहिबान के बारे में कहीं मैं उनके बारे में ज़ोर से कह सकता हूं कि वह सब बेबुनियाद मनघड़ंत और शरारत आमेज़ हैं और fertile दिमाग की बातें हैं । इस लिए मैं कहूंगा कि ज़ाती बातों का ज़िक्र इस हाउस के अन्दर इस तफसील के साथ करना मुनासिब नहीं । (*Interruption*)

ਸ੍ਰੀ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਚੋਪੜਾ : ਜੋ ਕਹਾਣੀ ਛਪੀ ਹੈ ਬਿਲਕੁਲ ਸਹੀ ਹੈ ।

Mr. Speaker : Order, order.

वित्त मन्त्री : तो मैं अर्ज़ करना चाहता था कि ज़ाती बातों को यहां पर नोटिस में लाना अच्छा नहीं और मैं ने यह बातें तरदीद के तौर पर कहीं हैं ।

इस लिए मैं अर्ज़ करूंगा कि जो बातें इस demand के बारे में कहीं गई हैं वह मैम्बर साहिबान ने अपने मन की कैफियत से कही हैं, कोई वाक्यात की बिना पर नहीं । पुलिस ने अपना फर्ज़ अदा किया है इस लिए इस demand को इसी शक्ल में मन्ज़ूर कर लिया जाए ।

Mr. Speaker : Question is—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 58,89,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 29-Police.

After ascertaining the votes of the House by Voices Mr. Speaker said " I think the Ayes have it". This opinion was challenged and division was claimed. Mr. Speaker, after calling upon those Members who challenged the decision and supported the claim for a division, to rise in their places declared that the division was unnecessarily claimed.

The motion was declared carried.

अध्यक्ष महोदय : इस से पहले कि आप demand No. 5 पर बहस शुरु करें आज हम ने जो फैसला Lobbies के इस्तेमाल के सिलसिले में किया है उस के बारे में मैं आप को बताना चाहता हूं कि Press Gallery Committee के चेयरमैन श्री बाली ने मुझे लिख कर भेजा है कि जो हमारे Reporters हैं Press के उन पर यह पाबन्दी आयद नहीं होनी चाहिए । इस के बारे में मैं ने अर्ज किया है कि जो procedure Parliament में होगा उस को हम follow करेंगे । मैं खुद भी उन का साथी हूं और कभी मुझे भी Press Gallery में बैठने का मौका मिले तो आप मुझे भी Lobby में न आने देंगे । इस लिए मैं समझता हूं कि Press के लिए जो हमारे accredited press representatives हैं, हमें इस decision में थोड़ी जगह रखनी चाहिए । इस लिए अगर हाउस की खाहिश हो तो जब तक Parliament के procedure का पता नहीं आ जाता Press को lobbies में जाने की इजाज़ात दी जाए ।

(Before the hon. Members take up Demand No. 5 for discussion I want to say something about the decision which has been taken earlier by the House regarding the use of the lobbies. I want to tell the House that I have received a communication from Shri A.C. Bali, Chairman, Press Gallery Committee. He has requested that no restrictions should be inposed on the Pressmen and Reporters. I have informed them that the procedure followed in this respect in the Parliament will be adopted here. I am myself one of their colleagues and if ever I get an opportunity to sit in the Press Gallery, then I will also not be permitted to enter the lobbies. I, therefore, feel that some accommodation should be provided to the accredited Press representatives in the decision taken earlier by the House. I want to take the sense of the House as to whether it agrees that till the information regarding the procedure obtaining in the Parliament in this respect is received, the press representatives be allowed to use the lobbies.)

वित्त मन्त्री (श्री मोहन लाल) : मैं गवर्नमेंट की तरफ से अर्ज करना चाहता हूं कि हमें इस बात पर कोई एतराज नहीं है कि Press वालों को lobbies में आने की इजाजत दी जाए ।

पंडित श्री राम शर्मा : और अपोजीशन वालों को भी एतराज नहीं है ।

श्री इन्द्र सिंह : वजीर तालीम ने फरमाया था कि Parliament में ऐसा procedure है और Leader of Opposition भी इसे अब मानने लगे हैं ।

इस लिए मेरी गुज़ारिश है कि Press को lobbies में जाने की इजाज़त होनी चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय : मैं ने पहले ही कहा है कि जो rules Parliament में Press के बारे में होंगे वहां यहां पर adopt किए जाएंगे । (I have already told the House that the rules on the subject, followed in the Parliament will be adopted here.)

श्री इन्द्र सिंह : मेरी गुज़ारिश यह थी कि इस बात की light में कि जब तक Parliament से वजाहत न ले ली जाए तब तक इस बात का फैसला नहीं होगा, क्या Press वालों पर भी पाबन्दी रहेगी ? वह पाबन्दी मेरे ख्याल में नहीं रहनी चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय : जैसा मैं ने पहले कहा है कि present practice जारी रहेगी जब तक Parliament के procedure का पता नहीं कर लिया जाता और press representatives (*status quo*) lobbies को use कर सकेंगे । (As I have already told the House the present practice will continue until the information about the practice obtaining in the Parliament is received. Till then *status quo* will be maintained and the press representatives allowed to use the lobbies.)

DEMAND No. 5

Other Revenue Expenditure connected with Multipurpose River Schemes.

Minister For Finance : Sir, I beg to move—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 66,66,900 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 51-B-Other Revenue Expenditure connected with Multipurpose river schemes.

Mr. Speaker : Motion moved—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 66,66,900 be granted to the Governo to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 51-B-Other Revenue Expenditure connected with Multipurpose River Schemes.

Mr. Speaker : Question is—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 66,66,900 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 51-B-Other Revenue Expenditure connected with Multipurpose River Schemes.

The motion was carried.

DEMAND No. 6

Electricity Schemes—Working Expenses.

Minister For Finance : Sir , I beg to move—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 4,51,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of XLI-Electricity Schemes—Working Expenses.

Mr. Speaker : Motion moved—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 4,51,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of XLI-Electricity Schemes—Working Expenses.

Mr. Speaker : Question is—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 4,51,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of XLI-Electricity Schemes—Working Expenses.

The motion was carried.

DEMAND NO. 7.

Capital outlay on Schemes of Agricultural Improvement and Research.

Minister for Finance : Sir, I beg to move—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 18,700 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 71-Capital Outlay on Schemes of Agricultural Improvement and Research.

Mr. Speaker : Motion moved—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 18,700 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 71-Capital Outlay on Schemes of Agricultural Improvement and Research.

ਗਿਆਨੀ ਕਿਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਸ਼ਾਂਤ (ਮਾਨਸਾ 'ਰਿਜ਼ਰਵਡ'): ਜਨਾਬ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਿਹੜੀ demand factories ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿੱਚ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ, supplementary ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ, ਮੈਂ ਇਸ ਨੂੰ criticise ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਖੜ੍ਹਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਇਹ ਜਿਹੜਾ grants ਦੇਣ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਇਖਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਮੈਂ ਇਹ ਦੇਖ ਕੇ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਬਜਟ ਪਾਸ ਹੋਏ ਨੂੰ ਤਕਰੀਬਨ 11 ਮਹੀਨੇ ਨਿਕਲ ਗਏ ਹਨ। ਇਸ ਵਿਚ Central Government ਨੇ 9 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਕਰਜ਼ੇ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਪੰਜਾਬ Government ਨੂੰ ਦਿੱਤੇ ਸੀ ਅਜੇ ਇਸ ਦਾ ਸੂਦ 4¼% ਲੈਣਾ ਸੀ। ਪਰ Punjab Government ਨੇ ਕੀ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਅੱਜੇ ਤਕ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਦਿੱਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ। ਦੂਸਰੀ ਗੱਲ ਇਹ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਕਿ ਸੂਦ 4¼% ਦੀ ਬਜਾਏ 5¼% ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਇਹ 1% ਕਿਉਂ ਵਧਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਅਸੀਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਨੂੰ ਤਰੱਕੀ ਦੇਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਦੇ ਹਾਂ, ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਇਸ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਜੋ ਰਕਮ Centre ਦੇਵੇ ਉਸ ਤੇ ਵੀ ਸੂਦ ਵਧਾਇਆ ਜਾਵੇ, ਇਹ ਕਿਥੋਂ ਤੀਕ ਠੀਕ ਹੈ। ਜੋ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਲਈ ਰੁਪਏ ਰਖੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਅਵਲ ਤਾਂ ਉਹ ਛੇਤੀ ਛੇਤੀ ਦਿੱਤੇ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦੇ......

अध्यक्ष महोदय : आप देखें कि इस Demand में कोई बात ऐसी नहीं आती। (The hon. Member should note that no such thing is included in this Demand.)

ਗਿਆਨੀ ਕਿਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਸ਼ਾਂਤ : ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ tractors ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ........

अध्यक्ष महोदय : इस में तो 2 ही बातें हैं—एक तो seed farm के सिलसले में दूसरी workshop बनाने के लिये। इस पर आप अगर कुछ कहना चाहते हैं तो कहें। (There are only two main items in this demand. One is with regard to the seed farm and the other is in connection with the erection of workshop. If the hon. Member wants to speak on this he may do so.)

ਗਿਆਨੀ ਕਿਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਸ਼ਾਂਤ : ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਦੇ ਨਵੇਂ ਤਰੀਕਿਆਂ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਨਵੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਵਾਸਤੇ ਖਰੀਦੀਆਂ ਜਾਣੀਆਂ ਸਨ ਜਿਵੇਂ ਕਿ tractors ਵਗੈਰਾ ਦੀ ਆਮ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ, ਉਸ ਦੇ ਲਈ ਜਦੋਂ ਰਕਮ ਵੀ ਕਰਜ਼ੇ ਦੀ ਦਿੱਤੀ ਹੋਈ ਹੈ ਤਾਂ ਫੇਰ ਕੀ ਵਜ੍ਹਾ ਹੈ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ tractors ਵਗੈਰਾ ਖਰੀਦੇ ਨਾ ਜਾਣ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਵੀ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਨੂੰ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਦੇਣ ਦਾ ਸਾਧਨ ਹੈ।

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਏਥੇ ਤਾਂ ਬੀਜ ਦੇਣ ਅਤੇ ਵਰਕਸ਼ਾਪ ਬਨਾਉਣ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ, ਤੁਸੀਂ tractors ਕਿਥੋਂ ਲੈ ਆਏ ਹੋ ? ਤੁਹਾਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ ਸਾਰੀ ਗੱਲ study ਕਰਕੇ ਬੋਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। (Here the Demand relates to seeds and the workshop. How has he brought in the tractors ? He ought to speak after thoroughly studying the whole Demand.)

श्री मुलतान सिंह (घरौंडा): स्पीकर साहिब, यह जो Demand है इस में जो agricultural implements के research की जो मांग है, इस के मुतालिक म कह सकता हूं कि जहां तक हमारी research का ताल्लुक है seeds के बारे में जैसे कि मक्की के बीज हैं जिन के मुतालिक research हुई, इन बीजों की अगर ज़रूरत पड़े तो यह Ministers की कोठियों के सिवाये और कहीं नहीं मिल सकता। बजाये इस के कि इस से यह फायदा उठाया जाये कि हमारी food production में तरक्की हो यह वज़ीरों की कोठियों तक ही रह जाता है। आप कहते हैं कि पिछले सालों से हमारी production में तरक्की हुई है। मैं कहता हूं कि यह जो production बढ़ी है यह irrigational facilities की वजह से बढ़ी है, न कि agriculture के महकमा की वजह से बढ़ी है। अगर इस महकमा पर खर्च करने की बजाये हम दूसरे तरीके से इन को facilities दें तो हम production और भी बढ़ा सकते हैं। Research किये हुये seeds को जब तक लोगों तक पहुंचाया नहीं जाता इस का कोई फायदा नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : आप इस demand पर ही बोलें। (The hon. Member should confine himself to the demand only.)

श्री मुलतान सिंह : Research के इलावा दूसरी बात workshop के मुतालिक है। एक workshop अब लुधिआना में बनाई जा कर centralise की जा रही है। Workshop तो करनाल को अंदर भी थी मगर लुधिआना में Agricultural

[श्री मुलतान सिंह]
College भी है। इस के लिए वहां 25,000 रु० और दिये जा रहे हैं। यह सब कुछ लुधियाने में ही किया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदय : यह सब कुछ आप कहां से ले आये हैं। यह तो demand में नहीं है। (How has he brought in this matter? It is no longer included in the Demand.)

श्री मुलतान सिंह : जनाब, करनाल से लाया हूं। (हंसी)

5 p.m.

अध्यक्ष महोदय : आप demand No. 7 को देख लें तब बोलें। (Please see Demand No. 7 and then speak.)

श्री मुलतान सिंह : Workshop के मुताल्लिक मैं जिक्र कर रहा था।

अध्यक्ष महोदय : मैं तो चाहता हूं कि करें लेकिन करते नहीं हैं। (I wish the hon. Member to refer to this subject but he does not do so.)

श्री मुलतान सिंह : जनाब, साथ के साथ कुछ कहना भी पड़ता है। तो, जनाब, मेरी समझ में नहीं आया कि इतनी बड़ी रकम को उठा कर उस रीजन में ले जाया गया।

अध्यक्ष महोदय : इस में तो सिर्फ 4,000 है। (This is only a sum of Rs 4,000.)

श्री मुलतान सिंह : रकम तो मैं मानता हूं कि थोड़ी है लेकिन बात यह है कि यह महकमा कुछ नहीं कर रहा है। अगर इस की तरफ गौर किया जाये तो ज्यादा बेहतर है।

Mr. Speaker : Question is—

> That a Supplementary sum not exceeding Rs 18,700 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 71-Capital Outlay on Schemes of Agricultural Improvement and Research.

The motion was carried.

DEMAND NO. 8.

Capital Outlay on Multipurpose River Schemes

Minister for Finance : Sir, I beg to move—

> That a Supplementary sum not exceeding Rs 1,26,77,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 80-A-Capital Outlay on Multipurpose River Schemes.

Mr. Speaker : Motion moved—

That a Supplementary sum not exceeding Rs 1,26,77,200/- be granted to the Governor to defray the charges that will come in course of payment for the year ending the 31st March, 1958, in respect of 80-A-Capital Outlay on Multipurpose River Schemes.

मैं यह समझता हूं कि इतनी बड़ी रकम के लिए यह कोई justification नहीं। किसी agitation को police के डंडे से निपटाना एक democratic country के लिए फख्र की बात नहीं हो सकती। पंजाब के अंदर यह एक आम रिवाज हो गया है कि चाहे कोई जलसा हो, या कोई agitation हो या जनता ने अपने ख्यालात का इज़हार करना हो तो वह पुलिस की बंदूकों और लाठियों के साए के नीचे किए जाते हैं। अगर सरकार इस किस्म के काम करे और बाद में यह कहे कि उस पुलिस के लिए जो लोगों पर गोलियां चलाती है, जो गावों में जा कर गोलियां चलाती है, अत्याचार करती है जेलों में सत्याग्रहियों पर अत्याचार करती है उस के लिए 59 लाख रुपये की ज़रूरत है तो वह बात जचती नहीं। वह पुलिस जो गुरुद्वारों वा मंदिरों में जा कर बेजा मदाखलत करे, वह police जो law and order की custodian बनने की बजाए लोगों पर अत्याचार करे उस के लिए 59/60 लाख रुपये की रकम देना कोई अक्लमंदी की बात नहीं। उस की justification उन्होंने यह की है कि पंजाब के अंदर फिर्कादाराना वबा फैली हुई थी जिस को ठीक करने के लिए police की ज़रूरत थी। इस बात को सिर्फ Opposition ही criticise नहीं करती बल्कि Treasury Benches पर बैठे हुए मेम्बर साहिबान ने भी यह कहा है कि आज पंजाब के अंदर फिर्कादाराना मुनाफरत फैल रही है और गड़बड़ हो रही है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या Police ने उस वबा को बढ़ाया है या कम किया है? अगर 59/60 लाख रुपया खर्च करने के बावजूद भी वह वबा घटी नहीं बल्कि बढ़ी है और वह फिर्कादाराना कुशीदगी मौजूद है तो उस की ज़िम्मेदारी जहां communal forces की है वहां सरकार की भी है। हमारी सरकार यह चाहती है कि लोग taxation policy के खिलाफ आवाज़ उठाने के लिए इकट्ठे न हों,

अपनी economic हालत को सुधारने का वावेला न करें और जो आजकल कुनबापरवरी हो रही है उस को दूर करने के लिए आवाज़ न उठाएं। अगर कोई ऐसी आवाज़ उठाता है तो उस को जायज़ नाजायज़ तरीके से दबाने की कोशिश की जाती है। यहां पर यह बात congress के ज़िम्मेदार मेम्बरों ने भी कही है कि इस सरकार के ज़माने के अंदर seasoned leadership न होने की वजह से इस पंजाब की हालत बदतर है और फ़िर्कादाराना कशीदगी बढ़ गई है। यहां का अमनोंअमान खराब हो चुका है। पंजाब की जनता के अंदर और legislators के अंदर मायूसी फैली हुई है। इस के इलावा जो अफसरान है वह भी मायूस हैं क्योंकि उन के काम के अंदर interference की जाती है। ऐसे हालात में इस बात की क्या justification है कि Police पर 59 लाख रुपये की रक्म ख़र्च कर दी जाए।

स्पीकर साहिब, इस के अंदर हिन्दी agitation का ज़िक्र आया है। मेरी गुज़ारिश यह है कि वह महज़ एक language का झगड़ा था जोकि वैसे ही ख़त्म हो सकता था और उस के लिए 59/60 लाख रुपया खर्च करने की ज़रूरत नहीं थी। आज हमारी सरकार ने, जो इस सूबे की मालिक बनी बैठी, असूली तौर पर इस मसले को हल करने की कोशिश नहीं की है। Government यह नहीं चाहती कि यह मसला हल हो जाए। आज Jullundur Division में एक तबका पंजाबी का नाम लेता है और दूसरा हिन्दी का नाम लेता है। इस का नतीजा यह होता है कि वहां पर लोगों में आपस में लड़ाई होती है। मैं कहता हूं कि यह जो language का मामला है इस में हमारी Government ने हरियाने के लोगों को कभी confidence में नहीं लिया। मैं दावे से कह सकता हूं कि अगर उन को confidence में लिया होता तो आज 60 लाख रुपया Police पर खर्च करने की ज़रूरत न पड़ती। मैं अर्ज़ करता हूं कि जब तक हरियाने के अंदर राष्ट्र भाषा और उन की मातृ भाषा (हिन्दी) को तरजीह न दी जाएगी उतनी देर तक उन की बेचैनी दूर नहीं होगी। इस का नतीजा यह होगा कि आप फिर कहेंगे कि इस मसले को हल करने के लिए 60 लाख रुपया और दिया जाए। स्पीकर साहिब, दूसरे सूबों में भी इस किस्म की problems खड़ी हुई हैं और वहां पर उन मसलों का हल निकाला गया है लेकिन यहां पर एक ख़ास मकसद के लिए police लगाई जाती है और फ़िर्कादारी का नाम ले कर लोगों के ऊपर तशदद किया जाता है। मैं समझता हूं कि यह जो रकम मांगी गई है इस की कोई justification नहीं है। इस मसले को हल करने के लिए, Communist Party ने जो suggestion दी थी और उस के इलावा कई और लोगों ने भी suggestion दी थीं, वह बिल्कुल सही थीं। वह suggestion यह थी कि हरियाने के अंदर हिन्दी को प्रधान समझ कर पंजाबी को optional करार दिया जाए और पंजाबी area के अंदर हिन्दी और पंजाबी दोनों को ही compulsory किया जाए क्योंकि हिन्दी राष्ट्रभाषा है और पंजाबी उन की मादरी ज़बान है। यह चीज़ अगर कर दी जाती तो यह मसला सुलझ सकता था। लेकिन इस की बजाए Government ने अपना ही formula लोगों पर लागू किया है। अगर समझदारी से काम

[श्री इन्द्र सिंह]

लिया जाता तो यह जो 60 लाख रुपया police के लिए मांगा जा रहा है यह बच सकता था। मैं समझता हूं कि महज़ लोगों को फिर्कादाराना नाम के ऊपर crush करने के लिए यह रुपया मांगा जा रहा है। यह कोई justification नहीं पैदा होती। इसलिए इस रक़म की मंज़ूरी नहीं देनी चाहिए।

इसी तरह, स्पीकर साहिब, मोती महल खरीदने के लिए 30 लाख रुपया मांगा जा रहा। यह non-developmental काम पर ख़र्च किया जा रहा है। इस खर्च पर भी मुझे एतराज़ है।

मैं गुज़ारिश करता हूं कि अगर यह leadership समझदार होती तो यह तीन करोड़ की taxation जो आ रही है उसकी कोई ज़रूरत नहीं थी। यह जो इतना तशदद किया गया है पुलिस की तरफ से इसकी ज़रूरत नहीं थी और यह जो इतना रुपया खर्च किया गया है इसकी कोई जरूरत नहीं थी। यह मसला असूली तौर पर अमन तरीके से हल हो सकता था। लेकिन, स्पीकर साहिब, मैं गुज़ारिश करूंगा कि असली बात यह है कि यह मसला हल करना नहीं चाहते बल्कि यह इस मसला को और लम्बा करना चाहते हैं ताकि इनकी leadership, इनकी हकूमत और इनकी गद्दी फिरकादारी के नाम पर बनी रहे। यह मैं इसलिए कहता हूं कि यह टोला जो आज हुकमरान है और आज सरकार पर काबिज़ है उसके अपने अन्दर इतनी धड़ेबाज़ी है और इतनी partisanship चल रही है कि वह हकूमत भी partisan spirit से करते हैं। मैं अर्ज़ करूंगा कि जब तक यह धड़ेबंदी रहेगी जिसका चर्चा हर जगह होता है, अखबारों में भी होता है और इनकी अपनी party meetings में भी होता है तब तक यह बात चलती रहेगी और उस वक्त तक यह law and order का मामला ठीक नहीं हो सकता और न ही सुधर सकता है। यह जो आज यहां कांग्रेस बनी है यह मुख्तलिफ टोलों की बनी हैं और वह अपने अपने मंतव और अपने अपने अगराज़ लेकर इस में आए हैं......

अध्यक्ष महोदय : पुलिस की grant से बढ़ते बढ़ते अब आप कांग्रेस पार्टी पर आ गए हैं और आगे पता नहीं कि आप किस तरफ जाएंगे। (While discussing the demand for grant relating to the Police the hon. Member has now brought the Congress party under discussion. After that I do not know what would be his next point.)

श्री इन्द्र सिंह : अगर जनाब मैं irrelevant हूंगा then, Sir, I will submit to the Chair.

अध्यक्ष महोदय : मेरे लिए मुश्किल यह है कि जब दूसरे इन बातों पर एतराज़ उठाएंगे तो झगड़ा खड़ा होगा। (The difficulty with me is that the trouble would start when others would take objection to what he is saying.)

Shri Inder Singh: Sir, I will submit to the Chair if I am irrelevant.........

अध्यक्ष महोदय : आप irrelevant तो हैं जब आप irrelevant बातें करते हैं आप जो मर्ज़ी कहें मगर मेरे लिए सिरदर्दी न खड़ी करें। (The hon. Member is irrelevant when he brings irrelevant things under discussion. He may say whatever he likes but he should avoid creating any difficult situation for me.)

श्री इन्द्र सिंह : मैं जनाब बिल्कुल relevant बात करूंगा। तो जनाब मैं अर्ज़ करता हूं कि इन के जो अपने अन्दरूनी हालात हैं वह ठीक नहीं हैं और सख्त धड़ेबंदी चल रही है। उन से बचने के लिए यह खुद इस तरह के धंधे खड़े करते हैं और फिर सुख का सांस लेते हैं कि अब लोगों की नज़रें दूसरी तरफ चली गई हैं और.......

अध्यक्ष महोदय : क्या आप चाहते हैं कि कोई time limit fix हो ? (Do the hon. Members want that there should be some time limit ?)

ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ : 15 ਮਿੰਟ ਰੱਖ ਲਓ ।

अध्यक्ष महोदय : मेरा ख्याल है 10 मिनट काफी हैं। (I think 10 minutes would do.)

आवाज़ें : नहीं जनाब कम से कम 15 मिनट होने चाहिएं ।

अध्यक्ष महोदय : मैं चाहता था कि 10 मिनट रख लें ताकि ज़्यादा मैम्बर बोल लें। (I wanted to fix a time limit of ten minutes so that more members could take part in the debate.)

आवाज़ें : ठीक है ।

अध्यक्ष महोदय : मेरा ख्याल है कि आप अब काफी time ले चुके हैं। (I think, the hon. Member has already taken sufficient time.)

श्री इन्द्र सिंह : मैं जनाब सिर्फ एक बात और कह कर बैठ जाता हूं। तो मैं अर्ज़ करता हूं कि मैं इस बिल की support करता अगर कोई development के कामों के लिए पैसा मांगा जाता, मैं इसकी support करता, अगर कोई communal hormony के लिए रुपए मांगे जाते और पूरी तरह support करता अगर जनता की बहबूदी के लिए कोई काम होता और पैसे मांगे जाते, लेकिन जब यह पुलिस के नाम पर पैसे मांग रहे हैं जिस ने अंधेर गरदी मचाई, और लोगों की रक्षा न करके उन को मारा तो मैं इस की मुखालिफत करूंगा। मैं यह बात भी अर्ज़ करूंगा कि इस पुलिस के साथ इतने बड़े मसले लगे हुए हैं कि अगर ईमानदारी के साथ उन सारी बातों की पड़ताल की जाए तो सारी तसवीर जनता के सामने आए। यहां वित्त मंत्री महोदय ने अपनी बजट सपीच में कहा है कि दूसरे पांच-साला प्लान को कामयाब करने के लिए Opposition parties को हमारा साथ देना चाहिए और हम उनको शामिल करने के लिए तैयार हैं। ठीक है अच्छी बात है । लेकिन हम Opposition वाले यह भी कहते हैं कि जो allegations यहां लगे हैं उनके अपने benches

[श्री इन्द्र सिंह]

की तरफ से भी और इस तरफ के benches की तरफ से भी उनकी पड़ताल करने के लिए भी Opposition को शामिल कर लिया जाए। यह जो पुलिस पर 60 लाख रुपया खर्च हुआ है और जो allegations लगाए गए हैं उनकी पड़ताल के लिए एक Enquiry Commission बिठाया जाए जिस में यह अपनी तरफ के लोगों को भी शामिल करें और opposition को भी उस में शामिल करें और फिर यह High Powered Commission सारी बातों की पड़ताल करें। फिर हम समझेंगे कि यह ईमानदारी के साथ कहते हैं कि हम Opposition को अपने साथ शामिल करने को तैयार हैं और Opposition parties को अपने साथ रखना चाहते हैं। यह एक ऐसी बात है जिसको मैं नज़र अंदाज़ नहीं कर सकता। अगर Opposition parties की co-operation लेना चाहते हैं communal amity के लिए और मुख्तलिफ तबकों को एक platform पर जमा करने के लिए तो जो allegations लगाए गए हैं और जो सारी बातें कही गई हैं उनके बारे including members of Opposition और दूसरे जो उनके अपने आदमी हैं उनको शामिल करके एक Commission बनाया जाए और सारी पड़ताल हो। वह यह पड़ताल भी करे कि क्या वजह है कि पंजाब में अमन कायम क्यों नहीं रहता। इस की क्या २ वजूहात हैं। यह कह कर मैं अर्ज़ करूंगा कि इस demand की कोई justification नहीं है और मैं तमाम मैम्बरों से अपील करूंगा कि अगर State को बचाना है तो इस को outvote कर देना चाहिए। इसको मंजूर नहीं करना चाहिए।

श्री रला राम (मुकेरियां, जनरल) : अध्यक्ष महोदय, मैं इस supplementary बजट का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस बिल में नसराला चो को control करने के लिए भी provision किया गया है। होशियारपुर में अध्यक्ष महोदय, चो जो हैं और जो मसला उन्होंने पैदा कर रखा है वह मसला वहां की ज़िन्दगी और मौत का प्रश्न है। इस में तीन लाख रुपए का ज़िक्र किया गया जोकि नसराला चो को control करने के लिए खर्च किया जाएगा। मैं समझता हूं कि यह रकम जो है वह बिल्कुल नाकाफी है। समस्या इतनी भारी है कि अगर इस रफ्तार से होशियारपुर में चोओं की समस्या को tackle किया गया तो मैं समझता हूं कि इस के लिए कम से कम 25, 30 साल लग जाएंगे, यह रफ्तार बड़ी मंद है और बड़ी धीमी है और इस से होशियारपुर ज़िला को तबाह होने से बचाया नहीं जा सकता है। पीछे एक survey हुआ था जिस में कुछ चोओं का group लिया गया था और यह आशा थी कि यह मसला 4, 5 साल के अन्दर हल कर दिया जाएगा। मगर इस मंदगति को देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि वहां का यह भारी मसला कम से कम 25 साल तक भी हल नहीं हो सकेगा। तो आपके द्वारा मैं अध्यक्ष महोदय अपने मंत्रिमण्डल का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं कि यह एक ऐसा मसला है जिस पर होशियारपुर की तरक्की, बहबूदी और वहां के लाखों लोगों का रोजगार निर्भर है। इस लिए इसको ज्यादा तेज़ रफ्तार के साथ हल करने का प्रयत्न करना चाहिए। सुस्त रफ्तारी जो अब है वह हमारे लिए अति हानिकारक है।

फिर उसी एक चो को लेकर control करने को कोशिश को गई है और जो allied chos उस इलाके में है और जहां से कि यह बहुत सा chos इकट्ठे हो कर उस में शामिल हो जाते हैं उनकी तरफ ग़ौर नहीं किया गया है। इस से साफ ज़ाहिर है कि यह कामयाबी जो है वह अभी बहुत दूर है और शायद यह कामयाबी नसीब न हो। इस सिलसिले में होशियारपुर के ज़िले में बड़ा भारी असंतोष है। पहले हम समझते थे कि 80 लाख रुपया इस बात के लिए मंजूर हुआ है और कभी यह सुना जाता था कि एक करोड़ रुपया रखा गया है लेकिन अब पता लगता है कि सिर्फ तीन लाख की grant हो इस के लिए है। इस मसले को देखते हुए मैं तो कहूंगा कि यह रकम जो रखी गई है वह इस के साथ tinkering है और patch work है और इस तरह यह मसला कभी हल नहीं होगा।

इस के इलावा इस बजट के अन्दर ब्यास नदी के सम्बन्ध में anti-erosion measures का ज़िक्र किया गया है। मैं आपके द्वारा मंत्रिमण्डल तक यह बात पहुँचाना चाहता हूं कि रावी पर जो इस वक्त उसे control करने का और उसके पानी को divert करने का काम हो रहा है इन सब का असर अच्छा नहीं हुआ है और जितना इलाका सुरथल से लेकर दसूहा तक है जो मेरे इलाके में आता है वहां के जितने भी लोग हैं वह बड़े भयभीत नज़र आते हैं और मैं समझता हूं कि उनका डर बहुत हद तक ठीक भी है। रावी पर जो यह काम किया जा रहा है उसका असर अच्छा नहीं हुआ बल्कि इन सालों में वह जो अनेकों ज़रखेज़ गांव थे वह रेत का ढेर बन गए हैं। जब से यह protective measures लिए जा रहे हैं ब्यास नदी के सम्बन्ध में कि वह बेयीं से अन्दर २ रह जाए वहां के 15 मील के इलाके में कम से कम 8 गांव दरिया की ज़द में आ गए हैं और उनका ¾ हिस्सा दरिया के अन्दर बह गया है। यह ठीक है कि जो बात वह लोग कहते हैं वह उनकी कोई expert opinion नहीं है लेकिन फिर भी जो बात वह कहते हैं वह अपने तजरुबा की बिना पर कहते हैं। एक तरफ तो दरियाए रावी के पानी को divert करने के प्रयत्न किए जा रहे हैं और उधर anti-erosion measures हुए तो उस इलाके में सब से ज्यादा floods आते हैं। उनको नज़र-अंदाज़ करना बड़ी भारी गलती है। मेरे हलके के लोगों के अन्दर जो ब्यास के किनारे पर रहते हैं बजा तौर पर बड़ा भय और चिन्ता है कि उनका क्या बनेगा? मैं देखता हूं कि इस बजट में इस सवाल के इस पहलू को बिल्कुल नज़र-अंदाज़ कर दिया गया है और उनकी रक्षा के लिए मुझे कोई भी measures इसके अन्दर नज़र नहीं आए।

तो अध्यक्ष महोदय, आप के ज़रिये मैं यह बताना चाहता हूं कि इस सवाल को समूचे तौर पर लिया जाय और जुदा जुदा हिस्सों के टुकड़े कर के इस को लेना चाहिए वरना anti-erosion measures जो हैं उन को पूरी कामयाबी की तरफ़ नहीं लाया जा सकता। मैं आप के मंत्रिमंडल का ध्यान इस फौरी ज़रूरत की तरफ़ दिलाना चाहता हूं कि बीसियों गांव जो मेरे हल्के मोरथल के पुल से दसूहा वेंई तक हैं वे हरासां रहते हैं। उन की हिफाज़त के लिए मुनासिब ध्यान इन measures के अन्दर दिया जाना चाहिए ताकि वे तबाही से बच सकें।

[श्री रला राम]

पुलिस के लिए जो साठ लाख रुपए की मांग की गई है । इस में इस बात का भी ज़िक्र किया गया है कि इस बहुत से रुपये की इस लिए ज़रूरत पड़ी क्योंकि Save Hindi Agitation का मुकाबला करना था। अध्यक्ष महोदय, आप के ज़रिये मैं एक बात मंत्रिमण्डल के ध्यान में लाना चाहता हूं कि इस Save Hindi Agitation को कंट्रोल करने के लिए या इस का मुकाबला करने के लिए कुछ पुलिस की तरफ़ से एक दो ऐसी बातें हुईं जिन से कि पुलिस के नाम पर धब्बा लगा है और पंजाब ऐडमिनिस्ट्रेशन के नाम पर धब्बा लगा है जैसे कि बहु-अकबरपुर में हुआ है । मैं आप के द्वारा यह बात मंत्रिमण्डल के नोटिस में लाना चाहता हूं कि अगर इन बातों की तहकीकात करवाई जाए और यदि उस में पब्लिक कसूरवार हो तो उसे दण्ड दिया जाये और यदि पुलिस की तरफ से किसी अफसर ने ज्यादतियां की हों तो उसे दण्ड मिलना चाहिए। ऐसा करने से जो ऐडमिनिस्ट्रेशन की prestige है मान मर्यादा है, जो प्रतिष्ठा है वह कम न होगी। इस लिए इन सवालों को खटाई में नहीं डालना चाहिए। इस से सरकार की prestige बढ़ती नहीं है बल्कि कम होती है । इसलिए, अध्यक्ष महोदय आप के द्वारा मैं मंत्रिमण्डल से यह प्रार्थना करूंगा कि यह जो बार बार स्टेट के अन्दर इस बात की चर्चा होती है तो गवर्नमेंट की prestige को बहाल करने के लिए इस किस्म के जो दोषी अफसर हों उन के बरखिलाफ ज़रूर कार्रवाई होनी चाहिए । इस बात से किसी को इनकार नहीं हो सकता कि अगर पब्लिक की तरफ से किसी भी व्यक्ति ने कोई ज्यादती की हो या कोई कानून की खिलाफवर्ज़ी की हो तो उन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, इसमें किसी को आपत्ति नहीं हो सकती, कोई एतराज़ नहीं हो सकता । ये बातें अध्यक्ष महोदय मैं आप के द्वारा मन्त्रिमण्डल के नोटिस में लाना चाहता हूं। इन शब्दों के साथ मैं supplementary budget का समर्थन करता हूं ।

श्री गोरख नाथ (बटाला) : स्पीकर साहिब, कल मुख्तलिफ demands पर जो बहस हुई और आज भी इस Appropriation Bill पर जो एक दो सज्जनों ने कुछ कहा है उसमें ज्यादातर repetition ही हुई है। पहले भी गवर्नर के एड्रेस पर बहस करते हुए काफी बातें कही गईं और इधर से उन का जवाब दिया गया लेकिन कुछ सज्जन ऐसे भी होते हैं कि या तो उन्हें मौका नहीं होता है कि वे बजट को देख सकें। बजट उन्हें पहुंचाया जाय तब भी वे उसे study करने की तकलीफ नहीं करते या कहते हैं कि लाए नहीं हैं या जानबूझ कर पढ़ते नहीं। कुछ मेम्बरान personal चीज़ों को लेकर हाऊस में आते हैं। कल हमारे एक भाई ने Demand No. 13 के मातहत फतहगढ़ ड्रेन पर एतराज़ किया। यह worst area है और हर साल यहां काफी नुकसान हो जाता है। यहां पर एक ऐतिहासिक गुरुद्वारा है उस की जमीन भी काफी इस में आती है। उन्होंने फरमाया कि इस नाले को जल्दबाज़ी में ले लिया गया है लेकिन बिजूमान ड्रेन का हवाला दिया गया कि उसे नहीं लिया गया। मैं समझता हूं कि यह एक सराहनीय कदम है क्योंकि इस नाले के

निकलने से एक तो फतहगढ़ के इलाके में जो हर साल इतना नुकसान होता है वह न होगा और दूसरे इस में provision है कि यह Bijuman Drain तक चला जायेगा और इस तरह से वहां भी नुकसान न होगा।

बाकी इसके लिए अलहदा महकमा है। फाइनेंस वाले तो इस में सिर्फ मंजूरी देते हैं। फाइनेंस मिनिस्टर का इस के साथ ताल्लुक नहीं है। आखिर में मैं सरकार को डीमांड नं० १३ में जो provisions की गई हैं उस के लिए मुबारकबाद देता हूं।

पुलिस की Demand के मुतल्लिक बहुत कुछ कहा सुनी की गई और हैरानी की बात यह है कि कल इस Demand पर कहते हुए बहुत सी irrelevant बातें कही गईं। मौलवी अब्दुलग़नी साहब ने स्मगलिंग की आइटम के मुताल्लिक कुछ कहा था और उस के मुताल्लिक बोलते हुए उन्होंने बटाला की मिसाल दी। मैं बटाला के हल्का को represent करता हूं..........

Shri Balram Dass Tandon : Sir, is the hon. Member relevant ?

श्री गोरख नाथ: उन्होंने स्मगलिंग के बारे में एक बात कही है। इस का जवाब देना मैं ज़रूरी समझता हूं ताकि हाऊस में कोई confusion न रहे। उन्होंने कहा था कि बटाला में एक मिनिस्टर के घर में कांग्रेस का एक वर्कर गोल्ड स्मगलिंग के सिलसिला में गिरफ्तार हुआ। मैं चूंकि बटाला के हल्का से हूं इसलिए मैं उन की ग़लतफहमी दूर करना चाहता हूं कि बटाला में किसी मिनिस्टर का घर नहीं मैं ने तो हाऊस की information के लिए यह कहना ज़रूरी समझा है और यह भी मैं कह दूं कि वह कांग्रेस के सरगरम वर्कर नहीं हैं वह जन संघ के सर गरम वर्कर हैं और अमृतसर से ताल्लुक रखते हैं। मैं यह कहूंगा कि यह कोई अच्छी बात नहीं कि हमारी सरकार को पुलिस के लिये इतनी रकम मंजूर करानी पड़ी। यह हमारी बदकिस्मती है कि हमारी हकूमत जिम्मेदारी महसूस नहीं करती। अगर यह समझा जाये कि agitation करना बुनियादी तौर पर ग़लत है तो लाज़मी तौर पर इतनी रकम पुलिस के लिये न देनी पड़ती। अगर हम समझते हैं कि इतनी भारी रकम का खर्च करना हमारी development पर छापा है तो गवर्नमेंट को आयंदा ज्यादा ज़िम्मेदारी इख्तियार करनी चाहिये। जो तहरीकें चलती हैं उन की रोकथाम के लिये यत्न करने चाहियें और हकायक को सामने रखना चाहिये। बाकी Demands के मुतअल्लिक तो मैं हकूमत की बेबसी समझता हूं लेकिन हकूमत को floods जैसी आफतों का तो मुकाबला करना चाहिये जो लोगों को आए साल परेशान करते हैं। मैं प्रिंसिपल रलाराम की वाकफियत के लिये बताना चाहता हूं कि रावी दरिया का पानी controlled होता है और जब इस में पानी की ज्यादती होती है तो इसे divert कर के ब्यास में डाल दिया जाता है। इसी तरह से जब ब्यास में पानी ज्यादा आ जाता है तो इसे रावी में छोड़ दिया जाता है। पाकिस्तान की तरफ रावी का बहाव बेशक हो जाए लेकिन हिन्दुस्तान की तरफ permanent bund बना दिया गया है ताकि इस तरफ पानी न आ सके।

[श्री गोरख नाथ]

Demand No. 14 के मुतअ्ल्लिक, स्पीकर साहिब, मैं कहे बगैर नहीं रह सकता कि हुकूमत की कौन सी मजबूरी थी, किस शख्स ने मजबूर किया कि Moti Bagh Palace जिस का रक्बा 338.85 एकड़ है हासिल किया जाए। मुझे जहां तक इल्म है अभी तक इस के मुतअ्ल्लिक फैसला होना बाकी है और यह फैसला हो रहा है कि कौन कौन सी जायदादें हैं जो State की मलकियत हैं। और कौनसी राजाओं की अपनी मलकियत है। इस बारे में फैसला हो रहा है। इस से पहले ही कोई चीज़ निश्चय कर लेना कि महाराजा की अपनी मलकियत है मुनासिब मालूम नहीं देता। एक तरफ तो सरकार agrarian reforms कर रही है और 30 standard acres के ऊपर के मालिकों से तवक्को करते हैं कि वे अपनी ज़मीन फरोख्त न कर पाएं। फिर हम Socialistic Pattern of Society कायम करना चाहते हैं ताकि एक जगह पर रुपया इकट्ठा न हो जाये। दूसरी तरफ हम Moti Bagh Palace खरीद कर रहे हैं जिस जगह museum दरकार नहीं था। बेहतर होता कि यह museum चण्डीगढ़ जैसे बड़े शहर में 5 लाख रुपये खर्च कर के बना दिया जाता। अब इतना रुपया खर्च कर के गवर्नमेंट को development की कोई item कम करनी पड़ेगी। पांच लाख रुपये बयाने के तौर पर दिये गये हैं वह ग़लती की है। अगर यह बयाना न दिया गया हो तो इस की अदायगी रोक देनी चाहिये और वही रुपया यहां museum बनाने पर खर्च किया जाये। मैं फिर ज़ोर से दरखास्त करूंगा कि यह हमारे असूल के खिलाफ बात है और tenancy reforms या agrarian reforms के असूलों के भी खिलाफ है। अगर पटियाला में दफतर न भी रहें तो काम smoothly और efficiently चलेगा। मैं तो समझता हूं कि दफतर scattered नहीं होने चाहियें। पटियाले में पहले ही buildings surplus हैं। इसलिए इन हालात में मैं गवर्नमेंट से प्रार्थना करूंगा कि इस मामले पर अच्छी तरह से विचार कर के Moti Bagh Palace को खरीद करने का इरादा तरक कर दे। ऐसा करना मेरे ख्याल में कोई शर्मिंदगी की बात नहीं बल्कि फ़खर की बात होगी।

चौधरी चन्द्र भान (तोशाम) : स्पीकर साहिब, यह जो पुलिस सम्बन्धी 60 लाख रुपये की Supplementary Demand पेश की गई है मैं उस का विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। जहां तक मेरा दुनिया के एतिहास और डैमोक्रेसी का तजरुबा है मैं समझता हूं कि डैमोक्रेसी के अंदर पुलिस राज कभी सफल नहीं हो सकता। असल में पुलिस सम्बन्धी Supplementary Demands तब पेश की जाती हैं जब हकूमत पर जनता का विश्वास न रहा हो और जब जनता का विश्वास किसी हकूमत पर न रहे तो वह हकूमत ज़यादा देर तक कायम नहीं रह सकती। यह पुलिस इस लिए रखी गई क्योंकि Hindi Agitation करने वालों को दबाना मकसूद था जो यह कहते थे कि हमारी मातृभाषा हिन्दी है और उन पर कोई दूसरी ज़बान न ठोंसी जाए। यह बात इस हकूमत को शोभा नहीं देती—जिस हकूमत को जनता के नुमायंदे चला रहे हों, कि वह 60 लाख रुपये की भारी रक्म खर्च कर के जनता की आवाज़ को दबाए और फिर यह रुपया जनता पर टैक्स

लगा कर वसूल करे। पुलिस के ज़रिए डैमोक्रेसी में हुकूमत कायम नहीं रह सकती। पांच दस रोज़ तो डंडे से राज चल सकता है लेकिन हमें तो वह राज चाहिए जहां अमन और शान्ति हो (*Cheers*)। असल में पुलिस ने ही इस agitation को भड़काया और इसी police ने उन की आवाज़ को कुचलने की कोशिश की। मैं खुद चार महीने जेल में रहा हूं मेरा तजरुबा है कि पुलिस दखल अंदाज़ी नहीं करती। मैं महात्मा गांधी का पक्का चेला हूं और उन के सिद्धांतों को मानता हूं। वह कहा करते थे कि पुलिस के ज़रिए जनता को दबाना मुनासिब नहीं, पुलिस तो जनता की सेवक होती है। और इस पंजाब Government की police जो है यह जनता की हाकिम बनी बैठी है। जहां तक मेरा ताल्लुक है; मेरे खिलाफ कोई इलज़ाम नहीं; Deputy Commissioner मेरा कोई दुश्मन नहीं था, S. P. मेरा कोई दुश्मन नहीं; मैं ने कोई जुर्म नहीं किया। Police वालों ने मुझे पकड़ा और तीन महीने तक मुझे District Jail हिसार की एक कोठड़ी में रखा। मैं हैरान था कि मेरे खिलाफ क्या जुर्म लगाया है। मैं समझता था कि पंजाब Government का ऐसा कोई कानून है कि Opposition को जेलों में ही रखा जाता होगा; कोई कानून बना दिया होगा। (*Voices of shame, shame from the Opposition Benches*) आखिर मुझे लिख कर देना पड़ा कि कम से कम मुझे यह बताया जाए कि मेरा जुर्म क्या है कि मुझे अंदर रखा गया है। तीन महीने के अंदर पुलिस ने challan की कापी दी, 10 नंबर के गवाह बनाए और झूठा मुकदमा चलाया गया। मैं अपनी बाबत नहीं कहना चाहता। जब से मैं political life में आया हूं मैं ने ऐसा मौका पहले कभी नहीं देखा। लेकिन मुझे अफसोस है कि उस agitation को दबाने के लिए 60 लाख रुपया मंजूर करवाया जा रहा है। मेरा इलाका एक backward इलाका है। वे लोग हिन्दी या गुरमुखी कुछ नहीं जानते। वहां से 500 आदमी महज़ इस लिए आए कि हमारे M.L.A. को क्यों पकड़ा गया; उसने क्या जुर्म किया? 60 लाख रुपये हिन्दी agitation को दबाने के लिए दिए जा रहे हैं। इस हिसाब से पुलिस ने agitation को तरक्की दी। जो थानेदार और कोई काम नहीं करता था उसके लिए कहा कि इसको हिन्दी agitation में लगा दो। हमारी शानदार Government ने यह पास कर दिया कि हिन्दी agitation बड़ी महंगी है, दूध पीने के लिए कोई भैंस क्यों बांधता है। (हंसी)। पुलिस ने ऐसे २ जुलम किए कि उनको बताने के लिए शर्म आती है। पुलिस ने इखलाक से गिरी हुई बात की। जो एक अफसर के खिलाफ है उसके साथ तो ऐसा बर्ताव हो सकता है। लेकिन मेरी तो पुलिस से कोई दुश्मनी नहीं थी, D.C. से कोई दुश्मनी नहीं; S.P. से कोई दुश्मनी नहीं। मैं तो समझता हूं कि पंजाब Government के अंदर यह divide and rule की policy है। सिखों और हिन्दुओं को अलग २ किया जा रहा है। मैं आपको निश्चय करा सकता हूं कि जितने भी high ups हैं उनमें Chief Minister साहिब की divide and rule की policy है। हिन्दुओं और सिखों को लड़ाया गया। जहां तक मैंने देखा है पुलिस में यह agitation बड़ी दूर तक है। पुलिस में मैं ने यह देखा है कि पुलिस को ऊपर से इस किसम का कोई इशारा है। अब इस हुकूमत को यह

[चौधरी चन्द्र भान]

निश्चय हो गया है कि यह हुकूमत टिक नहीं सकती क्योंकि इस पर जनता का विश्वास नहीं। और जिस हुकूमत के अंदर जनता का विश्वास न हो वह हुकूमत कभी ठहर नहीं सकती। Divide and Rule की policy जो अंग्रेज़ इस्तेमाल करते थे, वह divide and rule की policy हमारे देश को इस हुकूमत ने दिखाई कि कहीं हमारी कुर्सी न खो जाए। सिखों और हिन्दुओं की, देहाती और शहरी की, जाट non-जाट की ज़िले ज़िले को आपस में लड़ाई करवाई। रोहतक वालों को कुर्सी नहीं मिली और हिसार वालों को कुर्सी मिल गई। (*Voices of shame, shame from the Opposition Benches*)। अगर इस बात का सबूत चाहते हैं तो देहात के अंदर ऐसा हुआ। मेरे सगाना गांव के अंदर जा कर Chief Minister ने कहा कि भाई तुम लोहारू के जाट हो और मैं भी तरनतारन का जाट हूं, तो आप आपस में न लड़ें। मेरे इलाके के चार पांच सौ आदमी मेरे पास जेल में मिलने के लिये आए; मैं उनका नुमाइंदा था। वह इलाका अनपढ़ है, बहुत backward area है। उन लोगों ने कहा कि एक सरदार ने कहा था कि मैं तरन तारन का जाट हूं और तुम इस लोहारू के इलाके के जाट हो; तुम क्यों लड़ते हो, झगड़ा क्यों करते हो। इतना ज़िम्मेदार आदमी है। कम से कम ऐसे आदमी के लिए तो यह चीज़ें न होनी चाहिएं।

अध्यक्ष महोदय : बताइए कौन सा सरदार है वह ? Let the hon. Member disclose the identity of that Sardar.) (*Interruptions*) Order, please.

चौधरी चन्द्र भान : मेरे जैसे आदमी को भी पकड़ लिया गया। मैं आपको निश्चय दिलाता हूं कि मैं ने जो भी देखा मैंने उस में यह पाया कि यह अमीर और गरीब की लड़ाई है, लुगाई और मर्द का झगड़ा है। यह divide and rule की policy थी या यह Chief Minister की क्या सफाई थी कि इस तरह खाह मखाह लोगों को जेलों में रख कर पुलिस के लिए इतना रुपया मंजूर करवाना, इतना बड़ा ज़ुल्म करना, इस से State का क्या भला होता है। अगर यह रुपया मेरे इलाके में दिया जाता तो वे लोग सदा यह कहते कि हमारे Finance Minister साहिब, मोहन लाल जी भी बहुत बड़े हो गुज़रे हैं। (हंसी)। (एक माननीय सदस्य : हो गुज़रे नहीं, अब हैं।)

Mr. Speaker : Order please.

चौधरी चन्द्र भान : स्पीकर साहिब, वह एक ऐसा इलाका है कि मैं ने वहां से आ कर इस House में गलती खाई। मैं तो देहाती था; मुझे मालूम ही नहीं था कि ऐसा भी हो सकता है। अगर हमारे Minister साहिब को मैं कहूं कि हम backward इलाका से हैं; हमारे लिए कुछ करें तो शायद उस इलाके का भला हो जाए; मैं यह समझ कर इस House में आया हूं। मेरे भाई अब इस पर एतराज़ उठाते हैं। Police वालों ने लोगों के ऊपर झूठे मुकदमें चलाए। Police ने एक आदमी को चार दिन तक हवालात में रखा। पांचवें दिन पुलिस को मालूम हुआ कि जिस आदमी के बारे ऊपर से खबर आई है यह वह आदमी नहीं है, दूसरा है, तब उसको छोड़ दिया। पुलिस ने यहां तक किया। मेरे हल्का के थानेदार ने बहुत से ऐसे आदमियों को पकड़ कर पीटा था जिन का वह नाम नहीं जानता, गांव नहीं जानता और यह कहता था कि तेरा फलां नाम है, वह कहता था नहीं; मार कुटाई होती थी।

मेरा कहने का मतलब यह है कि आप लोग अगर ठीक तरह से हुकूमत करें तो मुझे इस से कोई एतराज़ नहीं, क्योंकि मैं तो Minister बनने के लायक नहीं। मैं editor नहीं, वकील नहीं (विघ्न)।

अध्यक्ष महोदय : Order please आप लोग जो नज़दीक बैठे हैं, ज़रा दूर हो जायें। आप उनकी तकरीर में दखल देते हैं। Order please. The hon. Members sitting near the Member should please move a little away. They interfere in his speech.)

चौधरी चन्द्र भान : स्पीकर साहिब, मेरे कहने का मतलब यह नहीं। मेरा मतलब यह था कि कम से कम और 60 लाख रुपया पुलिस के लिए न दिया जाए जो इस हुकूमत ने यह बहाना बना कर मांगा है; police ने इस हुकूमत का पानी भरना है......।

अध्यक्ष महोदय : और भी बातें हैं इस में। इस पर ही सारा वक्त लगा दिया। कोई drain वगैरह पर बोलें। There are other Demands also. The hon. Member has spent whole of his time on this Demand. He may speak on drains, etc.)

चौधरी चन्द्र भान : यह एक ऐसी बात है कि ऐसा कहीं नहीं हुआ कि police के डंडे से लोगों को इस तरह पीटा जाए। गांधी जी ने कहा था कि.......

अध्यक्ष महोदय : गांधी जी का नाम न लें। यह Convention है। (The name of Gandhi Ji should not be dragged in. This is a convention.) (घंटी)।

चौधरी चन्द्र भान : एक बात और है। इस पर मुझे दो मिनट और दीजिए। पहली position स्पष्ट है। एक साल पहले यह सवाल उठा कि smuggling होती है। आवाज़ आती थी कि यह होता है, वह होता है। अब जो cases आते हैं वे हमारी Government के सामने हैं। खैर, अब उस में और ज़िक्र है। इसमें 60 लाख रुपये की जो यह Demand रखी गई है, इसमें smuggling के बारे में क्या तरक्की भी होगी? यह होगा कि अगर कोई अफसर smuggling में पकड़ा गया तो उसको हिन्दी agitation के लिए लगा दिया कि तुम इनको रगड़ो और उसे medal दिया गया। यह इनाम है। इस हकूमत में ऐसा हो रहा है। स्पीकर साहिब, जो जनता को काफी सारा रगड़े, काफी सारा ज़ुलम करें; सिर्फ इतना करे कि वज़ीर साहिबान से मिल कर रहे, उसे medal मिलता है।

स्पीकर साहिब, इसी police के अंदर ऐसे आदमी भी हैं जो बेचारे रात दिन काम करते हैं। उनके लिए कोई जगह नहीं, कोई promotion नहीं। वे नालायक समझे जाते हैं। बहुत से वज़ीरों से मिल जुल कर रहते हैं; उनकी रिश्तेदारी है, कई बातें हैं। स्पीकर साहिब, आप को नक्शा समझ में आए कि यह राज ही रिश्तेदारों का है।

अध्यक्ष महोदय : यह जो police है यह केवल हिन्दी agitation के लिए है या smuggling के लिए ही नहीं होती है। (The police is not meant for Hindi Agitation or smuggling only.) (*Interruption*) Order, please. एक बात और है। आप जो इनके गिर्द बैठे हैं वे ज़रा बोलने दें इन्हें अच्छी तरह। चलो जी। (*Interruption*) Order please.

[अध्यक्ष महोदय]
(The hon. Members sitting near the hon. Member should please allow him to speak uninterruptedly. The hon. Member may continue his speech. (*Interruption.*) Order, please.

स्पीकर साहिब, इन बातों के करने का मेरा मतलब यह है कि आप हमारे मिनिस्टरों को यह कहें कि वे डीवाइड ऐंड रूल की पालिसी पर अमल न करें। नहीं तो देश की हालत नहीं सुधरेगी। देश की हालत तभी सुधर सकती है जब कि वे डीवाइड ऐंड रूल की पालिसी का त्याग कर दें। वे चाहते हैं कि पुलिस के लिए इतने लाख रुपया मंजूर करवा कर जनता को रगड़ा दिलवाएं। मैं उन से कहना चाहता हूं कि उन को ऐसा विचार नहीं होना चाहिये कि चूंकि चन्द्र भान ऐसा कहता है इस लिए ज़रूर उस के उलट ही करना है। जनता खुद हर एक बात को परख लेती है। वे इस वक्त जनता को भूल गए हैं। वे यह बात भूल गए हैं कि अंग्रेज़ों ने पुलिस से इसी जनता को तीन सौ साल तक पिटवाया लेकिन आखिर में फिर भी उन को इस देश को छोड़ कर जाना पड़ा। तो वे क्या ख्याल करते हैं कि वे जनता को पिटवाते रहेंगे और वे नहीं जाएंगे। उन को भी ज़रूर जाना ही पड़ेगा। अगर उन्होंने पुलिस के ज़रिये राज करना है तो....

अध्यक्ष महोदय : टंडन साहिब, आप ऐसी बातें करवाते हैं यह ठीक नहीं है। (Shri Tandon is prompting the hon. Member to speak such things. It is not proper on his part.

श्री बल राम दास टंडन : पहले उस तरफ से ऐसी बातें होती हैं। जब आप अलाऊ कर देते हैं तो फिर. ....

अध्यक्ष महोदय : ऐसी बातें हाऊस की प्रोसीडिंग्स में नहीं आनी चाहियें। (These things should not come in the proceedings of the House.)

चौधरी साधु राम : On a point of order Sir. स्पीकर साहिब, क्या ऐप्रोप्रीएशन बिल पर इतनी तफसील के साथ बोला जा सकता है?

अध्यक्ष महोदय : मैं इस जगह पर ऐप्रोप्रीएशन बिल के स्कोप का ख्याल नहीं रख रहा। (At present I am not putting the question of the scope of the Appropriation Bill here.)

चौधरी चन्द्र भान : मैं आप को अदालत की बात बताऊं। तीन चार महीने के बाद चालान पेश हुआ। चालान पढ़ कर सुनाया गया। (विघ्न) (फिर विघ्न) मैं ने थानेदार से कहा कि झूठा मुकदमा क्यों बनाया तुम ने, अगर सच्चा मुकदमा बनाते तो कामयाब होता। थानेदार ने कहा कि मैं इतना मूर्ख नहीं था मुझे ऊपर से हिदायत आई थी सो मैं ने वैसा ही कर दिया। उन्होंने कहा कि पकड़ो मैं ने पकड़ लिया। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह जो इतनी भारी रकम पुलिस पर खर्च की जा रही है इस को जनता की भलाई के लिये खर्च करना चाहिएँ। इन लफज़ों के साथ मैं अपनी स्पीच को खत्म करता हूं।

श्री राम प्यारा (करनाल) : स्पीकर साहिब, आज जो ऐप्रोप्रीएशन बिल पेश है इस की डिमांड नम्बर १३ में कुछ कन्स्ट्रकशन आफ इरीगेशन वर्क्स के लिये रुपया मांगा गया है। इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक करनाल ज़िले का ताल्लुक है उस में हर साल फलड्ज़ आते रहते हैं। उस ज़िले में चार दरिया बहते हैं। उन के नाम यमुना, सरस्वती, मारकंडा और कांगड़ी हैं। इन नदी नालों की वजह से उस ज़िले में हर साल बाढ़ आती रहती है और उस इलाके को काफी नुक्सान पहुंचता है। सिर्फ बाढ़ों के कारण ही नहीं बल्कि बहुत सारा एरिया उस ज़िले का वाटर-लाग्ड एरिया हो गया है। गो ड्रेन्ज़ बनाने के लिए रुपया रखा गया है लेकिन वह मेरी समझ में नाकाफी है। और इस के अलावा करनाल ज़िले के साथ जो बेइनसाफी हुई है वह यह है कि वहां पर स्टाफ की बहुत कमी है। जिस वक्त भी दफ्तर में जाएं ऐक्स ई. एन. और ऐस. डी. ओ. दफ्तर में नहीं मिलते। क्योंकि उन की डिमांड चारों तरफ ही रहती है। उन को सब जगह पर देखने के लिये जाना पड़ता है। इतना रुपया भी खर्च किया जाता है और फिर दो चार अफसरान की कमी के कारण अगर काम में रुकावट पैदा होती है तो इस का मतलब है कि ज़िला जालन्धर के साथ भी और ज़िला करनाल के साथ बेइनसाफी होती है। जहां इतना रुपया खर्च किया जाता है वहां अगर स्टाफ में इज़ाफा नहीं किया जाता तो मुझे रुपया ज़ाया हो जाने का खदशा है। इसी डिमांड की आइटिम नम्बर 23 के मातहत दरियाए यमुना पर नगला गांव के मुकाम पर बांध बांधने के लिये पचास हज़ार रुपए की मांग की गई है। यह बांध दो साल पहले भी बनाया गया था लेकिन बाढ़ आने पर वह टूट गया और उस के नतीजे के तौर पर लाखों एकड़ ज़मीन पर पानी फिर गया, हज़ारों मवेशी बह गए, लाखों बिमारी की वजह से मर गए, चारा न मिलने की वजह से लाखों मवेशी भूख से मर गए। सरकार को लाखों रुपयों की तकावी लोगों को देनी पड़ी, लाखों रुपया लोगों को ग्रांट के तौर पर देना पड़ा। इतना रुपया तो लोगों को देने में खर्च हुआ और अस्सी हज़ार रुपया लगा कर फिर बांध बनाया गया और वह फिर टूट गया। फिर बहुत नुक्सान हुआ। गवर्नमेंट ने तकावी की सूरत में, मकानों के बनवाने में और लोगों को लोन देने की सूरत में लाखों रुपये खर्च किये। इस तरह से लाखों रुपया सरकार का खर्च हो जाता है। लेकिन वह बांध को मुस्तकिल तौर पर बनवाने के लिए काफी रुपया नहीं रखती। मुझे खदशा है कि यह जो रुपया रखा गया है बांध बनवाने के लिए काफी नहीं है। अगर सारे का सारा रुपया भी सन् 58 में खर्च कर दिया जाए तो भी बांध अटक नहीं सकेगा। क्योंकि पिछले साल जब बांध टूटा था तो उस के टूटने की वजह से दरिया काफी सारा करनाल की तरफ आ गया है। अब दरिया बांध के नीचे ही बह रहा है। मुझे अब भी डर था कि अगर सरदी के मौसम में भी ज़्यादा वर्षा आ जाती तो वह बांध टूट जाता। लेकिन करनाल ज़िले की खुशकिस्मती थी कि वर्षा ज़्यादा नहीं हुई और पानी ज़्यादा नहीं आया। स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि अगर हमारी हकूमत गुरदासपुर और अमृतसर के ज़िलों में बांधों के बनाने पर लाखों रुपया खर्च कर सकती है तो उस को चाहिये कि करनाल ज़िले में भी बांध बांधने पर काफी रुपया खर्च करे ताकि बांध के टूटने का खदशा खत्म हो जाए, बांध कायम रहे और लोगों को आराम पहुंच सके। एक तरफ तो गवर्नमेंट खाली ज़मीन को एक्वायर करने का नोटीफिकेशन कर रही है और वहां के लोगों को ज़मीन छिन जाने का खदशा बना रहता

[श्री राम प्यारा]
है ग्रौर दूसरी तरफ बांध को पक्का करने का कोई खास इन्तज़ाम नहीं करती ग्रौर इस तरह से उन के सामने बाढ़ का खतरा भी हमेशा बना रहता है। यह जो थोड़ा सा रुपया इस काम के लिये रखा गया है वह सिर्फ ग्रांसू पोंछने के लिये रखा गया है क्योंकि गुरदासपुर ग्रौर ग्रमृतसर में जो इतना रुपया खर्च किया जा रहा है थोड़ा सा रुपया करनाल के लिए भी रख दो ताकि इस ज़िले के लोग बोल न सकें। लेकिन इस से ज़िले के लोगों की तसल्ली नहीं होती। इस ज़िले के लोगों को जो कि यमुना के किनारे सत्तर ग्रस्सी मील तक वाक्या है कुछ रिलीफ नहीं मिल सकता। वहां हर साल बाढ़ ग्राती रहेगी। इस लिये मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि ग्रगर गवर्नमेंट वाकई यह चाहती है कि इस ज़िले के लोग कुछ पैदावार कर सकें, उजड़ कर न जाएं तो उस को इन की तरफ ज्यादा ध्यान देना चाहिये। मुझे खतरा एक ग्रौर भी है। बेशक यह रकम लिख दी गई है लेकिन यह हो सकता है कि यह रुपया खर्च ही न किया जाए। जैसे कि कुन्जपुर में सड़क को पक्का करने के पिछले तीन चार साल से मुतालबा किया जा रहा है ग्रौर बजट में भी ग्रा जाता है लेकिन सड़क नहीं बन रही। गवर्नमेंट हाऊस को यकीन भी दिला देती है कि सड़क बना दी जाएगी लेकिन नहीं बनाई गई। नतीजा यह होता है कि जब उस इलाके में बाढ़ ग्राती है तो वह एरिया शहर से कट जाता है। न ग्रादमी ग्रा जा सकते हैं ग्रौर न ही डंगरों को निकाला जा सकता है। नतीजा यह हुग्रा है कि वहां के लोग बहुत ग़रीब हो गए हैं ग्रौर बहुत सारे लोग उस इलाके को भी छोड़ कर जा चुके हैं। ग्रगर गवर्नमेंट ग्राज statistics इकट्ठे करे तो पता चलेगा कि पिछले दो-तीन सालों के ग्रन्दर जहां जहां गांव में दो-दो, तीन-तीन हज़ार की ग्राबादी

11.00 a.m.

थी वहां ग्रब मुश्किल से एक हज़ार रह गई है। वे बेचारे वहां रह कर भी क्या करें? खाने के लिए तो कुछ है नहीं। ज़मीन पर इतना पानी भरा रहता है कि पहली फसल तो कुजा, दूसरी फसल भी नहीं बोई जा सकती। इसलिए मैं गवर्नमेंट से ग्रर्ज़ करूँगा कि इस तरफ़ ज़रूर ध्यान दिया जाए।

इसमें कोई शक नहीं कि drains पर काफी रुपया खर्च किया गया है। लेकिन मैंने खुद देखा है कि गांव के ग्रन्दर drains पर जो पुल बनाए गए हैं उन के नतीजे के तौर गांव की ग्राधी ज़मीन एक तरफ़ रह जाती है ग्रौर ग्राधी ज़मीन दूसरी तरफ़।

वह drains दस २, बारह २, पन्द्रह २ फुट चौड़ी ग्रौर छः छः फुट गहरी हैं। बारिश के दिनों में जब ये drains चलती हैं तो गांव के लोग बेचारे न उधर की ज़मीन को काश्त कर सकते हैं, ग्रौर न डंगरों को चराने के लिए जा सकते हैं ग्रौर न ग्रनाज शहर को ले जा सकते हैं। मैं समझता हूं कि यह भी एक जरूरी मद है। इसकी तरफ़ भी ज़रूरी फौरी तौर पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

ग्रगली item Demand No. 14 है जिसकी बाबत पंडित गोरखनाथ जी ने भी ज़िक्र किया है। एक बहुत बड़ा महल खरीद करने पर यह रकम खर्च की गई है। जब एक तरफ 30 एकड़ से फाल्तू ज़मीन दूसरों के पास रखने की ममानत की गई है तो मैं हैरान हूँ कि एक बहुत बड़े महल को लाखों रुपए नकद देकर क्यों खरीदने की कोशिश की जा रही है। Land Mortgage Bank किसानों की बेहतरी के लिए बनाया है ग्रौर

पंजाब गवर्नमेंट इसके लिए मुबारकबाद की मुस्तहिक भी है। मगर अफसोस है कि इस bank के पास रुपया नहीं जिससे गरीब आदमी को फायदा पहुंच सके। मैं यह समझता हूँ कि अगर यह रुपया उस bank को दे दिया जाए तो उससे हज़ारों आदमियों को फ़ायदा पहुंच सकता है। इसी तरह अगर Education Minister साहिब ने कोई कोशिश की होती कि कितने लायक और ज़हीन लड़के ऐसे हैं जो सिर्फ़ थोड़ा सा रुपया न होने की खातिर पढ़ने से रुक जाते हैं, और इस तरह देश का कीमती सरमाया ज़ाया होता है तो मैं समझता हूँ कि यही रुपया उन पर इस्तेमाल किया जा सकता था। इसी तरह मैं देखता हूँ कि industries पर भी कोई खास रुपया खर्च नहीं किया गया और हज़ारों.....

Mr. Speaker : The hon. Member is not relevant.

श्री राम प्यारा : बस खत्म करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : Supplementary Estimates पर बोलते वक्त general discussion की इजाज़त नहीं दी जा सकती। इसमें तो सिर्फ उन schemes को implement करने की बाबत कहा जा सकता है जोकि इसमें included हैं। इसके मुताल्लिक एक definite rule है। उसमें Speaker को अख्तियार है कि जिन मेम्बरों ने Supplementary Estimates को discuss करना हो उससे वह points पहले हासिल कर लें, मांग ले जिन पर मेम्बर concerned ने बोलना हो। मैं ने तो इस मामले में आप को पहले ही काफी latitude दिया हुआ है लेकिन इस का मतलब यह नहीं कि आप इसके scope के भी बाहर चले जाएं। (General discussion is not permitted while speaking on the Supplementary Estimates. In this discussion is allowed only on the implementation of those schemes which are included therein. There is a definite rule about it, which empowers the Speaker to call for in advance the points which the hon. Member concerned wants to discuss. I have already given a considerable latitude in this regard to the hon. Members. But this does not mean that they should go beyond the scope of the Supplementary Estimates.) (*Interruptions.*)

श्री राम प्यारा : मैं तो जनाब कुछ suggestions अर्ज़ कर रहा था। खैर एक बात और कह कर बैठ जाता हूं।

Mr. Speaker : Please wind up.

श्री राम प्यारा : तो मैं यह कह रहा था कि वह रुपया और बातों पर इस्तेमाल किया जा सकता था। पुलिस के बारे कहा गया है कि इतना रुपया इस मद पर खर्च नहीं किया जाना चाहिए था। मैं समझता हूँ कि जो movement चलती हैं; उसको face करना ही पड़ता है। वह गलत हो या सही; उसको face करने के लिए गवर्नमेंट को अपनी तरफ से इन्तज़ाम करना ही पड़ता है। लेकिन सवाल यह है कि गवर्नमेंट की तरफ से कोई ज़्यादती न हो। गवर्नमेंट की तरफ से बड़ी एहतियात करने की ज़रूरत है। लेकिन यह नहीं होना चाहिए कि अगर नुक्ताचीनी करने वाले इस तरफ बैठे हों तो वह इसको जायज़ कहें और अगर उस तरफ़

[श्री राम प्यारा]
बैठे हों तो कहें कि यह नाजायज़ है। मैं समझता हूं कि नुक्ताचीनी करने का सही असूल यह है कि अच्छी चीज़ को अच्छा और बुरी चीज़ को ही बुरा कहा जाए। इस तरह की constructive नुक्ताचीनी से ही अपने सूबे की development हो सकती है।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ (ਸਮਰਾਲਾ ਜਨਰਲ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਜੋ, appropriation Bill 3,31,25,110 ਰੁਪਏ ਦਾ supplementary estimates ਦੇ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਮਦਾਂ ਤੇ ਉਹ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਉਸਾਰੂ ਕੰਮਾ ਦੇ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਖਰਚ ਕੀਤੀਆਂ ਨੇ ਜਾਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮਗਰ ਕਈ ਇਹੋ ਜਹੀਆਂ ਮਦਾਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਉਪਰ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੁਤਅੱਲਕ ਇਸ House ਕੋਲੋਂ ਮੰਜ਼ੂਰੀ ਮੰਗਣ ਦਾ ਸਵਾਲ ਦਰਪੇਸ਼ ਹੈ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਉਨ੍ਹਾਂ ਰਕਮਾਂ ਦੇ ਮੁਤਅੱਲਕ ਕੁਝ ਮੈਨੂੰ ਵੀ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੈ। 60,00,000 ਦੇ ਕਰੀਬ ਰੁਪਿਆ Additional Police ਔਰ temporary police ਤੇ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਜਿਹੜਾ ਕਿ State ਵਿਚ ਪੈਦਾ ਹੋਏ abnormal ਹਾਲਾਤ ਕਾਰਨ ਕਰਨਾ ਪਿਆ। ਪਰ ਮੈਂ ਇਸ ਦੇ ਮੁਤਅੱਲਕ ਇਤਰਾਜ਼ ਕਿਸ ਉਤੇ ਕਰਾਂ ? ਸਰਕਾਰ ਉਤੇ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਜਾਂ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਉਤੇ ? ਇਹ ਗਲ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ, ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਫ਼ਜ਼ੂਲ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਖਰਚ ਕਰ ਕੇ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਦਬਾਉਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਸਹੀ ਤਸਵੀਰ ਆਪ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਪੇਸ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਔਰ ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ verdict ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜਨਤਾ ਦਾ=ਇਸ ਸੂਬੇ ਦੇ ਸੁਲਝੇ ਤੇ ਸਿਆਣੇ ਆਦਮੀਆਂ ਦਾ ਕਿ ਅਸਲ ਵਿਚ ਸਹੀ ਚੀਜ਼ ਕੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ ਕੁਝ ਇਥੇ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਹ ਸਚਾਈ ਤੇ ਅਸੂਲ ਨੂੰ ਪਿਛੇ ਰਖ ਕੇ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਸਚਾਈ ਨੂੰ ਲੁਕਾਉਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਉਤੇ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੈ; ਦੁਖ ਵੀ ਹੈ। ਉਹ ਇਸ ਕਰਕੇ ਕਿ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਪੰਜਾਬ ਦੇ tax ਦੇਣ ਵਾਲੇ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਆਇਆ—ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਥੋੜਾ ਥੋੜਾ ਰੁਪਿਆ ਪਾ ਕੇ State ਦੇ ਖ਼ਜ਼ਾਨੇ ਵਿਚ ਇਹ ਰਕਮ ਪੈਦਾ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਹ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਸਰਕਾਰ ਖੁਦ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਰੁਪਏ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜ਼ਾਇਆ ਕਰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ wastage ਦੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰ ਉਹ ਖੁਦ ਹੈ। ਅਤੇ ਜੇਕਰ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਲੋਕ ਇਹੋ ਜਿਹੇ — ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਹਾਲਾਤ ਪੈਦਾ ਕਰਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕਰਕੇ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਖ਼ਰਚ ਕਰਨਾ ਪਿਆ ਤਾਂ ਇਸ ਦੀ ਸਾਰੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ ਆਉਂਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲੋਂ ਹੀ ਇਥੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਪੁਲਿਸ ਉਤੇ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਜਨਤਾ ਦਬੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਨਾ ਹੀ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਪੁਲਸ ਹੁੰਦੀ ਤੇ ਕੀ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ? ਕੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਖੁਲੀ ਛੁਟੀ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਇੱਟਾਂ ਮਾਰਨ ਦੀ, ਪੁਲੀਸ ਦੀਆਂ ਵਰਦੀਆਂ ਫਾੜਣ ਦੀ, ਔਰਤਾਂ ਉਤੇ ਹਮਲੇ ਕਰਨ ਦੀ, Secretariat ਦੀਆਂ ਕੰਧਾਂ ਟੱਪਣ ਦੀ, ਤਾਰਾਂ ਤੋੜਣ ਦੀ, ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਜਿਤਨੇ ਕੰਮ ਚਲ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਗੜਬੜ ਕਰਨ ਦੀ ? ਇਨ੍ਹਾਂ ਗਲਾਂ ਨੂੰ check ਕਰਨ ਲਈ ਜੇ ਉਥੇ ਪੁਲੀਸ ਨਾ ਹੁੰਦੀ ਤਾਂ ਆਪ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਉ ਕਿ ਹਲਾਤ ਕਿਹੋ ਜਿਹੇ ਹੋ ਜਾਣੇ ਸਨ ਬਾਵਜੂਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ

unlawful activities ਦੇ ਪੁਲਸ ਨੇ ਬੜੇ ਸਬਰ ਨਾਲ ਕੰਮ ਲਿਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਫੜਕੇ-ਲਾਰੀਆਂ ਵਿਚ ਬਠਾਕੇ, ਸਰਕਾਰੀ ਪਟਰੋਲ ਖਰਚ ਕਰਕੇ, ਡਾਕਟਰ ਨਾਲ ਲੈ ਕੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਮਕਾਨਾਂ ਤੇ ਛਡ ਆਉਂਦੇ ਰਹੇ ਹਨ । ਐਨਾ ਹੀ ਨਹੀਂ, ਆਪਣੇ ਸਿਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਅਗੇ ਕਰ ਦਿੱਤੇ—ਆਪਣੀਆਂ ਵਰਦੀਆਂ ਫੜਵਾਂ ਲਈਆਂ । ਕੀ ਉਸ ਪੁਲਿਸ ਉਤੇ ਇਸ ਕਾਰਨ ਖਰਚ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ agitators ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਹੁਲੜਬਾਜ਼ੀ ਕਰਨ ਲਈ ਖੁਲੀ ਛੁਟੀ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ? ਕੀ ਇਸ ਨਾਲ ਜਨਤਾ ਦਬਾਈ ਗਈ ਜਾਂ ਬਚਾਈ ਗਈ ? ਜਨਤਾ ਤਾਂ ਉਹ ਵੀ ਹੈ ਜੋ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਵਿਚ ਜੇਲਾਂ ਵਿਚ ਪਈ ਹੈ । ਉਹ ਵੀ ਜਨਤਾ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਕੋਈ ਨਾ ਕੋਈ ਜੁਰਮ ਕਰਕੇ ਜੇਲ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਬੰਦ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੁਝ ਦਿਆਨਤਦਾਰੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਜੇ legally ਨਹੀਂ ਤਾਂ morally ਸਟੇਟ ਦਾ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰਵਾਉਣ ਦੀ ਸਾਰੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ ਹੀ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ State ਵਿਚ ਅਜਿਹੇ ਹਾਲਾਤ ਪੈਦਾ ਕੀਤੇ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗਲਾਂ ਤੋਂ ਇਹੋ ਜਾਪਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ fruitless, purposeless ਅਤੇ ਬੇਮਾਇਨੀ agitation ਸ਼ੁਰੂ ਕਰਕੇ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਹਾਲਾਤ ਪੈਦਾ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਕਿਹਾ ਜਾਵੇ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜਨਤਾਂ ਨੂੰ ਦਬਾਇਆ ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਉਹੀ ਮਿਸਾਲ ਯਾਦ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਕਿ "ਨਾਲੇ ਚੋਰਾਂ ਵਿਚ ਤੇ ਨਾਲੇ ਚੌਕੀਦਾਰਾਂ ਵਿਚ" ।

(At this stage Mr. Dy. Speaker occupied the Chair.)

ਇਸ ਰੁਪਏ ਦੇ ਖਰਚ ਦੇ ਉਹੋ ਹੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰ ਹਨ ਪਰ ਅਜ ਜੰਤਾਂ ਵਿਚ ਇਹ ਅਵਾਜ਼ ਉਠਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਇਤਨੀ ਵਡੀ 60 ਲੱਖ ਦੀ ਰਕਮ ਪੁਲਸ ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਬਾਉਣ ਲਈ। ਪਹਿਲੀ ਗੱਲ ਤੇ ਇਹ ਹੈ ਕਿ public ਨੂੰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਗਲਤ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿ ਕੇ ਗੁਮਰਾਹ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਗਲਤ ਰਾਹ ਤੇ ਚਲਾਉਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਰੌਲਾ ਗੌਲਾ ਪਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਾਲਾਤ ਬਹੁਤ ਖਰਾਬ ਹੋ ਗਏ ਹਨ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸਹੀ ਅਗਵਾਹੀ ਜਨਤਾ ਦੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ । ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਹਾਲਾਤ ਅੱਜ ਖਰਾਬ ਨੇ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਾਲਾਤ ਫਿਰਕਾ ਪ੍ਰਸਤੀ ਵਾਸਤੇ ਖਰਾਬ ਨੇ । ਉਹ ਲੋਕ ਜਿਹੜੇ ਗੜਬੜ ਕਰਦੇ ਨੇ ਅਤੇ ਗੜਬੜ ਕਰਾਉਂਦੇ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ ਅਜ ਹਾਲਾਤ ਖਰਾਬ ਨੇ । ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ personal vendetta ਕਿਸੇ ਨਾ ਕਿਸੇ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਕਢਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ, ਅਤੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਪਸੰਦ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਹਾਲਾਤ ਖਰਾਬ ਹਨ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ ਹਾਲਾਤ ਖਰਾਬ ਹੀ ਰਹਿਣੇ ਹਨ । ਮੇਰੀ ਇਹ ਦੁਆ ਹੈ, ਮੇਰੀ ਇਹ wish ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ ਹਾਲਾਤ ਖਰਾਬ ਹੀ ਰਹਿਣ । ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਸਹੀ ਸੇਵਾ ਤਦ ਹੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜਦੋਂ ਫਿਰਕਾ ਪਰਸਤੀ ਵਾਸਤੇ ਇਥੇ ਮੈਦਾਨ ਇਤਨਾ ਤੰਗ ਹੋ ਜਾਏ ਕਿ ਮੁੜ ਕੇ ਇਥੇ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਹੋ ਨਾ ਸਕਣ । ਇਥੇ ਇਹ agitation ਚਲਾ ਕੇ ਹਾਲਾਤ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਖਰਾਬ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਜਿਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਵੀ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਨਿਕਲਿਆ । ਸਾਨੂੰ ਮੁੜ ਮੁੜ ਕੇ ਦਸਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ ਦੋ ਤਿੰਨ incidents ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਹੋਏ ਹਨ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੀ agitation ਜਿਸਦਾ ਖਾਸਾ ਹਿਸਾ violence ਤੇ ਮਬਨੀ ਸੀ ਉਹ ਹੀ ਇਨ੍ਹਾਂ incidents ਦੀ ਜਿਮੇਂਵਾਰ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ incidents ਦੀ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਬਲਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਇਸ agitation ਨੂੰ ਚਲਾ ਰਹੇ ਸੀ । ਫਿਰ ਆਮ ਜੰਤਾ ਤੇ control ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ

[ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ]
ਸਕਦਾ ਪਰ ਇਥੇ ਤਾਂ leaders ਵੀ ਆਪ control ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਰਹੇ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਪਹਿਲੇ ਵੀ ਇਥੇ ਵਾਪਰੀਆਂ ਸਨ । ਉਸ ਵੇਲੇ ਇਥੇ ਸਚੱਰ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਸੀ । ਉਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਡਾਕਟਰ ਗੋਪੀ ਚੰਦ ਸਾਹਿਬ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਵੀ ਰਹੀ ਹੈ ਉਸ ਵੇਲੇ ਵੀ ਕੁਝ incidents ਹੋਏ ਸਨ । ਉਸ ਵੇਲੇ ਵੀ tear gas ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ । ਉਸ ਵੇਲੇ tear gas ਛਡਣ ਦੀ ਕਿਉਂ ਜ਼ਰੂਰਤ ਮਹਿਸੂਸ ਹੋਣੀ ਮੈਂ ਉਸ ਦੇ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ । ਇਹ ਮੁੜ ਮੁੜ ਕੇ ਕਹਿਣਾ ਕਿ ਬਹੂਅਕਬਰ ਪੁਰ ਦਾ ਵਾਕਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਜਾਂ ਇਕ ਹੋਰ ਵਾਕਿਆ ਇਕ ਜੇਲ ਵਿਚ ਹੋਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਚਰਚਾ ਕਰਨੀ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਪੁਲਿਸ ਬੜੀ ਜ਼ਾਲਮ ਹੈ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਦਬਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ, ਇਹ ਬੜੀ ਗ਼ਲਤ ਬਾਤ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਬੜੇ ਗ਼ਲਤ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਪੇਸ਼ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਹਾਂ ਇਹ ਖਿਆਲ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਸਜਣਾਂ ਨੇ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤੀਆਂ ਹਨ ਅਗਰ ਉਹ ਮਹਿਜ਼ cheap popularity gain ਕਰਨ ਲਈ ਹਨ then it is all right ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ leaders ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਇਸ agitation ਨੂੰ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਹੀ ਇਨ੍ਹਾਂ incidents ਦੀ ਜ਼ਿਮੇਂਵਾਰੀ ਆਉਂਦੀ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਹਾਲਾਤ ਇਥੇ ਇਸ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਪੈਦਾ ਕੀਤੇ ।

ਫਿਰ ਇਕੋ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਇਥੇ ਹਰ ਮੌਕੇ ਤੇ ਬਾਰ ਬਾਰ ਕਹੀ ਜਾਣਾ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ । ਇਥੇ ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ ਚੀਜ਼ਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ demands ਵਿਚ ਆਈਆਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕਮੀਆਂ ਵੀ ਹਨ ਤੇ ਘਾਟੇ ਵੀ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਵੀ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ । ਵਕਤ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਸ ਗਲ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦੇਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ abnormal ਹਾਲਾਤ ਪੈਦਾ ਕਰਦੀਆਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਏ । ਇਨ੍ਹਾਂ Supplementary Demands ਦੇ ਵਿਚ ਹੋਰ ਵੀ ਚੀਜ਼ਾਂ ਹਨ । ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ civil works ਹੇਠ drains ਬਨਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਕਾਫੀ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ । ਇਸ ਪਾਸੇ ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੋਸ਼ਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਮੌਕੇ ਤੇ ਜਾਕੇ ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਲੋੜ ਨੂੰ ਦਸਿਆ ਸੀ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ supplementary demands ਵਿਚ ਉਸ ਦਾ ਕਿਥੇ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਨਹੀਂ ਆਇਆ । ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਖਾਸ ਕਰਕੇ ਮੇਰੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਬੇਟ ਦਾ ਜਿਹੜਾ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਉਥੇ ਇਕ ਨਾਲਾ ਚਲਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਬੁਢਾ ਨਾਲਾ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਮਗਰ ਕਈ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਉਸ ਦੀ ਸਫਾਈ ਨਾ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਉਹ ਭਰ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਕਰਕੇ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਿਚ ਸੇਮ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਕਰ ਕੇ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਾਹੁਣ ਜੋਗੀਆਂ ਵੀ ਨਹੀਂ ਰਹੀਆਂ । ਕਈ ਦਫਾ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨਾਲੇ ਨੂੰ ਸਾਫ ਕਰਾ ਦਿਉ । ਹਰ ਸਾਲ supplementary demands ਵਿਚ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਲੈ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਨਾਲਾ ਹਾਲਾ ਤਕ ਸਾਫ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । Partition ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਇਸ ਨੂੰ ਵਡੇ ਵਡੇ bull dozers ਨਾਲ ਸਫਾ ਕਰਾ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ ਸੀ । ਇਸੇ ਵਜਾਹ ਕਰ ਕੇ ਉਥੋਂ ਦੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀ ਮਾਲੀ ਹਾਲਤ ਚੰਗੀ ਸੀ ਅੱਜ ਉਹ ਮਾੜੀ ਹੁੰਦੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਅਜ drains ਤੇ ਇਤਨਾ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਵਿਚ ਨੀਲੋਂ ਢੁੰਢਾ drain ਵਲ ਹਾਲਾਂ ਤਕ ਪੂਰਾ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਗਿਆ । ਉਸ drain ਲਈ ਅਫਸਰਾਂ ਨੇ ਦੌਰੇ ਕਰ ਕਰ ਕੇ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਰੁਪਏ T. A. ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਲੈ ਲਏ ਹਨ ਪਰ ਅਜੇ ਤਕ ਉਸ ਦੀ

ਕੋਈ ਸਕੀਮ ਨਹੀਂ ਬਣ ਸਕੀ ਅਤੇ ਉਥੇ ਹੋਰ ਕੋਈ drain ਬਨਾਉਣ ਦਾ ਜਤਨ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ।

ਇਕ ਹੋਰ ਅਰਜ਼ ਮੈਂ ਇਸ ਸਿਲਸਲੇ ਵਿਚ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਇਸ ਵਿਚ ਮੋਤੀ ਬਾਗ ਵਾਸਤੇ ੩੦ ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਰਕਮ ਦਾ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਇਸ ਮਹਿਲ ਦੇ ਖਰੀਦਣ ਦੀ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਕਿਤਨੀ ਕੁਝ liability ਆਉਂਦੀ ਸੀ ਅਤੇ ਕਿਨਾਂ ਹਾਲਾਤ ਵਿਚ ਇਹ ਖਰੀਦਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਮਗਰ ਵੇਖਣ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਆਖਰ ਇਹ ੩੦ ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਜਿਹੜਾ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਖਰਚਨਾ ਪਿਆ ਹੈ ਇਹ ਕਿਤਨੇ ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੀ liability ਲਈ ਖਰਚਨਾ ਪਿਆ ਹੈ । ਵੇਖਣ ਵਾਲੀ ਬਾਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਨਤਾ ਦੇ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਏ ਨੂੰ ਕਿਸ purpose ਲਈ ਖਰਚਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਤਨੀ ਵਡੀ ਰਕਮ ਨੂੰ ਮਹਿਜ਼ ਇਕ museum ਵਾਸਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਖਾਸ ਕਰ ਇਸ ਵੇਲੇ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਅਸੀਂ industries ਨੂੰ set up ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ ਕਾਫ਼ੀ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਹੈ, ਕੋਈ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦਾ ਕਿਉਂਕਿ ਅਸੀ ਆਮ ਜਨਤਾ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਜਬਾਬ ਦੇਣਾ ਹੈ, ਅਜ ਜਨਤਾ ਬੜੀ ਸਿਆਣੀ ਹੈ ਔਰ tax payers ਬੜੇ ਸਿਆਣੇ ਹੋ ਗਏ ਹਨ, ਅਸਾਂ ਜਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਾਹਮਣੇ ਹੁਣ ਵੀ ਜਾਣਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜਦ elections ਹੋਣਗੇ ਤਾਂ ਵੀ ਜਾਣਾ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਸਾਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰੁਪਏ ਨੂੰ ਸਿਆਣਪ ਨਾਲ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਸ ਸਕੀਏ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਰੁਪਿਆ ਜ਼ਾਇਆ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । Museum ਲਈ 30 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੀ building ਦੀ ਖਾਸ ਲੋੜ ਨਹੀਂ । ਇਹ ਤਾਂ ਦੋ ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੀ building ਵਿਚ ਵੀ ਖੋਲ੍ਹਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਇਹ ਗ਼ਲ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਇਸ ਮੋਤੀ ਬਾਗ ਦੀ cost ਦਾ ਸਵਾਲ ਹੈ, ਇਹੋ ਜਿਹੀ building 30 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਵਿਚ ਬਣ ਵੀ ਨਹੀਂ ਸਕਦੀ । ਫਿਰ ਇਹ building ਲੈ ਕੇ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਇਸ ਦੀ maintenance ਤੇ ਵੀ ਬੜਾ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਪਏਗਾ । ਅੱਜ ਰਾਜ ਭਵਨ ਅਤੇ Assembly Chambers ਦੀ building ਉਤੇ ਉਸ State ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਪੌਣੇ ਦੋ ਸੌ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਦੀ ਮਕਰੂਜ਼ ਹੋਏ, ਇਹ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਜਾਇਜ਼ ਨਹੀਂ...........

Mr. Deputy Speaker : Are these items included in the Supplementary Demands.

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ . ਮੈਂ ਜਨਾਬ ਮੋਤੀ ਬਾਗ਼ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸਾਂ ।

ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਤੋਂ ਇਹ ਜ਼ਾਹਿਰ ਕਰ ਸਕਣ ਕਿ ਆਮ ਆਦਮੀ ਦੇ ਜਿਹੜੇ interest ਹਨ ਉਹ safeguard ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ । ਪਰ ਅਜ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਕੋਲੋਂ betterment fee ਲੈ ਕੇ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਕਮਰ ਤੋੜ tax ਸਮਝਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪੈਸਿਆਂ ਨਾਲ museum ਬਨਾਉਣ ਲਈ ਇਤਨਾ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੀ demand ਤੇ ਦੋ ਬਾਰ ਬਲਕਿ ਤਿੰਨ ਬਾਰ ਗੌਰ ਕਰਨ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਮੁਆਫ਼ੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਵਜ਼ਾਹਤ ਕਰਨ ਵਿਚ ਮੈਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਮਾਂ ਲੈ ਲਿਆ ਹੈ । ਪਰ ਮੈਂ ਇਹ ਗੱਲ ਫਿਰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਨਿਹਾਇਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਚੀਜ਼ ਹੈ ਜਿਸ ਦੀ ਤਰਫ਼ ਵਾਧੂ ਤਵਜੁਹ ਦੇਣ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੈ ।

(ਚੌਧਰੀ ਬਲਬੀਰ ਸਿੰਘ) : ਆਪ ਜਿਤਨਾ ਮਰਜ਼ੀ ਕਹਿ ਲਉ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਅਸਰ ਨਹੀਂ ਹੋਏਗਾ) । ਅਸਰ ਜ਼ਰੂਰ ਹੋਵੇਗਾ ਪਰ ਜੋ ਤੁਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ ਉਹ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ । (*Interruption by Sardar Atma Singh*).

Mr. Deputy Speaker : Order, please.

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਚੰਗੀ ਨਹੀਂ ਹੋਈ । betterment ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ । ਇਤਨੇ ਸ਼ਬਦ ਕਹਿ ਕੇ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸੀਟ ਤੇ ਬੈਠਦਾ ਹਾਂ ।

खान अब्दुल गफ्फार खां (अम्बाला शहर) : जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब, आज जो डिमांड्ज़ हाऊस के सामने इस की मंज़ूरी के लिए पेश की गई हैं इन में बहुत से ऐसे आइटम्ज़ हैं जिन की जस्टीफिकेशन है और कुछ ऐसे हैं जिन के लिए कतअन कोई जस्टीफिकेशन नहीं है। मसलन अगर मैं अर्ज़ करूं तो मुझे हमारे वित्त मंत्री मुआफ करेंगे कि यह पंजाब के साथ जुल्म किया गया है, यह ज़्यादती है और अत्याचार किया गया है कि एक ऐसी चीज़ जिसके मालिक खुद गिर कर कम कीमत पर देने के लिए तैयार थे आज उसी को 30 लाख की कीमत पर खरीद किया जा रहा है। एक तरफ़ हमारे लीडर साहिबान सोशलिस्टक पैटर्न की बातें करते हैं और दूसरी तरफ़ मोती बाग़ जैसा सफ़ेद हाथी इस सूबे के दरवाज़े पर बांधा जा रहा है। मैं अपने मन्त्रिमंडल से यह अर्ज़ करूंगा कि वह हाऊस को कन्फ़ीडैंस में लेकर यहां खड़े होकर यह बताएं कि कौन से असबाब हैं, कौनसा प्रैशर है, कौनसी ज़रूरियात हैं जिन की वजह से यह मोती बाग़ खरीद किया जा रहा है। (अपोज़ीशन की तरफ़ से तालियां)। अगर यह नहीं बताना चाहते तो यह हाऊस के साथ बदएतमादी और सैंनश्युर की बात की जा रही है।

दूसरी बात जो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं उसका मैं ने पहले भी ज़िक्र किया है। जब कोर्ट फीस को ज़्यादा करने का सवाल आया तो मैं ने कहा था कि यह न खरीदा जाए और इस तरह बचत करके कोर्ट फ़ीस को न बढ़ाया जाए। मगर मालूम ऐसा होता है कि कोई ऐसा चक्र है जो मंत्रिमंडल को चक्र में डाला जा रहा है जिसकी वजह से यह लाचार और बेबस है और उसको यह हाऊस के नोटिस में लाना नहीं चाहते।

फिर जनाब हम ऐगरेरियन रिफार्म्ज़ करना चाहते हैं। हम पार्टी में भी रोते हैं, आपोज़ीशन वाले साहिबान भी रोज इन बातों को कहते हैं कि यह बड़े २ ज़मींदार और जागीरदार ज़मीन बेचे जा रहे हैं। जो लोग बेज़मीन हैं और जिन का गुज़ारा नहीं होता उनको ज़मीन नहीं मिल रही। इन तमाम बातों के सामने होते हुए भी आज गवर्नमेंट एक ऐसे शख्स से ज़मीन खरीद रही है जिस के पास हज़ारों एकड़ ज़मीन है। होना तो यह चाहिए था कि उस से 30 एकड़ से जो ज़्यादा ज़मीन है वह लेकर ग़रीबों में फ्री बांट दी जाती मगर खाह्मखाह हमारे सिर पर एक आफ़त बरपा की जा रही है और ग़रीब लैंडलैस लोगों और हरिजनों का गला काटा जा रहा है। लोगों का गुज़ारा नहीं होता और दूसरी तरफ़ एक ऐसे आदमी से ज़मीन खरीदी जा रही है जिसके पास 30 एकड़ से कई हज़ार गुना ज़्यादा जमीन है। उस को यह मौका दिया जा रहा है कि वह ज़मीन बेच कर पैसे बना ले। मैं मन्त्री साहिब की खिदमत में.....मन्त्री तो ज़बान पर नहीं चढ़ता वज़ीर साहिब ही कहूंगा .... (विघ्न)

विचार यह है कि बजट में कुछ बातें ऐसी भी हैं जो अच्छी हैं। जो बातें अच्छी हैं उन्हें हम अच्छा कहेंगे। लेकिन बहुत कुछ बातें ऐसी भी हैं जिन्हें इस बजट में पेश करने के लिए मैं उन्हें बधाई नहीं दे सकता। बहुत कुछ अखराजात ऐसे हैं जो बिल्कुल नाजायज़ और गलत ढंग पर किए जा रहे हैं। बजट को सरसरी नज़र से देखने पर और फाइनैंस मिनिस्टर की बजट स्पीच पढ़ने से हम इस नतीजा पर पहुंचे हैं कि यह बजट surplus budget नहीं है बल्कि दरअसल खसारे का बजट है। लोगों पर बहुत से टैक्स लगा दिए गए हैं। मुझे अच्छी तरह इस बात का ध्यान है कि जो मेम्बर साहिबान अब इस छोटे से 'ब्रेक' में अपनी constituency में गए हों उनको इस बजट की स्पीच के सम्बन्ध में अपने वोटरों से क्या कुछ सुनना पड़ा होगा। मुझे मालूम है कि लोगों में इन टैक्सों से कितनी खलबली और बेचैनी पाई जाती है।

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair.)

5-05 P. M.

इन हालात में मैं अपने फाइनैंस मिनिस्टर को इस बजट के पेश करने पर मुबारिकबाद देने से मजबूर हो जाता हूं। बात यह है कि development का काम करने के लिए हकूमत को रुपये की ज़रूरत है। हरेक समझदार आदमी इस बात को मानेगा और यह ठीक बात है। लेकिन सवाल पैदा यह होता है कि उस रुपया को जो हकूमत लोगों से वसूल करती है, ठीक ढंग पर खर्च भी किया जा रहा है या नहीं। अगर हकूमत लोगों के गाढ़े पसीने की कमाई अन्धा धुन्ध खर्च करती है या बिला सोचे समझे खर्च करती है तो वह कभी भी लोगों की हकूमत या प्रजातंत्रात्मक राज्य कहलाने की हकदार नहीं। यह ठीक है कि देश की तरक्की के लिए और नई नई स्कीमें रायज करने के लिए पैसे की ज़रूरत होती है और रुपया टैक्सों से हासल होता है लेकिन उसके साथ यह देखना भी ज़रूरी है कि रुपया फजूलखर्ची में ज़ाया न हो बल्कि जनता की भलाई पर खर्च हो। मेरी समझ में यह बात नहीं आई कि जब हम देखते हैं कि हमें पैसे की सख्त ज़रूरत है तो उसके बावजूद भी भारी तनखाहें अफसरों को दी जा रही हैं। जब reduction का सवाल आता है तो चन्द चपड़ासी और चौकीदार निकाल दिये जाते हैं और कह दिया जाता है कि हम ने retrenchment कर दी है लेकिन दूसरी तरफ़ नये नये महकमे, नये नये heads बनाए जा रहे हैं। Forest Department पर लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं, मुझे खुद पहाड़ों म जा कर देखने का इत्तफाक हुआ है। मैं ने देखा है कि वहां जो plantation हुई है वह किसी काम की नहीं और वह successful नहीं हो सकी। Check dam, gully plugging और water holes बनाए जा रहे हैं। रास्ते बनाए जा रहे हैं—सिर्फ इसलिये कि उन पर Forest Officers की जीपें चलेंगी लेकिन Forest Officers वहां जाते कितनी बार हैं यह पता

[चौधरी चम्बेल सिंह]

नहीं लगा। मुझे यह देखने का मौका मिला है । फारेस्ट अफसरों का यहां पर हाई कोर्ट के सामने कैम्प लग जाता है। हफ्ता हफ्ता वे यहां इकट्ठे होते हैं और बाद में भारी टी. ए. वसूल कर के चले जाते हैं। समझ में नहीं आता कि वे करते क्या हैं। Forest Rangers 120 रुपये महीना तनखाह लेते हैं लेकिन उन की आमदन 350 रुपये महीना तक चली जाती है। हजारों रुपये अफसर वसूल कर रहे हैं। हमारे बजट में economy तभी हो सकती है अगर हम अपने अखराजात को कण्ट्रोल करें। जब तक हम अखराजात को curtail नहीं करेंगे सूबा खुशहाली की तरफ नहीं जा सकता, चाहे आप हजारों development की स्कीमें चलाएं। मैं इस बात से भी इन्कार नहीं करता कि इस वक्त सूबे में मुख्तलिफ development की स्कीमें चल रही हैं और उम्मीद है कि लाभ भी होगा लेकिन जितना खर्च हो रहा है उस का मुकाबला अगर results से किया जाए तो कुछ भी नहीं निकलता। आप development blocks को लीजिए इन में establishment पर इतना ज्यादा खर्च हो रहा है, अफसरों की तनखाहों को देखा जाए और उस का मुकाबला काम से किया जाए तो वह नफी के बराबर रह जाता है। चन्द एक model villages बना दिए जाते हैं और बाहर से जो distinguished visitors आते हैं उन्हें दिखा दिए जाते हैं लेकिन मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि एक ब्लाक के अन्दर 40 माडल विलेजिज़ होते हैं उन में से चन्द एक को छोड़ कर बाकी सब निहायत dirty villages आप को मिलेंगे जिन्हें शायद आप देखना भी पसंद न करें। इस से क्या आप यह समझते हैं कि हिन्दुस्तान की खुशहाली हो सकेगी? Development Blocks बना कर और फ़जूल खर्च करके देहात को सही मायनों में उन्नत कर सकेंगे मुझे तो इस में शक है।

Education के सम्बन्ध में मैं ज़्यादा नहीं कहना चाहता। मैं तो शुरू से इस राय का रहा हूं और तकरीबन इस डीपार्टमेंट में बतौर हैडमास्टर 25 साल काम किया है और मैं इस नतीजा पर पहुंचा हूं कि गवर्नमेंट को स्कूल लेने से फायदा नहीं होगा जब तक गवर्नमेंट सही मायनों में निगरानी न करे। मैं ने बजट सेशन में भी कहा था और मैं देखता हूं कि जो स्कूल म्युनिसिपल बोर्डों के provincialise किये गए हैं उन की हालत बहुत बुरी है।

बेसिक ट्रेनिंग के मुतअल्लिक मैं अर्ज़ करूं कि वारधा स्कीम पर गान्धी जी ने जो विचार ज़ाहर किए थे मुझे उन को सुनने का मौका हुआ। सनातन धर्म हाई स्कूल में उन का व्याख्यान था। उन्हों ने ठीक विचार रखे और कहा कि सरकार इस में कुछ नहीं करेगी, आप लोग individual कोशिश करें। मैं समझता हूं कि अगर लोगों को basic education दी जानी है तो क्यों न गवर्नमेंट इस पर खर्च करे और देखे कि आया basic education स्कूलों में impart भी हो रही है या नहीं, basic trained teachers को ज़रूरी सहूलियात भी हासिल

हैं या नहीं और कि वारधा स्कीम के मुताबिक सही education impart हो रही है या नहीं? यह भी देखने की बात है कि basic schools से कितने carpenters निकले हैं और कितने लोहारों ने training हासिल की है। मेरे ख्याल में एक भी ऐसा मिसाल नहीं होगी। इन स्कूलों में भी वही तरीका रायज है जो ordinary schools में है। लड़के कहते हैं कि स्कूलों में जरूरी सामान नहीं और गवर्नमेंट ने कोई मारके का काम नहीं किया कि उसे मुबारिकबाद दी जा सके। अगर गवर्नमेंट ने सही तौर पर काम करना है तो जिन स्कूलों में basic trained teachers मुकर्रर किये गये हैं वहां पूरा सामान भी दिया जाये और उन की सख्त निगरानी की जाये। गवर्नमेंट को देखना चाहिए कि खर्च right direction में हो रहा है या नहीं।

अब मैं कुछ शब्द Law and Order के मुतअल्लिक कहना चाहता हूं। मुझे तो एक ही तजरुबा है Law and Order का और वह यह है कि इत्तफाक से मैं थानेसर शहर में बीमार था। वहां तीन रात लगातार डकैती और कतल की वारदातें होती रहीं। वहां C.I.A. के स्टाफ के अलावा डिप्टी सुपरिंटैंडेंट पुलिस और शहर में पुलिस चौकी होने के बावजूद दो मील के radius के अंदर तीन successive nights में कतल की वारदातें हुईं और फिर भी हकूमत कहती है कि Law and Order की पोज़ीशन अच्छी है। यह बात मेरी समझ में नहीं आती। Law and Order का मतलब यह है कि लोगों का माल और जान सुरक्षित रहे। इतना panic था इन देहात के अंदर! जब वज़ीर साहिबान को वहां जाने का मौका हुआ तो लोगों का एक deputation उन्हें मिला और उन से दरख्वास्त की कि उन्हें हथियारों के licence ज़्यादा तादाद में दिये जायें। अगर लोगों को यह विश्वास हो कि पुलिस उन की हिफ़ाज़त कर सकेगी तो मैं licences दिये जाने की ज़रूरत ही नहीं समझता। जहां तक Law and Order का ताल्लुक है यह जरूर deteriorate हुआ है और crime की तादाद घटी नहीं [घंटी की आवाज़] जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब, मुझे दो मिनट और दीजिए और इस के बाद मैं अपनी तकरीर समाप्त कर दूंगा। मैं कुछ शब्द agriculture के बारे में भी कह देना चाहता हूं। मैं मानता हूं कि Agriculture Department वालों को शिकायत ज़रूर है कि उनको तनखाहें कम मिलती हैं। अगर हकूमत उन्हें तनखाहें ज़्यादा दे दे तो हमें कोई एतराज़ नहीं। मैं समझता हूं कि low-paid को तनखाहें ज़रूर ज़्यादा मिलनी चाहियें। लेकिन सवाल पैदा होता है कि वह काम क्या करते हैं। जब जब Agriculture के सम्बन्ध में डिस्ट्रिक्ट में meeting होती थी तो इस department का representative उस में होता था लेकिन मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि वह एक दफा भी satisfy नहीं कर सका कि वह महकमा ठीक ठाक काम कर रहा है। जो बीज इस महकमे की तरफ से दिया जाता है वह नाकिस किस्म का होता है। पिछली दफा बीज Supply करते वक्त

[चौधरी चम्बेल सिंह]

assurance दी गई थी कि इस बीज के अन्दर काले दाने नहीं निकलेंगे लेकिन खेतों में जाकर देखा तो काले दाने थे । अगर महकमा बीज अच्छा supply नहीं करता तो पैदावार अच्छी होने की कब उम्मीद की जा सकती है ? इस के अलावा अगर जमीदार को 17/18 रुपए मन के भाव पर बीज supply किया जाये और बाद में उसकी पैदावार 14/15 रुपये मन के हिसाब से बिके तो ज़मींदार को क्या लाभ प्राप्त हो सकता है ? फिर Agriculture Inspector को इतने गांव दे दिये गये हैं कि वह ज़िला के एक एक गांव में नहीं जा सकता। मेरे गांव वालों ने कभी Agriculture Inspector का नाम सुना नहीं । यह उस Department की हालत है । वह लोग तनखाहें मांगते हैं लेकिन काम कुछ भी नहीं करते । इसलिए मैं गवर्नमैंट से दरखास्त करता हूं कि वह देखे कि जो खर्च वह महकमों पर कर रही है वह ठीक ढंग से हो रहा है या कि नहीं। यह ज़रूरी है कि बजट में जो रुपया provide किया जाता है उस का जायज़ और सही इस्तेमाल किया जाए वरना हम हर साल गवर्नमैंट के बजट की नुक्ताचीनी ही सुनते रहेंगे और जनता की कोई ठोस सेवा नहीं कर सकेंगे ।

श्री रुप सिंह फूल (हमीरपुर, रिज़र्वड) : बजट जो पेश किया गया है वह हमारे सामने है । इस के बग़ैर मुताला से मालूम होता है कि :--

बहुत पहले हम इन कदमों की आहट जान लेते हैं।
तुझे ऐ ज़िन्दगी हम दूर से पहचान लेते हैं ।।

यह बजट क्या है—एक truck load of taxation है । यह जम्हूरी निज़ाम के मुआफिक नहीं बल्कि उस के खिलाफ है । इस बजट में कहीं यह दर्ज नहीं किया गया कि Socialistic pattern of Society का जो ध्येय है कि under-developed या un-developed इलाके जो स्टेट के अन्दर हैं उन्हें पहले तरक्की याफ्ता बनाया जाना चाहिये मसलन पहाड़ी इलाके । इस बजट में यह भी कहीं इशारा नहीं कि गवर्नमैंट ने क्या measures adopt किये हैं । खैर ! इस पर तबसरा करने से पेशतर मैं इस बजट के मुतअल्लिक जो general view है वह ज़ाहिर करना मुनासिब समझूंगा ।

सब से पहले यह बात है कि जो नज़मो नसक आज सूबे के अंदर है उस के मुतअल्लिक यह कहा जाता है कि it is due to inefficiency on the part of Services लेकिन मैं कहता हूं कि अगर Services efficient न होतीं तो हुकूमत का भट्ठा कई महीने पहले बैठ गया होता । आपने देखा है कि 1947 के बाद मुख्तलिफ महकमों के अन्दर काम तीन चार गुना बढ़ गया है लेकिन clerical staff जो काम करता है उसमें proportionate इज़ाफा नहीं हुआ। It is physically impossible for a clerk to carry on with three or four times work. इस के अलावा जब staff

में कमी हो तो Service में efficiency नहीं आ सकती। आप ने देखा होगा कि पहले अंग्रेज़ों के वक्त जब कोई दरखास्त देता था तो उस दरखास्त का जवाब दरखास्त देने वाले के पास आ जाता था। अब हालत यह है कि दरखास्त आगे आगे जाती है और दरखास्त देने वाला पीछे पीछे चलता है। इस के बावजूद भी उस की दरखास्त का जवाब उसे नहीं मिलता। यह कोई अच्छे नज़मो नसक की निशानी नहीं। इसके अलावा अफसरों की यह हालत है कि They are nick-named, they are throttled, they are threatened and abused in the presence of their subordinates and the public and hence the reason why we cannot expect efficiency without any encouragement from the services. Services too deserve encouragement and appreciation for their good and honest discharge of duty.

अब हम ने देखा कि private अदारे यानी तालीमी private अदारे छोड़ दिए परन्तु local bodies के अदारे गर्वनमैंट ने अपने तहत ले लिए। Private अदारों की वजह से ही तालीम में फरोग़ हुआ मगर उन के साथ जो सौतेली मां का सा सलूक हुआ उस की मिसाल इस ही गवर्नमैण्ट के पास मिलती है। कांगड़ा में 22 private schools चलते हैं लेकिन गवर्नमैण्ट के स्कूलों में आठवीं जमात तक फीस माफ है इसलिए इन private schools में तुलबा नहीं जाएंगे। इस पसमांदा इलाके में जहां 10/15 मील के फासले पर कोई हाई स्कूल नहीं लोग गुरबत की वजह से अपने बच्चे दूसरे स्कूलों में दूर नहीं भेज सकते। इस तरह वह लोग अनपढ़ रह जाएंगे। गवर्नमैंट ने Local Bodies के अदारों को अपनी तहवील में लिया है। मगर यह स्कूल under-staffed हैं। Single-teacher Primary School में 300 लड़के एक teacher के पास पढ़ रहे हैं। ऐसी हालत में स्कूलों में क्या तालीमी म्यार ऊंचा होगा? और तो और इन गवर्नमैंट स्कूलों में science का सामान वहां नहीं है। इसके अलावा इन Government स्कूलों में लड़कों के बैठने के लिए भी कोई सामान नहीं है। तो क्या ज़रूरत थी इन स्कूलों को provincialise करने की? सरकार ने जो चला चलाया काम था वह बिगाड़ दिया है।

हस्पतालों की यह हालत है कि कहीं हस्पताल ही नहीं और जहां हैं वहां 20, 20 हज़ार की आबादी के लिए 90, 98 या 102 रुपये सालाना की दवाइयां दी हैं। तहसील हमीरपुर की constituency में 20,25 हज़ार आदमियों के लिए एक जगह बडसर में एक dispensary है। वहां पिछले साल 98 रुपये की दवाइयां मुहैया की गईं। इसका मतलब है कि Government अपनी चाल भूल गई है। जहां हस्पताल में काफी दवाइयों का इंतज़ाम किया गया है वहां doctor ही कई कई महीने

[श्री रूप सिंह फूल]

नहीं लगाए जाते हैं। कई डाक्टर ऐसे हैं जिन के मुतअल्लिक सुना जाता है कि वे किस तरह local chemists से मिल कर, उनसे commission ले कर फायदा उठाते हैं; सरकारी दवा को मुकामी दवाफरोश द्वारा बेच कर पैसे हज़म करते हैं। इस तरह दवाइयां फरोख्त होती हैं। जिन गरीबों के लिये वे दवाइयां मुहैया की गई हैं वे उन्हें नसीब नहीं होतीं। अच्छी तथा कीमती दवा गरीबों को नहीं मिलती।

पंजाब के अंदर Transport की यह हालत है कि नंगल से चंडीगढ़ 87 मील आना हो तो सवा दो रुपये देने पड़ते हैं। हमीरपुर से धर्मसाला 56 मील जाना हो तो वहां का किराया पौने पांच रुपये है। जो यह ढंढोरा पीटा जाता है कि हम पसमांदा इलाके की बेहतरी और तरक्की का काम करते हैं, उसकी यह हालत है कि अगर यहां मोटर का किराया एक रुपया हो तो पहाड़ी इलाका में दो रुपये हो जाता है हालांकि वहां पक्की सड़कें भी कहीं कहीं हैं पर किराया उन पर ज्यादा है। जहां पंजाब में मैदानी इलाके में कच्ची सड़कें हैं उन सड़कों पर भी मोटर किराया पहाड़ी कच्ची सड़कों पर मसलन कांगड़ा की सड़कों के मोटर किराया को निसबत बहुत कम है।

तहसील हमीरपुर में 20 हाई स्कूल हैं। वहां कोई Degree College कायम नहीं किया। ब्यास एक दरिया है। उस पर सुजानपुर और नादौन के मुकामों पर पुल नहीं। फौजियों को अकसर छुट्टी आना पड़ता है। बरसात में वे पांच २, छः २ दिन वहां रुके रहते हैं। अभी तक हमारी सरकार ने वहां पुल तामीर नहीं किए। अंग्रेजों की हुकूमत के वक्त वहां यह हालत थी कि वे इस पसमांदा इलाके को develop नहीं करना चाहते थे क्योंकि उन्हें वहां से recruits मिल जाते थे। मगर आज हमारी हुकूमत भी उस इलाके के साथ वैसा ही स्लूक कर रही है जैसा अंग्रेजों के राज में होता था। सरकार लाखों नहीं, करोड़ों रुपया development पर खर्च कर रही है। अगर सच पूछो तो किसी गांव की development नहीं हो रही। अगर development हो रही है तो development के staff की जिसमानी development हो रही है। खास कर ग्राम सेविकाओं की development हो रही है। कुंवारी नौजवान लड़कियों को ग्राम सेविका बना कर ग्राम २ में भेजने से ग्रामों की तरक्की न होगी। होगा तो कुछ और ही। अधेड़ उमर की औरतों को ग्राम सेविकाएं trained करके ग्रामों में भेजना चाहिए। यह नौ उमर लड़कियां ग्रामों की development नहीं कर सकतीं। बल्कि अधेड़ उमर की औरतें जो हैं वे ग्राम सेविकाओं का काम अच्छा कर सकती हैं। इसके अलावा एक और नामुनासिब काम art और culture के नाम से किया जाता है। हर जगह इसका बहाना बनाया जाता है और स्कूलों की कन्याओं से नाच कराया जाता है। लोग कहते हैं कि मैं भी कलाकार हूं और कवि भी हूं और मैं भी चाहता हूं कि artist को हौसला अफज़ाई मिले मगर मैं यह बरदाश्त नहीं कर सकता कि कोई अफसर जाये, कोई वज़ीर जाए, या कोई

Secretary जाए, जिसको कि पता तक नहीं कि नाच क्या कला है, वहां हमारी नौजवान लड़कियों को नचाना शुरू कर दिया जाये ; खाह दोपहर हो, रात हो या सुबह हो । हमारी Government का यह तरीका अच्छा नहीं है । यह art के साथ इन्साफ नहीं हो रहा न culture के साथ । कांगड़ा में painting जैसा art है जिसका दुनिया में सानी नहीं । उसको फरोग देने के लिए Government ने कोई इंतज़ाम नहीं किया । Kangra School of Painting की वजह से भारत का नाम आज भी संसार भर में माननीय है ।

एक और बुरी बात है । आज कल उद्घाटनों का ज़माना आ गया है । जहां कहीं कोई भी काम, सड़क वगैरह Government के खर्च से बने या public की तरफ से तो वज़ीर साहिबान वहां पहुंच जाते हैं और उन का उद्घाटन शुरू कर देते हैं । हज़ूर अगर इन उद्घाटनों की यही हालत रही तो एक ऐसा वक्त आ जाएगा कि यह वज़ीर साहिबान ब्याह शादी में घूंघट का उद्घाटन भी किया करेंगे । (हंसी) । यह उद्घाटन वहां करना चाहिए जहां लोगों पर किसी तरह का psychological effect भी हो, जहां लोग वज़ीरों के जाने और उद्घाटन करने से उत्साहित हों । जहां कोई हस्पताल नहीं, सड़क नहीं, पुल नहीं, दुशवार गुज़ार रास्ते हों, वहां अगर कोई काम कर दिया जाए, या वहां भारत सेवक समाज के मातहत कोई काम किया गया हो, उसका उद्घाटन किया जाए । वहां वज़ीर साहिब या बड़ा अफसर कोई जा कर जनता को उत्साहित करे तो लाभ हो सकता है । यह मर्ज़ Secretaries में भी आ गया है । दो तीन साल का अर्सा हो गया है । मैं नाम नहीं लेना चाहता । यहां से पंजाब के एक Secretary जी को कुल्लू के सेब खाने का शौक हुआ तो वह कांगड़ा के करीब एक स्कूल का पत्थर रखने का उद्घाटन करने गए । मगर अफसोस कि that was the first and the finishing stone उसके बाद Secretary साहिब ने पूछने की तकलीफ़ गवारा नहीं की कि जिस पत्थर को वह अपने दस्ते मुबारिक से वहां रख आए थे आया उस स्कूल बिलडिंग की तामीर मुकम्मल हुई या नहीं । मैं तो कहता हूं कि वह वहां कुल्लू देखने के लिए गए थे । उन को स्कूल बिलडिंग से कोई मतलब ना था ।

आज कल ज़्यादा तर काम पंचायतों के ज़रिये हो रहा है । Co-operative Societies को फ़रोग दिया जा रहा है । मगर जो Co-operative Inspectors हैं या Sub-Inspectors हैं या तहसील पंचायत अफसर हैं या District पंचायत अफसर हैं वे एक तहसील में एक या दो हैं । चार चार,पांच पांच या सात सात सौ पंचायतों की supervision अकेला District Panchayat Officer नहीं कर सकता । उनकी जगह अगर थोड़ी पंचायतें उनके हवाले कर दी जाएं तो गबन या और किसी किस्म का भ्रष्टाचार होने का इमकान कम हो जाएगा । इसी तरह Co-operative Inspector or Sub-Inspectors की बाबत भी कहा जाता है । उन को बहुत ज़्यादा सोसाइटियां सम्भालनी पड़ती हैं परन्तु इन सब की तनखाहें कम हैं ।

[श्री रूप सिंह फूल]

जहां तक मुज़ारयान और मालकों का ताल्लुक है यह अंग्रेज़ों के वक्त में भी कभी नहीं हुआ कि मुज़ारयान को बगैर मुआवज़ा दिये ज़मीन से बेदखल कर दिया जाए। 1887 में मुज़ारा Act बना। उस में भी कोई ऐसी दफ़ा नहीं थी जिस से मुज़ारों को बगैर मुआवज़ा दिलाए बेदखल किया जा सके। हमारी सरकार ने कानून बना कर रख दिया है जिस का नाम रखा है Measures for Security of Tenures, मगर उस से जो नुकसान मुज़ारों को हुआ वह तो वही जानते हैं। ऐसे कानूनों से उन को कोई लाभ नहीं। लफ़्ज़ों में तो they are meant for the security of the tenure but as a matter of fact they are for the insecurity of the tenure. इस कानून के मुताबिक अगर किसी मुज़ारे के खिलाफ़ पैदावार की डिग्री हो जाए तो उस को फौरन बगैर मुआवज़ा दिए ज़मीन से बेदखल कर दिया जाए। ऐसा अंधेर किसी हुकूमत में और किसी वज़ारत में नहीं हुआ। अभी तक यह नहीं था कि उन से किस्त ले कर रसीद दें रसीद लेने और देने का कोई रिवाज नहीं था। अब अगर कोई मुज़ारा मालिक से ग़ल्ला वसूली की रसीद मांगने की जुर्रत करे तो मालिक उस के खिलाफ फसलों का झूठा दावा करके ज़मीन से बेदखल कर देगा या डिग्री वसूलेगा। ऐसी गड़बड़ी हो रही है कि उस का क्या बयान करें। हरिजनों की 90% आबादी मुज़ारयान की है और ज़्यादातर नज़ला उन्हीं पर गिर रहा है। मगर उन की सुने तो सुने कौन ?

अब मैं House के सदस्यों की तवज्जुह हरिजनों की तरफ़ दिलाना चाहता हूं। हरिजनों के मुतअल्लिक कहा जाता है कि सरकार ने उन के लिए बहुत कुछ किया है। उस के लिए मैं सरकार का शुक्रगुज़ार हूं। मगर इनको महज़ वोट हासिल करने के लिए एक shield बना रखा है। Central Government से State Governments को इन के मुतअल्लिक बहुत सी हिदायात आती हैं। दो तीन महीने हुए Tribune में एक हिदायत निकली थी कि अगर एक हरिजन को qualify करने से कुछ नंबर कम मिलें तो भी उसको कुछ रियायत दे देनी चाहिए। मगर कोई रियायत नहीं दी जाती।

यहां एक block system बनाया हुआ है। 4 असामियों में से एक हरिजन को दिए जाने का प्रबन्ध किया गया है मगर उस पर अमल नहीं होता। Advertise तो कर दिया जाता है। उनके लिए "reservation" का एक लफ़्ज़ तो रख दिया है मगर इस तरह किसी भी post पर किसी हरिजन को नहीं लगाया जाता। मेरा मतलब आला गज़टिड पोस्ट्स से है। यदि इस तरह हरिजनों के साथ ठगी होती रही तो हरिजन उद्धार भले ही होगा !! न उन की सामाजिक, न आर्थिक और न तालीमी हालत सुधर सकी है। न उन को ज़मीनें दी गई हैं और न उन के दुखों को दूर किया गया है।

अब अछूतपन को दूर करने की बाबत अर्ज़ करता हूं। बहुत से प्रोग्राम गवर्नमेण्ट ने बनाए--Grow-More-Food का week मनाया जाता है, खादी का week मनाया जाता है; दरख्त उगाने का week मनाया जाता है लेकिन क्या कारण है कि अछूतपन को दूर

करने के लिए कोई week नहीं मनाया जाता ? आप देखें कि हज़ारों तामीरात चंडीगढ़ में हो रही हैं। क्या किसी सैक्टर में हरिजनों के लिए एक, दो या चार रियायतन यानी कम कीमत पर भी कोई प्लाट वगैरह मखसूस रखे हैं ? इसी तरह आप नौकरियों में देखें। इस सिलसिले में क्या होता है ? हमें कहते हैं कि पहले F. A. पास करो फिर नौकरी में रखेंगे। लड़के F. A. पास कर लेते हैं। फिर कहते हैं कि F. A. तो बहुत थोड़ी qualification है, B. A. पास करो। लेकिन B. A. तो क्या, एम. ए. पास कर लेने के बाद भी हरिजन लड़के को नौकरी में जगह नहीं मिलती। होता क्या है ? कहते हैं कि यह unsuitable है। इस तरह की सभी बातों से हरिजनों के लिए हुकूमत की नेक नीयती ज़ाहिर होती है। आज से तीन चार साल पहले पसमांदा जातियों को पसमान्दा लिस्टों में शामिल करने का सवाल उठा तो उस वक्त सिर्फ़ तीन चार जातियों को ही पसमान्दा करार दिया गया। उन के लिए दो फीसदी नौकरियां reserve की गईं। अब दो दर्जन के करीब जातियां पसमान्दा करार दी जा चुकी हैं लेकिन reservation की ratio वही दो की दो फ़ीसदी ही है। आखिर उन लोगों को भी तरक्की के लिए रास्ता चाहिए और जब सरकार की declared policy भी है तो मैं अपील करता हूं कि मौजूदा हालात में उन के लिए कम से कम 15 फीसदी reservation जरूर नौकरियों में होनी चाहिए। इस बजट पर बहस करता हुआ मैं ज़िला कांगड़ा के resources को वर्णन करता हूं। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि यह बजट कभी भी खसारे का बजट नहीं रह सकता अगर ज़िला कांगड़ा को properly develop किया जाए और इस में available resources को exploit किया जाए। मिसाल के तौर पर यहां पर कई किस्म की मादनियात हैं, तेल है, नमक है, लोहा है, ताम्बा है। कांगड़ा के Gazeteer के अन्दर लिखा है कि यहां दरिया के रेत में सोना भी मिलता है। अगर government इस प्रकार की चीज़ों के लिए survey कराए तो मैं समझता हूं कि किसी सूरत में पंजाब का बजट घाटे वाला बजट नहीं रह सकता। [घंटी की आवाज़]

अब आखिर में मैं कुछ नज़मो नसक की हालत पर आता हूं। इस वक्त पंजाब में पटवारियों का सवाल एक बहुत बड़ा सवाल बना हुआ है। जम्हूरी निज़ाम के अन्दर हमारा Constitution यह गारंटी देता है, हक देता है कि लोग unions बना कर अपनी मांगों को सरकार के सामने रख सकते हैं। हज़ूर आप ने देखा कि पटवारियों ने अपनी मांगें गवर्नमेण्ट के सामने रखीं। उन को मंज़ूर करवाने के लिए उन्होंने गवर्नमेण्ट पर ज़ोर डाला तो उलटे उन्हें service से निकाल दिया गया। हमारी society में एक मोटी सी कहावत है कि पुत्र कुपुत्र हो सकता है लेकिन पिता कुपिता नहीं हुआ करता। आखिर पटवारी भी तो आप के ही एडमिनिस्ट्रेशन का एक अंग हैं--पटवारी भी हमारे भाई हैं। उन के साथ इस तरह का सख्त सलूक नहीं किया जाना चाहिए था। उन की ज़िन्दगी को इस तरह से खत्म नहीं करना चाहिए। भूल हो सकती है--हर एक से गलती हो सकती है। अगर वह गुनाहगार ही थे तो उन को और तरह से समझाया जा सकता है। आप ख्याल करें कि अगर हम में से कोई पटवारी होता और

[श्री रूप सिंह फूल]
हम को इस तरह से victimise किया जाता, तंग किया जाता, dismiss किया जाता तो हमारी क्या हालत होती। उस हालत में क्या हम भी इसी तरह का कदम उठाने पर मजबूर न हो जाते? कौन सा गुनाह उन्होंने किया है जिस के लिए उन्हें इतनी सख्त सज़ा दी जा रही है? बहुत कुछ न कहता हुआ मैं मंत्रिमंडल से पुरज़ोर मुतालबा करता हूं कि पटवारियों के मसले को बहुत जल्दी हल करने को कोशिश की जाए। यह सज़ा जो उन को दी गई है यह बहुत ज़्यादा है; इसके वह हरगिज़ मुस्तहिक नहीं हैं।

ਸੂਬੇਦਾਰ ਤੇਜਾ ਸਿੰਘ (ਮਲੋਟ, ਰਿਜ਼ਰਵਡ) : ਜਨਾਬ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਜੀ, ਮੈਂ ਵੀ ਕੁਝ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਜਿਨੀਆਂ ਵੀ ਸਕੀਮਾਂ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਨੀਆਂ ਵੀ ਪੰਜ ਸਾਲਾ ਪਲਾਨਾਂ ਜਾਂ ਕਾਰੋਬਾਰ ਚਲਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਤਾਂ ਹੀ ਫਾਇਦਾ ਹੈ ਜੇ ਜ਼ਮੀਨ ਅਤੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਜਿਹੜਾ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨੂੰ ਵਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਅਗਰ ਮੁਲਕ ਭੁਖਾ ਹੈ ਤਾਂ ਕਿਸੇ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ।

ਮੈਂ ਇਸ ਵੇਲੇ ਆਪਣੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਬਾਬਤ ਹੀ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਮੇਰਾ ਹਲਕਾ ਮਲੋਟ ਰਾਜਸਥਾਨ ਬੀਕਾਨੇਰ ਦੇ ਲਾਗੇ ਲਗਦਾ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਲੋਕ ਹਮੇਸ਼ਾ ਤੋਂ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਵੱਧ ਚੜ੍ਹ ਕੇ ਨਰਮੇ ਅਤੇ ਕਪਾਹ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਇਸ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਕਾਰਖਾਨੇ ਚਲਦੇ ਹਨ ਪਰ ਮੈਂ ਵੇਖਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਪੰਜ ਸਾਲਾ ਪਲੈਨਾਂ ਬਣਦੀਆਂ ਹਨ ਜਾਂ ਬਜਟ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਸਭ ਤੋਂ ਪਿਛੇ ਛਡ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਕੋਈ ਖਿਆਲ ਹੀ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਲ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਮੈਂ ਆਪ ਨੂੰ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ—ਇਥੋਂ ਦੇ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰ ਬੜਾ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਹਨ, ਬੜੇ ਮਹਿਨਤੀ ਹਨ ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ B.D.O. ਰਖਣ, ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਵਧੇਰੇ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਣ ਜਾਂ ਹੋਰ ਬਜਟ ਵੰਡਣ ਦਾ ਸਵਾਲ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਨਾਲ ਮਤਰੇਈ ਮਾਂ ਵਾਲਾ ਸਲੂਕ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਮੈਂ ਕੁਝ ਖਾਸ ਗੱਲਾਂ ਵਲ ਆਪਣੇ ਮਨਿਸਟਰਾਂ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ।

ਸਭ ਤੋ ਪਹਿਲੀ ਗੱਲ ਸੜਕਾਂ ਬਾਬਤ ਹੈ। ਗਿਦੜਬਾਹ ਤੇ ਮਲੋਟ ਮੰਡੀਆਂ ਹਨ। ਮੇਰਾ ਹਲਕਾ ਕੋਟ ਭਾਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚਕਾਰ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਲੋਕ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਹਨ ਅਤੇ ਦੁਕਾਨਦਾਰੀ ਵੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਅਮਨ ਕਾਇਮ ਰੱਖਣ ਵਿਚ ਵੀ ਉਹ ਸਾਰੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਪਹਿਲੇ ਨੰਬਰ ਤੇ ਹਨ। ਸਾਡੇ ਹਲਕੇ ਵਿਚ ਇਨ੍ਹਾਂ ਐਜੀਟੇਸ਼ਨਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਗੜਬੜ ਨਹੀਂ। ਜਿਨੀ ਗੜਬੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਉਸ ਦੀ ਸਿਰਫ ਆਵਾਜ਼ ਹੀ ਸੁਣਦੇ ਹਨ, ਉਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਹਿੱਸਾ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੇ। ਬੜੇ ਅਮਨਪਸੰਦ ਹਨ ਪਰ ਸੜਕ ਦੀ ਬੜੀ ਤਕਲੀਫ਼ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਅਨਾਜ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਮੰਡੀ ਵਿਚ ਲੈ ਜਾਣ ਦੀ ਬੜੀ ਤਕਲੀਫ ਹੈ। ਕੋਟ ਭਾਈ ਵਿਚ 45 ਪਿੰਡ ਹਨ। ਮਲੋਟ ਤੋਂ ਮੁਕਤਸਰ ਲਈ ਸੜਕ ਬਣੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਅਤੇ ਚੀਫ਼ ਮਨਿਸਟਰ ਅਗੇ ਕਈ ਵਾਰ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਗਿਦੜਬਾਹ ਕੋਟ ਭਾਈ ਦੀ ਸੜਕ ਮੁਕੰਮਲ ਕਰ ਦਿਉ ਪਰ ਅਜੇ ਤਕ ਉਨ੍ਹਾਂ 45 ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਆਵਾਜ਼ ਨਹੀਂ ਸੁਣੀ ਗਈ। ਮਾਰਕੀਟ ਕਮੇਟੀ ਨੇ 60,000 ਦੇ ਕਰੀਬ ਰਕਮ ਦਿੱਤੀ ਹੋਈ ਹੈ, 1,35,000 ਇੱਟਾਂ ਇਕਠੀਆਂ ਕੀਤੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ 40,000 C.F. ਰੋੜੀ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ, ਪੱਥਰ ਇੱਕਠੇ ਕੀਤੇ ਹੋਏ ਹਨ, 250 ਡਰਮ ਵੀ ਖੜੇ ਹਨ, ਲੋਕਾਂ

ਨੇ ਮਿੱਟੀ ਵੀ ਪਧਰੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਅਜੇ ਤਕ ਇਸ ਸੜਕ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਦਾ ਕੋਈ ਜਤਨ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । ਰੌਲਾ ਪਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਫਰਿਆਦ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਪਰ ਕੋਈ ਆਵਾਜ਼ ਨਹੀਂ ਸੁਣਦਾ । ਉਸ ਸੜਕ ਨੂੰ ਨਾ ਪਹਿਲੇ ਪਲੈਨ ਵਿਚ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਅਜੇ ਤਕ ਕੋਈ ਉਹੜਪੋੜ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ ਹੁਣ ਜ਼ਰੂਰ ਇਸੇ ਪੰਜ ਸਾਲਾ ਪਲਾਨ ਵਿਚ ਮੁਕੰਮਲ ਕੀਤਾਂ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਗਰੀਬ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਸਹੂਲਤਾਂ ਮਿਲਨ ਤੇ ਉਹ ਵੀ ਸਮਝਣ ਕਿ ਭਾਵੇਂ ਸਾਡੇ ਉਤੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਪਰ ਸਾਡੇ ਆਰਾਮ ਦਾ ਵੀ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਖਿਆਲ ਹੈ ।

ਦੂਜੀ ਗੱਲ Industry ਦੀ ਹੈ । ਕੌਣ ਨਹੀਂ ਜਾਣਦਾ ਕਿ ਗਿਦੜਬਾਹਾ ਮੰਡੀ ਤਮਾਕੂ ਕੁੱਟਣ ਵਿਚ ਸਾਰੀ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਮਸ਼ਹੂਰ ਹੈ? ਪਰ ਇਸ industry ਨੂੰ ਸਹੂਲਤਾਂ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਥੇ ਇਕ technical college ਖੋਲ੍ਹ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਲੋਕ ਇਥੇ ਖ਼ੁਦ ਇੰਜਨ ਤਿਆਰ ਕਰਨ ਦੇ ਕਾਬਲ ਹੋ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਲੋਕ ਬੜੇ ਸਮਝਦਾਰ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਿਰਫ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਣ ਦੀ ਦੇਰ ਹੈ । ਫਿਰ ਸਾਨੂੰ ਬਾਹਰੋਂ ਸਾਮਾਨ ਮੰਗਵਾਉਣ ਦੀ ਵੀ ਕੋਈ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦੀ । ਇਸ ਪਾਸੇ ਜ਼ਰੂਰ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ । ਤੀਜੀ floods ਦੇ ਬਾਰੇ ਹੈ ਰੇਤਾਂ ਦਾ flood ਤੇ ਬਰਫ਼ ਦੇ ਪਾਣੀ ਦਾ flood ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਦੋ ਤਿਨ ਬਾਰ ਦਰਿਆ ਵਿਚ ਹੜ੍ਹ ਆਏ ਜਿਸ ਦੇ ਨਤੀਜੇ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਮੇਰੇ ਪਿੰਡ ਦੇ 300 ਘਰ ਪਾਣੀ ਹੇਠ ਆ ਗਏ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਖਾਸ ਮਦਦ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ । ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਅੱਠ ਨੌ ਹਜ਼ਾਰ ਮਨ ਕਣਕ ਰੁੜ੍ਹ ਗਈ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਿਰਫ ਸੌ ਸੌ ਰੁਪਿਆ ਫ਼ੀ ਘਰ ਹੀ ਮਦਦ ਮਿਲੀ ਜਦੋਂ ਕਿ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਹੋਰਨਾ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਪੰਜ ਪੰਜ ਸੌ ਰੁਪਏ ਤਕ ਵੀ ਮਦਦ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਇਹ ਇਲਾਕਾ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਮਦਦ ਦਾ ਪਾਤਰ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਵਧੇਰੇ ਮਦਦ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ।

ਜਦੋਂ ਬਰਫ਼ ਦਾ ਪਾਣੀ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਹਮਲਾ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦਾ ਤਾਂ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕੁਝ ਥੋੜ੍ਹਾ ਬਹੁਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਪਰ ਹੈਰਾਨੀ ਦੀ ਗਲ ਹੈ ਕਿ ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਹਰ ਸਾਲ 300 ਮੁਰੱਬਾ ਮੀਲ ਰੇਗਸਤਾਨ ਦਾ ਹੜ੍ਹ ਵਧਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਵੇਖਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਵੀ ਇਸ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਦਾ ਕੋਈ ਜਤਨ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ । ਉਹ ਹੜ੍ਹ ਸਿਰਫ ਇਕ ਦੋ ਫਸਲਾਂ ਲਈ ਹੀ ਜ਼ਮੀਨ ਨੂੰ ਖਰਾਬ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ਪਰ ਹਮੇਸ਼ਾ ਲਈ ਜ਼ਰਖੇਜ਼ ਜ਼ਮੀਨ ਨੂੰ ਦਬਾ ਲੈਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਵਾਹੀ ਦੇ ਕਾਬਲ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣ ਦਿੰਦਾ । ਜੇ ਸਰਕਾਰ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਹੋਰ ਪਾਸੇ ਭਾਵੇਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਖਿਆਲ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ, ਰੇਤ ਦੇ ਇਸ ਵਧਦੇ ਹੋਏ ਹੜ੍ਹ ਨੂੰ ਰੋਕ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਗ਼ਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਉਜੜਨ ਤੋਂ ਬਚਾਇਆ ਜਾਵੇ ।

ਚੌਥੀ ਗੱਲ ਬਿਜਲੀ ਬਾਬਤ ਹੈ । ਮਲੋਟ ਵਿਚ ਪਾਵਰ ਹਾਊਸ ਹੈ, ਮੁਕਤਸਰ ਵਿਚ ਵੀ ਪਾਵਰ ਹਾਊਸ ਹੈ ਪਰ ਕੋਟ ਭਾਈ ਵਿਚ ਕੋਈ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਨਹੀਂ । ਇਥੇ ਬਿਜਲੀ ਬਰਾਏ ਨਾਮ ਹੀ ਹੈ । ਮੇਰੇ ਪਿੰਡ ਦੇ 2,700 ਵੋਟਰਾਂ ਨੇ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਮਹਿਕਮੇ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਬਿਜਲੀ ਦੇਣ ਲਈ ਬੜਾ ਜ਼ੋਰ ਪਾਇਆ ਪਰ ਬਿਜਲੀ ਅਜੇ ਤਕ ਨਹੀਂ ਮਿਲੀ । ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਲੋੜ ਹੈ ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਲਾਵਾ ਇਕ ਹੋਰ ਸਾਂਝੀ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਉਹ ਹੈ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇਂ ਬਾਰੇ । ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਵੀ ਪੁਲੀਸ ਦੀ ਬੜੀ ਤਾਰੀਫ ਕੀਤੀ ਸੀ । ਮੈਂ ਵੀ ਤਾਰੀਫ਼ ਕਰਦਾ

[ਸੂਬੇਦਾਰ ਤੇਜਾ ਸਿੰਘ]
ਹਾਂ । ਕਿਉਂਕਿ ਮੈਨੂੰ ਖਾਕੀ ਵਰਦੀ ਨਾਲ ਬੜਾ ਪਿਆਰ ਹੈ । (ਹਾਸਾ) ਇਹ ਖਾਕੀ ਵਰਦੀ ਹੀ ਤੁਹਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ 24 ਘੰਟੇ ਰਖਿਆ ਕਰਦੀ ਹੈ । ਅੰਦਰੂਨੀ ਤੌਰ ਤੇ ਵੀ ਅਤੇ ਸਰਹੱਦ ਤੇ ਖੜੇ ਹੋ ਕੇ ਵੀ । ਇਹ ਖਾਕੀ ਵਰਦੀ ਵਾਲੇ ਹੀ ਸੂਬੇ ਦੀ ਚੋਰ ਬਾਜ਼ਾਰੀ ਨੂੰ ਅਤੇ smuggling ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਪਰ ਮੈਂ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਇਤਨੇ ਜ਼ਿੰਮੇਦਾਰ ਆਦਮੀਆਂ ਲਈ ਕੀ 12 ਮਹੀਨੇ ਠੰਡੀ ਵਰਦੀ reserve ਹੋਈ ਹੋਈ ਹੈ ? ਤੁਸੀਂ ਵੇਖੋ ਕਿ ਮੋਟਰਾਂ ਦੇ ਡਰਾਈਵਰਾਂ ਨੂੰ, ਚਪੜਾਸੀਆਂ ਨੂੰ ਗਰਮੀਆਂ ਵਿਚ ਠੰਡੀਆਂ ਅਤੇ ਸਰਦੀਆਂ ਵਿਚ ਗਰਮ ਵਰਦੀਆਂ ਮਿਲਦੀਆਂ ਹਨ । ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਰਦੀਆਂ ਵਿਚ ਵੀ ਠੰਡੀਆਂ ਵਰਦੀਆਂ ਪਵਾਈਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਵੀ ਸਰਦੀਆਂ ਵਿਚ ਗਰਮ ਵਰਦੀ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਰ ਰੋਜ਼ ਬਹੁਤ ਸਫਰ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਹ ਸੁਝਾਵ ਦੇਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ police ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ 100 ਮੀਲ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਜਾਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ railway pass ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਅਖੀਰ ਵਿਚ ਮੈਂ ਰਾਓ ਬੀਰੇਂਦਰ ਸਿੰਘ ਨੂੰ ਇਕ ਅਰਜ਼ ਕਰਕੇ ਬੈਠ ਜਾਂਦਾ ਹਾਂ । ਗਿਦੜ-ਬਾਹਾ ਤੇ ਕੋਟ ਭਾਈ ਦੇ ਦਰਮਿਆਨ ਤਾਂ ਸੜਕ ਲਈ ਸਾਰਾ ਮਸਾਲਾ ਤਿਆਰ ਹੈ, ਉਸ ਲਈ ਤਾਂ ਸਿਰਫ਼ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਉਦੱਮ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਪਰ ਇਥੇ ਮੈਂ ਇਕ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਬੇਨਤੀ ਇਹ ਕਰਨੀ ਹੈ ਕਿ ਕੋਟ ਭਾਈ ਅਤੇ ਦੋਦਾ ਕਸਬੇ ਵਿਚਕਾਰ ਵੀ ਇਕ ਛੋਟਾ ਜਿਹਾ ਸੜਕ ਦਾ ਟੁਕੜਾ ਬਣਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਹੀ ਅਸੀਂ ਇਹ ਮਨਾਂਗੇ ਕਿ ਸਾਡੇ ਲਈ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋਇਆ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਹਰਗੁਰਅਨਾਦ ਸਿੰਘ (ਨਵਾਂ ਸ਼ਹਿਰ, ਜਨਰਲ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਉਸ ਦਿਨ Finance minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਬਜਟ ਇਥੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਸੀ ਉਸ ਬਾਰੇ ਅੱਜ ਦੋ ਤਿਨ ਗਲਾਂ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਕਹੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ । ਇਸ ਉਪਰ ਮੇਰੇ opposition ਦੇ ਦੋਸਤਾਂ ਵਲੋਂ ਬੜੀ criticism ਤਾਂ Law and Order ਤੇ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਦੂਜੀ ਨਵਿਆਂ ਟੈਕਸਾਂ ਤੇ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਤੀਜੀ ਗੱਲ ਇਹ ਕਹੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਚ ਕੋਈ development ਨਹੀਂ ਹੋਈ । ਇਹ ਤਿਨ ਗੱਲਾਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਬੜੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਬਾਰ ਬਾਰ opposition ਦੇ benches ਵਲੋਂ ਕਹੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਪਿਛਲੇ 6 ਜਾਂ ਸੱਤਾਂ ਮਹੀਨਿਆਂ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਇਕ agitation ਚਲਾਈ ਗਈ ਸੀ ਜਿਸ ਦਾ ਨਾਂ ਹਿੰਦੀ agitation ਰਖਿਆ ਗਿਆ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਉਸ agitation ਨੂੰ ਚਲਾਉਣ ਵਾਲੇ ਲੋਕ ਹਿੰਦੀ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਸਨ । ਇਸ agitation ਤੋਂ ਪਹਿਲੇ ਪੰਜਾਬੀ ਸੂਬੇ ਦਾ ਨਾਰਾ ਲਗਾਉਣ ਤੇ ਲਗੀ ਰੋਕ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਇਕ ਹੋਰ agitation ਵੀ ਇਥੇ ਚਲੀ ਸੀ । ਜੇਕਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੋਹਵਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਨੁਮਾਇਆਂ ਫਰਕ ਨਜ਼ਰ ਆਵੇਗਾ । ਉਸ agitation ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਪੁਲਸ ਨੇ ਹਿੰਦੀ agitation ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨਾਲ ਬੜੀ ਨਰਮੀ ਦਿਖਾਈ ਹੈ । ਜਿਤਨੀ ਨਰਮੀ ਹੁਣ ਵਰਤੀ ਗਈ ਹੈ ਇਤਨੀ ਨਰਮੀ ਪਹਿਲੇ ਨਹੀਂ ਵੇਖੀ ਗਈ ਸੀ । ਪਿਛਲੀ agitation ਵਿਚ ਜਿਸ ਕਿਸੇ ਦੇ ਸਿਰ ਤੇ ਨੀਲੀ ਪਗੜੀ ਹੁੰਦੀ ਜਾ ਜਿਸ ਦੇ ਮੁੱਤਲਿਕ ਇਹ ਸੁਣਿਆਂ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਮੋਰਚੇ ਤੇ ਚਲਿਆ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਝੱਟ ਫੜ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਸੀ । ਪਰ ਇਸ agitation ਦੇ ਦੌਰਾਨ secretariat

ਦੀਆਂ ਕੰਧਾਂ ਤੇ ਇਥੇ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਚ......(Interruption by Chaudhri Dharam Singh Rathi) ਰਾਣੀ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਨੂੰ ਬੋਲ ਲੈਣ ਦਿਉ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ interrupt ਨਾ ਕਰੋ। ਇਸ agitation ਵਿਚ ਲੋਕ Secretariat ਦੇ ਅੰਦਰ ਚਲੇ ਗਏ, ਉਥੇ ਤਖ਼ਤੇ ਤੋੜੇ ਗਏ, ਕੁਰਸੀਆਂ ਉਲਟੀਆਂ ਗਈਆਂ ਅਤੇ ਗਮਲੇ ਤੋੜੇ ਗਏ। ਫਿਰ ਵੀ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਇਤਨੇ ਨਰਮ ਰਹੇ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਇਸ agitation ਨੂੰ ਇਤਨੀ ਨਰਮੀ ਦੇ ਨਾਲ handle ਕੀਤਾ ਕਿ ਉਹ ਐਜੀਟੇਟਰਾਂ ਦੇ ਪੈਰੀਂ ਹਥ ਲਾਉਣ ਤਕ ਵੀ ਗਏ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਮਹਾਰਾਜ ਤੁਸਾਂ ਇਹ agitation ਨਾ ਕਰੋ। ਪੁਲਸ ਨੇ ਇਤਨੀ ਨਰਮੀ ਵਿਖਾਈ ਜਿਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ ਇਸ agitation ਦੇ ਦੌਰਾਨ ਪੁਲਸ ਦੀ ਬਹੁਤ ਭਾਰੀ ਬੇਇਜ਼ਤੀ ਹੋਈ। ਸਿਪਾਹੀਆਂ ਨੂੰ ਮਾਰਿਆ ਗਿਆ ਅਤੇ ਪੁਲਸ ਦੇ ਕਈ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਮਾਰ ਪਈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਗੱਲਾਂ ਦੇ ਹੋਣ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਵੀ ਸਾਡੇ opposition ਦੇ ਭਾਈ ਇਥੇ ਮੁੜ ਮੁੜ ਕੇ ਬਹੂ ਅਕਬਰ ਪੁਰ ਦਾ ਜਾਂ ਇਕ ਦੋ ਹੋਰ ਥਾਵਾਂ ਦਾ ਨਾਂ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਸੱਚੀ ਗੱਲ ਪੁਛੋ ਤਾਂ ਇਸ agitation ਨੂੰ ਚਲਾਉਣ ਵਾਲੇ ਇਹ ਹੀ ਦੋਸਤ ਨੇ ਜਿਹੜੇ ਇਥੇ opposition benches ਤੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਇਹ ਅਜੇ ਵੀ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕਿ ਜੇਲ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਚੰਗਾ ਵਰਤਾਵ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਕਿਉਂ ਚੰਗਾ ਵਰਤਾਵ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਜਿਹੜੇ ਅਮਨ ਵਿਗਾੜਦੇ ਸਨ। ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਅਮਨ ਵਿਗਾੜਨ ਦੇ ਜ਼ਿੰਮੇਦਾਰ ਹੋਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਲੂਕ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਹੋਰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ? ਕੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸੂਬੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਬਦ ਅਮਨੀ ਫੈਲਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ? ਅੱਜ ਇਸ agitation ਦੇ ਚਲਣ ਦੇ ਕਾਰਨ ਹੀ ਇਥੇ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਵਾਯੂ-ਮੰਡਲ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਵਿਗੜ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ ਧਾਰਮਕ ਸਥਾਨਾਂ ਦੀ ਬੇਇਜ਼ਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਸਰੋਵਰਾਂ ਵਿਚ ਸਿਗਰਟ ਸੁੱਟੇ ਗਏ ਹਨ। ਇਹ ਲੋਕ ਤਾਂ ਇਸ ਹਦ ਤਕ ਚਲੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿਚ ਵੀ ਕਦੇ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਈਆਂ। ਹਾਂ ਮੁਗ਼ਲਾਂ ਦੇ ਰਾਜ ਵਿਚ ਇਕ ਵਾਰੀ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਲਾਂ ਹੋਈਆਂ ਸਨ ਪਰ ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਹੋ ਜਹੀ ਗੱਲ ਕਦੇ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਈ। ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਵੇਲੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਕੰਮਜ਼ੋਰ policy ਦੇ ਨਤੀਜੇ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਹੁਣ 31 cases ਐਸੇ ਹੋਏ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਗੁਰਦੁਆਰਿਆਂ ਦੀ ਬੇਇਜ਼ਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਪੁਲਸ ਹੁਣ ਆਪਣਾ ਫਰਜ਼ ਵੀ ਨਹੀਂ ਪਿਛਾਣਦੀ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਕੰਮਜ਼ੋਰ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ। 31 cases ਵਿਚੋਂ ਪੁਲਸ ਇਕ case ਵਿਚ ਵੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਫੜ ਸਕੀ, ਅਤੇ ਉਹ ਆਪਣੇ ਕੰਮ ਨੂੰ ਵੀ ਨਹੀਂ ਸੰਭਾਲ ਸਕੀ। ਇਸ agitation ਦੇ ਦੌਰਾਨ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕਾਫੀ ਨਰਮ policy ਵਰਤੀ ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਪੁਲਸ ਨੇ ਕਰੜਾਈ ਵਰਤਨੀ ਵੀ ਛਡ ਦਿੱਤੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਡਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦੇ ਸਿਰ ਤੇ enquiry ਬਿਠਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਏਗੀ। Services ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ demoralize ਹੋ ਚੁਕੀਆਂ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਵਲੋਂ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਝੰਗੜੇ ਪਾਏ ਗਏ ਅਤੇ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਰੇ ਲਾਏ ਗਏ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਤੀਜੇ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਜਾਲੰਧਰ ਦਾ ਵਾਕਿਆ ਰੂਨੁਮਾ ਹੋਇਆ। ਇਸ ਤੋਂ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ agitation ਨੂੰ ਚਲਾਉਣ ਵਾਲੇ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਲੋਕ ਹਨ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਜਾਲੰਧਰ ਦਾ ਵਾਕਿਆ ਹੋਇਆ ਅਤੇ ਗੁਰਦੁਆਰੇ ਤੇ ਇੱਟਾਂ ਵਟੇ ਸੁੱਟੇ ਗਏ, ਉਥੇ ਜਲੂਸ ਕਢਣ ਵਾਲੇ ਜਿਤਨੇ ਵੀ M. L. As ਸਾਹਿਬਾਨ ਜਾਂ ਹੋਰ ਜਿਤਨੇ ਵੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰ ਆਦਮੀ ਸਨ ਉਹ ਉਸ

[ਸਰਦਾਰ ਹਰਗੁਰਅਨਾਦ ਸਿੰਘ]

ਵੇਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕੋਈ ਮਾਈ ਹੀਰਾਂ ਗੇਟ ਫਿਰਦਾ ਸੀ, ਕੋਈ ਇਮਾਮ ਨਾਸਰ ਫਿਰਦਾ ਸੀ ਅਤੇ ਕੋਈ Railway Station ਤੇ ਸੀ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ agitation ਦੇ ਚਲਣ ਨਾਲ ਇਸ ਸੂਬੇ ਦਾ ਜੋ ਵਾਯੂਮੰਡਲ ਹੈ ਉਹ ਬੜਾ ਖਰਾਬ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਠੀਕ ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਅਤੇ administration ਕਰੜੇ ਹਥਾਂ ਨਾਲ ਹੀ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਲ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਇਹ ਨਰਮ ਹਥਾਂ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦੀ ।

ਫਿਰ ਮੇਰੇ ਭਾਈਆਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬੜੇ ਨਵੇਂ ਟੈਕਸ ਲਾਏ ਹਨ । ਪੰਡਤ ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਜੀ ਨੇ ਤਾਂ ਇਥੋਂ ਤੱਕ ਕਹਿ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਆਮ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਦਾਲ ਰੋਟੀ ਤੇ ਵੀ tax ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਅਸਾਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਥੇ ਕੋਈ ਮੈਂਬਰ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਹਸਪਤਾਲ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਉਥੇ ਹਸਪਤਾਲ ਖੋਲ੍ਹਿਆ ਜਾਏ, ਕੋਈ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸੜਕਾਂ ਨਹੀਂ ਸੜਕਾਂ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾਣ, ਕੋਈ ਨਹਿਰਾਂ ਵਾਸਤੇ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਕੋਈ ਸਕੂਲ ਵਾਸਤੇ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ । ਜਿਥੇ ਸਕੂਲ ਹਨ ਤਾਂ ਉਹ ਉਥੇ college ਖੋਲ੍ਹਣ ਲਈ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ । ਕੋਈ ਪਾਣੀ ਲੈਣ ਲਈ ਨਹਿਰ ਵਾਸਤੇ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਕੋਈ ਆਪਣੇ ਹਲਕੇ ਵਿਚ ਸੇਮ ਹੋਣ ਕਰ ਕੇ ਪਾਣੀ ਨੂੰ ਕਢਣ ਲਈ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ । ਹਰ ਕੋਈ ਆਪਣੇ ਹਲਕੇ ਲਈ ਮੰਗ ਕਰਦਾ ਹੈ । ਇਹ ਤਾਂ ਸਭ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੀ ਹੈ ਕਿ ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਬਗੈਰ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਚਲ ਸਕਦਾ ਲੇਕਿਨ ਜਦੋਂ ਇਸ ਮਤਲਬ ਲਈ tax ਲਗਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਨੁਕਤਾ ਚੀਨੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਪਹਿਲੇ ਤਾਂ ਜਿਤਨੇ ਵੀ tax ਲਗਾਏ ਜਾਂਦੇ ਸੀ ਉਹ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਲਗਾਏ ਜਾਂਦੇ ਸੀ ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਮਾਮਲੇ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਹੁੰਦਾ ਸੀ, ਭਾਵੇਂ ਮਾਮਲੇ ਤੇ surcharge, ਜਾਂ local rate ਜਾਂ professional tax ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਲਗਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਜਾਂ local rate ਬੜ੍ਹਾਉਣ ਨਾਲ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਪਰ ਹੁਣ ਐਸਾ tax ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਸਾਰੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਲਗੇਗਾ । ਇਸ ਤੇ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕਿ ਅਨਾਜ ਤੇ tax ਲਗਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਕਿਤਨਾ ਕੁ tax ਹੈ । 100 ਰੁਪਏ ਦੇ ਅਨਾਜ ਲੈਣ ਉਤੇ ਕੁਲ 12 ਆਨੇ tax ਲਗਣਾ ਹੈ । ਇਕ ਔਸਤ family ਦਾ ਅਨਾਜ ਦਾ ਖਰਚ $2\frac{1}{2}$ ਜਾਂ ਤਿੰਨ ਮਣ ਇਕ ਮਹੀਨੇ ਵਿਚ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਇਸ ਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਦੋ ਜਾਂ $2\frac{1}{2}$ ਰੁਪਏ ਸਾਰੇ ਸਾਲ ਵਿਚ tax ਦੇਣਾ ਪਏਗਾ । ਵਾਵੇਲਾ ਇੰਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨੇ tax ਲਾ ਦਿੱਤੇ । ਮਗਰ ਜਦ development ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ, ਸਾਰੀਆਂ facilities ਮਿਲ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ tax ਵੀ ਲਗਣੇ ਹੀ ਹਨ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ taxes ਨੂੰ ਜਾਇਜ਼ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ । ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜੋ ਬੋਝ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਤੇ ਪਾਇਆ ਹੈ ਉਹ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ । ਹੁਣ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਆਮ ਲੋਕਾਂ ਤੇ tax ਲਾਉਣ ਦਾ ਯਤਨ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਅਸਲ ਗੱਲ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਰੌਲਾ ਇਨ੍ਹਾਂ taxes ਦਾ ਨਹੀਂ ਹੈ, ਮਰਲਾ ਟੈਕਸ ਦਾ ਹੈ । ਉਹੀ ਗਲ ਹੈ --

"ਰੋਂਦੀ ਯਾਰਾਂ ਨੂੰ ਲੇ ਲੈ ਨਾਮ ਭਰਾਵਾਂ ਦਾ" ।

ਫਿਰ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਤੇ ਬਹੁਤ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ, ਪਟਿਆਲਾ ਦੇ ਮਹਾਰਾਜਾ ਦਾ ਮਹਿਲ ਖਰੀਦ ਰਹੇ ਹਨ, Governor's House ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ

ਹੈ ਵਗੈਰਾ ਵਗੈਰਾ। ਮਗਰ ਇਹ ਜੋ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਹੈ ਇਸ ਤੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਖਰਚ ਹੋ ਚੁਕਾ ਹੈ ਹੁਣ ਇਹ ਖਰਚ ਰੁਕ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਬਣਾਣਾ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਜ਼ਿਮੇਂਵਾਰੀ ਹੈ। ਪਰ ਕੁਝ ਖਰਚ ਅਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਘਟ ਕਰਕੇ ਬਚਤ ਕਰਕੇ ਉਹ ਰੁਪਿਆ ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ।

ਫਿਰ Local Bodies' Schools ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ Private Schools ਕੀ ਕਰਨਗੇ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤਾਲੀਮ ਦੇਣ ਦੀ ਜ਼ਿਮੇਂਵਾਰੀ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਫੀਸ ਮਾਫ ਕਰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ private ਅਦਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਤਸ਼ਵੀਸ਼ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਮੈਂ ਵੀ ਕੁਝ private ਅਦਾਰੇ ਚਲਾਉਂਦਾ ਹਾਂ। ਜਿਥੇ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਫੀਸ ਮਾਫ ਕਰ ਦੇਵੇ ਉਥੇ ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਅਦਾਰੇ ਬੰਦ ਕਰ ਦੇਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ। ਹਾਂ ਅਗਰ ਗੌਰਮਿੰਟ ਕੰਮ ਨਾ ਚਲਾ ਸਕੇ ਤਾਂ ਫੀਸਾਂ ਮਾਫ ਕਰਨ ਲਈ grants ਦੇਵੇ।

ਇਕ ਔਰ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਹੋਰ ਹੋਈ ਹੈ। ਉਹ ਇਹ ਕਿ ਹਿੰਦ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਲੜਕੀਆਂ ਨੂੰ ਜਾਇਦਾਦ ਦੇਣ ਦਾ ਕਾਨੂੰਨ ਪਾਸ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਇਸ ਨਾਲ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਤੇ ਬੁਰਾ ਅਸਰ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਮੁਰੱਬਾਬੰਦੀ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣ ਲਗਾ। ਜ਼ਮੀਨ ਕਈ ਜਗ੍ਹਾਂ ਵੰਡੀ ਜਾਵੇਗੀ। ਇਸ ਲਈ ਪੰਜਾਬ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੂੰ ਇਸ ਬਾਰੇ ਹਿੰਦ ਸਰਕਾਰ ਤੇ ਜ਼ੋਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਣਗੇ। (ਘੰਟੀ)

ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸਭ ਤੋਂ ਵਡੀ ਤਕਲੀਫ ਪੁਲਾਂ ਦੀ ਕਮੀ ਕਰਕੇ ਹੈ। ਜਲੰਧਰ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਬਿਸਤ ਦੋਆਬ ਨਹਿਰ ਆਈ ਹੈ। ਇਸ ਜ਼ਿਲੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਸੰਘਣੀ ਆਬਾਦੀ ਹੈ। ਨਹਿਰਾਂ, ਸੂਏ, ਰਾਜਵਾਹੇ ਨਿਕਲ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਕਰਕੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡਾਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਿਚ ਆਵਾਜਾਈ ਦਾ ਕੋਈ ਸਿਲਸਲਾ ਨਹੀਂ ਰਿਹਾ ਕਿਉਂਕਿ ਪੁਲ ਬਹੁਤ ਘਟ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਵਿਤ ਮੰਤਰੀ ਜੀ ਅਗੇ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਪੁਲਾਂ ਲਈ provision ਕਰਨ ਤਾਂ ਜੋ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਇਕ ਵਡੀ ਤਕਲੀਫ ਦੂਰ ਹੋ ਸਕੇ।

ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਕੇ ਬੈਠਦਾ ਹਾਂ। ਬਿਜਲੀ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਦੇਣ ਲਈ ਗਰੰਟੀ ਲਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਅਜ ਤਾਂ ਬੋਰਡ ਬਣ ਰਿਹਾ ਹੈ ਖੈਰ ਇਹ ਗੱਲ ਫਿਰ ਦੇਖੀ ਜਾਵੇਗੀ ਮਗਰ ਜਦੋਂ ਬਾਰਸ਼ਾਂ ਬਹੁਤ ਹੋ ਜਾਣ, ਹੜ੍ਹ ਆ ਜਾਣ, ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਲਈ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ 300 ਰੁਪਏ ਦੀ ਬਿਜਲੀ ਜ਼ਰੂਰ ਫੂਕੇ। ਫਸਲਾਂ ਤਾਂ ਹੜ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਖਰਾਬ ਹੋ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ, ਉਪਰੋਂ ਇਹ ਖਰਚ ਦੇਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਜਿਥੇ ਬਿਜਲੀ ਫਸਲਾਂ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਣ ਲਈ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਉਥੇ ਗਰੰਟੀ ਨਾ ਲਈ ਜਾਵੇ। ਇਹ ਕਹਿਕੇ ਮੈਂ Budget ਦੀ ਹਿਮਾਇਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

श्री भला राम (जींद, रिज़र्वड) : उपाध्यक्ष महोदय, यह जो बजट इस सदन में पेश किया गया है यह एक घाटे का बजट है। मेरे ख्याल में यह घाटे वाला बजट उस Government का पेश किया हुआ है जो सही मानों में पब्लिक की नुमाइंदगी नहीं करती। वह क्यों? हरिजनों के मुतअल्लिक सफा 31 पर इन्होंने एक छोटा सा para दे दिया है और उसी के अन्दर कह दिया है कि हम यह कुछ कर रहे हैं। लिखा है कि 320 परिवारों को आबाद करने के लिए

[श्री भला राम]
16 लाख रूपय की योजना बनाई गई है । अभी किया कुछ नहीं है सिर्फ योजनाएं ही बनती हैं । मैं समझता हूं कि पिछले 10 साल के अन्दर सिरफ योजना ही बनी है । आप भाखड़ा डैम बना रहे हैं मगर जब हरिजनों के पास ज़मीन ही नहीं तो सींचेंगे किस चीज़ को । चूंकि आप तो, Deputy Speaker साहिब देहात के रहने वाले हैं आप ने देखा होगा कि किसी भी गांव में चले जाइए तो फौरन पता लग जाएगा, कि यह कच्चे मकान हरिजनों के हैं । 10 सालों के अन्दर कोई तब्दीली नहीं आई । आज जो बातें गवर्नमैंट कर रही है यह गरीबों के फायदे की नहीं हैं । क्यों ? आप देखिए क्या इन बेचारों के रहन सहन में फर्क पड़ा, standard of living ऊंचा हुआ, तालीम पर कोई असर पड़ा । असल में इन को किसी बात में भी तरक्की नहीं हुई । इस में ज़िक्र किया गया है कि इन लोगों के लिए एक अलग महकमा खोला हुआ है । अब उस की सुनिए । इन्हों ने जो Assistant Welfare Officer रखे हुए हैं उन का rank बदल कर Assistant Welfare Worker कर दिया गया है । सारी तहसील में वह एक ही आदमी होता है इस काम के लिए । न उस के पास कोई चपड़ासी न कोई और चीज़ । अब अगर वह सरकारी डाक का जवाब ही देता रहे तो सारे महीने उस से यही काम हो सकता है और कोई काम वह नहीं कर सकता । Duties उस की कई हैं । फलाने स्कूल में जाओ देखो वज़ीफों की grant distribute हुई ; वहां कितने लड़के हैं । अब आप सोचें कि जिस एक आदमी को यह और दुसरे काम सौंप दिए जाएं वह भलाई का क्या काम कर सकेगा । फिर इस काम पर लगाए ऐसे आदमी हैं जो पहले गांव में जा कर 10 आदमियों को इकट्ठा करके प्रचार का काम तो कर लेते थे आज वह भी खत्म है । फिर इन के नाम के साथ 'हरिजन' का नाम जोड़ दिया गया है 'Harijan Welfare Officer' । अब दूसरे लोग समझते हैं कि यह तो सिर्फ हरिजनों के लिए हैं, हमारे लिए नहीं हैं।

फिर untouchability, छुआ छुत की बात है । यह एक बड़ा भारी मसला है और इस का हल तब तक न होगा जब तक सब लोग इकट्ठे बैठ कर सब चीज़ों पर सोच विचार करना नहीं सीखते । जब हम ने पंचायती राज बना लिया है तो इस का मतलब तो यही है कि हम सब इकट्ठे बैठ कर हर बात को सोचें और उस का हल ढूंढें । मगर आप ने देहात में देखा होगा जब भी पंचायत बैठती है तो हालत यह होती है कि हरिजनों के नुमाइंदे नीचे बैठे होते हैं और बाकी ऊंची जगह पर । यानी इन को आज बराबर बैठने का हक भी नहीं । यह बुरी हालत है । गवर्नमैंट नलकों के लिए रूपया देती है, कूपों के लिये रूपया देती है लेकिन हालत वहीं की वहीं रह जाती है । छुआ छात के मसले को अभी तक हल नहीं किया गया । हमारे गांव में दो हज़ार रूपया कूआं लगाने के लिए दिया गया परन्तु वह कूआं भी पहले कूएं के साथ लगा दिया । पता नहीं इस लिए कि खर्च को पूरा करना था । देहली से Scheduled Caste,

Commissioner साहिब हमारे इलाके में आए तो उन्हों ने पूछा कि इस तरह साथ साथ दो कूएं लगवाने का क्या कारण है तो इसका जवाब उनसे न बन पड़ा। मैं तो यह समझता हूं कि सरकार आपस में छुआ छात को खतम करने के लिए इस तरह के खर्च नहीं करती बल्कि आपसी तफरके बाज़ी को कायम रखने के लिए खर्च करती है कि हरिजन यह न कहें कि छुआ छूत को खतम नहीं किया जा रहा और इस किस्म की बात अब भी जारी है। और वह चाहते हैं कि इस तरह की बात पब्लिक में न जाए। मेरे कहने का मतलब यह है कि छुआ छूत की बुरी लानत को दूर करने के लिए सरकार की ओर से कोई provision नहीं किया गया। आज हमारी क्या social activities हैं इनके बारे में इस बजट में कुछ भी दर्ज नहीं है।

इसके बाद, डिप्टी स्पीकर साहिब, erstwhile Pepsu State के अन्दर कुछ M. L. As. को मिला कर एक Advisory Board बनाया गया था ताकि वह State के अन्दर जगह जगह पर जा कर यह देखे कि हरिजनों की economic condition कैसी है उनकी Education की हालत क्या है? किस तरह से वह तरक्की कर रहे हैं? जो रूपया सरकार की ओर से हरिजन welfare के लिए खर्च किया जा रहा है वह किस तरीके से खर्च हो रहा है? इसी तरह का एक Advisory Board Central Government की तरफ से भी बनाया गया है जो तमाम हिन्दुस्तान के अन्दर जा कर देखता है कि किस तरीके से हरिजनों की हालत को ऊपर उठाया जा रहा है और फिर यह Board Parliament में जा कर अपने सुझाव देता है। इस लिए यहां पर भी इसी किस्म का Board बनाया जाना चाहिए ताकि जो रूपया सरकार की ओर से हरिजन सुधार के लिए खर्च किया जा रहा है वह board देखे कि आया यह रूपया ठीक तरह से खर्च किया गया है या नहीं और यहां जो Advisory Board बनाया जाए वह इस सदन के अन्दर अपनी report दे और फिर उस report पर बहस हो ताकि सारे का सारा मसला हल हो सके। मुझे आशा है कि मेरे इस सुझाव को अमली रूप दिया जाएगा।

इस के बाद, डिप्टी स्पीकर साहिब, सरकार ने erstwhile Pepsu के इलाके में nazool ज़मीन हरिजनों को दी है इस के बारे में मैं कुछ अर्ज़ करना चाहता हूं। एक गांव के अन्दर 100 घर हैं और तीन सौ बिघे ज़मीन है। तो हर घर को तीन बिघे ज़मीन दी जाती थी। मगर वहां भी Co-operative Society बना दी है जिस में 15-16 आदमी मेम्बर बना लिए गए हैं और बाकी गांव का कोई हिस्सा इन Co-operative Societies में नहीं है। बाकी हरिजनों के लिए जो उसी गांव में रहते हैं कुछ नहीं किया गया।

फिर यह जो Co-operative Societies बनाई गई हैं यह इस किस्म की हैं कि Co-operative Inspector या Co-operative विभाग के

[श्री रला राम]

दूसरे अफसर खुद भी नहीं जानते कि यह Societies function कैसे करें। इन के ज़िम्मे क्या क्या बातें हैं और Common Lands Act का purpose क्या है । जब तक वहां के सब आदमियों को मेम्बर न बना लिया जाए Co-operative Societies का मन्तव्य फौत हो जाता है । फिर शर्त यह रखी गई है कि फलां आदमी मेम्बर बन सकता है और फलां नहीं बन सकता जिस से हरिजनों को दिक्कत पेश आती है और न ही उन को फायदा पहुंचता है । जो Co-operative Societies बना दी गई हैं उन्हों ने मिल कर कुछ ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया है और जिन दो तीन आदमियों का कब्ज़ा ज़मीन पर है उन से हरिजनों का मसला हल नहीं होता । न ही किसी को फायदा पहुंचता है। अगर आप सहकारिता का तजुर्बा कर रहे हैं तो न तो इस का हरिजनों को पता है और न ही खुद अफसरों को पता है । अफसर कुछ बता नहीं सकते और अनपढ़ हरिजन कुछ समझ नहीं सकते। इस लिए मेरा सुझाव है कि Co-operative Societies को सांझे तरीके से सिखाया जाए और खर्च दिया जाए ताकि हरिजनों को कुछ लाभ पहुंच सके ।

फिर हरिजनों के लिए एक और दिक्कत है कि इन्हें इस किस्म के कर्ज़े नहीं दिए जाते कि जिस से वह नए ढंग के बीजाई के औज़ार खरीद सकें या अन्य नई किस्म की सुविधाओं का प्रयोग कर सकें । एक सवाल के जवाब में बताया गया है कि 83 लाख रूपया इनकी तरफ निकलता है और उन्हें 36 हज़ार बिघे ज़मीन दी गई है । इस किस्म का कोई ऐसा तरीका या बात नहीं है कि जिस से हरिजनों को लाभ पहुंच सके ।

शिक्षा के क्षेत्र में और transport के बारे में, डिप्टी स्पीकर साहिब, कोई ध्यान नहीं दिया गया । कोई रूपया नहीं दिया गया । जो लोग Co-operative Societies बना कर transport का काम चलाना चाहते हैं उन्हें इस तरफ कदम उठाने नहीं दिया जाता और route permits नहीं दिए जाते । अभी पटियाला के अन्दर चन्द लोग Co-operative Society बनाने लगे तो उन्हें Co-operative Society नहीं बनाने दो और फल कर दो । जब वह पैसा इकट्ठा करने लगे तो कहा कि इसे register मत करो । अगर आज इस society को register कर लिया तो कल यह पैसे मांगेंगे । इस तरह की मुश्किलात हरिजनों के रास्ते में खड़ी की जाती हैं ।

अब मैं चन्द बातें अपने हलका के बारे में कहता हूं । First Five year Plan में उकलाने से कैथल तक के लिए सड़क बनाने का provision किया गया था लेकिन वह पहली प्लान खत्म हो गई और दूसरी पांच साला प्लान में भी इसे नहीं लिया जा रहा। इस तरह करने से सरकार के ऊपर लोगों का विश्वास नहीं रहता। इस किस्म की बात समझता हूं ठीक नहीं हैं।

फिर कुछ ज़मीन पंचायतों को दी गई है। पंचायतों वाले उसे काश्त नहीं करते और वह सारी की सारी ज़मीन बेकार पड़ी है। न तो वह उसे चकौते पर देते हैं और न ही किसी ऐसे आदमी को देते हैं जो उसे संभाल सके। ऐसी ज़मीन में डंगर छोड़ दिए जाते हैं। मेरा सुझाव इस ज़मीन के बारे में यह है कि अगर हरिजनों को यह ज़मीन दे दी जाए तो सरकार के Grow More Food Campaign को तरक्की मिलेगी और हरिजनों का भी भला होगा। इन शब्दों के साथ में डिप्टी स्पीकर साहिब, आप से आज्ञा चाहता हूं।

श्री श्री कृष्ण शास्त्री, वैद्य (सफीदों) : उपाध्यक्ष महोदय, आज अगामी वर्ष के बजट पर चर्चा इस सदन के अन्दर हो रही है और मेरे कुछ साथियों ने अपने विचार यहां पर रखे हैं। जो चर्चा और जिस प्रकार के सुझाव इस सदन में रखे गए हैं उनका सारांश जो मेरी समझ में आया है वह यह है कि खास तौर पर Opposition की तरफ से नुकताचीनी की गई है और वह केवल नुकताचीनी और आलोचना की दृष्टी से की गई है। इन विचारों में जो उन्हों ने पेश किए हैं कोई नई योजना नहीं है और न ही कोई सुझाव रखा गया है। जैसे हमारे इलाके में कहते हैं "आगे पीछे और नीव तले" कोई बहू अकबरपुर, कोई फिरोज़पुर पहुंच जाता है कोई जालन्धर में तो कोई करनाल में।

एक माननीय मैंबर : (आप फिकर न करें निखौने भी पहुंच जाएंगे और सफीदों भी।)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य : देख लूंगा आवोगे जब। तो, उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा इस बजट का स्वागत करता हूं और अपने विचार इस की अन्य मद्दों पर रखना चाहता हूं। बजट जो है यह निहायत अच्छा है। सारे प्रांत की योजना को बनाना कोई मामूली बात नहीं। कह देना आसान बात है कि बजट आसानी से तैयार किया जा सकता है परन्तु मैं समझता हूं कि इस को तैयार करना और उपयोग में लाना बहुत कठिन काम है। बजट अच्छा तब माना जाता है जब इस के अनुसार मद्दों का निर्धारण ठीक तथा योग्य तरीके से किया जाए। इस सम्बन्ध में मैं यह समझता हूं कि इस का उपयोग ढील से, डर तथा भय से किया जाता है। मैं यह बात हाऊस के सामने लाना चाहता हूं कि मैं अफसरों से भी मिला हूं और अन्य लोगों से भी पूछा है तो उनकी राय भी यही है कि बजट के आधीन जो योजनाएं बनाई जाती हैं वह आम तौर पर ढीली होती है। ज़िम्मेदार आदमी भी यही कहते हैं। फिर उन्हों ने बताया कि भाखड़ा के अन्दर काफी से ज़्यादा बड़े बड़े आदमियों की बेइज़ती हुई है और उन बेचारों को जेलों के अन्दर ठोंस दिया गया है जिस के फलस्वरूप यह हुआ है कि Overseer जिसे एक हज़ार रुपए तक खर्च करने के अख्तियार हैं वह बजट 1,025 रुपए का बना देता है। इसी तरह ज़िलेदार और Executive Engineer हैं। कोई भी अपने सिर ज़िम्मेवारी नहीं लेता। बजट इस तरह चलते चलते Secretariat में आ जाता है और इस तरह के बजट के अन्तर्गत स्कीमों को लागू करने में सालों लग जाते हैं।

[श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य]

मैं एक बात कहूं कि जिस आदमी को जिस चीज़ का अधिकार है अगर वह स्वतंत्र रूप से उस का इस्तेमाल करे तो कोई हिचकिचाहट नहीं होती । मगर आज जहां कोई अपनी power को स्वतंत्र रूप से चलाना चाहता है वह बाहर निकाल दिया जाता है। यहां मेरे दोस्तों ने सिवाये इस नज़रिये से कि किसी को नुकसान पहुंचाया जाये या उस की गर्दन काटी जाये और कोई बात नहीं की । ऐसी बातें नहीं करनी चाहियें । यहां कोई शख्स अगर अपने अधिकारों को पूरे रूप से इस्तेमाल भी करता है तो उस के रास्ते में रुकावट डाली जाती है और जो इस किस्म की बातें करते हैं वह Opposition के member साहिबान ही हैं । वह अपना काम officers से करवाते रहते हैं । जहां काम होता नज़र नहीं आता तो वह officers को डराते हैं और कहते हैं कि अगर यह नहीं करोगे तो मैं Assembly में question put कर दूंगा । मैं ने देखा है कि करनाल, रोहतक, फिरोज़पुर और पैप्सू के इलाके के officers इन लोगों से डरते हैं । वह वहां जा कर कहते हैं कि या तो हमारा काम करो वरना हम तुमें हटवा देंगे । इस तरह officers पर नाजायज़ तरीके से दबाव डालकर यह काम करवाते हैं । मैं कहता हूं कि हमारे देश में इतनी योजनायें चली हैं मगर officers को उन की ताकत का पूर्ण अधिकार नहीं दिया जाता । हमारे हां भाखड़े का इतना काम होता है और भी बहुत सी योजनायें हैं मगर जब तक स्वतंत्र रूप से officers को अधिकार नहीं दिये जाते यह काम ठीक तरह चल नहीं सकते । officers को बगैर किसी डर के काम करना चाहिये । मेरे भाई श्री भाले राम जी ने एक बात कही कि Welfare Officers हरिजनों पर अलग लगाये जायें जो हरिजनों की भलाई का ही काम करें । मगर मैं कहूंगा कि यह बात ठीक नहीं है । कल को यही लोग Chief Minister साहिब से जा कर पूछेंगे कि हमें यह बताया जाये कि हमारा quota कितना है । और इस तरह हरिजन और गैरहरिजन का सवाल पैदा किया जायेगा । जो बातें यहां पर कही जाती हैं वह महज़ लोगों को भड़काने की भावना से कही जाती हैं । आज यहां पर हर बात में बहूअकबर पुर का ज़िकर किया गया है । मैंने सब की वज़ारत देखी है । मुझे सब मालूम है । लाला जगत नारायण जी खुद पंजाब में लोरियां दिया करते थ । वह लोरीयां जिन से कि बच्चे खिलाये जाते हैं । मैंने देखा है कि लाला जी किस तरह बटाले में लोरी सुनाया करते थे । यह जब वज़ारत में थे तो कहा करते थे कि पंजाबी हमारी मातृ भाषा है हिंदी और गुरमुखी में कोई फर्क नहीं । मुझे अच्छी तरह याद है जब यह पंजाबी लोरी पढ़ा करते थे :

"अलड़ भलड़ तेरी माई
सुखना मनावे तेरी जाई
उदरों बाबा कनक लिआवेगा
दुध दही छकावेगा
सब नूं पिछों कढेगा
अररे अररे हूं"

यह लोरी, डिप्टी स्पीकर साहिब, उस वक्त कही जाती थी। आज यह क्या कहते हैं ? पंजाबी ज़बान में ही माता ने अपने बच्चे को लोरियां दे दे कर अपना दूध पिला पिला कर पाला पोसा है। इस लिए आज इस तरह की बातें करना ठीक नहीं है। आज लाला जगत नारायण जी कहते हैं कि हिंदी आंदोलन के सिलसिला में मैं 500 आदमियों का जत्था ले कर चंडीगढ़ गया। मैं लाला जी की इस बात की इज़्ज़त करता हूं क्योंकि वह हमारे बजुर्ग हैं। वह कांग्रेस में काम करने वाले नेताओं में सब से पहले हैं। जहां तक उन की पिछली सेवा का ताल्लुक है मैं उन की कदर करता हूं। मगर ऐसी बातों के साथ साथ कभी आप लोरियां पढ़ते हैं और फिर इस के खिलाफ जत्थे लाते हैं, ऐसी बातों को छोड़ा नहीं जा सकता। मेरे भाई धर्म सिंह राठी बार बार उठते हैं। वैसे तो आप मेरे पड़ोसी की constituency से ताल्लुक रखते हैं मगर......(आवाज़ें)

Mr. Deputy Speaker : Order, please. No reference regarding any hon. Member should be made.

श्री श्री कृष्ण शास्त्री, वैद्य : बात कुछ और होती है लेकिन कहा कुछ और ही जाता है। Opposition के भाईयों को चाहिये था कि वह कोई ठोस नुकताचीनी करते और दयानतदारी से बातें करते। मगर यहां पर ऐसी बातों का कोई ख्याल नहीं रखा गया जिस से कि किसी की बहबूदी हो। हम 5 साल के लिये जनता के नुमायेंदे चुने गये हैं। हमें वह काम करना चाहिये जिस से लोगों का भला हो....

उपाध्यक्ष महोदय : आप Budget पर बोलें। यह क्या lecture देना शुरू कर दिया। (The hon. Member may speak on the Budget. What lecture has he started delivering ?)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री, वैद्य : बजट के अन्दर एक बात यही कही गई है कि पैदावार को बढ़ाया जाये। पैदावार तभी ज़्यादा होगी अगर देश में तामीरी programme रखे जायेंगे। हम देखते हैं कि हमारे हां बहुत से काम हुये हैं। नहरें निकाली गई हैं। कई हज़ार विघे ज़मीन को पानी मिलने लग गया है। लेकिन मुनक से लेकर रोहतक में, भुटाणा ब्रांच के साथ वाली यह सारी जमीन बेकार पड़ी है। इस इलाके की बेहतरी का सब से पहले इंतज़ाम करना चाहिये क्योंकि इस इलाके में सेम बहुत है। जब तक सेम दूर न होगी पैदावार नहीं बढ़ सकती।

इस के अलावा, इस में सड़कों का भी ज़िक्र आया है। रोहतक से जो सड़क जींद तक जाती है इस सड़क से पाडली गांव को मिलाने के लिये 2—3 बार lines खींची गई हैं लेकिन आज तक इस सड़क को निकालने का कोई इन्तज़ाम नहीं किया गया। अगर दूसरी ओर से यह टुकड़ा मिलाया गया तो बहुत खर्च आयेगा क्योंकि एक बांध तामीर करना पड़ेगा। इसलिये जहां

[श्री श्री कृष्ण शास्त्री, वैद्य]

से आजकल lines निकाली गई हैं अगर वहां से यह सड़क निकाल दी जाये तो बहुत कम खर्च आयेगा । बहुत सारी ज़मीन अगर सड़क में आ गई तो इस का मुआवज़ा भी नहीं मिल सकेगा । ज़मींदारों का निर्वाह ही ज़मीन पर होता है ऐसी बातों को ख्याल में रखते हुये सड़क को जल्दी से जल्दी निकाला जाये । जागसी से सफीदों तक 6—7 मील का टुकड़ा है । इस सड़क के न बनने से 10—12 गांव को तकलीफ है । लोग अपना अनाज गोहाना मंडी ले जाते हैं । यहां जाने के लिये और कोई रास्ता नहीं है । इसलिये, डिप्टी स्पीकर साहब, सरकार को चाहिये कि वह इस सड़क को बनवाने का जल्दी से जल्दी इंतज़ाम करे । इस बजट में कोई कई लाख के करीब सड़कों पर खर्च होना है । मगर हम देखते हैं कि इस में हमारे इलाके का कहीं ज़िक्र नहीं आया । हमारा इलाका एक बहुत ही पिछड़ा हुआ इलाका है । इस लिये इस की बेहतरी की तरफ जल्दी से जल्दी ध्यान दिया जाये । इस इलाके की बहबूदी में जनता का भला है । इन इलफाज़ के साथ मैं अपने भाषण को खत्म करता हूं ।

चौधरी साधु राम (नारायण गढ़ 'जनरल') : डिप्टी स्पीकर साहब, जो बजट आज हमारे सामने है मैं इस के लिये Finance Minister साहिब को बधाई देने के लिये खड़ा हुआ हूं । इस बजट में आमदन 47,81 लाख रुपये की है और खर्च 49,89 लाख का है इस तरीके से यह घाटे का बजट पेश किया गया है । लेकिन इस घाटे को Taxes लगा कर पूरा किया गया है । जैसा कि शुरु में हमारे वित्त मन्त्री साहिब ने पिछले साल के बजट का ज़िक्र किया था मैं भी 1957-58 के बजट के बारे में कुछ ज़िक्र करना चाहता हूं । पिछले साल जो बजट पेश हुआ था वह 2,80 लाख के घाटे की शक्ल में था । इसके साथ ही 15 लाख का और ज्यादा खर्च करना था । यानी 2,95 लाख रुपये के घाटे का कुल बजट पिछले साल का था । पिछले साल जो इस घाटे को पूरा करने के लिये Taxes लगाये गये वह 1,06 लाख रुपये के थे । लेकिन इन Taxes में सब से बड़ी बात यह है कि इन में से कुछ को वापिस ले लिया गया और जिन Taxes को वापिस नहीं लिया गया इन पर बहुत देर बाद अमल हुआ । यह शक्ल हमारे सामने पिछले साल के Taxes के बारे में है।

ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮੈਂ ਕੁਰੱਪਸ਼ਨ ਦੇ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਲੈਂਦਾ ਹਾਂ । ਏਥੇ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕੁਰੱਪਸ਼ਨ ਘਟੀ ਹੈ ਪਰ ਮੈਨੂੰ ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਇਹ ਗੱਲ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਹਿ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਕੁਰੱਪਸ਼ਨ ਅਜੇ ਏਥੇ ਮੌਜੂਦ ਹੈ । ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਚ ਇਹੋ ਜਿਹੇ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ ਪਰੋਮੋਟ ਕਰਕੇ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਐਂਟੀ-ਕੁਰੱਪਸ਼ਨ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਵਿਚ ਇਨਕੁਆਇਰੀਆਂ ਚਲ ਰਹੀਆਂ ਹਨ ।

ਅਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਜਿਹੜੇ ਚਾਰਜਿਜ਼ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਤਹਿਕੀਕਾਤ ਹੋਣੀ ਹੈ । ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਅਫਸਰਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਇਸ ਕਿਸਮ ਦੀਆਂ ਇਨਕੁਆਇਰੀਆਂ ਹੋਣੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਵਗੈਰਾ ਜੈਸੀਆਂ ਜ਼ਿੰਮੇਂਵਾਰ ਪੋਸਟਾਂ ਤੇ ਨਾ ਲਗਾਇਆ ਜਾਵੇ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮੈਂ ਇਕ ਗੱਲ ਹੋਰ ਦਸਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਐਸੇ ਸੈਕਟਰੀ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਦੇ ਹੁਕਮਾਂ ਦੀ ਪਰਵਾਹ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ ਔਰ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਚੁੱਕਣ ਵਿਚ ਮਦਦ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਹਕੂਮਤ ਦੇ ਵਿਚ ਇਤਨੀ ਤਾਕਤ ਨਹੀਂ ਕਿ ਉਹ ਆਪਣੇ ਹੁਕਮਾਂ ਨੂੰ ਇੰਪਲੀਮੈਂਟ ਕਰਵਾ ਸਕੇ ਔਰ ਸੈਕਟਰੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਾਬੂ ਵਿੱਚੋਂ ਬਾਹਿਰ ਹਨ । ਜੇਕਰ

[ਸਰਦਾਰ ਜਸਦੇਵ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ]
ਗੌਰਮੈਂਟ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਤਾਕਤਵਰ ਸਮਝਦੀ ਹੈ ਔਰ ਇਹ ਸਮਝਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸੈਕਟਰੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਾਤਹਿਤ ਹਨ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਾਰੇ ਢਾਂਚੇ ਨੂੰ ਦਰੁਸਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਇਕ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਗੱਲ ਹੈ ਜਿਸ ਦੀ ਤਰਫ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਗੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਲੋੜ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਮੇਰੇ ਖਿਆਲ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਔਰ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰਾਂ ਦੇ ਦਰਮਿਆਨ ਵਿਚ ਇਕ ਹਰਡਲ (hurdle) ਹਨ। ਜਿਹੜਾ ਵੀ ਕੋਈ ਕੰਮ ਹੋਵੇ ਉਹ ਸਿੱਧਾ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਦੇ ਕੋਲ ਭੇਜਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਔਰ ਉਹ ਉਸ ਨੂੰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਦਾ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੇ ਨਾਲ ਸਿੱਧਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਜਿਹੜਾ ਕਮਿਸ਼ਨਰਾਂ ਦਾ ਖਾਮੁਖਾਹ ਦਾ ਬੋਝ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਹਟਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਇਕ ਤਾਂ ਖਰਚ ਬਚੇਗਾ ਔਰ ਦੂਸਰੇ ਜੋ ਰੈਡ-ਟੇਪਇਜ਼ਮ ਹੈ ਉਹ ਖ਼ਤਮ ਹੋਵੇਗੀ।

ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮੈਂ ਇਕ ਹੋਰ ਨਵੀਂ ਗੱਲ ਦਾ ਜ਼ਿਕਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਏਥੇ ਜੀਪਾਂ, ਕਾਰਾਂ, ਔਰ ਸਟੇਸ਼ਨ ਵੈਗਨਜ਼ ਦੀ ਇਤਨੀ ਭਰਮਾਰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਦੀ ਇਤਨੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਉਤੇ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਵੇਸਟੇਜ (wastage) ਹੈ। ਅਗਰ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਕੰਟਰੋਲ ਕਰ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਕਿ ਜਿਤਨੀਆਂ ਜੀਪਾਂ, ਕਾਰਾਂ ਔਰ ਸਟੇਸ਼ਨ ਵੈਗਨਾਂ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਹੀ ਤੌਰ ਤੇ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਸਾਡੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਰੁਪਏ ਦੀ ਬੱਚਤ ਹੋ ਸਕਦੀ ਸੀ ਔਰ ਸਾਨੂੰ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਕਈ ਨਵੇਂ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਸੀ ਪੈਣੀ। ਜੀਪਾਂ ਔਰ ਕਾਰਾਂ ਆਏ ਸਾਲ ਨਵੀਆਂ ਖਰੀਦੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਸ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਖਜ਼ਾਨੇ ਤੇ ਬਹੁਤ ਭਾਰੀ ਬੋਝ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਖਰਚ ਨੂੰ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਘਟਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਔਰ ਜੀਪਾਂ, ਕਾਰਾਂ ਔਰ ਸਟੇਸ਼ਨ ਵੈਗਨਾਂ ਦਾ ਯੋਗ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। (ਘੰਟੀ)

ਮੈਂ, ਜਨਾਬ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਦੋ ਗੱਲਾਂ ਹੋਰ ਕਰਨੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ ਬੈਠ ਜਾਵਾਂਗਾ। ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਮੈਨੂੰ ਬੜੀ ਹੈਰਾਨੀ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਗੱਲ ਹੋਵੇ ਕੋਈ ਰਿਆਤ ਹੋਵੇ ਉਹ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਔਰ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਦੇ ਜ਼ਿਲੇ ਨੂੰ ਹੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਨਹੀਂ ਦੇਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਕਿ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਦੂਸਰੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਵੀ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਔਰ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਦੇ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਜੈਸੇ ਹੀ ਲੋਗ ਵਸਦੇ ਹਨ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਵੀ ਜ਼ਰੂਰਤਾਂ ਵੈਸੀਆਂ ਹਨ। ਧੂਰੀ, ਬਰਨਾਲਾ, ਸੰਗਰੂਰ ਔਰ ਕਰਨਾਲ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਸੇਮ ਔਰ ਹੜ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਾਰਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕ ਵੀ ਉਨੀ ਹੀ ਤਕਲੀਫ ਦੇ ਵਿਚ ਹਨ ਜਿਤਨੇ ਕਿ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਔਰ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਦੇ ਲੋਕ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਕਹੂੰਗਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮਤਰੇਈ ਮਾਂ ਵਾਲਾ ਸਲੂਕ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਦੇ ਵਿਚ ਵੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਉਤਨੀ ਤੇਜ਼ੀ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਸੇਮ ਦੀਆਂ ਨਾਲੀਆਂ ਬਣਾਉਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਤਨੀ ਤੇਜ਼ੀ ਦੇ ਨਾਲ ਉਹ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਔਰ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਦੇ ਵਿਚ ਬਣਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਸਾਰੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਨਾਲ ਇੱਕੋ ਜਿਹਾ ਸਲੂਕ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ (ਘੰਟੀ)।

ਅਸੀਂ ਜਿਹੜੇ ਪੈਪਸੂ ਤੋਂ ਆਏ ਹੋਏ ਹਾਂ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਨਾਲ ਔਰ ਸਾਡਿਆਂ ਸਰਵਸਜ਼ ਦੇ ਨਾਲ ਚੰਗਾ ਸਲੂਕ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ

ਰਿਹਾ । ਸਾਡੇ ਜਿਹੜੇ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜਾਇਜ਼ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਤਰੀਕੇ ਦੇ ਨਾਲ ਪਿਛੇ ਸੁਟਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਔਰ ਨਫਰਤ ਦੀ ਨਿਗਾਹ ਦੇ ਨਾਲ ਦੇਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਕਿਸੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਦੇ ਨਾਲ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੇ ਨਾਲੋਂ ਘਟ ਨਹੀਂ ਹਨ । ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਮਤਰੇਈ ਮਾਂ ਵਾਲਾ ਸਲੂਕ ਨਾ ਹੋਣ ਦੇਵੇ । ਜਨਾਬ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ ਮੈਂ ਕੁਝ ਗੱਲਾਂ ਤਾਂ ਹੋਰ ਕਹਿਣੀਆਂ ਸਨ ਮਗਰ ਤੁਸੀਂ ਙੂੰਕਿ ਘੰਟੀ ਵਜਾ ਰਹੇ ਹੋ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਇਤਨੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿ ਕੇ ਆਪਣੀ ਸਪੀਚ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

चौधरी बाल्हू राम (रजौंद) : स्पीकर साहिब, आज इस House के सामने हमारी पंजाब सरकार का जो आमदनी और खर्च का चिट्ठा है उस पर बहस चल रही है । बजट में जो कुछ दिया गया है अगर उस पर Opposition की तरफ से नुक्ताचोनी की जाए तो Treasury Benches पर बैठे हुए मेरे दोस्त उस के खिलाफ बड़े ज़ोर ज़ोर से आवाज़ें उठाते हैं और कहते हैं कि Opposition का तो काम ही criticism करना है । लेकिन जब उस तरफ के साहिबान जो कि सरकार के हामी हैं इतनी शदीद नुक्ताचीनी करते हैं तो उस का साफ यह मतलब निकलता है कि हमारी जो मौजूदा सरकार है यह न सिर्फ Public का बल्कि इस House के सब मेम्बरान का भी एतमाद खो चुकी है । अगर ऐसी हालत किसी और मुलक में होती जोकि democratic country कहलाता हो तो सरकार कभी की अस्तीफा दे कर दूर जा बैठती (*thumping of benches by the opposition*) वहां अगर इस किसम की बातें होती और सरकार के notice में लाई जातीं तो वह कभी की हकूमत छोड़ गई होती । मगर यहां पर हालत यह है कि यह चिकना घड़ा बन कर चिमटी हुई है । जिस तरह चिकने घड़े पर पानी की बद का असर नहीं होता उसी तरह आप कितनी ही इस सरकार की नुक्ताचीनी करें, सच्ची बातें बतलाएं कि corruption है nepotism है और favouritism चल रही है और फिर आप चाहे इन बातों को साबत भी कर दें तो भी इन पर कोई असर नहीं होता है । यह तो वक्त ही बताएगा कि जैसा कि हम नारा लगाया करते थे कि "जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है" कब यह सरकार कूच करती है । पता नहीं वह वक्त कब आता है । जनता ही बता सकती है कि कब वह वक्त आने वाला है और जनता ही इसे बदल सकती है (*interruptions*) मगर आप फिकर न करें वह वक्त दूर नहीं जब यह बदलेगी । मैं जो कुछ बता रहा हूं और जो कुछ बताने जा रहा हूं वह जनता की नुक्ता-चीनी ही बता रहा हूं कि वह क्या महसूस कर रही है । (एक आवाज़ : यह जनता की सरकार है और नहीं बदलेगी) आप क्यों घबराते हैं । वह अंग्रेज़ यहां से चला गया जो दो सौ साल तक हकूमत करता रहा यह तो अभी तक 10 साल की हकूमत है । यह भी बदल जाएगी कोई फिक्र की बात नहीं । जो जनता उसे बदल सकती थी वह इसे भी बदल देगी (*interruptions*) ।

अध्यक्ष महोदय : आप भी मज़े ले रहे हैं और वह भी ले रहे हैं। (Both the hon. Member and this Government are having the best of time.)

चौधरी बालू राम : I don't mind it. मैं स्पीकर साहिब, आपके सामने इस बजट के बारे में कुछ बातें अर्ज़ करना चाहता हूं। यह जो बजट यहां पर पेश हुआ है इस के बारे में जनता का आम विचार है कि यह गरीबों की बेकसी के साथ मज़ाक है और यह जुल्म और सितम से भरा हुआ बजट है। आप जानते हैं और कहा भी जाता है कि भारतवर्ष ऐसा देश है कि जहां गरीब आबाद हैं। मैं कहता हूं कि उसी गरीब के जिसम के खून को चूस चूस कर इन taxes की सूरत में रुपया इकट्ठा करके लुटाया जा रहा है। यह बात ऐसी है जो बड़ी असंतोषजनक है (हंसी) यह मामला ऐसा नहीं है जो कि इसी तरह हंसी मज़ाक में टाल दिया जाए। इस पर ग़ौर करने की ज़रूरत है। यह बात बड़ी शोचनीय है। मैं आपके सामने अर्ज़ करना चाहता हूं कि आज हालत यह है कि चारों तरफ से त्राहि त्राहि की आवाज़ आ रही है। (एक आवाज़ : ग़लत, ग़लत) यह तो आप अपने ही benches पर बैठने वालों से पूछ सकते हैं कि कहां तक ग़लत है या सही है। मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि क्या अमीर क्या गरीब, क्या मज़दूर क्या कारखानेदार, और क्या किसान क्या ज़मीन्दार हरेक चिल्ला रहा है और टैक्सों के बोझ से मरा जा रहा है। यह बात मैं ही नहीं कहता बल्कि आपके बम्बई के कांग्रेसी व्योपारी कहते हैं कि India is the heaviest taxed country in the world और जहां पर जो काम होता है वह उस टैक्स के इवज़ में या मुकाबिला में बहुत कम होता है। यह मैं ही नहीं कहता कि मैं opposition में हूं बल्कि यह अलफाज़ उनके हैं। तो इस सूरत में फिर भी क्या आप कहते हैं कि इस सूबा में बड़ी भारी तरक्की हुई है और development के काम बहुत हो रहे हैं? खैर अगर थोड़ी देर के लिए मान भी लूं कि तरक्की हुई है तो ज़रा आप उस तरक्की का मुकाबिला उस खर्च से करें जोकि किया जा रहा है। आप देखें कि बजट में किस तरह कुप्पे के कुप्पे लुंढाए जा रहे हैं कि कैसी लूट चल रही है। अगर इन कुप्पों के लुंढाने के बाद और यह लूट चलने के बाद कोई चार पांच फी सदी result निकल भी आया तो इस में कौनसी फख्र करने वाली बात है? मैं दावा के साथ कह सकता हूं कि अगर थोड़ी सी vigilance से भी काम लिया जाए और इस भारी expenditure को कम करने के लिए थोड़े से measures भी adopt कर लिए जाएं तो इस बजट में कम से कम 10, 15 करोड़ रुपए की कमी हो सकती है और रुपया बच सकता है। आपने पिछले साल economy measures के अन्दर एक दो चीज़ें शामिल की थीं जैसे कि T. A. वग़ैरा तो उस से काफी बचत हो गई। तो जैसा कि अभी मेरे एक फाज़ल दोस्त सरदार जसदेव सिंह जी ने बताया है कि अगर आप के Ministers और आपके आला अफसरान कारों और जीपों पर ही control कर लें तो काफी बचत

हो सकती है । मैं यह बातें सोच ही रहा था कि आखर यह आए साल बजट में इज़ाफा क्यों होता है? स्पीकर साहिब, हरेक चीज़ के कुछ न कुछ causes या reasons होते हैं। किसी देश के बजट में जब इज़ाफा होता है तो उस के 6, 7 कारण होते हैं। मैं उनको आपके सामने रखता हूं। मैं इन को ज़्यादा तफसील में न जा कर इशारतन ही ब्यान करता हूं कि आम तौर पर बजट में क्यों इज़ाफा होता है। पहला यह है कि अगर increase in population हो। दूसरा है कि अगर higher level of prices हो, तीसरा है अगर national wealth में कोई increase आ जाए। चौथा है कि अगर war and prevention of war के लिए measures लिए हों या लेने हों। पांचवें और छटे पर मैं खास तौर पर ज़ोर देना चाहता हूं। तो पांचवां है effective financial and civil Administration अगर हो। आप देखते हैं कि जगह जगह पर corruption भ्रष्टाचार और inefficiency की कितनी मिसालें मिलती हैं। अगर इस administration पर ही अच्छी तरह से control किया जाए तो काफी बचत हो सकती है और इस बजट में कमी आ सकती है। इस तरह इस अभागे province का काफी उद्धार हो सकता है और तरक्की हो सकती है। लेकिन उसको control कौन करे? इस में vested interest आ जाते हैं और रिशतेदारियां आ जाती हैं जो पेश नहीं चलने देतीं। आज तक देखा गया है कि अगर किसी अफसर के खिलाफ कोई शिकायत आती है तो फौरन किसी मिनिस्टर के साथ कोई न कोई सम्बन्ध निकल आता है या बन जाता है और उस का कुछ भी नहीं बिगड़ता है। मैं कहता हूं कि corruption या दूसरी ऐसी चीज़ें जो होती हैं वह सारी top से शुरू होती हैं। अगर हमारे सूबे का मुख्य मंत्री ईमान्दार है efficient है तो कोई वजह नहीं कि सारी state में ईमानदारी न आए और corruption का नामो-निशान न रहे। इसी तरह से अगर दूसरे वुज़रा साहिबान भी उसी नकशे कदम पर चलें तो कोई कारण नहीं कि दूसरे अफसरान ठीक काम न करें। फिर अगर बाकी Heads of Departments नेकनीति से काम करें तो कोई वजह नहीं कि नीचे के subordinates मेहनत से काम न करें। इस लिए मैं कहूंगा कि जितनी corruption होती है वह पहले शुरू ऊपर से ही होती है और फिर दरजा बदरजा नीचे तक चली जाती है। मैं यह बातें ऐसे नहीं कर रहा बल्कि इस के facts और सबूत भी देता हूं। अभी चंद दिन ही हुए हैं कि यहां पर पंत जी आए थे तो उन के पास एक deputation गया और वह deputation कोई opposition की तरफ से नहीं था बल्कि आपकी तरफ से कांग्रेसी benches की तरफ से था जो उनको मिला और इस मौजूदा Ministery के खिलाफ इतने corruption के charges लगाए कि अगर उनकी ही तहकीकात की जाए तो वही काफी है और सारा शीशा देखने के लिए जनता के सामने आए (आवाज़ें ग़लत, ग़लत) आपको कैसे ठीक लगेगा। आपको तो गल्त ही मालूम होगा मगर दुनिया सब कुछ जानती है। मैं आपके सामने जो चीज़ बता रहा था वह यह है कि why so much

[चौधरी बारू राम]

increase in expenditure ? इस का कारण यह है कि हर जगह आप देखते हैं कि duplication and unnecessary multiplication of governmental agencies चल रही है और यही वजह है कि यह हालात हो रहे हैं। आगे जो छटी बात है वह बड़ी अहम है और वह है incidence of democracy । आप जानते हैं कि democracy में बहुत सी पार्टियां होती हैं और हरेक पार्टी इकतदार हासिल करने के लिए एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाती है। फिर जब ताकत हाथ में आ जाती है तो उस ताकत को हाथ में रखने के लिए जो जो ज़राए इस्तेमाल करने पड़ते हैं वह सब से बड़ा factor होते हैं जो कि किसी देश या सूबे की expenditure को बढ़ाते हैं। आपके सामने कामरेड राम चन्द्र ने रूट परमिट्स की मिसाल रखी कि किस तरह बन्दर बांट की जा रही है और किस तरह से सूबे के बजट को खराब किया जा रहा है। यह चीज़ जो होती है पार्टी के supporters को खुश करने के लिए ऐसे कारनामे किए जाते हैं। ऐसी मिसालें एक नहीं हज़ारों और लाखों मिल सकती हैं लेकिन मैं समझता हूं कि अगर एक वज़ारत अच्छे कैरेक्टर की हो तो वह supporters की भी परवाह नहीं करती हुई अपने काम को honesty के साथ चला सकती है और इस तरह से जो सूबे का heavy expenditure हो जाता है वह बहुत कुछ कम हो सकता है। मैं ने यह causes आप के सामने रखे जिन की वजह से सूबे का expenditure बढ़ता जा रहा है। अब मैं आप के सामने जो हमारा इतना expenditure बढ़ता जा रहा है और उन्हें पूरा करने के लिए जो टैक्सेशन की पालिसी हमारी सरकार ने इख्तियार की हुई है थोड़ा बहुत उस के बारे में अर्ज़ कर देना चाहता हूं। यह हमारे इस सूबे की सब से बड़ी बदकिस्मती है कि आज एक गरीब की दाल और रोटी पर भी टैक्स लगाया गया है और मुझे मजबूर हो कर कहना पड़ता है :—

It is the last straw which breaks the camel's back.

जब एक गवर्नमेंट दाल और रोटी पर भी टैक्स लगाने पर उतर आए तो इस से ज़्यादा और क्या हो सकता है। रोज़ाना जब हम अपने इलाके में इधर उधर जाते हैं तो हम देखते हैं हर कोई कराह रहा है और मैं साफ़ लफ्ज़ों में कह देना चाहता हूं कि एक बग़ावत सी खड़ी होने वाली है जिस की हमारी सरकार टक्कर लेने के काबिल नहीं। इस लिए मैं अर्ज़ करूंगा कि यह taxation की पालिसी सरकार को बदलनी पड़ेगी अगर यह कुछ दिन अपनी ज़िन्दगी चाहती है। मुझे अच्छी तरह से याद है कि जिस वक्त महात्मा गान्धी ने 1930 में नमक के बारे में सत्याग्रह करने का विचार किया था तो उस वक्त वायसराए को महात्मा जी ने एक चिट्ठी लिखी थी और उस सत्याग्रह के बारे में और भी बहुत से causes देते हुए उन में से एक cause यह भी दिया था कि मैं कैसे सबर से बैठ सकता हूं जबकि मेरे किसान के ऊपर अंग्रेज़ सरकार ने इतना ज़बरदस्त मालिया लगा दिया है।

आज हमारे कुछ भाई रोज़ाना बापू बापू चिल्लाते हैं लेकिन जो बापू के दिल की आवाज़ थी उस पर अमल नहीं करते। 1930 में उन्होंने वायदा किया था कि जब देश आज़ाद होगा तो किसान के ऊपर टैक्स कम कर दिए जाएंगे लेकिन आज उन की हालत क्या है। रोज़ाना उन की कमर पर बोझ डाला जा रहा है। (घंटी)

स्पीकर साहिब, आप मुझे माफ़ फरमाएंगे। मैं तीन-चार मिनट और लूंगा। तो मैं ने आप के सामने अर्ज़ किया कि महात्मा गान्धी की नज़रों में किसान के लिए कितनी हमदर्दी थी लेकिन आज आप देखते हैं कि किसान के ऊपर मालिया ही नहीं सरचार्ज है, लोकल रेट है, बैटरमेंट चार्जिज़ हैं, स्पेशल चार्जिज़ हैं और पता नहीं क्या क्या बीमारियां उस के ऊपर डाली गई हैं और फिर यह सरकार जो है यह काश्तकारों की नुमायंदा कहलाने में फख्र करती है। जिस वक्त हिन्दी आन्दोलन चला तो यह कहा गया कि यह कुछ महाजनों ने कुछ ग़ैर-ज़मींदारों ने यह आन्दोलन उठा रखा है और जाट कैबिनेट को यह बर्दाश्त नहीं कर सकती। उन्हें फिर्काप्रस्त बताया जाता है। रोहतक में कुछ और कहते हैं और हिसार में कुछ और। हिसार में कहते हैं कि रोहतक वाले आप को बर्दाश्त नहीं कर सकते और रोहतक में कोई और स्टेटमेंट देते हैं। कहने का मतलब यह है कि इन में sincerity of purpose नहीं जोकि हरेक चीज़ में ज़रूरी है और यही कारण है कि प्रान्त उधोगति की ओर जा रहा है। मैटीरियलिज्म में हम चाहे कितनी भी तरक्की कर जाएं लेकिन जो हमारी सभ्यता है उस में हम विशेष तरक्की नहीं कर सके। हमारे यहां कल्चरल प्रोग्राम होते हैं। अगर कल्चरल प्रोग्राम को ही तरक्की का रास्ता कहते हैं तो मेरे लिए सिवाए हैरानी के और कोई मकाम नहीं रह जाता। (घंटी)

अध्यक्ष महोदय : आप काफी टाइम ले चुके हैं, आप को इस से ज्यादा नहीं मिल सकता। (The hon. Member has taken sufficient time. He cannot be given any more time.)

चौधरी बारू राम : मैं एक मिनट में बहुत ज़रूरी बात कहना चाहता हूं। Efficiency के बारे में बहुत कुछ कहा जाता है। हमारे यहां केवल तहसील में एक एम. डी. ओ. महोदय हैं। उन की efficiency का मैं जिक्र करूं तो आप हैरान होंगे। उन्होंने जून 1957 में चार्ज लिया और कोई साठ के करीब रैविन्यू केसिज़ उन को मिले और उस के बाद 150 के करीब fresh institution हुई। लेकिन आज तक on merits एक भी केस का फैसला नहीं किया गया और इस तरह के केसिज़ आज उस अदालत में मौजूद हैं जिन की जुलाई के महीने में arguments सुनी गईं और आज तक उन का फैसला लिखने में नहीं आया। और यहां पर बजट स्पीच में और गवर्नर साहिब की स्पीच में यह हालत है कि ऐंटीकुरप्शन डीपार्टमेंट और फ्लाइंग सुक्वैड का नाम फख्र से लिया जाता है और कहा जाता है कि साइकोलाजीकल असर होता है इस लिए उस का नाम असेसमेंट सुक्वैड रख दिया है। लेकिन inefficiency की हालत यह है कि इसकी मिसाल मैं ने आप को दी है जिस में गवर्नमेंट की खास तवज्जोह की

[चौधरी बारू राम]

ज़रूरत है। जब तक ऐसी चीज़ें नहीं आएंगी उस वक्त तक हमारी एडमिनिस्ट्रेशन अच्छी तरह नहीं चल सकती।

इन शब्दों के साथ स्पीकर साहिब, आप ने जो तहम्मल मिज़ाजी दिखाई है उस का मैं शुक्रिया अदा करता हूं।

श्रीमती ओम प्रभा जैन (कैथल) : माननीय स्पीकर साहिब, तीन-चार दिन हुए हाऊस में बजट पेश किया गया और उस पर काफ़ी लम्बी चौड़ी तकरीरें अपोज़ीशन और treasury benches के मेम्बरों ने कीं। काफ़ी मेम्बरों के caustic remarks में गवर्नमेंट की पालिसी और उन के ला एंड आर्डर को criticise किया और बजट एस्टीमेट्स को भी criticise किया और यह कहा कि इस बजट में कोई 'टाइटनैस' नहीं है। मुझे अफ़सोस है कि मैं उन की बातों के साथ ज़्यादा agree नहीं करूंगी बल्कि फाइनेंस मिनिस्टर साहिब को इस बात में मुबारिकबाद दूंगी कि इस साल के बजट में उन्होंने कोई deficiency नहीं दिखाई। खुदा करे कोई supplementary demand की ज़रूरत न पड़े और पंजाब के जज़बाती लोगों की तरफ़ से फिर कोई बखेड़ा न शुरू हो जिस से गवर्नमेंट को फिर कोई फ़िज़ूलखर्ची की डिमांड लाने की ज़रूरत पड़ जाए। लेकिन जो यह हमारा बजट है उस से मालूम होता है कि मिनिस्टर साहिब ने इन चीज़ों को इस तरह manipulate किया है कि लोगों पर बोझ भी न पड़े और ज़्यादा से ज़्यादा हमारी आमदन हो सके। इस बजट को बनाने के लिए मिनिस्टर साहिब को कई रातें बिना सोए काटनी पड़ी होंगी। इजाज़त दें तो स्पीकर साहिब मैं इस बजट की simile इस तरह दूंगी।

5.00 p.m.

This budget seems to have been cooked by a house-wife who under the fear of her mistress, has hesitatingly and shiveringly during the cold nights stretched her limbs and fulfilled her duties to please everyone.

मालूम पड़ता है कि बजट बनाते समय मिनिस्टर साहिब के ऊपर तो पंच-वर्षीय योजना का डंडा 207 और नीचे उन गरीब लोगों की गुरबत और sentiments का भी उन्हें ख्याल था कि उनके ऊपर कहीं टैक्सों का ज़्यादा बोझ न पड़ जाए। मैं पंच-वर्षीय योजना को तो discuss नहीं कर सकती और नही उसे criticise कर सकती हूं क्योंकि यह हमारे लीडरों की आवाज़ है कि हर cost पर पंच-वर्षीय योजना को सफल बनाना है लेकिन मैं यह ज़रूर महसूस करती हूं कि हमारी पंच-वर्षीय योजना में कई ऐसी चीज़ें रख दी गई हैं जिन को पूरा करने के लिये हमारी गवर्नमेंट committed है और इन चीज़ों को पूरा करने के लिये काफ़ी तकलीफ और finances बरदाश्त करने पड़ते हैं। हमारी planning और execution में इसीलिए proper co-ordination नहीं है, यह मैं महसूस करती हूं। Government of India ने अपने बजट में लाखों और करोड़ों रुपये इसीलिए मंजूर किये कि यहां पर हरिजनों की तरक्की हो, यहां पर industrial development हो, यहां पर National Extension Service Blocks

बनें। हमारी सरकार इस बात पर committed है कि free education दी जाये लेकिन पांच साल का अरसा थोड़ा है और पैसे की कमी है। इस के बावजूद finances मंज़ूर किये गये अपने अरमानों को पूरा करने के लिये। इन हालात में ज़रूरी था कि हमारी economy पर बुरा और नाकाबिले बरदाश्त असर पड़ता। Second Five-Year Plan में provision है कि पूरे पंजाब में इस Plan के end तक National Extension Service Blocks खुल जाएँ। सरकार इस वादे के मुताबिक जहां blocks नही हैं वहां शुरू करती है और कोशिश की जाती है कि consolidation पूरी हो जाये और blocks खोले जा सकें। कोशिश करने पर Blocks खुल भी जाते लेकिन 6 या 8 महीने गुज़र जाते हैं कि वहां B. D. O. भी नहीं पहुंच पाता। इसी तरह से Industries के लिये loans को हालत है। Finance minister साहिब को डर लगा रहता है कि कहीं money lapse न हो जाये। Applications पहुंच नहीं पातीं लोग इन loans की utility नहीं समझते और इस facility का फायदा नहीं उठाते। गवर्नमेंट बेशक कोशिश करती है कि सब को loans दिये जायें लेकिन लोगों की applications वक्त पर नहीं पहुंच पातीं और यदि पहुँचती भी हैं तो या तो ज़्यादा deserving लोगों की नहीं होतीं और या कोई irregularities हो जातीं हैं और वह इस फ़ायदे से महरूम रह जाते हैं। इसी तरह से Second Five-Year Plan में Central Government ने बहुत funds रखे हैं जिन से Local development works को काफ़ी मदद दी जा सकती है। Deputy Commissioners डरते रहते हैं कि कहीं यह funds lapse न हो जाएं, क्योंकि लोग उन की utility को नहीं समझते और अपने हिस्से के contribution के लिए नहीं तैयार होते। यही हाल technical institution का है। Engineering कालिज है, गवर्नमेंट के और प्राइवेट भी, जहां सरकार aid देती है। Institutions खुल गए पर वहां apparatus नहीं, वहां staff नहीं है। Students ज़्यादा ले लिए जाते हैं पर accommodation नहीं होती, apparatus मांगने की कोशिश भी की जाए, तो वह मिलना तो शुरू हो जाता, लेकिन उन में efficiency नहीं आ पाती।

जहां तक शिक्षा का सम्बन्ध है हमारी सरकार की कोशिश है कि शिक्षा को मुफ्त करें। कांगड़ा ज़िले में, महेन्द्रगढ़ में Middle तक education free कर दी है लेकिन बहुत से private schools ऐसे रह गए हैं, जिन की दशा बहुत खराब है। अगर private schools को गवर्नमेंट अपने control में ले ले, इस बात के भी मैं हक में नहीं। लेकिन गवर्नमेंट की इस policy मे जो discrimination पैदा होगी, वह मैं ज़रूर महसूस करती हूं कि एक ही शहर में रहने वाला एक बच्चा जो गवर्नमेंट स्कूल में पढ़ता है उसे तो proper facilities मिलती हैं, लेकिन वहीं का दूसरा बच्चा जो private school में पढ़ता है इन से deprive हो जाता है। इसलिए

[श्रीमती ग्रोम प्रभा जैन]

मैं यह ज़रूर कहूँगी कि जब तक Five-Year Plan के targets को कम नहीं किया जाता हम असल सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। हमारे पास पैसा भी है अवसर भी हैं लेकिन उन्हें properly utilise नहीं किया जा सकता बहुत सा पैसा ज़ाया हो जाता है और खास कर जो नई सकीमें चली हैं और experimental stage में हैं उन के सम्बन्ध में गवर्नमेंट को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। देखा जाये तो इस में गवर्नमेंट का भी कोई कसूर नहीं किसी भी expanding economy में ऐसी wastage हो जानी स्वाभाविक बात है। हमारी गवर्नमेंट बड़े २ experiment कर रही है unemployment दूर करने के लिये। शहरों में फैक्टरियां खोली जा रही हैं, small scale industries भी स्थापित की गई हैं लेकिन इस का substantial फ़ायदा पब्लिक को नहीं पहुंचा। Small scale industries की चीज़ों के लिये market नहीं क्योंकि लोग मशीनों की बनी हुई चीज़ों को पसंद करते हैं। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह हमारी सरकार की कमज़ोरी नहीं यह सब economic backwardness की वजह से जिन के बाइस हमारा मुल्क इतने साल से दबा हुआ है।

इस के अलावा मैं स्पीकर साहिब अर्ज़ करना चाहती थी कि opposition के एक मैम्बर साहिब ने इस बात पर ज़ोर दिया कि हमारी State heavily taxed है। इस तरह ज़्यादा टैक्स नहीं लगने चाहियें। उन्होंने mercilessly criticise कर दिया और कहा कि राजभवन बनाने की क्या ज़रूरत है, Legislative Assembly Hall बनाने की क्या ज़रूरत है। Moti Palace खरीदने की क्या ज़रूरत थी। और उन चीज़ों के बहाने वे लोग टैक्सों पर नुक्ताचीनी करते हैं। यह बात हमारे sentiments को ज़रूर hurt करती है कि दाल रोटी पर टैक्स लगे। मगर देखा जाये तो यह कितना indirect tax है। अगर 100 रुपये की चीज़ पर 75 नए पैसे टैक्स लग जाता है तो चिल्लाने की कोई बात नहीं। यह कोई इतना लम्बा-चौड़ा टैक्स भी नहीं कि जिस पर यह कहने की ज़रूरत पड़ जाए कि पंजाब की जनता पर चाहे वह मज़दूर हों, चाहे गरीब हों, चाहे शहरी हों, चाहे देहाती हों, एक बड़ा भारी सितम आ पड़ा बल्कि हमें चाहिए कि हम लोगों को समझाएं, अपने voters को जाकर बताएँ कि हम टैक्स ज़रूर लगाते हैं पर इस पैसे से उन के बच्चों की शिक्षा मुफ़त होगी उन के tubewells को बिजली मिलेगी। अब तक जिस के लिए 23 नए पैसे per unit देते थे अब उन्हें 12 नए पैसे per unit ही लगेंगे। उन के लिए सड़कें बनाई जायेंगी तो यह जान कर के वे महसूस नहीं करेंगे। जब हम लोग, खुद यह एतराज़ उठाते हैं कि मिनिस्टर साहिबान सरकारी कारों का नाजायज़ फायदा उठाते हैं, अफसर नाजायज़ खर्च करते हैं तो हम क्यों नहीं अपने travelling allowance में भी कमी कर देते। हम खुद क्यों नहीं first class या second class की बजाए Third class में सफर कर लेते। Economy का असूल हमें खुद अपनाना चाहिए क्योंकि Let cherity begin at home.

इस के अलावा, स्पीकर साहिब, मैं services के मुतअल्लिक कुछ ज़िक्र करना चाहती हूं। अंग्रेज़ों के वक्त दफतरों में काम आसानी से हो जाता था पर अब नहीं हो पाता। यह चीज मैं कोई उन्हें defend करने के ख्याल से नहीं कर रही। मैं सिर्फ़ यह बताना चाहती हूं कि अगर आजकल Secretariat में काम देखें तो पता चलेगा कि अफसर और क्लर्क files के नीचे दबे रहते हैं सुबह से शाम तक काम करने के बावजूद भी बेशुमार files बांध कर घर लाते हैं और उन्हें घर पर dispose of करते हैं। सारा दिन भी काम करते हैं लेकिन काम खत्म होने में नहीं आता। काम की इतनी multiplicity की ज़िम्मेदारी किस पर है--मैं कहूंगी लोगों पर। यदि एक काम की अरज़ी देनी है तो एक application मिनिस्टर को आती है, एक Secretariat में एक Head of the Department को, एक डिप्टी कमिश्नर को और एक S.D.O. को। फिर भी दरखास्त देने वाले की तसल्ली नहीं होती। अगर हम ऐसे लोगों को समझा सकें कि इतनी दरखास्तें दे कर खाहमखाह अपने पैसे ज़ाया न करो तो इस तरह से हालत बेहतर हो सकती है। और काम भी ठीक तरीके से चल सकता है।

इस के अलावा स्पीकर साहिब, यह एतराज़ किया गया है कि उन political sufferers को जिन के पास काफी ज़मीनें हैं relief दी गई है। यह मैम्बर साहिबान की duty है कि वह ऐसे specific cases गवर्नमेंट के नोटिस में लाएं ताकि मुनासिब कार्रवाई की जा सके (आवाज़ : कौन सुनता है) अब मैं दूसरे point पर आती हूं (Signal of red light)

अध्यक्ष महोदय : आप के point कितने हैं (How many points you have still to submit?)

श्रीमती ओम प्रभा जैन : Points तो बहुत हैं लेकिन आप time ही नहीं देते। Finance Minister ने अपनी speech में कहा है कि--

A small beginning has been made in the direction of family planning.

इस के लिए मुझे खास तौर पर कहना है। इस direction में Government को काफी intensive efforts करने चाहिएं क्योंकि हमारे देश की increasing population है। हमारे देश में जब तक land से population का बोझ दूर नहीं होगा और हम अपनी population को इस तरफ़ से कम नहीं करेंगे अपनी मुसीबत को हल नहीं कर सकते, आने वाले ज़माने में लोगों की आमदनी इतनी नहीं हो सकेगी कि वे एक बड़ी family का गुज़ारा कर सकें; आजकल इतनी गरीबी है......... (घंटी)।

अध्यक्ष महोदय : अब जाने दीजिये। (Now the hon. lady member should resume her seat.)

श्रीमती ओम प्रभा जैन : मैं Governor साहिब के Address पर भी नहीं बोली थी ।

अध्यक्ष महोदय : जैन साहिबा देखिए । (The hon. lady member should listen to me.)

श्रीमती ओम प्रभा जैन : पांच मिनट और ।

अध्यक्ष महोदय : नहीं । (No.)

श्रीमती ओम प्रभा जैन : दो मिनट (हंसी) ।

अध्यक्ष महोदय : यह बात नहीं चलेगी । (This cannot be allowed.)

श्रीमती ओम प्रभा जैन : मैं थोड़ा सा कहना चाहती हूं । Government of India ने Second Five-Year Plan में sweepers की colonies बनाने के लिये हज़ारों लाखों रुपये रखे हैं । लेकिन sweepers के या हरिजनों के जो मकान बने हुए हैं वे बहुत inadequate हैं । मैं Government से गुज़ारिश करूंगी कि अगर उनके मकानों में जा कर देखा जाए तो वे बहुत सड़े गले दिखाई देंगे । या तो Municipalities को कहा जाए यह sweepers की colonies बनाने के लिए, या तो उन लोगों को finance करे या ज़मीन दे ताकि वे रहने के लिये अच्छी जगह बना सकें । मुहल्लों और आस-पास की गंदगी को दूर करने के लिए Central Government ने 20 करोड़ रुपया रखा है । इसमें से Punjab Government को भी मिला होगा । (घंटी)

अध्यक्ष महोदय : बात यह है कि दोनों तरफ़ से बड़ी लम्बी लिस्ट है उन की जो साहिबान हिस्सा नहीं ले सके । वक्त बहुत थोड़ा करना पड़ेगा क्योंकि आप सब चाहते हैं कि सब को वक्त मिले । आप घंटी का ख्याल रखा करें । पहली दफा घंटी बजने पर अपनी तकरीर wind up करना शुरू कर दिया करें और जब दूसरी दफा बजे तो इसे खत्म करके तशरीफ रखें । (The thing is that a long list of the members from both sides of the House is with me. The time limit for speech will have to be curtailed because all the members want to be given some time. They should be careful about the bell. At the first ring they should begin to wind up their speeches and at the second ring they should finish off and resume their seats.)

श्री मोहन लाल (पटौदी) : स्पीकर साहिब, आपके सामने दो रोज़ से मतवातर Opposition के मेम्बर साहिबान और कांग्रेस की तरफ से Budget के ऊपर speeches हो रही हैं । इस में कोई शक नहीं कि जहां तक तरक्कियात का तअल्लुक है, Agriculture में भी बहुत अच्छी तरक्की हुई है, Electricity वगैरह ऐसी कई मद्दें हैं जिन में कि काफ़ी अच्छी तरक्की हुई । लेकिन अगर अंदाज़ा लगाया जाए तो जो जनता ने इन मद्दों में contribute किया है, उसका किस कदर

benefit लोगों को मिला है तो आप अंदाजा लगाएंगे कि contribution के मुकाबले में benefit बहुत कम है। पिछले साल के बजट में 2,80,00,000 रुपए का घाटा दिखाया गया था। लेकिन जब इस साल का बजट पेश किया गया तो मालूम हुआ वह 280 लाख का घाटा 174 लाख के मुनाफे में तबदील हो गया है। उसकी वजह यह बताई गई है कि कुछ रुपया Central Government ने दिया, central Excise Duties का और कुछ और taxes से आया, Railway fares वगैरह से। जो share Central Taxes में State का बनता था उसमें कुछ इज़ाफा कर दिया इस तरह वह घाटा नफे में तबदील हो गया। कुछ स्कीमें नामुकम्मल रहीं, Government ने न बनाईं, उसकी वजह से बचत हो गई। तो जो बजट अब पेश किया गया है इसमें 208 लाख का घाटा दिखाया है। New taxes propose किये गये हैं। वजह बताई गई है कि क्योंकि यह घाटे का बजट है। उसमें Finance Minister साहिब ने फरमाया है कि कुछ allowances कर किये गए थे वे restore कर दिये गए हैं, कुछ Education Department की वजह से, Local Bodies के स्कूल Government ने अपना लिए उसकी वजह से खर्चा ज़्यादा हो गया। एक वजह यह बतलाई गई है कि Plan का खर्च बढ़ गया है। स्पीकर साहिब, इसमें कोई शक नहीं कि लोगों ने Plan से फ़ायदा उठाया है। लेकिन देखने की बात यह है कि लोगों के अंदर, जो स्कीम Plan में consent कर ली है उसको enforce करना है, चाहे कितने भी taxes लगाए जाएं, मैं समझता हूं यह मुनासिब नहीं। मैं समझता हूं यह लोगों के दिल की तर्जमानी नहीं है। आपने देखा होगा कि यह Plan जो है— it exists for the benefit of the people, people do not exist for it. अगर अपनी Government इस बात का ख्याल रखे कि जो भी Plan बनाई जाती है लोगों के भले के लिए बनाई जाती है। यह नहीं कि Plan ज़रूर बनानी है, चाहे लोग दबें या मरें। मैं जनाब से अर्ज़ कर रहा था कि जहां तक taxes का तअल्लुक है, इस वक्त taxes पहले ही इस कदर ज़्यादा थे कि लोग निढाल थे, परेशान थे, लोगों के चेहरों पर हवाइयां उड़ रही थीं। लोग समझते थे कि कोई ऐसा भी tax रह गया है जो न लगा हो। गिरानी की वजह से बाज़ार की सब चीज़ें गिरां हो गईं। लोग गुज़ारा नहीं कर सकते थे। वे उम्मीद करते थे कि इस वक्त थोड़ी २ अगर किसी को हंसी आए तो शायद हमारी Government हंसी पर भी tax लगाने का प्रयत्न करे। जब यह बजट आया तो इसमें लोगों की दाल पर tax लगाया गया। चाहे वह गरीब है, चाहे भिखारी है, अगर वह दाल खाएगा तो उसे tax देना पड़ेगा। अपनी Government ने ज़रा भी ख्याल नहीं किया कि क्या किसी की आमदनी है, किस तरह से लोग अपना गुज़ारा करते हैं। मिस्र की पिछली Government ने एक दफा ख्याल किया कि pyramids जैसी इमारतें बनानी हैं। लोगों ने समझा कि इमारतें बनेंगी तो लाखों लोगों को रोज़गार मिलेगा।

[श्री मोहन लाल]
Pyramids की इमारतें बढ़ती गई, और खर्च ज्यादा आता गया और taxes बढ़ते गये। यहां तक कि जो मज़दूरों को मेहनत मिलती, जो मज़दूरों को मज़दूरी मिलती वे taxes उससे भी ज्यादा हो गए। तो उन्होंने pyramids को तोड़ डाला। मैं कहता हूं कि Plans ज़रूर बनाएं। लेकिन वहां तक बनाएं, जहां तक लोगों की अपनी आमदनी और खर्च का मुकाबला करके यह देख सकें कि उसमें लोगों का फ़ायदा है। उसे systematic तरीके पर लिया जाए। जब वे उम्मीद करते हैं कि taxes पूरे देने हैं, तो और कोई taxes न लगाए। सारी दुनियां में हिन्दुस्तान में हद से ज्यादा taxes हैं। इसके अलावा अगर State Government की तरफ़ से भी यह taxes बढ़ते गए, तो मैं समझता हूं, इस तरह की Government चलने वाली नहीं। जहां तक Opposition का तअल्लुक है वे तो कहते ही हैं। जैसी भी वे speeches सुनी हैं; अगर उसका अंदाजा लगाया जाए जो कांग्रेस Benches से बोले हैं उनकी भी majority इसके खिलाफ है। इस बात में कोई शक नहीं कि discipline के लिहाज़ से हम लोग राय देंगे और यह बजट पास होगा और जरूर होगा। लेकिन, स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा हूं कि क्या यह democratic चीज़ है, क्या यह जमहूरियत की चीज़ कहलाएगी ? इस में कोई शक नहीं, जहां Opposition के Benches मुखालिफत करते हैं वहां कांग्रेस Benches भी मुखालिफत करते हैं। अगर Government यह समझे कि जहां तक Members खिलाफ हैं, जनता के नुमायंदों ने इसकी मुखालिफत की है और करते हैं तो वह इस चीज़ पर ध्यान दें। मैं मुखालिफत के लिहाज़ से नहीं कह रहा। हमारी Government के जो चलाने वाले हैं, कम-अज़-कम जनता और जनता के नुमाइंदों का ख्याल रखें। अगर कोई दो-चार आदमी आ कर ऐसा बोलते हैं, जो लोगों के contact में नहीं हैं तो आप उन लोगों की बात नहीं सुनते तो न सही। पर Government को इस तरह से तो नहीं करना चाहिए कि लोगों के नुमाइंदों की बात भी न सुने।

जहां तक expenditure का तअल्लुक है, मैं अर्ज़ करता हूँ कि इसके अन्दर इतना discrimination होता है कि जिसका कोई हिसाब नहीं। जितना खर्च किया जाता है वह सिर्फ़ जालन्धर डिविज़न पर ही किया जाता है। यहां एक जगह बटाला है—इस को project area करार दिया हुआ है। यहां पर शीनरी, होज़री, agricultural implements और न जाने क्या क्या manufacture करने की सहूलियतें सरकार की तरफ़ से मुहैया की गई हैं। यहां पर $3\frac{1}{2}$ करोड़ रुपए का सिर्फ़ एक ही शहर के लिए provision किया गया है। इसके अलावा ऐसी ऐसी स्कीमें हैं जिन का हरियाना वालों को पता तक नहीं जो कि सिर्फ़ गुरदासपुर और अमृतसर के ज़िलों के लिए ही बनती हैं। जहां तक education का तअल्लुक है; ज्यादा तफ़सील में तो मैं उस वक्त जाऊँगा जब कि Education की Demand पर discussion होगी लेकिन

मुझे बड़े रंज के साथ यह कहना पड़ता है कि उन इलाकों को बिल्कुल नज़र अन्दाज़ करके जो सही तौर पर facilities के मुस्तहक हैं, अमृतसर और गुरदासपुर के कुछ areas को इसलिए backward करार दिया गया क्योंकि वहां higher standard तक education free करनी थी। इस के बरअक्स आप देखें— really backward areas पर, जो सचमुच deserve करते हैं कोई खास पैसा खर्च नहीं किया गया। गुड़गांव में canal Project का न जाने कितने सालों से चर्चा चल रहा है। पिछले साल भी 23 लाख का provision इस Project के लिए बजट में किया गया था। लोग बहुत खुश हुए कि आखिर हमारी बात भी सुनी गई। लेकिन हुआ क्या? आप सुनकर हैरान होंगे, स्पीकर साहिब, कि पिछले साल में इस मद पर सिर्फ 783 रुपए खर्च हुए—783 रुपए!! और अब इस के लिए 7½ लाख का और provision किया गया है। लोगों को तो यही मालूम है कि—और कागज़ों में भी यही है कि पिछले साल 23 लाख खर्च था और अब 7½ लाख का और खर्च होने वाला है लेकिन असल में, जैसा कि मैंने अभी बताया सिर्फ 783 रुपए खर्च हुए। मैं पूछता हूँ कि क्या हरियाना वालों को figures से ही खुश करना है? क्या उन का ख्याल सचमुच आप भुला बैठे हैं? मैं कोई criticism या opposition करने की भावना से नहीं कह रहा। मैं आप को सच्चाई बतला रहा हूँ। यह है व्यवहार जो कि जालन्धर Division के मुकाबला में गरीब हरियाना वालों के साथ किया जा रहा है। इस के अलावा 6 लाख रुपए का एक और provision गुड़गांव-रोहतक development के लिए रखा गया। इस साल भी 2½ लाख की मज़ीद रकम रखी है। इसका मतलब यह है कि 6 लाख तो खर्च किया जा चुका है और 2½ लाख रुपया और खर्च करना बाकी है....... जहां तक खर्चों का तअल्लुक है सभी खर्च, सभी बड़े २ खर्च अमृतसर और गुरदासपुर पर ही हो रहे हैं। पता नहीं कि इन के दिल में क्या ख्याल काम कर रहा है? पार्टीशन से पहले की गवर्नमेंट सारी बड़ी २ स्कीमें West Punjab के ज़िलों के लिए ही बनाया करती थी, East Punjab को बिल्कुल ignore किया गया था। पार्टीशन के बाद सारे उपजाऊ और सनअती इलाके पाकिस्तान के हिस्से में आ गए। अब भी शायद इन का partition का कोई ख्याल हो और शायद इसीलिए इन ज़िलों पर ज़्यादा खर्च किया जा रहा है, ज़्यादा develop किया जा रहा है कि ये उस तरफ़ चले जाने हों। मैं ज़्यादा बातों में न जाकर यही अर्ज़ करूँगा कि गवर्नमेंट को यह बात शोभा नहीं देती कि इस तरह से एक इलाके को दूसरे इलाके से discriminate किया जाए। जो अलाका backward है—जो आगे भी पिछड़ा रहा है—हरियाने का इलाका उस को हर सूरत में दूसरे इलाकों से तरजीह दी जानी चाहिए। आप बजट को पढ़ें। आप को पता लगेगा कि 90 नई स्कीमें हमारी गवर्नमेंट ने इस साल के अर्से में पूरी करने की योजना बनाई है। लेकिन मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि Finance Minister साहिब एक भी

[श्री मोहन लाल]

स्कीम इनमें से ऐसी नहीं बता सकेंगे जोकि गुड़गांव के लिए बनाई गई हो। मैं आप की वसातत से गवर्नमेंट से मांग करता हूँ कि वह state के expenditure की distribution करते वक्त इन्साफ से काम लें। आप की यह declared policy है कि जो इस वक्त backward इलाके हैं हमने उन्हीं को ऊपर उठाने के मामले को Top priority देनी है। जब ऐसी बात है तो क्यों अमल में इन पसमान्दा इलाकों के साथ सौतेली मां वाला स्लूक किया जा रहा है? क्यों इन को नज़र अन्दाज़ किया जा रहा है? मैं ज़्यादा मुकाबले में नहीं जाता। जितनी भी communal agitation है वह इन्हीं जालन्धर डिविज़न के ज़िलों में होती हैं। जो गड़बड़ या smuggling है इन्हीं ज़िलों के अन्दर होती है। लेकिन बावजूद इन बातों के इखराजात का सब से ज्यादा हिस्सा इन्हीं पर किया जाता है। जो न रोते हैं, न चिल्लाते हैं, न शोर मचाते हैं—अमन से अपनी जिन्दगी बसर करते हैं—गवर्नमेंट के लिए कोई problems खड़ी नहीं करते उन का ज़रा भी ख्याल नहीं किया जाता। मैं हैरान हूँ, समझ नहीं आती कि जब टैक्स हम से बराबर के लिए जाते हैं तो हमारे साथ क्यों नहीं खर्च के मामले में बराबरी का सलूक किया जाता? जो फसाद करते हैं उन पर और ज्यादा रुपया खर्च किया जाता है ताकि वह मस्त होकर और फसाद करें। लेकिन जो आगे ही backward हैं उन की गवर्नमेंट परवाह ही नहीं करती। ऐसी चीज़ हमेशा के लिए नहीं चल सकती। इसलिए मैं अर्ज़ करूंगा कि इस ज्यादती को दूर किया जाए और backward इलाकों के interests को इस तरह से ignore न किया जाए।

ਪੰਡਿਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ (ਊਨਾ) : ਸ਼੍ਰੀਮਾਨ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਖਜ਼ਾਨਾ ਪੰਡਿਤ ਮੋਹਨ ਲਾਲ ਜੀ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਸਾਲ 1958-59 ਦਾ ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਉਹਦੇ ਵਿਚ 2 ਕਰੋੜ 44 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਨਵੇਂ ਟੈਕਸ ਲਗਾਏ ਨੇ। ਹਰ ਇਕ ਹਕੂਮਤ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਂਦੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਟੈਕਸਾਂ ਤੋਂ ਬਗੈਰ ਕੋਈ ਗੌਰਮਿੰਟ ਚਲ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਕਦੀ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਟੈਕਸਾਂ ਨੂੰ ਦੋ ਤਰੀਕਿਆਂ ਨਾਲ ਪਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿ ਟੈਕਸਾਂ ਨੂੰ ਕਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਵਸੂਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਦੂਜੇ ਇਹ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਟੈਕਸਾਂ ਰਾਹੀਂ ਰੁਪਿਆ ਵਸੂਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਹ ਕਿਵੇਂ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੋਵਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖਣ ਨਾਲ ਹੀ ਕਿਸੇ ਬਜਟ ਦਾ ਸਹੀ ਜਾਇਜ਼ਾ ਲਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਅਗਰ ਟੈਕਸ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਲਈ ਖਰਚ ਕੀਤੇ ਜਾਂਦੇ ਨੇ ਅਤੇ ਜੇ ਟੈਕਸ ਉਨ੍ਹਾਂ ਹੀ ਲੋਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਵਸੂਲੇ ਜਾਂਦੇ ਨੇ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਇਹ ਰਕਮ ਆਸਾਨੀ ਦੇ ਸਕਦੇ ਨੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਵੇਂ ਟੈਕਸਾਂ ਬਾਰੇ ਬਗੈਰ ਕਿਸੇ ਝਿਜਕ ਤੋਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਜਨਤਾ ਦੇ ਹੱਕ ਵਿਚ ਨੇ, ਜਨਤਾ ਦੀ ਭਲਾਈ ਦੇ ਟੈਕਸ ਨੇ। (*At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the chair*) ਪਰ ਜੇ ਉਲਟੇ ਇਹ ਟੈਕਸ ਗਰੀਬ ਜਨਤਾ ਉਤੇ ਲਗਾਏ ਜਾਣ ਅਤੇ ਖ਼ਰਚ ਵੀ ਦਰੁਸਤ ਢੰਗ ਨਾਲ ਨਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਇਹੋ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਲੋਕ ਵਿਰੋਧੀ ਨੇ, ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਨੇ, anti-people ਨੇ। ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਬਜਟ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਖਜ਼ਾਨਾ ਨੇ 2 ਕਰੋੜ 44 ਲਖ ਦੇ ਨਵੇਂ ਟੈਕਸ ਸਾਡੇ ਸਾਮ੍ਹਣੇ ਰਖੇ ਨੇ; ਇਸ ਦੀ ਬਾਬਤ

ਪਹਿਲੇ ਕਹੇ ਦੋ ਅਸੂਲਾਂ ਅਨੁਸਾਰ ਮੈਂ ਇਹ ਹੀ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ anti-people ਨੇ। ਜੇ ਇਸ 2 ਕਰੋੜ 44 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਟੈਕਸਾਂ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਰਾਂ ਨਾਲ ਵੇਖਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਸਿਰਫ 15 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਟੈਕਸ ਹੀ ਅਜਿਹੇ ਦਿਸਦੇ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿ ਅਸੀਂ ਜਾਇਜ਼ ਕਰਾਰ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਉਹ item ਜਿਸ ਤੋਂ ਇਹ tax ਵਸੂਲਿਆ ਜਾਣਾ ਹੈ ਉਹ ਹੈ "Land Revenue Special Surcharge". ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਕ ਟੈਕਸ ਹੋਰ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਅਧੇ ਹਿਸੇ ਨੂੰ ਅਸੀ ਕਹਿ ਸਕਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਜਾਇਜ਼ ਹੈ ਤੇ ਬਾਕੀ ਦਾ ਅੱਧਾ ਬਿਲਕੁਲ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਹੈ। ਇਹ ਟੈਕਸ arms license ਬਾਰੇ ਹੈ। ਅਸਲਾ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਦੋ ਕਿਸਮ ਦੇ ਲੋਕ ਰਖਦੇ ਨੇ। ਇਕ ਤਾਂ ਉਹ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਵਡੇ ੨ landlord ਨੇ, ਵਡੇ ਵਡੇ ਧਨੀ ਨੇ—ਇਹ ਬੇਸ਼ਕ ਇਸ tax ਨੂੰ ਦੇ ਸਕਦੇ ਨੇ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਇਹ ਟੈਕਸ ਲਗਾਏ ਜਾਣ ਲਈ ਸਾਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਨਹੀਂ। ਦੂਜੇ ਹਿੱਸੇ ਵਿਚ ਉਹ ਲੋਕ ਆਉਂਦੇ ਨੇ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਫੌਜ ਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਸਿਪਾਹੀ ਵੀ ਹਨ, ਲੈਂਸ ਨਾਇਕ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਹਨ, ਹਵਾਲਦਾਰ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਹਨ। ਇਹ ਲੋਕ ਗਰੀਬ ਨੇ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਣਾ ਗਰੀਬਾਂ ਉਤੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਣਾ ਹੈ। ਸਾਫ਼ ਜ਼ਾਹਿਰ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ 2 ਕਰੋੜ 44 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਟੈਕਸਾਂ ਵਿਚੋਂ ਸਿਰਫ਼ 18 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਹੀ ਟੈਕਸ ਅਜਿਹੇ ਟੈਕਸ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿ ਜਾਇਜ਼ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਬਾਕੀ ਦੇ 2 ਕਰੋੜ 26 ਲਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਟੈਕਸ ਬਿਲਕੁਲ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਟੈਕਸ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਜਨਤਾ ਉਪਰ ਬੋਝ ਹੈ ਉਸ ਜਨਤਾ ਉਪਰ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਅਗੇ ਹੀ ਕਈ ਤਰਾਂ ਦੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦੇ ਭਾਰ ਹੇਠ ਦਬੀ ਪਈ ਹੈ। ਇਸ ਵੇਲੇ ਮੈਂ ਸਾਰਿਆਂ ਟੈਕਸਾਂ ਨੂੰ ਗਣਾਵਾਂਗਾ ਨਹੀਂ। ਕਪਾਹ ਉਪਰ, ਖੱਲਾਂ ਉਪਰ ਤੇ ਹੁਣ ਰੋਟੀ ਉਪਰ, ਦਾਲਾਂ ਉਪਰ ਇਸ ਤਰਾਂ ਦੇ ਬੇਸ਼ੁਮਾਰ ਟੈਕਸ ਨੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਵਿਚੋਂ ਦੋ ਤਿੰਨ ਟੈਕਸ ਅਜਿਹੇ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਬਾਬਤ ਜਨਤਾ ਉਧਰ ਕੀ ਅਸਰ ਪਏਗਾ ਇਹ ਮੈਂ ਆਪ ਨੂੰ ਤੇ ਆਪ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਚਮੜੇ ਉਪਰ, ਖੱਲਾਂ ਉਪਰ ਟੈਕਸ ਲਗਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ। ਮੈਂ ਸਿਰਫ ਇਤਨਾ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨਾਲ ਹਮਦਰਦੀ ਕਰਦੀ ਨਹੀਂ ਥਕਦੀ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਹਮਦਰਦੀ ਦੇ ਹਮੇਸ਼ਾ ਦਾਅਵੇ ਬਨ੍ਹਦੀ ਹੈ। ਕੀ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਰੋਟੀ ਉਤੇ ਹਮਲਾ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਹੋਰ ਕੀ ਹੈ? ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਇਹ ਲੋਕ ਚਮੜਾ ਯੂ. ਪੀ., ਕਾਨਪੁਰ ਵਗ਼ੈਰਾ ਤੋਂ ਮੰਗਵਾਉਂਦੇ ਹਨ ਜਿਥੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਕਈ ਕਿਸਮ ਦੇ ਟੈਕਸ ਦੇਣੇ ਪੈਂਦੇ ਨੇ। ਇਕ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਜਿਹੜੇ ਚਮੜੇ ਦਾ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਪਹਿਲੇ ਹੀ ਖਰਾਬ । ਮੁਲਕ ਦੀ ਤਕਸੀਮ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਉਨ੍ਹਾ ਦਾ ਜੁਤੀਆਂ ਦਾ ਵਪਾਰ ਲਾਹੌਰ, ਰਾਵਲਪਿੰਡੀ ਵਗ਼ੈਰਾ ਵਿਚ ਹੁੰਦਾ ਸੀ। ਉਹ ਤਕਸੀਮ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਬੰਦ ਹੋ ਗਿਆ। ਹੁਣ ਉਹ ਯੂ. ਪੀ. ਕਾਨਪੁਰ ਵਿਚੋਂ ਚਮੜਾ ਲਿਆਉਂਦੇ ਨੇ ਤੇ ਫਿਰ ਜੁਤੀਆਂ ਬਣਾ ਕੇ ਉਥੇ ਹੀ ਵਾਪਸ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਨੇ। ਫਿਰ ਚਮੜਾ ਰੰਗਣ ਲਈ ਕਿੱਕਰ ਦਾ ਸਕ ਹੈ। ਉਹ ਪਹਿਲਾਂ ਚਾਰ ਰੁਪਏ ਮਨ ਸੀ, ਹੁਣ 7 ਰੁਪਏ ਮਨ ਮਿਲਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਤਰਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਖਰਾਬ ਹੈ ਤੇ ਉਤੇ ਇਹ ਟੈਕਸ!! ਸਮਝ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸੋਚਦੀ ਹੈ? ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮੈਂ ਕਪਾਹ ਦੇ ਟੈਕਸ ਵਲ ਆਉਂਦਾ ਹਾਂ। ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਕਪਾਹ ਉਤੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾ ਹੈ ਇਸ ਦਾ ਲਾਜ਼ਮੀ ਤੌਰ ਤੇ ਇਹ ਨਤੀਜਾ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਕਪੜਾ ਵੀ ਮਹਿੰਗਾ ਹੋ ਜਾਏਗਾ। ਜਦ ਇਸ ਬਜਟ ਵਿਚ ਰੋਟੀ ਉਤੇ, ਅਨਾਜ ਉਤੇ। ਦਾਲ ਉਤੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਜਿਆਦਾ ਕੁਝ ਕਹਿਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਸਮਝਦਾ, ਵਿੱਤ ਮੰਤ੍ਰੀ ਦਾ ਧਿਆਨ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਦੇ ਬਜਟ ਵਲ ਦਿਵਾਉਣਾ

[ਪੰਡਿਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ]

ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸੇ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਚਾਰ ਕਿਸਮ ਦੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣ ਦੀ ਸਕੀਮ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਸੀ। Commercial Crops ਉਤੇ ਜਦੋਂ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਟੈਕਸ ਲਗੇ ਸੁਣੇ ਤਾਂ ਕੌਣ ਨਹੀਂ ਜਾਣਦਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾ ਭੰਡਿਆ ਗਿਆ। ਐਨੀ agitation ਹੋਈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਉਹ ਟੈਕਸ ਵਾਪਸ ਕਰਨਾ ਪਿਆ। ਅਜ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਿਛਲੇ ਤਜਰਬੇ ਨੂੰ ਅਖੋਂ ਓਝਲ ਕਰ ਦਿਤਾ ਹੈ ਤੇ 'ਦਾਲ ਰੋਟੀ' ਉਤੇ ਵੀ ਟੈਕਸ ਲਗਾ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਅਜੇ ਇਸ tax ਦਾ ਬਿਲ ਵੀ ਪਾਸ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਧਰਮਸਾਲਾ ਵਿਚ ਇਕ ਹੋਟਲ ਵਾਲੇ ਨੇ ਰੋਟੀ ਦੇ ਰੇਟ ਵਧਾ ਦਿਤੇ। ਇਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੋਇਆ ਕਿ 200 ਕਾਲਿਜ ਦੇ ਮੁੰਡਿਆਂ ਨੇ ਉਸੇ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਮੁਜ਼ਾਹਿਰਾ ਕੀਤਾ। ਅਜੇ ਇਹ ਟੈਕਸ ਪਾਸ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਤਾਂ ਇਹ ਹਾਲ ਹੈ। ਤੇ ਜਦੋਂ ਇਹ ਪਾਸ ਹੋ ਗਿਆ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਆਪ ਹੀ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਉ ਕਿ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੁਜ਼ਾਹਰੇ ਹੋਣਗੇ। ਇਹ ਇਕ ਅਜਿਹਾ ਟੈਕਸ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਸੂਬੇ ਨੇ ਨਹੀਂ ਲਗਾਇਆ, ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਗਰੀਬਾਂ ਦੀ ਦਾਲ ਰੋਟੀ ਤੇ ਵੀ ਟੈਕਸ ਵਸੂਲਦਾ ਹੈ।

ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਹਕੂਮਤ ਨੇ ਇਹੋ ਜਿਹਾ tax ਨਹੀਂ ਲਗਾਇਆ। ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਇਹ ਸਰਕਾਰ Socialist pattern of society ਕਾਇਮ ਕਰਨ ਦਾ ਦਾਅ੍ਵਾ ਬੰਨ੍ਹਦੀ ਹੈ ਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਆਮ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਜਿਹੜੀ ਰੋਟੀ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਵੀ ਇਹ ਚੋਰੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਥੇ ਅਰਜ਼ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਦੂਜੇ socialist ਮੁਮਾਲਕ ਹਨ ਉਹ ਕੀ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਤੇ ਇਥੇ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਕੀ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਉਹ ਇਹ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਕਿ ਆਮ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਰੋਟੀ free ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਰੂਸ ਵਿਚ ਜਿਥੇ socialist ਸਰਕਾਰ ਹੈ ਉਥੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਰੋਟੀ ਫਰੀ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੋਈ ਹੈ ਪਰ ਇਥੇ ਇਹ ਸਰਕਾਰ ਜਿਹੜੀ socialism ਲਿਆਉਣ ਦਾ ਦਾਅ੍ਵਾ ਬੰਨ੍ਹਦੀ ਹੈ। ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਰੋਟੀ ਤੇ tax ਲਗਾ ਰਹੀ ਹੈ।

ਫਿਰ ਕਿਸੇ tax ਨੂੰ ਵੇਖਣ ਲਈ ਕਿ ਕੀ ਉਹ ਲੋਕ ਭਲਾਈ ਲਈ ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਕਸੌਟੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਸ tax ਤੋਂ ਇਕੱਠੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਕਮ ਨਾਲ ਕੀ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਸਨਅਤੀ ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਨਹੀਂ। ਕੀ ਉਸ tax ਤੋਂ ਵਸੂਲੀ ਗਈ ਰਕਮ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਇਕ industrial ਸੂਬਾ ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ? ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਵੇਖਣ ਲਈ ਮੈਂ ਦੂਰ ਨਹੀਂ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ। ਇਸ ਦੂਜੀ ਪੰਜ-ਸਾਲਾ ਪਲਾਨ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪੰਜਾਂ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਇਸ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਕੁਲ 166 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਰਕਮ ਵਿਚੋਂ 12.42 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ industries ਉਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪੰਜਾਂ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪਿਛਲਿਆਂ ਦੋ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ industries ਤੇ ਜੋ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਸਾਰਾ 197 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਹੈ ਔਰ ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਲਈ ਇਸ ਮੱਦ ਹੇਠ 182 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਰਖਿਆ ਹੈ। ਯਾਨੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤਿੰਨਾਂ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਸਨਅਤੀ ਤਰੱਕੀ ਵਾਸਤੇ 3.79 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਹਾਲਾਂ ਕਿ ਇਸ ਨੇ ਪੰਜਾਂ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਇਸ ਮਤਲਬ ਲਈ 12.42 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰਨ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ।

ਕੋਈ ਸੂਬਾ ਜਾਂ ਦੇਸ਼ ਜੇਕਰ ਸਨਅਤੀ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ ਜਾਂ ਅਗਰ ਉਹ industry ਵਿਚ backward ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਦਾ ਲਾਜ਼ਮੀ ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਨਿਕਲਦਾ

ਹੈ ਕਿ ਉਥੇ production ਘਟ ਹੋਵੇਗੀ, ਉਥੇ ਮਹਿੰਗ ਕਾਇਮ ਰਹੇਗਾ ਅਤੇ ਲੋਕ back-ward ਰਹਿਣਗੇ ਔਰ ਉਹ ਸੂਬਾ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਦੇ ਵੀ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ।

ਹੁਣ ਮੈਂ ਇਸ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਨੀਤੀ ਨੂੰ ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਤੋਂ ਸਮਝਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਤਾਲੀਮ ਲਈ ਬੜੀਆਂ ਡੀਂਗਾਂ ਮਾਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਤਲੀਮ ਮੁਫ਼ਤ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਇਸ ਵਲੋਂ ਇਹ ਗੱਲ ਬੜੀ ਕਹੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਸਾਂ ਛੇਵੀਂ ਜਮਾਤ ਤਕ ਤਾਲੀਮ ਮੁਫਤ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਤੁਹਾਡੇ ਰਾਹੀਂ ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਅਗੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਰਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਇਸ ਲਈ ਜਿਹੜੀ policy ਹੈ ਉਹ ਇਸ ਗੱਲ ਤੋਂ ਸਾਫ ਜ਼ਾਹਰ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨੇ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਦੇ ਅੰਦਰ 135 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਤਾਲੀਮ ਦੀ ਮੱਦ ਹੇਠ ਬਚਤ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਜਿਹੜਾ ਸੂਬਾ ਜਾਂ ਦੇਸ਼ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਖਰਚ ਵਿਚੋਂ ਬਚੱਤ ਕਰਦਾ ਹੈ ਇਹ ਉਸ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਦੀ ਨਿਸ਼ਾਨੀ ਨਹੀਂ। ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਖਰਚ ਵਿਚੋਂ ਬੱਚਤ ਕਰਨਾ ਤਰੱਕੀ ਦੀ ਨਿਸ਼ਾਨੀ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਬਲਕਿ ਇਹ ਤਾਂ ਉਸ ਦੀ ਤੱਨਜ਼ਲੀ ਦੀ ਨਿਸ਼ਾਨੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਇਹ 135 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਜਿਹੜਾ ਬਚਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਇਹ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀ policy ਦਾ ਅਕਸ ਹੈ। ਜਦੋਂ local bodies.... (वित्त मंत्री : यह figures आप ने कहां से ले लिये हैं?) ਇਹ ਬਜਟ ਦੇ memorandum ਵਿਚੋਂ ਲਈਆਂ ਹਨ। ਆਪ memorandum ਨੂੰ ਪੜ੍ਹੋ ਤਾਂ ਆਪ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ multipurposes ਲਈ 84 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਰਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੋਰ ਰੁਪਿਆ ਵੀ ਰਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। (वित्त मंत्री :आप उसे दोबारा पढ़ें, यह उस में नहीं है) ਜੇਕਰ ਆਪ ਉਸ ਨੂੰ ਦੁਬਾਰਾ ਪੜ੍ਹੋ, ਪੰਡਤ ਜੀ ਮਹਾਰਾਜ, ਤਾਂ ਆਪ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ। ਐਵੇਂ ਨੁਕਤਾ ਚੀਨੀ ਨਾ ਕੀਤੀ ਜਾਉ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਕ ਹੋਰ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਦਾਵ੍ਹਾ ਬੰਨ੍ਹਦੀ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਸਿਹਤ ਆਮਾ ਲਈ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ, ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਤਨਾ ਹੀ ਦੱਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਮੱਦ ਦੇ ਵਿਚ ਵੀ 14 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਬਚਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਔਰ ਫਿਰ ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕਿ ਅਸੀਂ ਸਿਹਤ ਆਮਾ ਲਈ ਬਹੁਤ ਕੁਝ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਮੈਂ ਹੁਣ ਇਹ ਦਸਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਬਚਤ ਕਿਵੇਂ ਹੋਈ ਹੈ। ਬਹੁਤ ਸਾਰਿਆਂ ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਵਿਚ ਡਾਕਟਰ ਨਹੀਂ ਹਨ ਔਰ ਨਰਸਾਂ ਨਹੀਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦ ਜਨਤਾ ਨੇ ਤੁਹਾਨੂੰ trained ਡਾਕਟਰਾਂ ਤੇ trained ਨਰਸਾਂ ਲਈ ਰੁਪਏ ਦਿੱਤੇ ਹਨ, ਅਤੇ ਤੁਸਾਂ ਜਨਤਾ ਕੋਲੋਂ trained ਡਾਕਟਰਾਂ ਅਤੇ ਨਰਸਾਂ ਲਈ ਰੁਪਏ ਖੋਹੇ ਹਨ ਤਾਂ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਡਾਕਟਰ ਤੇ ਨਰਸਾਂ ਭੇਜਦੇ ? ਫਿਰ ਇਹੋ ਹੀ ਨਹੀਂ, private ਹਸਪਤਾਲ ਜਿਹੜੇ ਸੀ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਸੇ ਕਿਸਮ ਦੀ ਮਦਦ ਵੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ। ਇਥੇ ਹੀ ਬਸ ਨਹੀਂ, ਜਿਥੇ ਤਕ ਮਵੇਸ਼ੀ ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਦਾ ਸੰਬਧ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਇਸ ਵਿਚ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ trained ਡਾਕਟਰ ਨਹੀਂ ਮਿਲੇ, ਇਸ ਕਰਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਵਿਚ ਡਾਕਟਰ ਨਹੀਂ ਹਨ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਹਾਨੂੰ trained ਡਾਕਟਰ ਕਿਵੇਂ ਮਿਲਣ ਜਦ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪੇਟ ਭਰਨ ਲਈ ਵੀ ਤਨਖਾਹ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ। ਤੁਸਾਂ ਇਹ ਬਹਾਨਾ ਤਾਂ ਬੜੀ ਅਸਾਨੀ ਨਾਲ ਲਗਾ ਲਿਆ ਹੈ ਕਿ ਡਾਕਟਰ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੇ ਭਾਵੇਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਡੰਗਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬਗੈਰ ਮਰਦੇ ਰਹਿਣ। ਤੁਹਾਡੇ ਕੋਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਡਾਕਟਰਾਂ ਨੂੰ ਪੂਰੀ ਤਨਖਾਹ ਦੇਣ ਵਾਸਤੇ ਜਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ training

[ਪੰਡਿਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ]

ਦੇਣ ਵਾਸਤੇ ਤਾਂ ਰੁਪਿਆ ਨਹੀਂ ਪਰ ਤੁਹਾਡੇ ਕੋਲ ਮੋਤੀ ਬਾਗ ਖਰੀਦਨ ਵਾਸਤੇ ਜਾਂ ਵਡੀਆਂ ਵਡੀਆਂ ਕਾਰਾਂ ਖਰੀਦਨ ਵਾਸਤੇ ਅਤੇ ਚੰਗੀਆਂ ਚੰਗੀਆਂ ਕੋਠੀਆਂ ਵਿਚ ਐਸ਼ ਮਾਣਨ ਲਈ ਤੁਹਾਡੇ ਪਾਸ ਰੁਪਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਕ ਹਸਪਤਾਲ ਦੀ ਮਿਸਾਲ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਭੁਪੜੀ ਵਿਚ ਇਕ ਹਸਪਤਾਲ ਹੈ ਜਿਥੇ ਕਿ ਪਿਛੇ ਜਿਹੇ ਸਿਹਤ ਅਤੇ ਮੁਰੱਬਾਬੰਦੀ ਦੇ ਮੰਤ੍ਰੀ ਵੀ ਤਸ਼ਰੀਫ ਫਰਮਾ ਹੋਏ ਸਨ। ਉਸ ਹਸਪਤਾਲ ਨੂੰ 1500 ਰੁਪਿਆ ਸਲਾਨਾ aid ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਮਿਲਦੀ ਹੈ, 300 ਰੁਪਿਆ ਉਥੋਂ ਦੇ ਮੰਦਰਾਂ ਦੀ ਸੁਸਾਇਟੀ ਦਿੰਦੀ ਹੈ ਔਰ 300 ਰੁਪਿਆ ਸਲਾਨਾ ਉਸ ਨੂੰ District Board ਵਲੋਂ ਮਿਲਦਾ ਹੈ। ਇਸ 2100 ਰੁਪਏ ਵਿਚੋਂ 1200 ਰੁਪਿਆ ਡਾਕਟਰ ਲੈ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਤਿੰਨ ਸੋ ਰੁਪਏ ਖਾਕਰੋਬ ਤੇ ਮਾਸ਼ਕੀ ਲੈ ਲੈਂਦੇ ਨੇ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਾਕੀ ਦਾ 600 ਰੁਪਿਆ ਦਵਾਈਆਂ ਲਈ ਬਚਦਾ ਹੈ। 32 ਪਿੰਡਾਂ ਲਈ ਉਹ ਇਕ ਹਸਪਤਾਲ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਆਬਾਦੀ 20 ਹਜ਼ਾਰ ਹੈ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਾਲ ਵਿਚ ਫੀ ਆਦਮੀ ਦੇ ਹਿਸੇ ਤਿੰਨ ਪੈਸੇ ਦੀਆਂ ਦਵਾਈਆਂ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ socialist ਨਿਜ਼ਾਮ ਇਹ ਕਾਇਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਜਿਥੇ ਇਕ ਆਦਮੀ ਲਈ ਸਾਰੇ ਸਾਲ ਲਈ ਤਿੰਨ ਪੈਸੇ ਦੀ ਦਵਾਈ ਹਿੱਸੇ ਵਿਚ ਆਉਣੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ socialism ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਾਸਤੇ ਤਾਂ ਆ ਗਿਆ ਪਰ ਜਨਤਾ ਵਾਸਤੇ ਨਹੀਂ ਆਇਆ। Socialism ਦੇ ਜਿਤਨੇ ਲੁਆਜ਼ਮਾਤ ਹਨ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤਾਂ ਮਿਲ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫਿਕਰ ਨਹੀਂ ਕਿ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਭਾਵੇਂ ਖਾਣ ਨੂੰ ਜ਼ਹਿਰ ਵੀ ਨਾ ਮਿਲੇ।

ਫਿਰ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕਿ 12 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀ ਬਚਤ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਬੜਾ ਦਾਵ੍ਹਾ ਬੰਨ੍ਹਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ ਜਿਹੜੀਆਂ landlords ਦੀਆਂ surplus lands ਹਨ ਉਹ ਬੇਦਖਲ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਦੇ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ ਅਤੇ ਇਸ ਬੱਚਤ ਦੇ 12 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਵਿਚੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬੇਦਖਲ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ surplus lands ਤੇ ਵਸਾਉਣ ਲਈ loans ਦਿੱਤੇ ਜਾਣਗੇ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਥੇ rehabilitate ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ। ਲੇਕਿਨ ਉਹ ਇਕ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਇੰਚ ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ ਮਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀ ਗਈ। 12 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਹੋਰ ਹੀ ਪਾਸੇ ਉੜ ਗਿਆ। ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿਥੇ ਗਿਆ। ਇਹ ਵੀ ਕਹਿ ਦਿਉ ਪੰਡਤ ਜੀ ਕਿ Memorandum ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਲਿਖਿਆ ਹੋਇਆ। ਇਹ ਖਰਚ ਕਿਥੇ ਕੀਤਾ ਹੈ? Industry ਤੇ ਨਹੀਂ, ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਤੇ ਨਹੀਂ, ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਬਸਾਉਣ ਤੇ ਨਹੀਂ ਖਰਚ ਕੀਤਾ। ਫੇਰ ਖਰਚ ਕਿਥੇ ਕੀਤਾ ਹੈ? 31 ਲਖ ਪੁਲਿਸ ਤੇ। ਇਹ ਸੇਵਾ ਸੰਮਤੀ ਹੋਣੀ ਹੈ ਆਪ ਦੀ। ਬਹੁਤ ਚੰਗੀ ਸੇਵਾ ਕਰਦੀ ਹੈ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਸਿਰ ਭੰਨ ਕੇ। (ਘੰਟੀ) ਮੈਂ criticism ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਮੈਂ ਠੋਸ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਟੈਕਸਾਂ ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਤ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਹਾਂ ਠੀਕ ਕਰਦੇ ਹਾਂ। ਗ਼ਰੀਬਾਂ ਤੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਤ ਡਟ ਕੇ ਕਰਾਂਗੇ। ਇਥੇ ਤਾਂ ਵਾਹ ਨਹੀਂ ਚਲਣਾ ਤੁਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 32 ਦੰਦਾ ਦੇ ਭਾਰ ਖੜ੍ਹਾ ਕਰਾ ਲੈਣਾ ਹੈ। ਇਥੇ ਸਾਡਾ ਤੁਹਾਡੇ ਨਾਲ ਮੁਕਾਬਲਾ ਨਹੀਂ ਪਰ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਅਸੀਂ organise ਕਰਾਂਗੇ, ਅਤੇ ਆਪ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਖੜ੍ਹਾ ਕਰਾਂਗੇ, ਲੜਾਵਾਂਗੇ। (ਵਿਘਨ)।

(ਵਿਤ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਪਿਛਲੀ ਵਾਰ ਬੜਾ ਅਸਰ ਪਿਆ ਸੀ।)

ਅਸਰ ਪਏਗਾ। ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ ਆਪ ਵਰਗੇ ਲਦ ਗਏ ਤੁਸੀਂ ਵੀ ਲਦ ਜਾਣਾ ਹੈ। (ਹਾਸਾ ਤੇ ਵਿਘਨ)।

Mr. Deputy Speaker : Order please, no interruption.

ਪੰਡਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : ਅਸੀਂ ਵੀ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਮੁਲਕ ਦੀ ਤਾਮੀਰ ਹੋਵੇ, ਤਰੱਕੀ ਹੋਵੇ ਸਨਅਤ ਬਣੇ, ਤਾਲੀਮ ਫੈਲੇ । ਮੈਂ Communist Party ਵਲੋਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਾਰੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ, ਮੁਲਕ ਵਿਚੋਂ ਬੇਕਾਰੀ ਦੂਰ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਸੜਕਾਂ ਤੇ ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਦੀ ਤਾਮੀਰ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਪਰ ਰੁਪਿਆ ਕਿਥੋਂ ਆਵੇ? ਜਨਾਬੇ ਆਲੀ ਮੈਂ ਇਕ ਇਕ resource ਗਿਣਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਮੈਨੂੰ ਯਕੀਨ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਖਜ਼ਾਨਾ ਨੇ ਇਹ ਸਾਰੇ ਲਿਖ ਲੈਣੇ ਹਨ ਭਾਵੇਂ ਅਮਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਨਹੀਂ ਕਰਨਗੇ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਜਗੀਰਦਾਰਾਂ ਦੇ ਕਾਬੂ ਆਏ ਹੋਏ ਹਨ (ਹਾਸਾ) । ਮੇਰੀਆਂ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਇਹ ਹਨ (1) ਰਾਜਿਆਂ ਅਤੇ ਜਾਗੀਰਦਾਰਾਂ ਦੀ ਖੇਤੀ ਬਾੜੀ ਤੇ ਹੋਰ ਟੈਕਸ ਲਾਇਆ ਜਾਵੇ, surcharge ਵਧਾਇਆ ਜਾਵੇ । ਅਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਸਰਮਾਇਦਾਰਾਂ ਦੀਆਂ ਫਾਰਮਾਂ, ਬਾਗਾਂ, private ਬੰਗਲਾਂ ਤੇ tax ਲਾਇਆ ਜਾਵੇ । (2) ਵਡੇ ਵਡੇ ਸ਼ਹਿਰੀ ਸਰਮਾਇਦਾਰਾਂ ਤੇ tax ਲਾਇਆ ਜਾਵੇ । (ਵਿਘਨ) ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ tax ਵਧਾਇਆ ਜਾਵੇ । (3) ਦਰਮਿਆਨੇ ਅਤੇ ਛੋਟੇ ਦਰਜੇ ਦ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਛਡ ਕੇ ਅਮੀਰਾਂ ਅਤੇ ਜਗੀਰਦਾਰਾਂ ਤੇ ਮਰਲਾ tax ਦੀ ਦਰ ਹੋਰ ਵਧਾ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ । (4) ਰਾਜਿਆਂ ਅਤੇ ਮਹਾਰਾਜਿਆਂ ਦੀ ਦੌਲਤ ਜਬਰੀ ਤੌਰ ਤੇ ਕਰਜ਼ ਲੈ ਲਈ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਉਸਨੂੰ State ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਵਰਤਿਆ ਜਾਵੇ । (5) ਸੀਮੈਂਟ, ਕਾਗਜ਼ ਜਾਂ ਹੋਰ ਇਸੇ ਕਿਸਮ ਦੇ ਕਾਰਖਾਨੇ public sector ਵਿਚ ਖੋਲ੍ਹੇ ਜਾਣ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕਮਾਈ ਸੂਬੇ ਦੀ ਭਲਾਈ ਲਈ ਵਰਤੀ ਜਾਵੇ । (6) ਆਈਨ ਨੂੰ amend ਕਰਕੇ Upper house ਨੂੰ ਤੋੜੀਏ ਤਾਂ ਸੂਬੇ ਨੂੰ 4,13,000 ਰੁਪਏ ਦਾ ਸਲਾਨਾ ਫ਼ਾਇਦਾ ਹੋਵੇ । ਫਿਰ ਨਵੇਂ ਅਸੈਂਬਲੀ chamber ਬਗੈਰ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਚਲ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਇਸੇ chamber ਵਿਚ ਬੈਠ ਕੇ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾ ਸਕਦੇ ਹਾਂ, ਇਸ ਵਿਚ ਵੀ ਦਿਨ ਕਟੇ ਜਾ ਸਕਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਨਹੀਂ ਸਮਝ ਆਉਂਦੀ ਕਿ ਜੇਕਰ chamber ਦੇ ਬਣਾਉਣ ਨੂੰ ਕੁਝ ਚਿਰ ਲਈ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰ ਦਈਏ ਤਾਂ ਕੀ ਹਰਜ ਹੈ । ਜੇਕਰ ਇਕ ਸਾਲ ਲਈ ਵੀ ਮੁਲਤਵੀ ਕਰ ਦਈਏ ਤਾਂ 18 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਲਈ ਬਚ ਜਾਵੇਗਾ ਪਰ ਪੰਡਤ ਜੀ ਤਾਂ ਮੁਗਲਾਂ ਵਾਲੀ ਸ਼ਾਨ ਨੂੰ ਕਾਇਮ ਰਖਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਭਾਵੇਂ ਸੂਬੇ ਦਾ ਦਿਵਾਲਾ ਨਿਕਲ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਬਾਕੀ ਕਖ ਨਾ ਰਹੇ । (7) ਇਹ ਗੱਲ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ । ਅਜ ਸਰਕਾਰ ਸੜਕਾਂ ਜਾਂ ਨਹਿਰਾਂ ਜਾਂ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਕੰਮ ਲਈ ਜਦ ਜ਼ਮੀਨ acquire ਕਰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਦਾ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦੋ, ਤਿੰਨ ਜਾਂ ਪੰਜ ਪੰਜ ਸਾਲ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦੇਣਾ ਤਾਂ ਇਕ ਪਾਸੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇਣ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਸਗੋਂ ਉਸ ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਮਾਲੀਆ ਵੀ ਦੇਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ Nangal Fertilizer Factory ਖੋਲ੍ਹੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ । ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਗੱਲਾਂ ਬੜੀਆਂ ਕਰਦੀ ਹੈ ਜਦ ਦੇਖੋ ਪੰਜ-ਸਾਲਾ ਪਲਾਨ, 5 ਸਾਲਾ ਮਨਸੂਬਾ । ਮਨਸੂਬਾ ਸ਼ਬਦ ਤਾਂ ਬੜਾ ਅਹਿਮ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਹੈ ਕੀ ? ਉਥੇ ਸਰਕਾਰ 1955 ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ acquire ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ । ਅਜਿਹੀ 1,360 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਦਾ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦਿਤਾ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਇਤਨਾ ਥੋੜ੍ਹਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸਾਨਾਂ ਨੇ senior sub-Judge ਦੇ ਅਪੀਲ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ 3,000 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਅਜਿਹੀ acquired ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ ਹਾਲੇ ਤਕ award ਹੀ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਮਗਰ ਕਿਸਾਨ ਉਸ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਫਸਲ ਨਹੀਂ ਬੀਜ ਸਕਦੇ । ਜੋ

[ਪੰਡਿਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ]

ਬੀਜੀ ਤਾਂ tractor ਫਿਰਾਕੇ ਫਸਲ ਤਬਾਹ ਕਰ ਦਿਤੀ ਗਈ ਉਸ ਦਾ ਵੀ ਕੋਈ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਗਿਆ। ਇਹ ਇਨਸਾਫ ਹੈ ? ਐ ਮਿਨਿਸਟਰ ਦੇਵਤਾਉ ! ਮੈਨੂੰ ਦਸੋ ਕਿ ਜਿਸ ਵਿਧਵਾ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਤੁਸੀਂ ਲੈ ਲਈ ਹੈ, ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦਿਤਾ ਨਹੀਂ ਉਹ ਆਪਣਾ ਤੇ ਆਪਣੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦਾ ਢਿਡ ਕਿਥੋਂ ਭਰੇ। ਕੀ ਇਹੀ plan ਹੈ, ਕੀ ਇਸ ਨੂੰ ਹੀ ਮਨਸੂਬਾ ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ ? ਫਿਰ ਜਿਹੇ ਇਸ House ਅੰਦਰ Chief Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਸ House ਵਿਚ ਬੜੇ ਦਾਅਵੇ ਕੀਤੇ, ਬੜੇ ਬੜੇ ਨਕਸ਼ੇ ਬੰਨ੍ਹੇ, ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦਿਤਾ ਜਾਊ, ਦਸਵੀਂ ਤਕ ਤਾਲੀਮ ਮੁਫਤ ਦਿਤੀ ਜਾਊ ਵਗੈਰਾ ਵਗੈਰਾ। ਖੈਰ, ਮੈਨੂੰ Chief Minister ਤੇ ਕੋਈ ਗਿਲਾ ਨਹੀਂ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਗਲਤ ਬਿਆਨੀ ਕਰਨ ਵਿਚ ਕਾਫੀ ਮਾਹਰ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਗਿਲਾ ਕਰਨਾ ਗਲਤੀ ਹੈ। ਪਰ House ਅਗੇ appeal ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਗਰੀਬਾਂ ਤੇ ਰਹਿਮ ਕਰੋ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਦਵਾਉ।

ਇਕ ਗੱਲ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਤਸੀਲ ਊਨਾ ਕਾਂਗੜੇ ਅਤੇ ਮਹਿੰਦਰਗੜ੍ਹ ਵਾਂਗ ਹੀ backward area ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ, ਇਸੇ ਅਸੈਂਬਲੀ ਵਿਚ resolution ਪਾਸ ਹੋਇਆ ਸੀ। ਪਰ ਜੋ ਅਠਵੀਂ ਜਮਾਤ ਤਕ ਮੁਫਤ ਤਾਲੀਮ ਦੀ ਸਹੂਲਤ ਹੈ ਉਹ ਊਨੇ ਨੂੰ ਨਹਾਂ ਦਿਤੀ ਗਈ। ਉਥੇ 28 high schools ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਸਿਰਫ ਇਕ ਲੜਕੀਆਂ ਦਾ ਸਕੂਲ ਸਰਕਾਰੀ ਹੈ ਬਾਕੀ ਸਭ privately managed ਹਨ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚੋਂ ਫਿਰਕਾਪਰਸਤੀ ਤਦ ਹੀ ਖਤਮ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਜੇਕਰ ਸਾਰੇ private ਸਕੂਲ ਸਰਕਾਰ ਆਪਣੇ ਹਥ ਵਿਚ ਲੈ ਲਵੇ। ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਜਮਦਿਆਂ ਹੀ ਅਕਾਲੀ ਜਾਂ ਜਨਸੰਘੀ ਜਾਂ ਹੋਰ communalist ਨਾ ਬਣਾਉ। (ਘੰਟੀ)। ਇਕ ਮਿਨਟ ਹੋਰ ਦਿਉ। (ਵਿਘਨ) ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਦਸ਼ਾ ਅੱਜ ਚੰਗੀ ਨਹੀਂ, ਫਿਰਕਾਪਰਸਤੀ ਜ਼ੋਰਾਂ ਨਾਲ ਫੈਲੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਫਿਰਕਾਪਰਸਤ ਅੱਜ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਲੰਬੂ ਲਾ ਕੇ ਲੂਹ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਮੇਰੀ ਆਵਾਜ਼ ਸ਼ਾਇਦ ਬਾਹਰ ਤਾਂ ਨਾ ਜਾਵੇ ਪਰ ਤੁਹਾਨੂੰ ਮੈਂ ਅਪੀਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਦੇਖੋ ਅਜ ਇਸ ਅਸੈਂਬਲੀ ਦਾ ਮਾਹੌਲ ਹੀ ਕਿੰਨਾ ਖਰਾਬ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ। ਗੱਲ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਕਾਂਡ ਤੋਂ ਚਲਦੀ ਹੈ, ਬਹੁ ਅਕਬਰਪੁਰ, ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਹੁੰਦੀ ਹੁੰਦੀ ਹੁਣ ਸ਼ਾਇਦ ਜਾਲੰਧਰ ਕਾਂਡ ਤੇ ਮੁਕਿਆ ਕਰੇਗੀ ਕਿਉਂਕਿ ਖੋਸਲਾ report ਸ਼ਾਇਆ ਹੋ ਗਈ ਹੈ (ਵਿਘਨ) ਅਤੇ ਇਹ ਜਿਹੜੇ ਮੇਰੇ ਵੀਰ ਨੀਲੀਆਂ ਪਗੜੀਆਂ ਵਾਲੇ ਹਨ, ਅੱਜ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਕ ਖਾਸ ਜ਼ਿੰਮੇਦਾਰੀ ਹੈ, ਇਹ ruling party ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਹਨ। ਇਹ ਲੋਕ ਅਜਿਹੀਆਂ ਕੋਝੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰ ਕਰ ਕੇ ਫ਼ਿਜ਼ਾ ਨੂੰ ਖਰਾਬ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਫਲਾਨੇ ਗੁਰਦਵਾਰੇ ਵਿਚ ਜਾਂ ਤਲਾ ਵਿਚ ਸਿਗਰਟਾਂ ਦੀ ਡੱਬੀ ਕਿਸ ਨੇ ਸੁਟੀ। ਪਰ ਇਹ ਜਾਣਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜੇਕਰ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਬਾਹਰ ਕਰਨ ਤਾਂ ਸ਼ਾਇਦ 100 ਆਦਮੀ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਨਾ ਸੁਣਨ ਪਰ ਇਥੇ ਇਹ ਜੋ ਕੁਝ ਕਹਿਣਗੇ ਉਹ ਪ੍ਰੈਸ ਵਿਚ ਸ਼ਾਇਆ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ ਤੇ ਲੱਖ ਦੇ ਲੱਖ ਆਦਮੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲੀਡਰ ਸਮਝਣ ਲਗ ਪੈਣਗੇ। ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸੂਬੇ ਤੇ ਰਹਿਮ ਕਰੋ, ਇਸ ਦੀ ਫ਼ਿਜ਼ਾ ਦਰੁਸਤ ਕਰੋ ਤਾਂ ਜੋ ਸੂਬਾ ਤਰੱਕੀ ਕਰ ਸਕੇ, ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਅਗੇ ਲੈ ਜਾ ਸਕੇ। (ਤਾੜੀਆਂ)।

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : डिप्टी स्पीकर साहिब, मेरे दोस्त काफ़ी गर्म थे और इन्होंने बहुत कुछ कहा लेकिन मैं इनकी एक information को

correct करना चाहता हूं वह यह है कि जो इन्होंने 1 करोड़ 35 लाख की figure बताई है। वह inaccurate है।

श्री राम कुमार (भिवानी) : डिप्टी स्पीकर साहिब, हमारे सामने जो बजट ज़ेरेगौर है...............

Mr. Deputy Speaker : Or 'er ple se. Please speak from your seat.

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, मैं आज बिल्कुल नहीं बोलना चाहता था लेकिन चौधरी श्री चन्द की तकरीर के बाद ....

अध्यक्ष महोदय : आप का नाम तो मेरे पास आया था । (The hon. Member's name was sent up to me.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : उनकी तकरीर के बाद मुझे बोलना पड़ा । मैं यह बताना चाहता हूं कि जो हालात श्री चन्द पैदा करते रहे हैं या जो काम करते रहे हैं वह काम दुनियां में कोई नहीं कर सकता । मुझे एक कहानी याद आ गई ।

एक कुम्हार के पास 113 गधे थे । दिन में वह चरने छोड़ देता था और रात को बन्द करता था । तो उस के पास इतनी रस्सियां नहीं थीं कि वह सब को बांध सकता इस लिये वह कुछ गधों के टखने को हाथ लगा देता था जिस से कि गधे यह समझें कि हमें भी बांध दिया गया है । तो जिस वक्त चौधरी श्री चन्द बोल रहे थे तो मैं समझ रहा था कि सरदार प्रताप सिंह कैरों ने उस कुमहार की तरह चौधरी श्री चन्द के टखने को भी हाथ लगा रखा है । वह समझते हैं कि वज़ीर बन जाएंगे या और कुछ बन जाएंगे । यह जालंधर की बातें करते हैं, इनकी दिलेरी का मुझे पता है । मैं बतलाता हूं कि जिस वक्त जालंधर की इन्कवारी हो रही थी तो सरदार प्रताप सिंह ने चौधरी श्री चन्द जी को 500/- पर सरकार की तरफ से पैरवी करने को मुकर्रर किया था लेकिन चौधरी श्री चन्द की इतनी हिम्मत न हुई कि जालंधर चले जायें इस डर से कि जब रोहतक में जाएंगे तो उन्हें कोई घुसने नहीं देगा । (*interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आप एक ज़ाती हमला कर रहे हैं या कि बजट पर बोल रहे हैं। (Is the hon. Member making a personal attack or speaking on the Budget.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं जालंधर के वाक्यात पर बोल रहा हूं। चौधरी श्री चन्द को बतौर एक tutor मुकर्रर किया गया था लेकिन वह वहां नहीं गए। तो उनका क्या conduct है वह क्यों नहीं गए यही तो बतला रहा हूं और जिस का मुझे पूरा अख्तियार है।

इन्हों ने एक 1957 में बयान दिया कि हरियाना हिन्दी नहीं पढ़ेगा और हमें भी कहते रहे कि तुम आन्दोलन करो ...(*interruptions*)

एक आवाज़ : क्या कह रहे हैं आप ? हरियाना तो हिन्दी ही पढ़ेगा।

अध्यक्ष महोदय : आप तो चौधरी श्री चन्द के साथ personal controversy में पड़ गए है (The hon. Member has entered into a personal controversy with Chaudhri Sri Chand.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब स्पीकर साहिब, मैं यह बता रहा हूं कि वह क्या करते रहे हैं। अब मैं budget पर आ रहा हूं। मैं Hindi agitation पर और administration पर बोल रहा हूं। मैं यह बता रहा हूं कि चौधरी श्री चन्द साहिब ने क्या किया। मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि जब Hindi अंदोलन चल रहा था उस वक्त चौधरी श्री चन्द उस में हिस्सा तो ले रहे थे लेकिन उन की लड़ाई उस नाई जैसी थी जो कि फौज में भरती हो गया था।

वित्त मंत्री : आप को नाई और कुम्हार ही याद आते हैं।

चौधरी धर्म सिंह राठी : हां जी इस लिए याद आते हैं क्योंकि आप ऐसे ही तो हैं। मैं बता रहा था कि एक नाई भरती हो गया और उस को लड़ाई में ले गए। उसे तलवार तो चलानी आती नहीं थी। इस लिए वह एक झाड़ी के पिछे पीछे गया। वहां पर इस के पास दुश्मन की फौज का एक ज़ख्मी सिपाही पहुंच गया। उस ने नाई से पूछा कि भाई तुम यहां पर क्या कर रहे हो। नाई ने जवाब दिया कि मैं वैसे ही बैठा हूं और तुम्हारे पांव दबा सकता हूं। चुनांचि उस ने दुश्मन के ज़ख्मी सिपाही के पांव दबाने शुरू कर दिए। उस के बाद जब लड़ाई खत्म हो गई तो वह नाई वापिस अपने camp में पहुंचा।

Sardar Ajmer Singh : On a point of Order, Sir. The time of the House s valuable and should not be wasted like this. We are discussing the Budget.

अध्यक्ष महोदय : मुझे समझ नहीं आई कि यह गधे और नाई कहां से budget discussion में ले आए हैं। (I fail to understand how the hon. Member has brought donkeys and barbers in the debate.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, अगर आप ने चौधरी श्री चन्द को उस वक्त यह रोक दिया होता तो मुझे इस वक्त सब कुछ कहने की ज़रूरत न पड़ती ।

अध्यक्ष महोदय : इस में रोकने न रोकने की बात नहीं है। चौधरी श्री चन्द साहिब ने तो judicial report में से एक quotation दी है और आप ने उसे ज़ाती हमला समझ लिया है। उस को ज़ाती हमला समझ कर आप ने गधे और नाई लाने शुरू कर दिये हैं जो कि दूसरे member पर reflection है। This is not good. आप को debate का standard maintain करना चाहिए। (There was no question of checking or not checking Chaudhri Sri Chand. He simply gave a quotation from the judicial report which the hon. Member has considered it as a personal attack on himself. As such he has started to give examples of donkeys and barbers which is a reflection upon the other hon. Member. This is not good. He should maintain the standard of debate.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि जब वह नाई camp में आया तो उसे पूछा गया कि तुम ने किसी का सिर काटा है। (शोर)

Mr. Speaker : This is most irrelevant.

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, उन को ज़रा सुन लेने दें। यह इतनी ही अच्छी बात है जितनी कि चौधरी श्री चन्द जी ने कही थी। मैं बता रहा था कि जब वह नाई camp में पहुंचा तो उसे पूछा गया कि भाई बता किसी का सिर काटा है। इस पर वह नाई कहने लगा कि सिर तो वहां पर किसी का था ही नहीं इस लिए मैं तो हाथ और पैर ही काटता रहा हूं। ठीक वही हिसाब हमारे चौधरी श्री चन्द का है और इन्हों ने वैसी ही बहादुरी दिखाई है जैसी कि उस नाई ने दिखाई थी (शोर)। मैं यहां बता रहा हूं कि यह लोग खामखाह की वकालत करते हैं उस Government की जो कि गरीबों की दाल रोटी पर tax लगा रही है। ऐसी निकम्मी Government को चौधरी श्री चन्द जैसे आदमी support करते हैं जो कि पहले हाउस में यह बात कहा करते थे कि गरीब लोगों पर tax नहीं लगने चाहिएं। लेकिन आज मुझे हैरानी हुई है कि उन्हों ने taxes को defend करने की कोशिश की है। उन को इस बात का अब कोई ख्याल नहीं आया कि यह tax गरीबों पर लगाए

जा रहे हैं । जो कुछ वह पहले कहा करते थे आज उन्हों ने उस के खिलाफ कहा है । जहां तक जालंधर का ताल्लुक है उस के बारे में मैं ने बताया है कि वह छिपते रहते थे और उन की हिम्मत नहीं पड़ी कि वहां तक चले जाएं ।

अध्यक्ष महोदय : Report में तो उन के छिपने का कहीं जिक्र आया ही नहीं । (There is no mention in the Report about the slipping away of the hon. Member Chaudhri Siri Chand.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं बता रहा हूं कि उन्हें वह case conduct करना चाहिए था मगर वह डरते हुए वहां पर नहीं गए । इस के इलावा सरदार उमराओ सिंह जी ने Jullundur की Report के बारे में कई बातें कहीं हैं । उन्हों ने यह नहीं देखा कि अगर जलूस जा रहा हो तो उस पर पत्थर फैंकने कहां की इनसानियत और शराफत है । मैं कहूंगा कि जिन आदमिओं ने जलूस के ऊपर पत्थर फैंके थे उन के खिलाफ सख्त action लेना चाहिए । बाकी जिस तरह से यह report लिखी गई है और जिस तरह से यह सारा काम हुआ है उस के मुताल्लिक मैं हाउस को बताना चाहता हूं । (*noise*)

Mr. Speaker : You cannot reflect on the judicial findings of an hon. Judge of a High Court. You are a lawyer and you should know this. Try to be relevant.

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब स्पीकर साहिब, मैं बिल्कुल सारी position जानता हूं । वह वहां बतौर Judge काम करने के लिए नहीं गए थे बल्कि बतौर एक Commission के काम कर रहे थे ।

Rao Gajraj Singh : This must be expunged.

(*Voices : Order, order.*)

Mr. Speaker : I will not allow such remarks to be made.

Rao Gajraj Singh : He was a Judicial Officer.

(*Voices : Order, order. At this stage there was a loud noise in the House*)

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब आप को याद होगा कि Parliament में छागला कमिशन के conduct को भी discuss किया गया था । इस लिए मैं भी यहां पर इस Report पर discussion कर सकता हूं ।

* * * * * * * * * * * * *
* * * * * * * * * * * * *

*Expunged by order of the Hon. Speaker.

Rao Gajraj Singh : On a point of Order, Sir, He was a Judicial Officer invested with powers for taking statements on oath. He was a Judicial Officer. Therefore, it cannot be said that his report was like this or that * * *
* * * * * * * * * * * * * * *
This should be expunged and should not be allowed to remain on record.

Mr. Speaker : This will be expunged . No such remark will be allowed.

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, आप expunge करें या न करें यह आप की मर्ज़ी है मगर इस Commission की Report को हम legally discuss कर सकते हैं । Parliament में छागला Commission के conduct को discuss किया गया था । इस लिए इस पर भी discussion होनी चाहिए । मैं आप को असली बात बताऊंगा कि किस तरह से यह Report लिखी गई है ।

Mr. Speaker : No please . I will not allow it. His conduct was not at all discussed in the Parliament. Only interpretation of some of his findings was allowed. I will not allow any reference to that. You are not within your rights to do that.

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, जहां तक इस के conduct पर discussion करने का ताल्लुक है वह बात तो मैं आपकी मानता हूं मगर यह Report जिस तरह से लिखी गई है और कैसे लिखी गई है यह बात मैं discuss कर सकता हूं ।

Sardar Ajmer Singh : On a point of Order, Sir. If the hon. Member is not abiding by the ruling of the Speaker, then he should be asked to sit down. He should not be allowed to speak.

Mr. Speaker : I have asked him that he should try to be relevant. I will not allow him to make such references.

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि यहां कई भाइयों ने जिन में हमारे चौधरी श्री चंद भी पेश २ थे बल्कि सब से आगे थे उन्हों ने truck permits देने के बारे में गवर्नमेंट को defend करने की कोशिश की। मैं आपको बताना चाहता हूं कि वह लोग इनको इस मामले में defend कर रहे हैं जो खुद इस चीज़ में और इस लूट में शामिल हैं और उनको भी यह permits दिए गए हैं । उन को ही नहीं उनके रिशतेदारों को भी दिए गए हैं और इसी लिए यह इसे defend करने के लिए कोशिश कर रहे हैं । मुझे चौधरी श्री चंद जी के बारे में खूब इल्म है कि उनके लड़के को permit दिया गया है, उनके तीन sons-in-law हैं उनको permits दिए गए हैं और फिर कई रिश्तेदार भी हैं जिनको यह permits दिए गए हैं । अगर वह अब इस चीज़ को defend नहीं करेंगे तो और कौन करेगा । इन हालात में इस गवर्नमेंट की इतनी भारी जो corruption है,

*Expunged by order of the Hon. Speaker.

बेइमानियां हैं, खराबियां हैं और lawlessness है अगर यह मैम्बर defend नहीं करेंगे तो और कौन करेगा । फिर इस गवर्नमैंट को वकील कौन मिला जो खुद इन की इन बातों में शामिल है । जैसी गवर्नमैंट वैसा वकील । मैं कहता हूं कि अगर defend कराना ही था तो कम से कम ऐसे आदमियों से defend कराना था जो इन चीज़ों के अन्दर शामिल न होते । मगर defend वह लोग कर रहे हैं जो खुद इस लूट में शामिल हैं । मैं अर्ज़ करूंगा कि जो आदमी शीशे के महल में रहता हो वह दूसरों पर पत्थर नहीं फैंक सकता । मगर चौधरी श्री चंद जी की हालत यह है कि खुद शीशे के महल में रहते हैं और फिर दूसरों पर पत्थर फैंकते हैं । चौधरी साहिब का बड़ा अदब करता हूं और बड़ी कद्र करता हूं मगर मुझे इस बात की हैरानी हुई कि वह उस गवर्नमैंट को defend करने के लिए खड़े हुए जो corrupt है । आज उन्हों ने इस गवर्नमैंट की ग़लत बातों को और इस की corruption को defend करने की कोशिश की । मुझे पता है कि उन्हों ने इसी हाउस में लाला जगत नारायण पर इलज़ामात लगाए थे और फिर बाद में उनके पीछे पीछे भागते फिरते रहे और मैं ने उनको उनके पांव पकड़ते देखा है (*interruptions and loud noise.*)

अध्यक्ष महोदय : कुछ तो debate का standard रखें । (The hon. Member should, at least, maintain some standard of the debate.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं तो अभी सिर्फ सात मिनट ही बोला हूं मगर चौधरी सिरी चंद 20 मिनट बोल चुके हैं और सरदार अच्छर सिंह छीना भी..

अध्यक्ष महोदय ; अगर आप relevant होंगे तो 20 मिनट ही बोल लेना अगर irrelevant बोलेंगे तो एक मिनट नहीं बोलने दूंगा । (I would allow the hon. Member also to speak for twenty minutes if he is relevant but if he is irrelevant I would not give him even one minute.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं relevant बात ही करूंगा । तो स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करता हूं कि मैं ने यह बजट अच्छी तरह देखा है और इसके अन्दर....

अध्यक्ष महोदय ; मगर मुझे मालूम होता है कि आप ने यह नहीं देखा है । (हंसी) (But I feel as if the hon. Member has not seen the Budget) (*Laughter.*)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं ने देखा है और इसी तरफ आ रहा हूं मगर पहले चौधरी सिरी चंद की बातों का जवाब देना भी ज़रूरी था ।

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

तो स्पीकर साहिब मुझे इस बजट के अन्दर देख कर बड़ी हैरानी हुई कि यह गवर्नमैंट अब किस किस्म के काम करने चली है। यह जो पांच, छः taxes लोगों पर लगाए हैं उन से ज़ाहर होता है कि यह गवर्नमैंट इस किस्म की बातें करने चली है जो लोग बरदाश्त नहीं कर सकते हैं और ऐसा बोझ डालने चली है जिस से गरीबों की कमर टूट जाए। Agricultural produce पर sales tax लगा दिया है। दूसरे taxes भी लगे हैं जैसे electricity पर लगा है raw materials पर लगा है और जहां तक कि ग़रीब की दाल रोटी पर भी लगा है। मैं Finance Minister से कहना चाहता हूं कि उनको इन taxes की proposal वापस ले लेनी चाहिए क्यों कि यह जो पांच चार taxes हैं यह सिर्फ गरीबों पर लगे हैं और common man पर लगे हैं जो पहले ही दबे पड़े हैं। आपने सरमायेदारों को छोड़ दिया, जो बड़े बड़े mill owners थे उनको छोड़ दिया और ग़रीबों को मारने जा रहे हो। । मैं ने देखा है कि इस बजट के अन्दर कोई public finances का principle नज़र नहीं आता जो इन taxes को justify कर सके। इस लिए मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि इनको यह proposal वापस ले लेनी चाहिए और अगर यह वापस नहीं लेंगे तो मैं आपको बताना चाहता हूं कि पंजाब में पहले ही betterment taxes और दूसरे ऐसे taxes की वजह से काफी बेचैनी है इस लिए एक ऐसा तूफान पंजाब में उठेगा जिसे यह हकूमत तो क्या और भी कोई नहीं दबा सकेगा और उस पर काबू नहीं पा सकेगा। इस के इलावा, स्पीकर साहिब, मैं ने इस बजट के अन्दर हरियाणा के बारे में कुछ भी नहीं देखा है। सड़कों के बारे में कुछ ज़िक्र है। सो मैं ने इन सारी सड़कों की schemes को देखा है और सारे नकशे का मुझे पता है। इस बजट में उन सारी सड़कों को फिर से दोहरा दिया गया जो पिछले साल भी शामिल थीं मगर पूरी नहीं की थीं। इस में नई बात कोई भी नहीं है। जो पिछली स्कीमें थीं उन सब को फिर से दोहरा दिया है। तो मैं कहूंगा कि इस बजट में। हरियाणा के लिये सड़कों के बारे में कुछ नहीं है और न electricity के बारे में education के बारे में, schools के बारे में कुछ है। जहां तक services का ताल्लुक है वह तो बहुत ही बुरा हाल है। पिछले साल इस Secretariat के अन्दर हरियाणा के दो heads of departments थे मगर आज एक भी नहीं है। यही हाल डिप्टी कमिश्नरों, पुलिस कप्तानों, S. D. Os., और दूसरी posts का है। कोई post हो चाहे Public Service Commission के तहत हो चाहे Subordinate Services Board के जेर हो हरियाणा वालों को कोई नहीं पूछता। जब हमारे यह चीफ मिनिस्टर साहिब सोनीपत जाते हैं तो कहते

हैं कि देखो भाइयों आपको 60 फी सदी देंगे मगर जब अमली तौर पर देने का सवाल आता है तो यह समझा जाता है कि हरियाणा पंजाब के नक्शे में ही नहीं है और हरियाणा के ज़िलों के लोग जो पंजाब में रहते हैं वह गुलाम हैं । है भी ठीक उन की ज़िन्दगी गुलामों जैसी है ।

स्पीकर साहिब, इस बजट के अन्दर मैं किस चीज़ की हिमायत करुं और किस तरह से इस administration की हिमायत करूं जिस में इतनी corruption है । मैं ने पिछली दफा भी एक वाक्या बताया था कि पानीपत में एक contractor है और उस का नाम सरदार अर्जुन सिंह सोढी है और उसका contract cancel किया गया था । चीफ मिनिस्टर साहिब ने भी यहां एक सवाल का जवाब देते हुए कहा था कि सरदार अर्जुन सिंह सोढी को black list कर दिया है । लेकिन अभी 20 फरवरी को चीफ मिनिस्टर साहिब पानीपत गए और उनके यहां चाए पी आए और उनको इजाज़त दे दी कि उनको अब ठेका मिलेगा (एक आवाज़ : गलत) गलत क्यों अभी अभी यह 20 फरवरी को वहां चाए पी कर आए हैं और इजाज़त हो गई है कि सरदार अर्जुन सिंह सोढी ठेके ले सकते हैं । यह वह आदमी है जिसे black list किया गया था और उनका सारा material सड़कों पर जब्त कर लिया था । यह हाल है ।

अब मैं दूसरी बात बताता हूं उसे भी सुन लें । एक Swarn Singh son of Gujjar Singh हैं जो अमृतसर के रहने वाले हैं और हमारे इन चीफ मिनिस्टर साहिब के खास दोस्त हैं । उन को दो साल की सज़ा हुई थी और 3,500 रुपए जुर्माना हुआ था । तो चीफ मिनिस्टर साहिब ने समझा कि यह तो बहुत बुरी बात हुई । जब वह चीफ मिनिस्टर बने तो पहला काम उन्हों ने यह किया कि चीफ मिनिस्टर बनने के 10 दिन बाद उसको release कर दिया हालांकि उस पर 3100 रुपए जुर्माना था और वह आज तक realise नहीं हुआ है । सज़ा भी उसे नहीं भुगतनी पड़ी है । तीसरी बात यह है कि एक कशमीरा सिंह हैं और अमृतसर के ही हैं । उनका दो जुर्म 320 I. P. C. और 19/11/78 I. P. C. में चालान हुआ और एक में सजा भी हुई । 302 का case जो था वह pending रहा और दूसरे में सज़ा हुई । उस वक्त यह चीफ मिनिस्टर साहिब मिनिस्टर incharge उस महकमा के थे । उन्हों ने जो 302 के वारंट थे वह cancel करा दिए और उसे जालंधर जेल से अमृतसर जेल को transfer करवा दिया । फिर उसकी 19/11/78 की ज़मानत करा कर छोड़ दिया गया । दफा 320 का जो case था उस में भी उसे जेल नहीं रखा गया और छोड़ दिया गया । तो यह हालत है हमारे इस administration की । मैं गवर्नमैंट से कहना चाहता हूं........

अध्यक्ष महोदय : यह तो judicial cases हैं और आप कहते भी हैं कि pending हैं । (These are judicial cases and he says that these are pending also.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : नहीं जनाब अब pending नहीं है उस वक्त pending थे जब मैं बात कर रहा हूं । उनको छोड़ दिया गया। जमानत नहीं हुई abscond हो गए । अगर वह 302 I. P. C. का मुलज़म......(*interrpution and noise*.)

अध्यक्ष महोदय : यह तो judicial बातें हैं इन को आप कैसे यहां connect कर रहे हैं ? (But these are judicial matters. How is the hon. Member connecting them with the general discussion of the Budget.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं आप को बता रहा हूं कि यह judiciary के अन्दर interference है । उसे चीफ मिनिस्टर के कहने पर छोड़ दिया गया । 302 दफा के जो warrant थे उनको cancel करा दिया गया और उस आदमी को फिर बरी करा दिया गया.........

अध्यक्ष महोदय : आप judicial authority पर reflect कर रहे हैं । (The hon. Member is reflecting on the judicial authority.) (*noise*)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मुझे अब चौधरी सूरज मल जी बड़े बेताब नजर आ रहे हैं । उनकी भी सुन लो । (हंसी) एक जीवन सिंह हैं जो कि पहले 60 रुपये के मुलाज़िम थे......

अध्यक्ष महोदय : यह बजट में कहां है ? (हंसी) (How does this come in the Budget ?) (Laughter)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं स्पीकर साहिब उसी तरफ ही आ रहा हूं । तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि आप पहले Central Co-operative Bank में 60 रुपये के नौकर थे । वह साहिब चूंकि चौधरी सूर्ज मल जी के खास मन्जूरे नज़र हैं इस लिए स्पीकर साहिब उस आदमी को अब A.R. बना दिया है हालांकि Central Co-operative Bank वालों ने उनके बारे में लिखा था कि वह corrupt हैं और inefficient हैं......

अध्यक्ष महोदय : यह बातें आप administrative officers की कर रहे हैं who are not present in the House to defend themselves. (The hon. Member is talking about those administrative officers who are not present in this House to defend themselves.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं अर्ज़ कर रहा था कि यह आसामी पब्लिक सर्विस कमिशन के ज़रिये से पुर की जानी चाहिए थी लेकिन इस आदमी को favour करने के लिए इन्हों ने तीन महीने के लिए इस की appointment कर दी और जीवन सिंह के बाप भरत सिंह को भी पर्मिट दे दिया. . . .

अध्यक्ष महोदय : सिवाय इन दोनों की निगरानी करने के आप को कोई और काम भी है । (I think you have no other business except supervising them).

ਸਰਦਾਰ ਭਾਗ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਬ, ਇਹ irrelevant ਗਲਾਂ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ, ਹੁਣ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਨੂੰ ਬੋਲਣ ਦਿਉ ।

अध्यक्ष महोदय : अब तो आप का वक्त चौधरी सिरी चन्द के बराबर हो गया है अब आप बैठ जाएं । (Now The hon. Member has taken time equal to Chaudhri Sri Chand. He should resume his seat now.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहब अभी मेरा वक्त दो मिनट बाकी है ।

इस के इलावा स्पीकर साहब पानीपत के अन्दर कोआप्रेटिव शूगर मिल है । उस के बारे में लोगों ने दरखास्तें दी थीं कि उस का बड़ा खराब इन्तज़ाम है और कोई चीज़ उस में ऐसी नहीं जिस में गड़बड़ न हो । इस के बारे में दरखास्तों पर दरखास्तें दी गईं और कहा गया कि कम से कम डायरेक्टरों की इलेक्शन ही करा लें । पंजाब कोआप्रेटिव यूनियन ने रेज़ोल्यूशन पास किया कि शूगर मिल्ज़ के डायरेक्टर इलेकशन से लिए जाएं लेकिन हुकूमत की हिम्मत नहीं कि उन्हें इलेकशन से लें । इन के 'बाई लाज़' हैं कि एक साल में एक मीटिंग ज़रूर होना चाहिए जिस में उसका बजट approve होना चाहिए लेकिन चौधरी सूरज मल जी में इतनी हिम्मत कहां । (घंटी)

पंजाब में यह बातें हो रही हैं, कुरपशन हो रही है, गड़बड़ हो रही है, lawlessness हो रही है लोगों को मारा जाता है, पीटा जाता है, ज़्यादतियां की जाती हैं । हाउस के मेम्बरान को पीटा जाता है । इन हालात में मैं यह कहता हूं कि 15 जुलाई 1957 को मैं जब करनाल से चण्डीगढ़ आया तो मुझे भी लारी में रोक लिया । तीन घण्टे तक रोके रखा और इसी तरह 25,30 और सवारियों को रोके रखा और कहते हैं कि पंजाब में अमन है । लोगों पर गोलियां चलाई गईं, लाठियों से पीटा गया, बहू बेटियों की बेइज्ज़ती की गई और ऐसी ऐसी बातें हुईं जो किसी जगह सुनने में नहीं आ सकतीं ।

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

अखीर में स्पीकर साहब, मैं एक शेर कहकर बैठ जाता हूं ।

बेगुनाहों के खून की बारिश में

Sardar Ajmer Singh (Samrala) : Mr. Speaker, what my friend, Chaudhri Dharam Singh Rathi, has spoken, I feel, is a reflection on our profession. As a lawyer, he is expected to know something about relevancy and respect for the judiciary and the courts. As a Member, he should have some respect for this House. He has indulged in such things, which, I feel, should not have been talked about here.

स्पीकर साहब, मैं अर्ज करूं कि जब आप राठी साहब को बोलने के लिये कहेंगे तो मैं कहूंगा कि लाठी साहब बोलते हैं । मैं कहूंगा कि Lathi has got no brain. Lathi has got no tongue but here we find lathi has got a long tongue.

चौधरी धर्म सिंह राठी : आप नहीं बोल रहे खरमेर सिंह बोल रहा है । आप नहीं बोल रहे आप की वज़ारत बोल रही है ।

अध्यक्ष महोदय : यह जाने दें। (Please leave it.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : आप को उन के बारे में भी पता होना चाहिए ।

सरदार अजमेर सिंह : लाठी दोस्त और दुश्मन में तमीज़ नहीं रखती । इस लिए यहां भी नहीं ।

चौधरी धर्म सिंह राठी : मुझे तो आप कहते थे अब....

अध्यक्ष महोदय : आप ने जो बजट जारी किया था वही चीज़ चल रही है । (It is the same type of discussion of the budget which was started by him.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं ने नहीं, चौधरी सिरी चन्द ने ।

अध्यक्ष महोदय : अजमेर सिंह जी आप ही छोड़ दीजिए । (I would ask Sardar Ajmer Singh to please leave this topic.)

सरदार अजमेर सिंह : स्पीकर साहब, मैं तो बड़े खूबसूरत तरीके से कह रहा था कि Lathi has got all the violence about it.

चौधरी धर्म सिंह राठी : खरमेर सिंह ।

अध्यक्ष महोदय : पर्सनल बातें नहीं कही जानी चाहिएं । (The hon. Member should not be personal.)

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡੇ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਦੇ ਸਾਥੀਆਂ ਨੇ ਬਜਟ ਤੇ ਬਹਿਸ ਵੇਲੇ ਬੜੀਆਂ ਗਰਮਾ ਗਰਮ ਤਕਰੀਰਾਂ ਕੀਤੀਆ। ਸ਼ੁਕਰ ਹੈ ਖੋਸਲਾ ਰਿਪੋਰਟ ਵਕਤ ਸਿਰ ਆ ਗਈ ਔਰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਆਦਮੀਆਂ ਨੇ ਸ਼ੋਰੋ ਸ਼ਰ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਸੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੁਤਲੱਕ ਲੋਗਾਂ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਇਕ ਸਾਫ ਤਸਵੀਰ ਆ ਗਈ ਹੈ ਔਰ ਲੋਗਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ mass mentality ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਕਾਬੂ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਆ ਸਕਦੀ। ਸਾਡੇ ਲੀਡਰ ਪੜ੍ਹੇ ਲਿਖੇ ਆਦਮੀ ਹਨ ਔਰ ਅਜ ਇਹ ਸਾਬਤ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਸਮੁਚੇ ਤੌਰ ਤੇ ਜ਼ਿਮੇਦਾਰ ਸਨ। ਰਿਪੋਰਟ ਵਿਚ ਸਪਸ਼ਟ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ :

That they were criminals. They have been trying to defend the criminals afterwards.

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕੋਰਟ ਵਿਚ ਜਿਸ ਗਵਾਹ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਅਦਾਲਤ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਏ ਕਿ ਉਹ ਝੂਠ ਬੋਲਦਾ ਹੈ ਚਾਹੇ ਉਹ ਕਿਨਾ ਵੀ respectable ਆਦਮੀ ਹੋਵੇ। ਉਸ ਦੀ ਸਟੇਟਮੈਂਟ ਤੇ reliance ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ। ਇਹੋ ਸਾਬਤ ਹੋ ਚੁਕਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਸ਼ਖਸ ਜੋ ਪੰਜਾਬ ਗੋਰਮਿੰਟ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਗਾਂਦੇ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ morality ਇਨ੍ਹਾ ਦਾ ਕਿਰਦਾਰ ਸਭ ਕੁਝ ਸਾਬਤ ਹੋ ਚੁਕਿਆ ਹੈ।

A lawyer is expected to defend the criminal but he should have the decency to say whatever he wants to say. He should do so gracefully.

5 p.m.

ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸਾਂ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕਿ ਅਸੀਂ ਜਨਤਾ ਨਾਲ ਸੰਬੰਧ ਰਖਦੇ ਹਾਂ। ਜਨਤਾ ਦੀ ਕਿਸਮਤ, ਜਨਤਾ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਜਾਂਚ ਕੇ ਅਸਾਂ ਮਨਿਸਟਰੀ ਅਗੇ ਪੇਸ਼ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਜਿਹੜਾ constructive criticism ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਉਹ ਗਲਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਜਿਥੋਂ ਤਕ Administration ਵਿਚ ਖਾਮੀਆਂ ਦਾ ਸੰਬਧ ਹੈ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ ਇਸ ਦੇ Ministers ਤੇ officers responsible ਹਨ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। After all ਗਲਤੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਅਸਾਂ ਵੇਖਣਾ ਹੈ ਕਿ Administration ਨੂੰ improve ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਹਰਗਿਜ਼ ਮੁਨਾਸਬ ਨਹੀਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਵਸਣ ਵਾਲੀਆਂ communities ਨੂੰ ਉਕਸਾਇਆ ਜਾਏ, ਅਗੇ ਲਾਇਆ ਜਾਏ ਤੇ finances ਨੂੰ ਤਬਾਹ ਕੀਤਾ ਜਾਏ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਨੂੰ ਹਟਾਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਮੈ ਆਪ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਅਧੀਨਗੀ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਵਿਚਾਰੋ, ਫੇਰ ਮਨ ਬਣਾ ਕੇ ਸਹੀ ਅਗਵਾਈ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦਿਓ ਤੇ ਦਸੋ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਚਲਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਆਦਮੀ ਇਸ ਮਾਮਲੇ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਨੁਕਤਾ ਨਿਗਾਹ ਨਾਲ ਵੇਖਦੇ ਹੋਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ condemn ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੀ ਜਨਤਾ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਵਸਦੀ ਹੈ। ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ local ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ concentrated population ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਵਸਦੀ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਮਾਨਯੋਗ ਮਿਤ੍ਰ ਚੌਧਰੀ ਧਰਮ ਸਿੰਘ ਰਾਠੀ ਅਸਰ ਹੇਠ ਆ ਗਏ ਹਨ। ਕੀ ਉਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਆਪਣੇ ਭਰਾਵਾਂ ਦੀ

[ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ]

ਭਲਾਈ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਜਾਂ ਇਥੇ ਹੀ ਲੜ ਰਹੇ ਹਨ । ਕਈ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਜਨਤਾ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ adminisration ਦਾ ਬੋਝ ਉਠਾਉਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਤੇ ਉਹ ਕਮਜ਼ੋਰ ਹਨ ।

ਭਾਖੜਾ ਡੈਮ ਤੇ ਜਿਹੜਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਹ ਅਸਾਂ Central Govt. ਨੂੰ ਦੇਣਾ ਹੈ । ਅਸਾਂ ਵੇਖਣਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਿਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਕੁਝ ਰੁਪਿਆ ਤਾਂ betterment fees ਦੁਆਰਾ ਇਕਠਾ ਹੋ ਜਾਏਗਾ । ਇਸ ਦੇ ਅਲਾਵਾ ਭਾਖੜਾ electricity ਪੈਦਾ ਕਰੇਗਾ । ਇਹ ਬਿਜਲੀ ਦਿੱਲੀ ਤਕ ਸਪਲਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, ਦੂਜਿਆਂ ਸੂਬਿਆਂ ਵਿਚ ਜਾਣੀ ਹੈ । ਇਸ ਦੀ proportion ਵੇਖੀ ਜਾਏ ਤੇ ਰੁਪਿਆ ਸਮੁਚੇ ਤੌਰ ਤੇ ਵਸੂਲ ਕਰ ਕੇ ਦਿਤਾ ਜਾਏ ਤਾਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਭਾਰ ਹੌਲਾ ਹੋਵੇ । ਕਿਸ਼ਤਾਂ ਜਿਆਦਾ ਹਨ, ਸੂਦ ਜਿਆਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਸ ਨੂੰ ਇਜ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਹਲ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਭਾਰ ਹੌਲਾ ਹੋਵੇ । ਇਕ ਗਲ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ, ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ industry ਵਲ ਸੂਹਣੀ ਨਿਗਾਹ ਰਖੀਏ, raw material ਮਿਲੇ, ਜਿੰਨੇ ਪੈਸੇ ਦੀ ਲੋੜ ਹੋਵੇ ਮਿਲੇ, ਇਸ ਵਿਚ ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ safety ਹੋਵੇ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਸਲਿਆਂ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕਰਨ ਲਈ Tribunal ਹੋਵੇ । Agriculture ਲਈ ਪੰਜ ਸਾਲਾ ਸਕੀਮ ਬੜੀ ਮਹਤੱਤਾ ਰਖਦੀ ਹੈ । ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ Betterment fee, surcharge ਤੇ ਹੋਰ ਕਈ ਟੈਕਸ ਦੇਂਦਾ ਹੈ । ਜਿਥੇ ਉਹ ਐਨੇ ਟੈਕਸ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹੈ ਉਥੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਵੀ ਉਸ ਨੂੰ assurance ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਓਹਦੀ ਫਸਲ ਪੱਕ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਸਦੀ minimum price ਕੀ ਹੋਵੇਗੀ । ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਵਿਚਾਰਾ ਵੇਖਦਾ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਐਨਾ ਖਰਚ ਕਰੇਗਾ ਤਾਂ ਉਸਨੂੰ ਐਨੀ return ਆਉਣ ਦੀ ਆਸ ਹੈ । ਪਰ ਅਸੀਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ minimum price ਵਧਣ ਲਗਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ price ਨੂੰ ਕੰਟ੍ਰੋਲ ਕਰਕੇ ਉਸ ਦੀ ਫਸਲ ਨੂੰ ਖਰੀਦ ਲੈਂਦੀ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਕਹਾਂਗਾ ਕਿ minimum price of the production of agriculture must be guaranteed. ਦੂਜੀ ਅਰਜ਼ ਮੈਂ ਇਹ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ crops ਦੀ insurance ਦਾ ਬੰਦੋਬਸਤ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਜ਼ਮੀਂਦਾਰ ਨਰਮਾ ਪੈਦਾ ਕਰਦਾ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਬੀਮਾਰੀ ਪੈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ, ਫਸਲ ਤਬਾਹ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਨੂੰ ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ provision ਰਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ crops ਦੀ insurance ਹੋ ਸਕੇ ਤਾਂ ਜੋ ਜ਼ਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ loss ਦਾ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਮਿਲ ਸਕੇ । ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਖੁਸ਼ੀ ਨਾਲ ਇਸ ਪਾਸੇ investment ਕਰਨ ਨੂੰ ਤਿਆਰ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ income assured ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ। ਲੇਬਰ ਦੀ ਇਹ ਹਾਲਤ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਖੇਤੀ ਕਰਦਿਆਂ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਸੱਪ ਡਸ ਜਾਵੇ, ਕੱਕਰ ਵਿਚ ਰਾਤੀਂ ਮਰ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਕੋਈ compensation ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ । ਉਸਦੀ insurance ਪਰਬੰਧ ਨਹੀਂ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਬਿਨੇ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਫੇਰ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸੇਮ ਦੇ ਮੁਤਲਕ ਮੈਂ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨੂੰ ਸੇਮ 8 ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਲਗੀ ਹੋਈ ਹੈ ਉਸਦਾ ਮਾਮਲਾ ਸਰਕਾਰ ਵਸੂਲ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ

ਦਾ ਮਾਮਲਾ ਵਸੂਲ ਕਰਨਾ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਬੰਦ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਫੇਰ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਨ੍ਹਾਂ Elections ਤੋਂ ਪਹਿਲੇ ਏਲਾਨ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਪਿੰਡ ਜਿਹੜੇ ਇਧਰ ਆਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦਾ ਮਾਮਲਾ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਬਰਾਬਰ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਹਾਲੇ ਤਕ ਇਹ ਮਾਮਲਾ ਪਹਿਲੇ rates ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਲੈ ਰਹੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰਨ ਨਾਲ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਧਕਾ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਫੇਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, stray cattle ਦੀ ਬੀਮਾਰੀ ਐਨੀ ਵਧ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਕਿਹਾ ਨਹੀਂ ਜਾ ਸਕਦਾ। ਇਹ ਗਾਵਾਂ ਸੈਂਕੜਿਆਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਵਿਚ ਬੇਟ ਦੇ ਅਲਾਕੇ ਵਿਚ ਫਿਰਦੀਆਂ ਰਹਿੰਦੀਆਂ ਹਨ ਤੇ ਫਸਲਾਂ ਦਾ ਉਜਾੜਾ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ । ਸਾਡੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀ ਫਸਲ ਤਬਾਹ ਹੁੰਦੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਕੋਈ ਪਰਬੰਧ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ । ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਸੁਣਦੇ ਹਨ ਪਰ ਇਸਦੇ ਮੁਤਲੱਕ ਕੋਈ ਬੰਦੋਬਸਤ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ । ਜੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਾਲ ਰਿਹਾ ਤਾਂ ਜਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਉਜੜ ਜਾਣਗੀਆਂ ਤੇ ਅਨਾਜ ਦੀ production ਵਿਚ ਘਾਟਾ ਪਵੇਗਾ। ਮੈਂ ਪਿਛੇ ਜਿਹੇ ਮਹਾਰਾਜਾ ਨਾਮ ਧਾਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਮਿਲਿਆ ਸਾਂ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਅਗੇ ਅਰਜ਼ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਊਆਂ ਦਾ ਕੋਈ ਪਰਬੰਧ ਕਰੋ ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰਾਂ ਲਈ ਇਕ ਅਡੀ nuisance ਦਾ ਕਾਰਨ ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ । ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਕ ਸਕੀਮ ਚਲਾਈ ਸੀ ਤੇ subsidy ਦੇਣ ਦਾ ਪਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਸੀ । ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਾਵਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਬਨ੍ਹ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਸਨ । ਇਥੇ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕੁਝ ਪਰਬੰਧ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਲੋਕ ਇਸ ਮੁਸੀਬਤ ਤੋਂ ਬਚ ਸਕਨ । ਜੇ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕੋਈ ਬੰਦੋਬਸਤ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਤਾਂ ਘਟੋ ਘਟ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਾਵਾਂ ਨੂੰ ਸੜਕ ਦੇ ਕਿਨਾਰੇ ਖੜਾ ਕਰਕੇ ਇਕੱਠਾ ਬਨ੍ਹ ਦਿੱਤਾ ਜਾਏ ਤੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਗਊ ਮਾਤਾ ਨਾਲ ਹਮਦਰਦੀ ਹੈ ਉਹ ਪਠੇ ਪਾ ਦਿਆ ਕਰਨ । Cattle are meant for men ਨ ਕਿ ਉਹ ਇਸ ਲਈ ਹਨ ਕਿ ਖੇਤੀ ਦਾ ਉਜਾੜਾ ਕਰਨ ।

ਦੂਜੀ ਚੀਜ਼ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ unemployment ਤੋਂ ਡਰੋ, ਖਾਸ ਕਰ ਪੜ੍ਹੇ ਲਿਖਿਆਂ ਦੀ unemployment ਤੋਂ ਡਰੋ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤੁਸੀਂ ਕਹਿੰਦੇ ਹੋ ਕਿ anti-social element ਹੈ, ਫਲਾਨਾ element ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਬਨਣਾ ਜ਼ਰੂਰ ਹੈ ਜਦ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਸੀਲਿੰਗ ਲਾ ਦਿੱਤੀ 30 ਏਕੜ ਤਕ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਪੁਰਾਣੇ ਹਲ ਹੋਣਗੇ ਤੇ ਪੁਰਾਣੇ ਬਲਦ ਹੋਣਗੇ ਤੇ ਪੜ੍ਹੇ ਲਿਖੇ ਮੁੰਡਿਆਂ ਨੇ ਪੁਰਾਣੇ ਹਲ ਨਹੀਂ ਚਲਾਉਣੇ ਤੇ ਪੁਰਾਣੇ ਬਲ੍ਹਦਾਂ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਵਾਹੁਣਾ । ਅੱਗੇ ਕੁਛ ਟਰੈਕਟਰਜ਼ ਚਲਦੇ ਸੀ ਜਾਂ tube-wells ਚਲਦੇ ਸੀ । ਵਰਨਾ ਪੁਲਿਸ ਵਿਚ ਚਲੇ ਜਾਓ, ਜੱਟਾਂ ਦੇ ਮੁੰਡਿਆਂ ਦੀ ਛਾਤੀ ਵੀ ਪੂਰੀ ਹੈ, ਕੱਦ ਵੀ ਪੂਰਾ ਹੈ, ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਰੇ ਕੱਢ ਦਿਓ, ਉਤੋਂ ਹੁਕਮ ਹੈ ਕਿ 50% scheduled caste ਲੈਣੇ ਨੇ ਤੇ 50% ਦੂਜੇ । ਸ਼ੈਡਿਊਲਡ ਕਾਸਟ ਹੈ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਦੂਜੇ ਭਰਤੀ ਨਹੀਂ ਕਰਨੇ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਜਗ੍ਹਾ ਖਾਲੀ ਰਖਣੀ ਹੈ । ਜਿਹੜੇ ਸ਼ੈਡਿਊਲਡ ਕਾਸਟ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਛਾਤੀਆਂ ਵੀ ਘੱਟ ਤੇ ਕੱਦ ਵੀ ਘੱਟ । ਮੈਂ grudge ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ । ਜਿਥੇ ਉਹ ਮਿਲਦੇ ਨੇ ਉਥੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਲੈ ਲਓ, ਨਹੀਂ ਦੂਜੇ ਭਰਤੀ ਕਰ ਲਓ । ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਲੈਂਦੇ ਤਾਂ

[ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ]

ਉਹ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਖੇਰੂ ਪਾਣਗੇ, Communists ਬਨਣਗੇ। ਪੁਰਾਣੇ ਬਲਦ ਤੇ ਪੁਰਾਣੇ ਹਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਵੈਸੇ ਨਹੀਂ ਚਲਾਉਣੇ। ਅਗਾਹਾਂ ਵਾਸਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚੰਗੀ ਤਾਲੀਮ ਲੈਣੀ ਹੈ, ਹੋਰ ਦੂਸਰੀ ਫਿਲਾਸਫੀ ਸਿਖਣੀ ਹੈ, ਸਿਖ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸਭ ਕੁਛ ਜਾਣਾ ਹੈ। ਫੇਰ ਉਹ ਕਿਸ ਕੰਮ ਦੇ ਪਿਛੇ ਜਾਣਗੇ ? ਜਿਥੋਂ ਤੱਕ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ unemployment ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ, ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਨੇੜੇ ਨੇੜੇ unemployment ਨਹੀਂ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਮੈਨੂੰ unemployment ਨਜ਼ਰ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ ਉਥੇ ਜੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਨੌਕਰੀ ਨਾ ਮਿਲੇ ਤਾਂ ਉਹ ਦੁਕਾਨ ਕਰਦੇ ਨੇ (ਘੰਟੀ) ਮੈਨੂੰ ਦੋ ਮਿੰਟ ਹੋਰ ਦੇ ਦਿਉ। Unemployment ਦਾ ਹੀ ਜਾਇਜ਼ਾ ਲ਼ੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਤੇ provide ਕਰੋ। ਨਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਪੁਲੀਸ ਵਿਚ ਥਾਂ ਹੈ। ਫੌਜ ਵਿਚ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ। ਨਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਫਤਰਾਂ ਵਿਚ ਕਲਰਕ ਭਰਤੀ ਕਰਦੇ ਨੇ। ਜੇ ਥਾਂ ਹੈ ਤਾਂ ਕਹਿੰਦੇ ਨੇ ਕਿ ਉਹ ਨਹੀਂ ਚਾਹੀਦੇ। ਅਗੇ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡਾਂ ਵਿਚ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਸੀ। ਉਹ ਵੀ ਹੁਣ ਪਬਲਿਕ ਸਰਵਿਸ ਕਮਿਸ਼ਨ ਕੋਲੋਂ ਆਉਂਦੇ ਨੇ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਉਥੇ ਕਿਵੇਂ ਭਰਤੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਕਿਵੇਂ ਦਰਖਾਸਤ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ।

ਇਕ ਮੈਂ ਹੋਰ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ extension blocks ਦੇ ਮੁਤਾਲਿਕ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਮੁਰੱਬੇਬੰਦੀ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ ਇਹ ਉਥੇ ਬਨਾਉਣੇ ਨੇ। ਛੋਟ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਬੜਾ ਗਰੀਬ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਤਵਜੁਹ ਦਿਉ। (ਘੰਟੀ)

ਸਿਰਫ ਦੋ ਅਖਰ ਹੋਰ ਕਹਿਣੇ ਨੇ। Estimates ਬਨਾਉਣ ਵੇਲੇ ਸਾਡੀ ਕਲਮ ਬਹੁਤ ਚਲਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਬਜਟ ਵਿਚ ਵਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਅੰਮ੍ਰਿਤਸਰ ਅਤੇ ਕਰਨਾਲ ਵਿਚ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਜੱਜਜ਼ ਲਈ ਮਕਾਨ ਬਨਾਉਣੇ ਨੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਇਕ ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਆਉਣਾ ਹੈ, 50 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਇਕਲੇ ਮਕਾਨ ਤੇ ਲਾਉਣਾ ਹੈ। ਇਹ ਗਰੀਬ ਸਟੇਟ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਮਕਾਨਾਂ ਤੇ ਇਤਨਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ। ਕੀ ਉਹ ਆਪਣੇ ਘਰ ਦੇ ਮਕਾਨ, ਜੇ ਉਹ ਪੈਨਸ਼ਨ ਤੇ ਜਾ ਕੇ ਬਨਾਉਣਗੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਰੁਪਿਆ ਲਾਉਣਗੇ ? ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਬਹੁਤ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਕ ਅਰਜ਼ ਹੋਰ ਹੈ। ਇਕ ਆਈਟਮ ਲਭਾ ਹੈ। 87,700 ਰੁਪਿਆ ਦੇਣਾ ਹੈ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਮਹਾਰਾਜਾ ਰਣਜੀਤ ਸਿੰਘ ਦੀ ਸਮਾਧ ਬਨਾਉਣੀ ਹੈ। ਇਤਨਾ ਰੁਪਿਆ ਲਾਉਣ ਦੀ ਕੋਈ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਸੀ, ਮਗਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਖਿਆ ਕਿ ਇਹ ਚੰਗੀ ਸਮਾਧ ਹੋਵੇਗੀ, ਬਣਾ ਦਿਉ (ਘੰਟੀ) Thank you, Mr. Speaker.

अध्यक्ष महोदय : आप कितना वक्त लेंगें चौधरी सूरज मल जी ?
(How much time will you take, Chaudhri Suraj Mal ?)

चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मन्त्री (चौधरी सूरज मल) : आधा घंटा ।

अध्यक्ष महोदय : इतना नहीं । (Not so much please.)

श्री बलराम दास टण्डन : On a point of order, Sir. आपने ruling दिया था कि उनको time दिया जाएगा जो Governor साहिब के Address पर नहीं बोले हैं ।

अध्यक्ष महोदय : आपको तो apply नहीं करता । आप ने जो लिस्टें दी हैं, उनके मुताबिक चलना है । (This does not apply to him. The hon. Members are to speak according to the lists given to me by them.)

श्री बलराम दास टण्डन : स्पीकर साहिब, मैं अपनी या ज़ाती बात नहीं कह रहा; मैं तो सब के लिए कह रहा हूं ।

अध्यक्ष महोदय : यह आप को कैसे पता है कि ऐसा होगा ? (How has the hon. member guessed that it will happen like that ?)

श्री बलराम दास टण्डन : Opposition के बारे में ऐसी ही बात है । आप ने कहा था कि जो members Governor's Address पर नहीं बोले हैं उनको preference दी जाएगी ।

अध्यक्ष महोदय : आप बात सुनिये, बैठिये । (The hon. Member should resume his seat and listen to me.

Shri Ram Piara : On a point of order, Sir.

Mr. Speaker : No point of order when I am standing please. जो बात आपने Governor साहिब के Address के बारे में कही है वह तो ठीक है; आप ज़रा आगे सुनिये । आप ने सुबह मुझे lists दीं कि यह order है जिसमें members ने बोलना है । (No point of order when I am standing please. Whatever the hon. Member has said about the hon. Members who had spoken on the Governor's Address is correct. Please listen to me further. The hon. Members give me lists in the forenoon showing the order in which they had to deliver their speeches.)

ਕੰਵਰਾਣੀ ਜਗਦੀਸ਼ ਕੌਰ : ਇਸ ਵਿਚ ਮੇਰਾ ਨਾਉਂ ਵੀ ਹੈ।

अध्यक्ष महोदय : मेरे पास तो नहीं है । (It is not included in the list given to me.)

एक माननीय सदस्य : क्या जो Governor साहिब के Address पर बोल चुके हैं उनकी बारी नहीं आ रही ?

चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मंत्री : मैं ने पांच सात बातों का जवाब देना है जो मेरे मुतल्लिक कही गई हैं । I have a right to speak.

अध्यक्ष महोदय : अगर आप आधा घंटा लेना चाहें तो मुझे कोई एतराज़ नहीं ; आप अपने मेम्बरों का time कम करेंगे । आप शुरु कीजिए । (If the hon. Minister wants to have half an hour , I have no objection but he will do so at the cost of other members' time. However, let him start his speech.)

चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मंत्री (चौधरी सूरज मल) : साहिबे सदर, मैं इस वक्त कोई ज्यादा बहस में हिस्सा नहीं लूंगा, सिर्फ दो चार बातें आप के ज़रिये House के सामने रखना चाहता हूं । जिस वक्त Opposition की तरफ से एक Leader मुंतखिब हुए तो मेरा ख्याल था कि वह पुराने तजरुबाकार Leader हैं उनकी रहनुमाई में उनकी opposition बड़े वाज़ह तौर से और अच्छी तरह से काम करेगी । लेकिन आज इस रवैये को देख कर मुझे बड़ा भारी दुःख हुआ ; अफसोस हुआ इस बात को देख कर कि हम आपस में एक दूसरे के साथ किस तरह से सलूक करते हैं । यह वाकई हमारे House के लिए कोई शान की बात नहीं ।

(At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair.

साहिबे सदर, एक दो बातें Public Health के बारे में कही गई हैं । उन के बारे में तो मैं बाद में जवाब दूंगा । लेकिन एक दो बातें एक दो साथियों ने इस तरह से कही हैं जो बिल्कुल गलत हैं । उनके बारे में मैं पहले जवाब दूंगा ।

एक साहिब ने जो शिमला से ताल्लुक रखते हैं, कहा है कि वहां पर गलत बयानी की । मैं अब भी यह कहता हूं कि एक आदमी बीमार था मरने वाला था । उस वक्त एक आदमी को कहा था, एक नौकर को, एक worker को कहा गया कि आप जाकर oxygen gas का वह सामान ले आओ । उसके आने में देर हुई । उस आदमी को तकलीफ हुई । मरने वाला लिखा था, इन्हों ने कहा कि वह मर चुका है । इतनी गलत बयानी की बात नहीं करनी चाहिये । वह जिम्मेदार आदमी हैं, देख कर बात किया करें । दूसरे भाई चौधरी धर्म सिंह साहिब हैं जो इस वक्त उठ गए हैं । उन्हों ने कुछ बात कर दी । एक तरफ तो हरियाणा के वास्ते शोर मचाते हैं कि हरियाणा को कुछ नहीं मिला । अगर किसी बात से किसी तरह से हरियाना के हक हकूक रखने की कोशिश की जाती है तो दूसरी तरफ चिल्लाते हैं कि एक आदमी 60 रुपए

की नौकरी लेता था, उसको उठा कर Assistant Registrar बना दिया । वह आदमी वहां सवा दो सौ रु० की नौकरी करता था । अगर उसे ढाई सौ रुपये की नौकरी दे दी तो क्या गज़ब हुआ । वह fully qualified है । अब वह case Public Service Commission के पास जाएगा । अगर वह आदमी Public Service Commission को ठीक न लगा तो उसे उस जगह से हटा दिया जाएगा । अगर बह उसे approve कर देंगे तो वह उसी जगह पर रखा जाएगा । जिस भाई ने इतना कुछ कहा कि मैं ने कुछ बात कर दी है, इतनी favouritism की है, ऐसी कोई बात नहीं । वह आदमी मेरे जिले का रहने वाला है, हमारे गांव के पड़ौस का रहने वाला है । अगर कोई आदमी मुस्तहिक हो तो उसे क्यों न लगाया जाए । (चौधरी धर्म सिंह राठी : वह मुस्तहिक नहीं है ।) वह मुस्तहिक है । मैं challenge करता हूं, अगर कोई ऐसा गैर मुस्तहिक आदमी करार दे दे तो मैं मानने को तैयार हूं । यह गलत बात करते हैं । कई लोगों को कहने की आदत पड़ गई है कि वे विश्वास से किये हुए कामों को और दयानतदारी से किये कामों को बुरा कहते हैं । उसके ऊपर कोई आदमी यह साबत कर के दिखलाए कि यह काम मैं ने इस किस्म का किया है । मैं ने इस सारे समय में 10,11 महीने के अर्से में जो कुछ किया है एक आदमी भी खड़ा हो कर नहीं कह सकता कि कोई बददयानती या कोई favouritism का काम किया है । यह बात मैं challenge के साथ कहने को तैयार हूं ।

इस किस्म की बातें करना और यह कहना कि यह काम किसी और मकसद से किये हैं यह गलत बात है । इस के साथ मैं कुछ बातें हैल्थ के महकमे के बारे में कहना चाहता हूं । मैं मानता हूं कि इस वक्त हमारे पास डाक्टरों की कमी है और मैं यह जानता हूं कि यह कमी इस लिये है कि हमारा कौमी कैरैक्टर ऊंचा नहीं है । मैं यह नहीं कहता कि मैं बड़ा तीस मारखां हूं बल्कि मैं यह बात बहैसियत एक हिन्दुस्तानी होने के कहता हूं कि देहात में हमारे डाक्टर लोग नहीं जाना चाहते । अगर किसी तरह से किसी डाक्टर को देहात में भेजने की कोशिश की जाती है तो उस की दस सिफारिशें आ जाती हैं कि यह आदमी मर जाएगा, इस के बच्चे पढ़ते हैं, बीवी बीमार रहती है । मेरे दिल में दिहातियों का बड़ा दर्द है और खास तौर पर कांगड़े के लिये मेरे दिल में बड़ा दर्द है और शायद इतना दर्द उन के अपने दिल में भी न हो । लेकिन मुश्किल यह है कि वहां पर शहरी आदमी जाना नहीं चाहते । जब किसी की ट्रांसफर होती है तो वह आ कर कहता है कि साहिब मैं नहीं जाना चाहता । दूसरे मुल्कों के लोग तो चार चार हज़ार मील से आ आ कर यहां पर काम करते हैं, गरीबों की खिदमत करते हैं, मुफलिसों की मदद करते हैं । लेकिन यहां पर कुछ ऐसा माया का युग बना हुआ है कि लोग बगैर पैसे के

[चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मन्त्री]

कोई काम नहीं करना चाहते । हम ने डाक्टर साहिब से दरखास्त कर ली, उन को कहा कि पैसे भी ज्यादा दे देंगे आप बराए मेहरबानी वहां जा कर काम करें लेकिन चूंकि वहां पर वह सहूलतें नहीं हैं जो कि शहरों के अन्दर होती हैं इस लिये वे वहां नहीं जाते । इस में गवर्नमैंट का आबजैक्टिव बिल्कुल साफ है । हम चाहते हैं कि दिहात वालों के साथ इन्साफ हो उन की मदद की जाए । हर तरीके से कोशिश हो रही है, वहां पर बिजली पहुंचाने की कोशिश हो रही है, ऐजूकेशन दिलाने की कोशिश की जा रही है । पंजाब के हर ज़िले में जब से कांग्रेस पार्टी की हकूमत हुई है तब से अस्पतालों के बनाने में, सड़कों के बनाने में और स्कूलों के बनाने में गरज़े कि हर तरह से डिवेल्प करने की कोशिश की जा रही है । आप किसी जगह जाओ तो आप यह काम हुए देख सकते हैं । जो लोग नुक्ता चीनी करते हैं वह एक डिसइन्ट्रैस्टड आदमी के तौर पर खड़े होकर देखें कि पिछले दस सालों में कितनी तरक्की हुई है । पहले अगर दिल्ली से डमवाली जाते थे तो रास्ते में सिर्फ पांच या सात पुलियां मिलती थीं । अगर आज आप दिल्ली से डमवाली जाएं तो रास्ते में आप को तकरीबन साठ सत्तर पुलियां मिलेंगी । नहरों का जाल बिछ चुका है और लोगों की तकलीफात दूर हो चुकी हैं । आप जिस जगह भी जाएं आप नहरों की तादाद ज्यादा देखेंगे, सड़कों की गिनती ज्यादा देखेंगे, आप को कई हस्पताल दिखाई देंगे और कई मदरसे बनते दिखाई देंगे । अगर आप निष्पक्ष हो कर देखें तो आप को यह ज़रूर मालूम होगा कि काम बहुत हो रहा है ; यह ठीक है कि इतनी जल्दी नहीं काम हो रहा जितनी जल्दी कि होना चाहिये । लेकिन इस में हमारी अपनी खामी है । हम इंगलैंड से आदमी नहीं ला सकते । जब तक हम सारे के सारे खुद निगरानी नहीं करते उस वक्त तक यह काम नहीं हो सकता । मेरा भतीजा फौज के अन्दर था । लड़ाई के वक्त जापानियों ने पकड़ लिया । उस ने मुझे बताया कि वे बहां पर सिर्फ चार घंटे काम करते थे लेकिन निगरानी की ज़रूरत नही होती थी । वे खुद तो एक तरफ आराम से बैठे रहते थे और देखते रहते थे और आदमी काम करते रहते थे । लेकिन यहां बात दूसरी है । जब तक सख्त निगरानी न की जाए सिर पर खड़ा न हुआ जाए, कोई आदमी काम नहीं करता । मैं खुद सरप्राइज़ विज़िट करता हूं । जा कर लोगों के काम को देखता हूं । उन को पकड़ता हूं और इस तरह से कोशिश करता हूं कि किसी तरह से ठीक काम हो । लेकिन अभी तक हम कौमी कैरेक्टर को ऊंचा नहीं कर सके । हम किसी के लिये काम नहीं करते । हमारे अन्दर इतना इंडिविजुअलिज़म है कि हर एक आदमी अपने फायदे के बारे में सोचता है; अपने ही काम के लिये सोचता है । तमाम देश या कौम को फायदा पहुंचाने के लिये नहीं सोचता है । जब तक यह नहीं हो जाता तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता......

चौधरी धर्म सिंह राठी : डिप्टी स्पीकर साहिब मैं ने सुना है मिनिस्टर साहिब ने सब बातें मोटे दिमाग की की हैं ।

Mr. Deputy Speaker : Order please, order.

चकबंदी तथा स्वास्थ्य मंत्री : अगर आप ने लड़ाई करनी है तो बाहर चलिये ।

चौधरी धर्म सिंह राठी : आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर । एक मिनिस्टर साहिब की तरफ से यह कहा जाना कि लड़ाई करनी है तो बाहर आ जाओ जाहिर करता है कि उन का दिमाग मोटा है । वह मोटे दिमाग के आदमी हैं ।

Mr. Deputy Speaker : Order please.

चौधरी धर्म सिंह राठी : यह मोटे दिमाग के आदमी हैं, मोटे दिमाग की बातें करते हैं ।

चकबंदी तथा स्वास्थ्य मंत्री : आप बेहतर दिमाग के आदमी हैं और हम मोटे दिमाग के आदमी हैं ।

साहिबे सदर, मैं ज़िक्र कर रहा था कि इस वक्त जो सेहत आमा हमारे सूबे के अन्दर है उस का नक्शा यह है कि इस वक्त आप देखेंगे कि हमारी सूबे में से मोटी मोटी सब बीमारियां खत्म हो चुकी हैं, कालरा की, प्लेग की और स्माल पाक्स की भी.....

श्री जगत नारायण चोपड़ा : वह तो आप के आने से पहले भी खत्म हो चुकी थीं ।

चकबंदी तथा स्वास्थ्य मंत्री : ठीक है, जिस वक्त लाला जी थे उस वक्त सब ठीक था और अब सब गल्त है।

(राठी साहिब की तरफ से विघ्न)

Mr. Deputy Speaker: Order please.

चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मंत्री : आठ दस साल की मुसलसल कोशिशों का नतीजा आप के सामने रख रहा हूं । मैं नहीं कहता कि अला दीन का चिराग जला कर हम ने सब कुछ ठीक कर दिया है । मैं आप को अपनी गवर्नमैंट का काम बताना चाहता हूं । जहां 1948 में जहां इनफेंट मोरटेलिटी की परसेंटेज 130 थी वहां अब वह परसेंटेज 105 रह गई है । इसी तरह से औरतों

[चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मन्त्री]

की मोरटेलिटी भी काफी घट गई है। मलेरिया से भी अमवात की तादाद बहुत कम हो गई है। अगर आप इन तमाम चीज़ों को देखें तो आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि इन पर काफी काबू पा लिया गया है। इस वक्त नौ ऐंटी मलेरिया यूनिट काम कर रहे हैं। साठ लाख की आबादी में काम कर रहे हैं। नतीजा के तौर पर मलेरिया के केसज़ बहुत कम हो गए हैं। जब मैं यह कहता हूं तो मेरा यह मतलब नहीं है कि इन सब चीज़ों का क्रेडिट मैं ही लेना चाहता हूं, मैं श्री जगत नारायण जी का क्रेडिट नहीं छीनना चाहता बल्कि मैं गवर्नमैंट का काम बताना चाहता हूं। आप अंदाज़ा लगाइये कि किन हालात के मातेहत यह काम किया गया। देश का विभाजन हुआ तो न तो उस वक्त काफी स्कूल थे, यह हिस्सा सूबे का डिवेल्प्ड नहीं था। हर एक बात की बहुत कमी थी। हर तरह के माकूल इन्स्टीट्यूशन की ज़रूरत थी। आप यह जान कर खुश होंगे कि इस वक्त तीन माकूल और मुकम्मलल मेडिकल कालेज सूबे के अन्दर काम कर रहे हैं। पटियाले के मेडिकल कालेज में से भी इस साल 67 डाक्टर पास कर के निकलेंगे।

इसी तरह हमारे अमृतसर का Medical College है—लुधियाना में भी है; वहां से भी काफ़ी लड़के निकलेंगे। इस तरह से जो हमारे पास इस वक्त lady doctors और male doctors की कमी है; उस को पूरा किया जाएगा। हम यह भी कोशिश कर रहे हैं कि जो देहातों में जाना चाहें उन को ज़्यादा तनखाह दी जाए ताकि वे वहां पर लोगों की सेवा कर सकें। इन बातों को आप के सामने रख कर मैं आप की वसातत से मेम्बर साहिबान को वाज़ेह तौर पर बता देना चाहता हूं कि आप की गवर्नमेण्ट इन चीज़ों की तरफ से बिल्कुल आंख मीचे हुए नहीं है। बल्कि जिस लगन के साथ आप नुकताचीनी करते हैं, उसी लगन के साथ हम काम करने की कोशिश करते हैं बशर्ते कि आप चीज़ों को उन की सही शकल में देखने की कोशिश करें। मैं खुद काफ़ी अरसे तक Opposition में रहा हूं। Opposition के लिए ज़रुरी है कि वह हुकूमत के कामों की नुकताचीनी करे। लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि जिस चीज़ को आप के सामने लाया जाए बिना उसको देखे भाले आप उस को गलत कह दें। जिस चीज़ को आप की conscience गलत कहती है, जिस चीज़ को आप की आत्मा गलत कहती है उसे आप बेशक गलत कहें। कौन कहता है कि आप गलत न कहें? लेकिन अगर आप की आत्मा यह कहती है कि फलां चीज ठीक ही है और आप अपनी आत्मा की आवाज़ के खिलाफ़ उसको गलत ठहराते हैं तो कहना पड़ेगा कि ऐसी नुकताचीनी महज़ नुकताचीनी की खातिर ही होती है। और अगर आप इसी नज़रिए से बहस करें तो इस में कोई शक नहीं कि इस तरह से जम्हूरी हकूमत के अन्दर Opposition का जो असर होना चाहिए उसको आप खुद खत्म करते हैं।

जहां तक consolidation का ताल्लुक है, जितनी जल्दी और जितना ज़्यादा काम हम कर सकते हैं वह कर रहे हैं। लेकिन consolidation का मामला ऐसा है जो ज़मीन के साथ ताल्लुक रखता है। ज़मीन के मामले में ज़मींदार बहुत कंजूस होता है। उसकी किसी हालत में तसल्ली नहीं होती। आप उस को High Court या Supreme Court तक ले जाएं उसकी तसल्ली नहीं हो सकती। लेकिन जहां तक गवर्नमेंट का ताल्लुक है वह निहायत नेक नीयती के साथ, दयानतदारी के साथ और पूरी मेहनत से देहातियों की तसल्ली करने की कोशिश में लगी हुई है। आखिर हम भी तो इनसान हैं, देवता तो है नहीं जो सर्व कला सम्पूर्ण हों। हम काम करते हैं—लेकिन उसमें गलतियां भी हो सकती हैं। Co-operation से बहुत सी बातें ठीक हो सकती हैं। मगर अकसर देखने में यह आता है कि हमारे अन्दर, हमारे लोगों के अन्दर मिलकर काम करने की अहलियत नहीं है। तो इस में गवर्नमेंट का कसूर क्या है? हम ने, आप देखें कि co-operative spirit को सूबे के अन्दर लाने के लिए co-operative societies बनाई हुई हैं—co-operative societies का जाल हमने बिछा दिया है लेकिन जब एक दूसरे पर एतबार करने की, मिलकर काम करन की अहलियत ही न हो तो क्या हो सकता है? इस के लिए सब की co-operation की ज़रूरत है। तभी काम तरक्की के रास्ते पर आगे चल सकता है।

Sugar Factory के बारे में ज़िक्र किया गया। यह एतराज़ किया गया है कि क्यों गवर्नमेंट ने nominations की हैं। भाई! आप ने खुद ही जो bye-laws बनाए उन में साफ तौर पर provision किया हुआ है कि तीन साल तक government nominations कर सकती है। यह उसी कमेटी के बने हुए हैं जिस की वह meeting call करना चाहते थे। उस में लिखा है कि तीन साल तक गवर्नमेंट nominations से काम ले। हो भी क्यों न? गवर्नमेंट की इस में 80 लाख रुपए की investment है; आप लोगों ने तो सिर्फ बीस-तीस लाख रुपये के ही shares इकट्ठे किए थे। जब गवर्नमेंट ने इतना ज़्यादा रुपया लगाया है तो क्यों न गवर्नमेंट उस की working पर आंख रखे। क्या आप चाहते हैं कि उस co-operative मिल का रुपया इसी तरह खुर्दबुर्द हो जाए और गवर्नमेंट उस पर ज़रा भी आंख न रखे? यह कभी नहीं हो सकता। गवर्नमेंट का यह फ़र्ज़ हो जाता है कि वह इस बात को देखे कि लोग आपस में मिलकर कोई बेईमानी तो नहीं कर रहे—गवर्नमेंट का रुपया जो उसने invest किया है वह महफ़ूज़ भी है या नहीं! गवर्नमेंट ने देखना है कि जब तक वह society sound footing पर नहीं होती उसको completely elected body के सुपुर्द न किया जाए।

अब बहुत ज़्यादा न कहता हुआ मैं सिर्फ यही अर्ज़ करके बैठ जाऊंगा कि अगर हम यह चाहते हैं कि State की administration अच्छी तरह से चले तो पहले हम सब को खुद सोच समझकर बातें करनी चाहिएं। हो सकता है कि किसी वक्त कोई कमी भी रह जाती हो। इनसान गलती का पुतला है। लेकिन जो बातें यहां

[चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मन्त्री]

आम तौर पर कही गई हैं वह उन कहने वाले मेम्बर साहिबान को ज़ेब नहीं देतीं। चौधरी सिरी चन्द जी की तरफ इशारा करके कहा गया कि उन्होंने motive attach किए। वह इस वक्त यहां हैं नहीं; वह खुद इसका जवाब देंगे लेकिन मैं आप को बता दूं कि यह बात गलत है। इस तरह से एक दूसरे को कहना ठीक बात नहीं है; नामुनासिब है। इस तरह से एक दूसरे की शान खराब होती है आप की शान भी खराब होती है और दूसरों की शान भी खराब होती है।

श्री बलराम दास टण्डन (अमृतसर नगर पश्चिम): स्पीकर साहिब, इस सदन के अन्दर पिछले तीन दिनों से नए साल के बजट पर बहस हो रही है। बजट के सम्बन्ध में वित्त मन्त्री महोदय की जो तकरीर छपी हुई सब लोगों के दरमियान बांटी गई है और जिस तरीके से अखबारों के अन्दर छपी है अगर उसको बाहर का कोई व्यक्ति, जो कि पंजाब की वास्तविक हालत से परिचित न हो, जो ठीक तरह से यह न जानता हो कि यहां के अन्दरुनी हालात क्या हैं—इसको पढ़े तो शायद वह यही समझेगा कि पंजाब की धरती के ऊपर स्वर्ग उतर आया हो। हर बात के बारे में..(At this stage the Minister for Finance entered the Chamber) खुशी की बात है कि Finance Minister भी अब House में आ गए हैं और शायद वह इन बातों की तरफ ध्यान देकर अपनी जवाबी तकरीर में इन बातों को दरुसत करने का प्रयत्न करेंगे।

स्पीकर साहिब, अगर इस बजट के आंकड़ों को गौर से देखा जाए तो ऐसा मालूम होता है और हैरानगी होती है कि उन के अन्दर किस तरीके से झूठ का पुलन्दा इकट्ठा करने की कोशिश की गई है। आप Sewing Machines की item को लीजिए। यह बताया गया है कि Sewing Machines की production में पिछले साल 400 फीसदी का इज़ाफ़ा हुआ है। कितनी हैरानगी की बात है—और मैं नहीं जानता कि Finance Minister साहिब ने ये आंकड़े कहां से इकट्ठे किए हैं—हो सकता है कि उन के पास कोई ऐसी चक्की चल रही हो जो वह बताती हो कि एक सौ से लेकर चार सौ तक इज़ाफ़ा हुआ है और अब 500 तक होने वाला है। लेकिन असल में पंजाब के सम्बन्ध में जो आंकड़े मिलते हैं उन से यही मालूम होता है कि पहले यहां पर लगभग 20,000 के करीब Sewing Machines पैदा होती थीं और पिछले साल 1½ या दो हज़ार का और इज़ाफ़ा हुआ है। लेकिन हैरानगी की बात है कि ये कैसे अजीब आंकड़े—पता नहीं कहां से इकट्ठे करके लाए हैं—पेश करते हैं कि यहां पर 20,000 से बढ़कर पिछले साल में एक लाख मशीनें पैदा की गई हैं। जो २ figures यहाँ पर दी गई हैं उन सब की details को बताना तो हमारे लिए बड़ा मुश्किल है क्योंकि हमारे पास इतनी machinery ही नहीं कि उन को इकट्ठा कर सकें और Finance Minister साहिब के आगे रख सकें लेकिन जो कुछ मुझे इतने थोड़े से अरसा

में पता लग सका है उसके मुताबिक मैं समझता हूं कि जितनी भी बातों के सम्बन्ध में आंकड़े यहां पर पेश किए गए हैं उन में उतने ही मुबालगे से काम लिया गया है जितना कि मशीनों के figures को quote करने में।

बाकी जो हालत हमारे सामने है, जिस तरीका से सूबे के अन्दर corruption दिन ब दिन बढ़ रही है और जिस तरीका के हालात हमारे बड़े २ सरकारी अफसरान के बारे में हैं, उन को अगर देखा जाए तो मैं बिला किसी हिचकिचाहट के कह सकता हूं कि अंगरेजों के दो सौ साल के शासन में इतनी लूट मार नहीं हुई होगी जितनी कि मौजूदा गवर्नमैंट के दस साल के राज में हो चुकी है और हो रही। जनता के धन को बुरी तरह से लूट कर कुछ एक आदमियों की जेबों में भरा जा रहा है। जिन लोगों से टैकसों का रुपया वसूल किया जाता है उन की development का कोई कदम नहीं उठाया जाता। हैरानगी की बात है कि जो पार्टीशन से पहले की हालत थी आज उस से भी भिन्न हो गई है। उस जमाने में क्या होता था? ठीक है कि अफसर, Engineer, चीफ इंजीनियर वगैरह सब दौरे पर जाया करते थे। लेकिन कितनी बार? महीने में एक आध बार—सिर्फ एकाध दिन के लिए उन को T. A. और D. A. वगैरह मिलता था। इस के विपरीत आज हालत क्या? मैं एक आध मिसाल देकर ही इस मामले को खत्म करता हूं। जैसा हमारा अमृतसर circle है। वहां के Incharge Engineer ए. ऐस. कल्ला हैं। एक एक महीने में अमृतसर के लिए आठ आठ, दस दस दिन का दौरा रखते हैं क्योंकि अमृतसर के साथ उनका ताल्लुक है, उन के नातीदार हैं, उन के सम्बंधी हैं। आगे यह होता था कि जो भी छोटे से छोटा कलर्क होता था या बड़े से बड़ा अफसर—वह जिस जगह का हुआ करता था उसको अपने इलाके में post नहीं किया जाता था। लेकिन इस राज्य में इसके बिल्कुल उलट किया जा रहा है। जो अफसर जहां का रहने वाला है, जहां उस के रिश्तेदार, नातेदार या मिलने जुलने वाले होते हैं, उसको वहीं पर लगाया जाता है। मिसाल के तौर पर आप और cases को लें। Executive Engineer, Mr. Kalsi हैं। वह गुरदासपुर में posted हैं। वह भी वहीं के रहने वाले हैं। ऐसे ही श्री रामधाड़िया है। इस तरह वहां पर धान्धली मची हुई है। जनता के रुपए को निहायत बुरी तरह से लूटा जा रहा है। डेरा बाबा नानक का बांध बनना था। आप को सुनकर हैरानगी होगी, डिप्टी स्पीकर साहिब, वहां पर चूंकि water level 5 फुट नीचे था उसको ठीक करने के लिए 10,000 रुपए की रकम sanction हुई थी। उस के बाद फिर रुपया मांगा गया उसी काम को आगे बढ़ाने के लिए। लेकिन वह जो पहले water level को adjust करने के लिए रुपया sanction हुआ था उस का कोई हिसाब नहीं दिखाया गया। दुबारा नीचे की सतह से लेकर ऊपर तक के लिए रकम sanction की गई। ऐसी एक बात नहीं, अनेकों बातें हैं जो यहां पर चल रही हैं। चूंकि सरकार इस बात की anxiety दिखा रही है कि water

[श्री बलराम दास टंडन]
logging को खत्म करना है, drains बनानी है वहां मैं आप को बताना चाहता हूं कि किस तरह रुपया खुर्दबुर्द होता है, किस प्रकार की धांधली मची हुई है। दिखाने को तो चाहे दिखा दिया जाता है कि एक करोड़ रुपया खर्च हो गया। लेकिन अगर गौर से देखा जाए तो एक करोड़ रुपया के खर्च के लिए साल में कम से कम छ: महीने जरूर काम करना पड़ता है, उस के लिए लगभग 25, 30 हजार के करीब मजदूर चाहिएं। लेकिन अगर आप देखें तो वहां पर मुश्किल से हजार, बारह सौ आदमी काम पर लगे होते हैं। जिस बुरे तरीके से रुपया waste किया जा रहा है उसके बारे में अगर आप Accounts Committee की रिपोर्ट को देखें तो आप को हैरानगी होगी। इस को देख कर यह कहना पड़ता है कि पंजाब के अन्दर ऐसा दिखाई देता है कि जितना रुपया जनता की जेबों से टैक्सों के रूप में निकाला जाता है, जितना धन जनता की जेबों में से निकाला जाता है अफसर लोग उस को खर्च करने में निहायत गैर जिम्मेदारी का काम करते हैं। वह ऐसा समझते हैं कि जैसे बहता हुआ पानी आ रहा है, वह समझते हैं जैसे दरख्तों से पत्ते गिर रहे हैं--क्यों इस का ठीक तरीके से इस्तेमाल किया जाए! और जो खर्च किया जाता है वह इस गड़बड़ के साथ कि कोई पूछने वाला भी नहीं है।

वैसे तो भाखड़ा डैम के बारे में हम लग भग पौने दो सौ करोड़ रुपये के करीब खर्च कर रहे हैं। यह जनता का रुपया है और यह लोगों की खून पसीने की कमाई है। मैं ने अब जो अर्ज करना है वह इस रिपोर्ट में पैरा 14 पर दी हुई है। Finance Minister साहिब को चाहिये कि वह इस की तरफ अपना ध्यान दें। डिप्टी स्पीकर साहिब इस में लिखा है:

> Although the Project was started in 1945, no project estimate has been sanctioned so far and complete financial stock-taking of the project has also not been conducted for a period of about 13 years now.

Shri Nihal Singh : On a point of order, Sir. I would like to know whether the Report of the Public Accounts Committee can be discussed on the Floor of the House.

Shri Balram Dass Tandon : Sir, I am not discussing the Report. I am only quoting from this Report.

Mr. Speaker : It means that I will be allowing time to you at the cost of others.

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਕੁਝ ਵਾਕਫੀਅਤ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਹਕ ਸ਼ੁਫੇ ਦਾ ਤਾਲੁਕ ਹੈ ਜੇ ਹਕ ਸ਼ੁਫਾ ਮੰਨ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਵੀ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦਾ ਹਕ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਕੋਲ ਰਹੇਗਾ ।

खान अब्दुल गफ्फार : On a point of order, Sir. मैं जनाब की खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूं । जनाब की तरफ से हमें हुक्म दिया जाता है कि item वार बोल लिया करें लेकिन जब मंत्रिमंडल के वज़ीर साहिबान उठते हैं वे जिस stage पर चाहें, जितना अरसा के लिये चाहें, बोलना शुरू कर देते हैं । मेरे ख्याल में आप के हुक्म की तामील इन साहिबान को भी करनी चाहिये और उन्हें भी आइटम-वार बोलना चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय : खां साहिब, आप तशरीफ रखिए । यह बजट की जनरल discussion है, किसी specific demand पर नहीं । (Khan Sahib, may please resume his seat. It is a general discussion on the Budget and not a discussion on some specific demand.)

ਮਾਲ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੈਂ ਇਸ ਲਈ ਬੋਲ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ items ਉਪਰ ਜਾਂ Demands ਉਪਰ discussion ਹੋਣੀ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦੀ ਕੋਈ Demand ਨਹੀਂ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ time ਮੰਗ ਰਿਹਾ ਹਾਂ ।

ਫੇਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਮੰਗ ਸੀ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਤੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਹਾਲਾ ਬਰਾਬਰ ਕੀਤਾ ਜਾਏ । ਇਸ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਅਸਾਂ ਉਚੇਚਾ ਉਦਮ ਕੀਤਾ । ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ 25 ਤਹਿਸੀਲਾਂ ਹਨ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਤਹਿਸੀਲਦਾਰ ਤੇ ਅਫਸਰ ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤੇ ਗਏ । Settlement office ਤੋਂ ਰਿਪੋਰਟਾਂ ਤਿਆਰ ਹੋ ਗਈਆਂ ਹਨ ਤੇ ਹੁਣ ਮਾਮਲੇ ਤੇ Financial Commissioner, Revenue Minister ਤੇ Finance Department ਦੇ level ਤੇ ਗ਼ੌਰ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਮੇਰਾ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਹੈ ਕਿ ਦੋ ਮਹੀਨਿਆਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਅਸੀਂ ਇਸ ਕਾਬਲ ਹੋ ਜਾਵਾਂਗੇ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਨਵੇਂ ਹਾਲੇ ਦੇ rate ਦਾ ਇਲਾਨ

[ਮਾਲ ਮੰਤ੍ਰੀ]

ਕਰ ਸਕੀਏ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਰਿਪੋਟਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖ ਕੇ ਮੈਨੂੰ ਆਸ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਨਾਲ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ relief ਮਿਲੇਗੀ । ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਕਾਰਵਾਈਆਂ ਕੁਝ ਬਕਾਇਆ ਹਨ ਤੇ ਮੈਂ ਇਸ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਮਜ਼ੀਦ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ।

(ਆਵਾਜ਼ਾਂ : ਕੀ ਨਵੇਂ rates ਪੰਜਾਬ ਦੇ rates ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਹੋਣਗੇ)

ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਦੇ rates ਲਾਗੂ ਕਰਨੇ ਹਨ । ਪੰਜਾਬ ਦੇ cess, ਪੰਜਾਬ ਦੇ local rates, ਹਾਲਾ, ਨਾਲ ਲਗਦੀਆਂ ਤਹਿਸੀਲਾਂ ਵਿਚ ਲਗਾ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਪੈਪਸੂ ਦੀਆਂ ਤਹਿਸੀਲਾਂ ਵਿਚ ਅਲਗ ਹਾਲਾ ਸੀ ਉਸ ਸਬੰਧੀ ਕਾਰਵਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਤੇ ਨਵੇਂ rate ਦਾ ਦੋ ਮਹੀਨਿਆਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਇਲਾਨ ਹੋ ਜਾਇਗਾ । ਇਸ rate ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਮੈਂ ਤਸੱਲੀ ਨਾਲ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਵਧ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਜਾਵੇਗਾ ।

ਫੇਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, Local Bodies ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਂ ਕੁਝ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । Local Bodies ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਇਹ ਚਰਚਾ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਤੇ ਹਮੇਸ਼ਾ ਇਹ ਸਵਾਲ ਪੁਛਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਚੋਣਾ ਕਦੋਂ ਹੋਣਗੀਆਂ ਤੇ ਦੇਰ ਦਾ ਕੀ ਕਾਰਨ ਹੈ । ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦਾ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਤਾਲੁਕ ਹੈ ਸਾਲ 1953 ਵਿਚ 113 ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀਆਂ ਚੋਣਾ ਹੋਈਆਂ ਸਨ । ਦੇਰ ਇਸ ਲਈ ਲਗੀ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਤੇ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਇਕ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਦੋਹਾਂ states ਦੇ ਕਾਨੂੰਨਾਂ ਵਿਚ ਫਰਕ ਸੀ । ਉਸ ਫਰਕ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਹਦ ਤਕ ਦੂਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਪਹਿਲਾਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਇਸ ਇੰਤਜ਼ਾਰ ਵਿਚ ਰਹੀ ਕਿ Pepsu ਦੀ merger ਹੋ ਜਾਏ ਤਾਂ ਇਕ ਕਾਨੂੰਨ ਬਣਾਇਆ ਜਾਏ । ਇਸ ਲਈ ਵੀ ਦੇਰ ਲਗ ਗਈ । ਦੇਰ ਦਾ ਦੂਜਾ ਕਾਰਨ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਮੁਸਲਮਾਨਾਂ ਦੇ ਚਲੇ ਜਾਣ ਨਾਲ ਤੇ ਹਿੰਦੂ ਸਿਖਾਂ ਦੇ ਆਉਣ ਨਾਲ ਜਿਹੜੀ ਮਰਦਮ ਸ਼ੁਮਾਰੀ 1951 ਵਿਚ ਹੋਈ ਉਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਸਾਨੂੰ 1953 ਵਿਚ ਮਿਲਿਆ । ਇਸ ਤੋਂ ਪਤਾ ਲਗਾ ਕਿ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਦੀ ਆਬਾਦੀ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਅਦਲਾ ਬਦਲੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ । ਮੌਜੂਦਾ ਹਲਕੇ ਜੋ ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਹਨ ਉਹ ਠੀਕ ਹਲਕੇ ਨਹੀਂ ਇਸਲਈ ਨਵੀਂ ਹਲਕਾਬੰਦੀ ਕਰਨਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ । ਸਟਾਫ ਲਾ ਕੇ ਹਲਕਾਬੰਦੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ।

13 ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ Ambala Division ਵਿਚ

18 ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ Jullundur Division

8 ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ Patiala Division

ਬਲਕਿ Ambala Division ਵਿਚ 13 ਦੀ ਬਜਾਏ 15 ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀ ਹਲਕਾਬੰਦੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀਆਂ ਚੋਣਾ ਲਈ nomination papers June ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਵਿਚ ਲੈਣ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਬਾਕੀ ਦੀਆਂ ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀਆਂ ਚੋਣਾਂ ਦਾ phased programme ਬਣਾ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ । ਜੂੰ ਜੂੰ ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੇ ਹਲਕੇ ਬਣਦੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਚੋਣਾ ਦਾ ਏਲਾਨ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ । ਇਸ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਮਾਂ ਨਹੀਂ ਲਗੇਗਾ । ਵਾਰੀ ਵਾਰੀ ਖਾਸੀ ਗਿਣਤੀ ਵਿਚ ਇਕ ਇਕ ਖੇਤਰ ਵਿਚ ਮਿਊਂਸਪਲ ਕਮੇਟੀਆਂ ਦੀਆਂ ਚੋਣਾ 2 ਜੂਨ ਨੂੰ ਹੋ ਜਾਣਗੀਆਂ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਵਾਕਫੀਅਤ ਨਾਲ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦਿਆਂ ਮੈਂਬਰਾਂ ਤੇ ਬਾਹਰ ਦੀ ਜਨਤਾ ਦੀ ਖਾਸੀ ਤਸੱਲੀ ਹੋ ਜਾਏ ਗੀ ।

ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡਾਂ ਦੇ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਬਾਤ ਆਉਂਦੀ ਰਹੀ ਹੈ । ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡਾਂ ਦੀ ਚੋਣ ਵਿਚ ਪਹਿਲਾਂ ਦੇਰ ਇਸ ਲਈ ਹੋਈ ਕਿ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਅਹਿਦ ਵਿਚ ਪਹਿਲਾਂ ਤਾਂ ਜੰਗ ਆਈ ਜੰਗ ਤੋਂ ਬਾਦ ਪਾਰਟੀਸ਼ਨ ਹੋ ਗਈ । ਇਹ ਸਾਰਾ ਅਰਸਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਾਰਨਾਂ ਕਰਕੇ ਚਲਾ ਗਿਆ । ਉਸ ਤੋਂ ਪਿਛੋਂ ਜਨਰਲ ਅਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਵੀ ਰੁਕਾਵਟ ਪਾਉਂਦੀਆਂ ਰਹੀਆਂ । ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਦ ਪੈਪਸੂ ਦਾ ਮਰਜਰ ਹੋ ਗਿਆ । ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਕੋਈ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡ ਮੌਜੂਦ ਨਹੀਂ ਸੀ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਸਨ । ਇਹ ਮੁਨਾਸਬ ਜਾਪਦਾ ਸੀ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡਾਂ ਦੀ ਇੱਕਠੀ ਹੀ ਚੋਣ ਕਰਾਈ ਜਾਏ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਲਕਾ-ਬੰਦੀ ਕਰਨੀ ਸੀ ਔਰ ਤਿੰਨਾਂ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਦੀ ਹਲਕਾਬੰਦੀ ਕਰ ਵੀ ਲਈ । ਇਸ ਵੇਲੇ Community Project ਵਾਲਿਆਂ ਨੇ ਇਕ ਬੋਰਡ ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤਾ । ਜਿਸ ਨੇ ਕੁਲ ਹਿੰਦ ਦਾ ਦੌਰਾ ਕੀਤਾ । ਉਸ ਨੇ ਇਕ ਰਿਪੋਰਟ ਮਰੱਤਬ ਕੀਤੀ । ਉਹ ਸਾਰੀਆਂ ਸਟੇਟਾਂ ਨੂੰ ਦਿਤੀ ਗਈ । ਉਹ ਰਿਪੋਰਟ ਪਾਰਲੀਮੈਂਟ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਹੋ ਗਈ ਹੈ । ਉਸ ਰਿਪੋਰਟ ਵਿਚ ਵੱਡਾ ਜ਼ੋਰ ਦੇਹਾਤ ਦੀ ਤੱਰਕੀ ਲਈ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਸ ਵੇਲੇ ਕਈ organisations ਬਣੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਨੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਆਪਣੇ ਕੰਮ ਦੇ ਲਈ ਜ਼ਿਮੇਦਾਰ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਫੰਡਜ਼ ਵੀ ਨੇ ਸਟਾਫ ਵੀ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕਰਾਏ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਬਜਟ ਜਿਹੜਾ ਹੈ ਉਹ ਓਵਰ ਲੈਪ ਕਰਦਾ ਹੈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਫੰਡ ਔਰ energy, ਇਹ ਸਾਰਾ ਕੁਛ ਜ਼ਾਇਆ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਇਸ rural development ਲਈ ਇਕੋ ਹੀ co-ordinated agency ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਔਰ ਉਸ ਦਾ ਕੀ pattern ਬਣੇ, ਇਹ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤਜਵੀਜ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਉਹ ਰਿਪੋਰਟ ਸਾਨੂੰ ਮੌਸੂਲ ਹੋਈ । ਇਹ ਸਮਝ ਕੇ ਕਿ ਜੇ ਹੁਣ elections ਕਰਵਾਉਂਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਉਹ ਲੋਕ ਨਵੇਂ pattern ਤੋਂ ਮਹਿਰੂਮ ਰਹਿਣਗੇ, ਜੇ ਤਿੰਨ ਯਾ ਪੰਜ ਸਾਲ ਨੂੰ ਕੀਤੀ ਤਾਂ ਬੜੀ ਦੇਰ ਹੋ ਜਾਏਗੀ ਅਗਰ ਹੁਣ ਕਰਾਈਏ ਤੇ ਸਾਲ ਬਾਦ ਫੇਰ ਕਰਾਈਏ ਤਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਮਿਹਨਤ, ਪੈਸਾ ਅਤੇ ਕਨਵੈਸਿੰਗ ਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਪੈਸਾ ਐਵੇਂ ਜਾਏਗਾ, ਆਪਸ ਵਿਚ ਧੜੇ ਬਣਨਗੇ......

ਪੰਡਿਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : On a point of order, Sir. ਜਿਹੜਾ ਕੁਛ ਇਹ ਕਹਿ ਰਹੇ ਨੇ ਇਸ ਬਜਟ ਵਿਚ ਇਹੋ ਜਿਹੀ ਕੋਈ ਡੀਮਾਂਡ ਨਹੀਂ ਆ ਰਹੀ । ਇਹੋ ਜਿਹੀ ਕੋਈ ਮਦ ਨਹੀਂ ਜਿਸ ਤੇ discussion ਹੋਣੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਕ ਗੱਲ ਜਿਹੜੀ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਹੈ ਇਹ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਕਹਿ ਰਹੇ ਨੇ । ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਸੀਂ Clarify ਕਰਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਇਜਾਜ਼ਤ ਦਿਓ ਕਿ ਅਸੀਂ ਵੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਅੱਗੇ ਰੱਖੀਏ ।

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਇਜ਼ਾਜ਼ਤ ਦਾ ਸਵਾਲ ਨਹੀਂ । ਤੁਹਾਨੂੰ ਬੋਲਣ ਦੇ ਕਾਫੀ ਮੌਕੇ ਮਿਲੇ ਨੇ । ਜੋ ਚੀਜ਼ਾਂ ਤੁਸੀਂ ਰੱਖਣੀਆਂ ਸਨ ਉਹ ਰੱਖ ਦਿਤੀਆਂ । ਇਹ ਉਸ ਦਾ ਜਵਾਬ ਦੇ ਰਹੇ ਨੇ । ਤੁਸੀਂ ਬੋਲ ਚੁਕੇ ਹੋ । (There is no question of permission. The hon. Member got enough opportunities to speak. Whatever he wanted to say he has said and the hon. Minister is giving reply to that. The hon. Member has already spoken.)

ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਉਸ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚਾਰਨ ਲਈ ਰੱਖੀ ਜਾਏਗੀ ਅਤੇ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੀ ਰਾਏ ਲੈਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ ਕਿ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡਜ਼ ਮੌਜੂਦਾ pattern ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਚਲਣ ਯਾ ਨਵੇਂ pattern ਤੇ ਚਲਾਏ ਜਾਣ । ਉਸ ਫੈਸਲੇ ਦੀ ਰੌਸ਼ਨੀ ਵਿਚ ਇਸ ਦੀਆਂ ਆਉਂਦੀਆਂ ਚੋਣਾਂ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਹੋਏਗਾ । ਇਸ ਵੇਲੇ ਕਈ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਲੋਕਲ ਬਾਡੀਜ਼ ਬੜਾ ਕੰਮ ਕਰਦੀਆਂ ਹਨ । ਇਸ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸਲਾਹ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ ਇਕ ਸਲਾਹ ਤਾਂ ਇਹ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ, ਇਸ ਲਈ ਕਿ ਮਕਾਨ ਬਹੁਤ ਬਣਨ ਔਰ ਨਵਾਂ ਮਕਾਨ ਬਣਾਉਣ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਕੁਝ ਸਮਾਂ ਪੂਰਾ ਫਾਇਦਾ ਹੋਵੇ, 1 ਅਪਰੈਲ, 1958 ਤੋਂ ਜਿਹੜੇ ਮਕਾਨ ਮੁਕੰਮਲ ਹੋਣਗੇ ਅਤੇ ਏਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਜਿਹੜੇ ਮੁਕੰਮਲ ਹੋਣਗੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਤਿੰਨ ਸਾਲ ਹਾਊਸ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਲਗੇਗਾ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਰਿਆਇਤ ਇਹ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਕਿਉਂਕਿ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਬਹੁਤ ਗਰੀਬ ਲੋਕ ਵਸਦੇ ਨੇ, ਕਿ ਅੱਗੇ 60 ਰੁਪਏ annual rental value ਦੇ ਮਕਾਨ ਨੂੰ ਏਸ ਤੋਂ ਬਰੀ ਰੱਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਸੀ, ਹੁਣ ਏਸ ਲਿਮਿਟ ਨੂੰ ਵਧਾ ਕੇ 120 ਰੁਪਏ ਕਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । (ਵਿਘਨ)

ਸ੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : Order please. ਗਿਆਨੀ ਜੀ, 12 ਬਜੇ ਤੋਂ ਬਾਦ ਫਿਨਾਂਸ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਬੋਲਣਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜਵਾਬ ਦੇਣਾ ਹੈ । ਪੰਜ ਮਿੰਟ ਰਹਿ ਗਏ ਨੇ, ਤੁਸੀਂ ਲਾ ਲਓ । (Order please. Giani Ji, the Finance Minister is to speak at 12. 0' noon. He has to give reply to the debate. There are only five minutes left and he (Giani ji) can avail of this time.)

ਮਾਲ ਮੰਤਰੀ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਖਤਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਜਿਹੜੀ Municipality 600 ਰੁਪਏ professional tax ਲਗਾ ਸਕਦੀ ਸੀ ਉਹ ਬਰੀ ਕਰ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਜੋ 600 ਰੁਪਏ ਸਾਲਾਨਾ ਆਮਦਨ ਵਾਲੇ ਡਿਸਟਰਿਕਟ ਬੋਰਡ ਦੇ ਲੋਕ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਗੌਰ ਹੈ । (Rao Gajraj Singh : What about the urban Security of Tenure Act if you are able to fit in ?) ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਪਾਸ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਮਕਾਨ ਨੇ ਔਰ ਕਿਰਾਏ ਤੇ ਲੋਕ ਵੱਸਦੇ ਨੇ, ਅਜਿਹੇ ਮਕਾਨ ਨੇ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਬਾਰੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਈ ਦਿਕਤਾਂ ਆਉਂਦੀਆਂ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮਸਲਾ ਵੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਐਕਟਿਵ consideration ਵਿਚ ਹੈ ਔਰ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਅੰਦਰ ਇਜਲਾਸ ਖਤਮ ਹੋਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਏਸ ਸਬੰਧੀ ਵੀ ਕਾਰਵਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾਏਗੀ ਜਿਸ ਨਾਲ ਕਿ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਦੇ ਕਿਰਾਏਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਇਤਮੀਨਾਨ ਦਾ ਅਹਿਸਾਸ ਹੋਵੇ । (ਪ੍ਰਸ਼ੰਸਾ) ਇਤਨੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿ ਕੇ ਮੈਂ ਖਤਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

(*Some hon. Members rose to speak*).

अध्यक्ष महोदय : अब चार मिनट रह गए हैं, अब आप क्या बोलेंगे ? (विघ्न) । (Oin)

four minutes are left. What the hon. Members will speak now ?) (*Interruption*).

(*Shri Ram Parkash and Shri Inder Singh rose in their seats.*)

अध्यक्ष महोदय : दो तीन मिनट आप ले लें। दो तीन मिनट आप ले लें, चौधरी साहिब। मेम्बर साहिबान के लिये 12 बजे तक time limit रखा हुआ है। (The hon. Members may take two or three minutes each. The time limit for speeches by the members has been fixed up to 12 o'clock'.)

श्री इन्द्र सिंह : इतना थोड़ा time नहीं जी।

अध्यक्ष महोदय : डेढ़ घंटे में तो Finance Minister ने सारी discussion का जवाब देना है। तो श्री राम प्रकाश जी, मैं आप को किसी और जगह, Appropriation Bill पर accommodate कर लूंगा। (The Finance Minister requires an hour and a half to reply to the whole debate. I will accommodate the hon. Member, Shri Ram Parkash, on some other occassion, e.g. the Appropriation Bill.)

श्री इन्द्र सिंह : पहले Finance Minister के time का ख्याल नहीं रखा जाता। वे आधा आधा, पौना पौना घंटा ले लेते हैं। यह मुनासिब नहीं।

चौधरी सुन्दर सिंह : मुझे बोलने का मौका नहीं मिला।

अध्यक्ष महोदय : आप उन्हें बोलने दीजिये दो चार मिनट। (Please let the hon. Member speak for three or four minutes.)

श्री राम प्रकाश (जगाधरी, रिजर्वड) : स्पीकर साहिब, मैं अपने Finance Minister साहिब को बधाई देता हूं कि उन्होंने इस बजट को बड़ी मेहनत से तैयार किया और इस House के सामने रखा। House के सारे मेम्बरों ने टैक्सों के मुताल्लिक नुक्ताचीनी की। Raw material, जो हमारा कच्चा माल है उस के ऊपर भी टैक्स लगाया गया है। मैं Government के सामने एक तजवीज़ पेश करना चाहता हूं जिस से Government को काफी आमदनी हो सकती है। हमारी State में कई sugar factories हैं और उन sugar factories पर एक आना फी मन के हिसाब से cess लगता है। आज से चार पांच साल पहले हुकूमत ने गन्ने पर 3 आने मन के हिसाब से cess लगाया था। लेकिन उस के बाद कुछ एक वजूहात से वह मामला drop कर दिया गया। पंजाब में तकरीबन 2 करोड़ मन गन्ना factories में crush होता है। अगर हुकूमत ने आज से 4 साल पहले जो फैसला किया था, 3 आने मन के हिसाब से cess लगाने का, वह लगाया जाए, तो 2 करोड़ मन पर इस हिसाब से, 3 आने मन के हिसाब से 40 लाख रुपये की आमदनी होती है। उस के साथ २ मैं आप के द्वारा हाउस की सेवा में निवेदन करूंगा कि जो हमारी sugar factories U.P. से गन्ना खरीदती हैं, वे उन को 3 आने मन के हिसाब से cess देती हैं। तो हमारे पंजाब में

[श्री राम प्रकाश]
3 आने मन का assess क्यों न हो ? हम कहते हैं कि गरीबों की दाल रोटी पर क्यों tax लगाया जाता है ? अगर यह cess लगाया जाए तो Government को 40 लाख रुपये की आमदनी होती है ।

उस के साथ २ मैं थोड़ा सा निवेदन आप के द्वारा हाउस की सेवा में ज़रूर करूंगा । इस बजट में, मुझे उम्मीद थी कि ज़िला अम्बाला की development के लिये काफी रुपया रखा जाएगा । इस बजट को पढ़ कर और अपने Finance Minister की speech में भी पढ़ कर देखा, तो पता लगा कि ज़िला अम्बाला के लिये कोई रुपया नहीं । वहां पर tube-wells नहीं हैं । अगर tube-wells बने भी हैं तो उस जगह पर जहां उन की ज़रूरत नहीं । यह उन के महकमे की बेइमानी है कि जहां पर सही मानों में tube-wells की ज़रूरत पड़ती है, वहां पर tube-wells नहीं लगाए जाते, जहां tubewells पर थोड़ा खर्च होता है, वहां पर लगाये जाते हैं । जो लगे हैं उन को बिजली नहीं मिलती । Time थोड़ा है । एक सड़क जगाधरी से अम्बाला छावनी तक बनाने की तजवीज़ है और यह तजवीज़ मतवातर आठ साल से चली आ रही है लेकिन अभी तक उस पर अमल नहीं किया गया । इस के बाद में थोड़ी सी बात हरिजनों के मुताल्लिक अर्ज़ करना चाहता हूं । ज्ञानी जी की मेहरबानी है कि उन्होंने मुज़ारों के मामले पर ग़ौर किया है लेकिन मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि अगर इस में थोड़ा सा भी lacuna रह गया तो इस स्टेट के अन्दर surplus area बिलकुल नहीं बचेगा । इस लिये मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर सरकार ने मुज़ारों और हरिजनों को security देनी है तो जितनी भी ज़मीन आज तक अम्बाले ज़िले में और दूसरी जगहों पर लोगों को नाजायज़ बेची गई है, उस को वापस ले लिया जाए । उस को illegal करार दिया जाना चाहिये । तब ही इन ग़रीब लोगों को फायदा पहुंच सकता है, वरना उन के बसने की कोई उम्मीद नहीं है । बराबर पांच साल से ऐसे ऐक्ट हाउस में पास हो रहे हैं लेकिन उन पर अमल दरामद नहीं हुआ । जब तक उन पर अमल नहीं किया जाता तब तक कानून पास करने का क्या फायदा है ? इस सम्बन्ध में मैं एक मिसाल आप के सामने पेश करता हूं । अगर आप एक घड़े को पानी से भर दें और उस में थोड़ा सा छेद भी कर दें तो उस में से सारे का सारा पानी बह जाएगा । यही हाल कानून का होता है । जब उस में कोई थोड़ा सा भी lacuna आ जाता है तो उस का सारा असली मकसद फौत हो जाता है । अगर आप ने सूबे के मुज़ारों को और गरीबों को protection दी है तो थोड़े से lacuna के कारण उस का कुछ भी फायदा नहीं रहता । पिछले साल हाउस में फाइनेंस मिनिस्टर साहिब ने एलान किया था कि एक एक हज़ार रुपये तक गरीब दस्तकारों को personal bond पर लोन दिया जाएगा लेकिन मैं पूछता हूं कि कितना रुपया उन्होंने गरीब दस्तकारों को अपना काम करने के लिये दिया है ? कितना रुपया हरिजनों को दिया है ? पंजाब के अन्दर जिन लोगों के पास पहले ही पैसा है उन लोगों को ही loan मिलता है और गरीब और deserving लोग वैसे ही रह जाते हैं । इस वक्त हमारे सूबे में बेकारी हद से ज्यादा फैली हुई है । और यह रोग दिन बदिन भयानक रूप अख्तियार किये जा रहा है । अगर

12 Noon

सरकार सही मानों में इस रोग को सूबे में से दूर करना चाहती है और वह चाहती है कि सूबा तरक्की करे तो गरीब हरिजनों को और दूसरे landless काश्तकारों को ज़मीन दे और गरीब दस्तकारों को कर्ज़ा दे । जब ज़मीन और कर्ज़ों का मसला हल हो जाएगा तो बेकारी खुद-ब-खुद दूर हो जाएगी । (घंटी की आवाज़) स्पीकर साहिब, आपने घंटी बजा दी है, इस लिये मैं अपनी स्पीच खत्म करता हूं लेकिन निवेदन करूंगा कि आप मेहरबानी कर के मुझे दूसरी बार फिर टाइम दें ।

(चौधरी इन्द्र सिंह और दीवाना साहिब बोलने के लिये टाइम मांग रहे थे ।)

अध्यक्ष महोदय : चौधरी इन्द्र सिंह की स्पीच बड़ी constructive होती है । वह स्पीच नहीं कर सके, मुझे इस का बड़ा अफसोस है । (Chaudhri Inder Singh makes a very constructive speech. I am very sorry that he has not got an opportunity to make a speech.)

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, आज इस डिबेट का पांचवां रोज़ है और जैसा कि आप जानते हैं मैम्बर साहिबान ने बजट की डिस्कशन में काफ़ी दिलचस्पी ली है । उन मैम्बर साहिबान की तादाद, जिन्होंने कि बहस में हिस्सा लिया, कुल हाउस की तादाद का एक तिहाई है । पचास से ज़ायद मैम्बर साहिबान ने हिस्सा लिया है । यह एक बहुत बड़ी तादाद है एक ही डिस्कशन के सिलसिले में और इस लिये जितनी दिलचस्पी ली गई है, वह काफ़ी है । बहुत से मैम्बर साहिबान काफ़ी तादाद में ऐसे थे जिन्होंने कि बजट में डिस्कशन करते हुए constructive suggestions दी हैं, नुक्ताचीनी की है और कुछ अपने इलाके की और दूसरी जनता की मांगें रखी हैं । बजट के सिलसिले में जो नुक्स उन को दिखाई दिये, उन के मुताल्लिक भी गवर्नमेंट को तवज्जुह दिलाई है । मुझे इस से खुशी हुई है, कोई खेद किसी तरह का नहीं है । परन्तु जो भी नुक्ताचीनी हुई हमें उस की कदर है । हम इस बात को जानते हैं कि आपोज़ीशन की तरफ से या treasury benches की तरफ से जो कन्स्ट्रक्टिव नुक्ताचीनी होती है हमारा फर्ज़ है कि उस पर ध्यान दें । जहां तक भी हो सके उस पर अमल करने के लिये और चीज़ों को सुधारने के लिये यत्न करें । इस के अलावा कुछ ऐसी भी, नुक्ताचीनी तो मैं नहीं कहता, बातें हुई जिन के करने वालों में से काफी तादाद कुछ ऐसे मैम्बर साहिबान की थी जिन्होंने वह बातें करते वक्त कुछ जातियात को अपने ध्यान में रखा । आपोज़ीशन की तरफ़ से भी और बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि कांग्रेस पार्टी की तरफ़ से भी कुछ ऐसे भाई थे जिन्होंने अपनी जात को आगे रखा या किसी और की जात को किसी ढंग से अपने सामने रखा । यह कोई बहुत मुनासिब चीज़ नहीं है । न ही ऐसे अहम मौके पर जब कि आप बजट पर डिस्कशन करते हों, जब स्टेट के सारे ढांचे को, सरकार की सारी पालिसी को, उस की economic जो कुछ growth है, उस को देखना हो, उस के सारे structure को देखना हो और उस पर नुक्ताचीनी करनी हो, नये साल के लिये अपनी पालिसी का फैसला करना हो और पिछले गुज़रे हुए साल के काम में नुक्स निकालने हों, उस वक्त जातियात को सामने रखना, ख्वाह अपनी या दूसरे की, कुछ बहुत मुनासिब मालूम नहीं होता । मैं सिर्फ़ आपोज़ीशन की ही बात नहीं करता—मुझे कदर है उन भाइयों की जो कि आपोज़ीशन में हैं और

[वित्त मंत्री]
जिन्होंने बहुत कन्स्ट्रक्टिव बातें की हैं। लेकिन आपोज़ीशन के कुछ हिस्से ने कुछ ऐसे नज़रिये से नुक्ताचीनी की या बातें की हैं, उन की तो समझ आ सकती है चूंकि उन का कोई खास नज़रिया है, कोई भी बात हो, उन्होंने तोड़ मरोड़ कर बयान करनी है ताकि वह ज़ाहिर कर सकें कि जो treasury benches हैं, सरकार है, वह ज़्यादा से ज़्यादा ऐसी बातें करती है जो कि उन के ख्याल के मुताबिक शायद अच्छी भी हों लेकिन वह ज़ाहिर कर सकें कि वह बुरी हैं। उन्होंने कुछ अपना ढंग रखा हुआ है कि यहां हो, वहां हो, किसी जगह भी हो, अपने आप के लिये, ताकत हासिल करने के लिये या दूसरे को बुरा कहने की नीयत से कुछ ऐसी बातें गलत तौर पर भी कह लें। उन से तो मुझे गिला नहीं है लेकिन मैं उन भाइयों से गिला ज़रूर करूंगा जो कि हमारे treasury benches से हैं और उन्होंने अपने आप की ज़ात या किसी और की ज़ात को सामने रखा। सिर्फ इस गर्ज़ से गिला करूंगा क्योंकि मुझे यह जताने की ज़रूरत महसूस हुई कि यह बहुत महत्वपूर्ण occasion होता है जब कि बजट डिस्कस हो। तो उस वक्त इस हाउस को अपने ज़ाती ख्यालात और ज़ाती अग़राज़ के लिये किसी ढंग से forum बनाया जाए, यह हमारी democratic conventions के बिलकुल खिलाफ है। हो सकता है कि किसी पार्टी से हमारे इख्तलाफ़ात हों, हो सकता है कि किसी भी भाई के अपने विचार हों, उन की अपनी expectations हों जो कि पार्टी के अन्दर पूरी न हो सकती हों, क्योंकि ऐसे मौके होते आए हैं और होते रहेंगे। हो सकता है कि उन को अपने मकसद में कामयाबी न हुई हो लेकिन इस का मतलब यह नहीं है कि अपनी पार्टी की बातें, अपनी ज़ाती बातें, हाऊस में डिस्कस की जाएं। हो सकता है कि किसी भाई को किसी और की पोज़ीशन अच्छी न लगती हो, हो सकता है कि वह अपनी पोज़ीशन को बढ़ाना चाहता हो और उस में वह कामयाब न होता हो, हो सकता है कि उस के कारण उस के मन में frustration आई हो लेकिन इस के बावजूद भी यह हाउस इस काम के लिये फोरम नहीं है कि अपने ज़ाती ख्यालात को इस ढंग से यहां पर ज़ाहिर करें या किसी तरीके से अपने गुस्से को यहां पर निकाले।

Shri Muni Lal : On a point of order, Sir...

अध्यक्ष महोदय : आप के प्वाइंट आफ आर्डर का जवाब यह है कि आप तशरीफ रखिए। (In reply to the point of order raised by the hon. Member, I would ask him to please resume his seat.)

वित्त मंत्री : मैं तो मैम्बर साहिबान की स्पीच का जो नज़रिया है उस के मुताल्लिक कह रहा हूं। आप को भी उस पर अमल करना चाहिये घबराना नहीं चाहिये। तो मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि यह किसी भी ढंग से मुनासिब मालूम नहीं देता कि हम इस august occasion पर किसी भी तरीके से, किसी भी ढंग से, ज़ाती बातों को, ज़ाती ख्वाहिशात को या जो किसी को किसी के खिलाफ ज़ाती तौर पर नफरत हो, वह यहां पर लाएं। यहां पर जो इस तरह की डिस्कशन हुई है, उस को सुनने के बाद यह मैं इसलिए कह रहा

कि हम अभी democracy के experiment में अथवा parliamentary democracy की transitional stage से गुज़र रहे हैं। हम ने काफी अच्छी अच्छी conventions कायम करनी हैं। ठीक है कि parliamentary democracy की दूसरे मुल्कों की conventions और मिसालें हमारे सामने हैं लेकिन यहां पर अपने मुल्क के हालात के मुताबिक ही हम ने healthy conventions कायम करनी हैं। वह इस लिए कि यहां पर जो कुछ भी हम कहते हैं या करते हैं उस का असर होता है। हमारे ऊपर ही नहीं, बाहर की जनता के ऊपर ही नहीं; बल्कि भविष्य के ऊपर भी उस का असर होता है। आज अगर हम कुछ ऐसी बातें करें जो कि बिल्कुल unfortunate हों, यहां बजट की असली discussion को भूल कर, सिर्फ चर्चा के लिए ही, बाहर नुमायश करने के लिये ही इस तरह के ढंग से बातें करें तो किसी तरह से भी यह कोई अच्छी convention नहीं कही जा सकती। इस लिये, स्पीकर साहिब, मैं बड़ी संजीदगी के साथ आप के ज़रिए चन्द भाइयों से—खासकर आपोज़ीशन के एक सैक्शन से यह कहना चाहता हूं कि हमें बड़ी संजीदगी से सोचना चाहिए कि हमारी बाबत पब्लिक या कोई और authorities जिन की राए की कदर होती है क्या सोचती हैं। मैं यह बात कोई point score करने की गर्ज़ से नहीं कहना चाहता लेकिन पूरी संजीदगी से महसूस करता हूं और इस लिये अर्ज़ करता हूं कि आज एक हाई कोर्ट के जज को—एक eminent जज को भी हमारी पब्लिक life के मुताल्लिक कुछ कहने की ज़रूरत महसूस हुई। मैं दोबारा यह अर्ज़ करना चाहता हूं, क्योंकि कहीं मुझे गलत न समझ लिया जाए, कि मैं कोई point score करने की गर्ज़ से नहीं कह रहा हूं। लेकिन यह बहुत विचार करने वाली बात है कि Judiciary के एक बहुत बड़े जज ने भी यह कहना महसूस किया कि वह हमको बताएं कि हमारी पब्लिक leadership क्या है, लोग हम से क्या expect करते हैं और हमारा public conduct क्या होना चाहिए। इस बात को उन्होंने अपनी रिपोर्ट में details के साथ deal किया। जो हमारी लीडरशिप है, वह वाकई कदर की मुस्तहक है, जो भी बातें वह करते हैं, उन की कदर होनी चाहिए, जो भी काम वह करते हैं, उन की कदर होनी चाहिए। वह काम चाहे किसी के सामने हों—पब्लिक के सामने हों, जुडीशरी के सामने हों। लेकिन इस चीज़ के बावजूद वह eminent जज यह बात कहने पर मजबूर हुए कि जहां तक उन पब्लिक लीडर्ज़ का ताल्लुक है जो कि उन के सामने पेश हुए, उन्होंने उस मौका पर इस बात का कोई अच्छा सबूत नहीं दिया—अपने public conduct का अच्छा सबूत नहीं दिया। तो इस चीज़ पर हमें बड़ी संजीदगी के साथ विचार करना होगा। वह इस लिए कि जिन की निस्बत उस जज ने यह कुछ कहा उन की पब्लिक में इस वक्त काफी ऊंची पोज़ीशन है, उन की बातों का पब्लिक की opinion पर काफी अच्छा खासा असर होता है, और उन की इस वक्त following भी काफी है। अगर leadership ऐसी हो जिस leadership से पब्लिक को कोई फायदा न पहुंचे, पंजाब को कोई फायदा न पहुंचे, बल्कि फायदे की बजाए नुक्सान हो तो हमें विचार करना होगा कि इस वक्त जो हमारा पब्लिक conduct है, उस में अभी सुधार की काफी गुंजायश है।

मैं यह इसलिए भी कहता हूं कि आप ने यहां इस हाउस के अन्दर भी देखा होगा कि कितने ऐसे मौके आए हैं जहां पर कि शायद उन्हीं भाइयों ने जिन की बाबत काबिल

[वित्त मंत्री]
जज ने अपने विचार प्रकट किए, अपने आप को इस तरह से conduct किया जिसे कि मुनासिब नहीं करार दिया जा सकता या जिस से कि इस August House की शान बढ़ी हो या जिस से कि यहां पर कोई बड़ी अच्छी convention कायम हुई हो। इसी सिलसिले में मैं अर्ज़ करता हूं कि जहां तक बजट पर discussion का ताल्लुक है, मुझे अपोज़ीशन के एक सैक्शन से खास तौर पर मायूसी हुई है। वह यह कि उन्होंने मज़ाक उड़ाया मेरी उस अपील का, जोकि मैं ने उन से अपनी बजट स्पीच के आखिर में की थी जोकि मैंने पूरी नेकनीयती से, खुले तौर पर और बिल्कुल sincerely की थी। मैं ने उन से यह अपील की थी कि आज जब कि हम संकट के समय से गुज़र रहे हैं, हमारी आर्थिक अवस्था ऐसी है कि हम मिलजुल कर ही काम करके इसे सुधार सकते हैं, आर्थिक उन्नति कर सकते हैं और सूबे को उन्नति के रास्ते पर आगे ले जा सकते हैं, हमारे लिए ज़रूरी है कि मिलजुल कर पंजाब को आगे ले जाएं। लेकिन मुझे निहायत अफसोस से यह कहना पड़ता है कि उन भाइयों ने इस चीज़ पर नुक्ताचीनी करते वक्त अपने आप को मुनासिब level पर नहीं रखा—उस level पर नहीं रखा कि जिस पर मैं उन से आशा रखता था। उस अपील के लिए जिस कदर कि मैं तवक्को रखता था वह उन की तरफ से नहीं हुई। लेकिन आज फिर मैं अपनी उस अपील को दोहराता हूं कि जहां तक हमारे पंजाब की तरक्की और development का ताल्लुक है, यह तभी मुमकिन हो सकती है अगर हम सब बिला किसी पार्टी के लिहाज़ से मिल कर काम करें। ठीक है कि हमारे आपस में political differences हैं—यह हुआ करते हैं और हमेशा कायम भी रहेंगे। लेकिन जहां तक differences का ताल्लुक है, उन को सामने रखते हुए भी, अपने हाथ में ताकत हासिल करने के लिए जायज़ तौर पर कोशिश बेशक करें। लेकिन इस का यह मतलब नहीं कि यहां हाउस के अन्दर हो या बाहिर, एक ही बात को सामने रखें कि किसी ढंग से भी हो दूसरों को बदनाम ही करना है या यह कि दूसरों के रास्ते में रुकावट ही डालनी है। यह बात गलत है, नाजायज़ है और जम्हूरियत के असूल के बरखिलाफ़ है। इसलिए मुख्तसिर तौर पर अर्ज़ करता हुआ फिर इस वक्त अपनी उस अपील को दोहराता हुआ आशा करता हूं कि सारा हाउस पंजाब की सामूहिक तरक्की के उद्देश्य को पूरा करने में अपना सहयोग देगा।

अब मैं अपने असली मकसद की तरफ आता हूं। इससे पहले कि मैं और बातों का जवाब दूं, मैम्बर साहिबान मुझ से आशा रखते होंगे कि जो taxation का सब से important मामला है, उसी पर सब से पहले कुछ अर्ज़ करूं। इस से पहले कि इस पर भी मैं कुछ रौशनी डालूं, मैं ने फिर यह ज़रूरत महसूस की है कि मेम्बर साहिबान का ध्यान और तवज्जुह इस तरफ दिलाऊं कि इस वक्त जो अपने देश की, अपने सूबे की economy है, वह planned economy है। मैं ने उस वक्त यह लफ्ज़ इस्तेमाल किए, जानबूझ कर, क्योंकि इन की ज़रूरत महसूस हुई। वह इसलिए महसूस हुई ताकि जब हम अपनी दूसरी पांच साला योजना के तीसरे साल में दाखिल

हो रहे हैं तो बजट पर या demands पर बहस करते वक्त मेम्बर साहिबान इस बात को खास तौर पर अपने सामने रखेंगे कि हमारी economy एक planned economy है और वह जो भी बहस करेंगे उस में इस बात को नज़र अन्दाज़ नहीं करेंगे। मैं यह भी समझता हूं कि मेम्बर साहिबान को इस बात की भी वाकफियत ज़रूर होनी चाहिए कि हमारे Plan के जो original targets थे, वह 163 करोड़ के करीब थे जो कि अब बढ़ कर 166 करोड़ हो चुके हैं। इस बात की भी हमें वाकफियत होनी चाहिए कि आज हमारे देश की तरक्की, हमारे पंजाब की तरक्की का दारोमदार इसी बात पर है कि हमारी प्लैन पूरे तौर पर कामयाब हो जिस के लिए हमें हर मुमकिन कोशिश करनी चाहिए। जो मेरे दोस्त planned economy के मुताल्लिक जानते हैं, वह जानते होंगे कि जहां पर planned economy होती है उस देश की तरक्की की कामयाबी पर प्लैन का फेल होना या कामयाब होना कितना असर रखता है। इसलिए मैं इस बात को दोहरा कर भी अर्ज़ करूं कि हमारी तरक्की का बहुत सा दारोमदार इस बात पर है कि हमारी यह पांच साला प्लैन मुकम्मल तौर पर कामयाब हो। मैं यह बात इसलिए भी कहने पर मजबूर हुआ हूं कि यहां पर चन्द एक मैम्बर साहिबान ने यह भी कहा है कि यहां पर इस प्लैन को कोई religious sanctity attached नहीं है--यह हमारे ऊपर कोई मज़हबी पाबन्दी आयद नहीं हुई कि प्लैन के अन्दर एक बार जो व्यवस्था की जा चुकी है उसी के मुताबिक ही चला जाए, इस को cut न किया जाए, या इस के targets को curtail न किया जाए और जो taxes propose किए गए हैं, उन को लगाया जाए। मैं अर्ज़ करता हूं कि उन का यह विचार गलत विचार है। हमें यह सोचना भी नहीं चाहिए कि हम अपने प्लैन के targets को कम करें या अपनी तरक्की की स्कीमों को किसी खास इलाके या नज़रिए से देख कर prejudiced महसूस करें। मैं उन से अर्ज़ करूंगा कि उन्हें किसी भी सूरत में इस तरह का attitutde अख्तियार नहीं करना चाहिए। 166 करोड़ का यह प्लैन है, इस में हमारा जो Revenue Account है, उस में ही 46 करोड़ का expenditure होना है और इस के अलावा 120 करोड़ रुपया Capital Account में से इस पर खर्च होने वाला है। इस बारे में मैं ने पहले ही मैम्बर साहिबान को अर्ज़ किया था और आज फिर दोहराता हूं कि हम ने अपने revenue के resources को raise करने की हद 46 करोड़ रुपये तक मुकर्रर की हुई है। हम ने Plan बनाते वक्त यह फैसला किया था कि हम ने अपने revenue resources को 46 करोड़ रुपये तक raise करना है। इस के लिए हम 46 करोड़ रुपये के करीब additional sources से, additional taxes से additional revenue raise करेंगे। यह बात हमें वाज़ेह तौर पर ध्यान में रखनी चाहिए कि Planning Commission को हम ने यह undertaking दी हुई है कि हम अपने resources इस हद तक raise करेंगे। जब तक हम यह undertaking पूरी नहीं कर

[वित्त मंत्री]

लेते तब तक हमारी Plan पूरी कामयाब नहीं हो सकती। हम ने Planning Commission के पास अपनी contribution देने के लिए पूरी ज़िम्मेदारी ली हुई है। अगर हम उस को पूरा करने के लिये यत्न न करें और यह आशा रखें कि हम Centre से ज़्यादा मदद ले कर या और किसी ढंग से अपनी plan को कामयाब कर सकेंगे तो ऐसी बात नहीं हो सकती। मैं यह बात फिर साफ कर देना चाहता हूं कि हम ने जहां अपनी Plan को पूरा करने के लिए 46 करोड़ रुपये के करीब अपने resources से raise करने हैं, वहां 120 करोड़ रुपये ऐसे हैं जो हम ने Planning Commission के ज़रिये Central Government से ले कर खर्च करने हैं। मेरा ख्याल है कि मैम्बर साहिबान अब बड़ी आसानी से यह बात समझ सकेंगे कि हमारी Planning का दारोमदार, उस की तरक्की इसी बात पर मबनी है कि जो commitment हम ने Planning Commission को दी हुई है, उस को हम पूरा करें और अगर हम उस को पूरा नहीं करते तो जो हमारी plan पर खर्च का हिस्सा हमें Centre से मिलना है, 120 करोड़ रुपये के करीब का, वह हमें नहीं मिल सकेगा। तो उस 120 करोड़ रुपये का मिलना हमारे अपने ऊपर निर्भर है। इसी लिये हमें अपनी ज़िम्मेदारी को अदा करने के लिए सारे ऐसे revenue raise करने के लिये यह tax लगाने पड़े हैं। इसलिए जब हम taxes लगाने पर नुक्ताचीनी करते हैं तो यह ज़िम्मेदारी अदा करने वाली बात नहीं। इन tax के खिलाफ शिकायत करते वक्त हमें यह भी सोच लेना चाहिये कि अगर हम taxes नहीं लगाते तो इस का असर क्या होता है। आज तक जितने tax लगाये गये हैं 1956-57 में और 1957-58 में, उन से हम अपनी आमदनी में 7-8 करोड़ रुपये का अज़ाफा कर सके हैं और इस साल हम 2.44 करोड़ रुपये के tax और लगा रहे हैं। इस तरह से हमारी आमदनी 15 करोड़ रुपये additional taxes से हो जायेगी। इस लिए मैं आप से अर्ज़ करूंगा कि हम ने जो taxation से आमदनी बढ़ाई है उस की ज़िम्मेदारी हम ने अपने ऊपर इस प्लान के targets मुकर्रर करते समय से ली हुई है।

यह भी कहा गया है कि taxes की बजाये और ज़राये हमें सोच लेने चाहियें जिन से हम अपने plan को finance कर सकते हों। वह ज़राये क्या हो सकते हैं? एक ज़रिया तो यह हो सकता है कि हम और कर्ज़ उठायें और additional revenue taxes के ज़रिये raise न करें। दूसरा तरीका यह हो सकता है कि Government of India जो हमारी इस वक्त grants and aid की शक्ल में मदद कर रही है, उसे हम ज़्यादा करने के लिये कहें। तीसरा तरीका deficit financing

का हो सकता है कि deficit financing की तरफ हम अपना रूहजान करें। इस के अलावा एक तरीका यह हो सकता है कि expenditure जो है, जहां २ मुमकिन हो सके उस में कमी की जाये।

तो इन के मुतअल्लिक मैं खास तौर पर अर्ज़ करना चाहता हूं कि कोई भी मैम्बर यह suggest नहीं करेगा कि हम और कर्ज़ लेकर, अपने जो कर्ज़े की रकम है उस को बढ़ाते जायें और इस से जो हमारा Plan है उस को finance करने का यत्न करें। यह तो कोई sound economy की बात नहीं हो सकती और कोई भी भाई जोकि यह चीज़ जानते हैं, इस में दिलचस्पी रखतें हैं, इस चीज़ को अच्छी तरह समझते होंगे कि कर्ज़ लेकर कोई भी सूबा अपनी economy को कायम नहीं रख सकता। इस के साथ ही हम देखते हैं कि जब तक हम अपने resources को raise न करें, अपनी contribution को raise न करें, उस वक्त तक Government of India हमें कोई ज़्यादा मदद देने वाली नहीं। मैं आगे चल कर बताऊंगा कि उस की अपनी दिक्कतें हैं। अब रही deficit financing की बात--मैं अर्ज़ करता हूं कि इस में भी कोई मैम्बर यह suggest नहीं कर सकता कि हमें deficit financing पर resort करना चाहिए क्योंकि इस से inflationary tendencies बढ़ती ह। पहले भी deficit finances की वजह से यहां inflationary tendencies रही हैं और उन की अपनी दिक्कतें रहीं जिन को बड़ी मुश्किल से हम कुछ check कर पाये हैं। इन inflationary tendencies का main कारण deficit financing होता है जिस की तरफ कोई भी गवर्नमेंट चाहे वह Central हो चाहे सुबाई हो अपने आप को इस में राग़ब नहीं कर सकती। तो इसी सिलसिले में ही मैं अर्ज़ करूंगा कि जहां तक Government of India का ताल्लुक है उस से हम आज तक जिस मदद की आशा रखते थे उस में भी कमी ही हुई है। पिछले साल, मैम्बर साहिबान को पता होगा कि जहां तक हमारी Plan का ताल्लुक था 35 करोड़ रुपये में से 26 करोड़ रुपये के करीब Government of India की तरफ से दिया गया था और 9 करोड़ रुपये के करीब हम ने अपने resources से खर्च करना था। यह current year की बात है। यह मैं चालू साल की बात कर रहा हूं लेकिन इस साल Plan पर खर्च के लिये जो हमारे बजट की figures हैं वह 33.79 करोड़ रुपये की हैं और इस साल Plan के खर्च में से Government of India की तरफ से सिर्फ 16 करोड़ रुपये की मदद मिलेगी यानी पिछले साल की 26 करोड़ रुपये की मदद के मुकाबले में इस साल यह हमें सिर्फ 16 करोड़ रुपये मिलेगी। हमें जब पिछले साल इस पर सिर्फ 9 करोड़ रुपया खर्च करना पड़ा था वहां इस साल हमें तकरीबन 18 करोड़ रुपये के करीब खर्च करना पड़ेगा। यह विचार करने की बात है कि Government of India के सामने कुछ ऐसे factors हैं जिन की वजह से वह भी हमारी मदद नहीं कर सकती। Government of India की Finance Commission की report से जिस की recommendations को अभी अभी उस ने accept

[वित्त मंत्री]

किया है, उस पर तकरीबन 55 करोड़ रुपये की और ज़िम्मेवारी बढ़ गई है जो उस ने तमाम States को grants and aids की शक्ल में देनी है। इस के अलावा कुछ international factors भी हैं जिन की वजह से Government of India की इतनी strong position नहीं है कि वह हर State को grant-in-aid दे। एक पंजाब की ही तो बात नहीं, अगर आप सारी States की Plans को देखें तो आप को पता लगेगा कि सारी States की Plans में कमी हुई है, हर State को Centre से जो aid मिलती थी वह कम हुई है। मेरे पास कुछ दूसरी States की भी figures हैं। लेकिन मैं मुनासिब नहीं समझता कि उन के बताने के लिये मैं आप का ज्यादा वक्त लूं। लेकिन इस सिलसिले में यहां पर वाज़ेह तौर पर criticism हुआ था और कुछ Press में भी इस की publicity हुई थी कि पंजाब की Plan को इस दफा इतना cut कर दिया गया है कि 43.38 करोड़ रुपये से इसे कम कर के 33.79 रुपये तक कर दिया गया है। इसका कारण साफ और परवाज़ह है कि कुछ factors ऐसे हैं जिन की वजह से Government of India की अपनी ऐसी ही position है। कुछ inflationary trend को सामने रखते हुए और कुछ दीगर बातों को सामने रखते हुए, कुछ resources की कमी को सामने रखते हुए, उन्हों ने जो हरेक State को aid देनी थी, में कमी की है। इस बारे में यहां डाक्टर भाग सिंह ने शक का इज़हार किया था, कि यह जो हमारे सूबे के Plan में 10 करोड़ रुपये की कमी इस साल हुई है, उस का हमारे सूबे की Plan पर क्या असर होगा उन्होंने पूछा कि क्या Planning Commission ने खुद बखुद हमारी important स्कीमों को काट दिया है? कौन सा ढंग उन्होंने इस के काटने में इस्तेमाल किया है? क्या उन स्कीमों को बिल्कुल छोड़ दिया गया है? यह उन का बड़ा important सवाल था और मैं समझता हूं कि इस का जवाब देना बहुत ज़रूरी है। तो उन की वाकफियत के लिए मैं यह अर्ज़ करूं कि जहां तक स्टेट प्लैन को curtail करने का सवाल है उस में कोई भी important development स्कीम नहीं है जोकि काटी गई हो। जितनी भी हमारी important schemes हैं खाह भाखड़ा नंगल की हो खाह कैपिटल प्राजक्ट से ताल्लुक रखती हो, इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हो या minor irrigation की स्कीम हो उन में कोई ऐसी स्कीम नहीं है जोकि काटी गई हो। हां यह तो आप को पता ही है कि हमारी consultation के साथ इन स्कीमज़ की scrutiny होती है और funds या स्कीम की ज़रूरत वगैरह को देख कर यह काटी जाती है। जितनी भी स्कीम्ज़ काटी गईं वह नई स्कीम्ज़ थीं। लेकिन इस का यह मतलब नहीं कि वह हमेशा के लिए पंजाब के प्लैन से काटी गईं। मैं अर्ज़ करूंगा कि प्लैन का target तो वही रहेगा और जो खर्च करना है 166 करोड़ का वह कम नहीं हुआ, कोई स्कीम मुस्तकिल तौर पर नहीं काटी गई। स्कीम को हमने implement करना है। हां यह ठीक है कि वह स्कीमें इस साल

जारी नहीं हो सकतीं मगर प्लैन के अभी दो साल बकाया पड़े हुए हैं जिन में वह स्कीम्ज़ चालू की जाएंगी और उन पर खर्च किया जायगा।

तो मैं जैसे पहले अर्ज़ कर रहा था कि हमारे लिए यह मुनासिब नहीं कि हम deficit financing की तरफ जाएं। एक बात इस के बारे में और भी है जोकि हमें अपने ध्यान में रखनी चाहिए। आप सब को पता है कि प्लैनिंग कमिशन, गवर्नमेंट आफ इंडिया और प्राइम मिनिस्टर खुद इस बात पर कितना ज़ोर देते हैं कि स्टेट्स अपना balanced बजट पेश करें। और हम deficit बजट पेश करके अपने आप को और देश को पेचीदगी में न डालें। इस बारे में वह बड़ा strongly महसूस करते हैं और जो इल्फाज़ उन्होंने पिछले साल कहे थे वह शायद मेम्बर साहिबान ने गौर से देखे होंगे। इस लिए अगर हम यह सोचें कि हम deficit बजट पेश करके अपने आप को तरक्की के रास्ते पर ले जा सकेंगे तो यह गलत बात है। मैं ने अपनी बजट स्पीच में इस बात का हवाला दिया है कि मदद देने के लिए फाइनेंस कमिशन ने इस बात पर काफी ज़ोर दिया है। बल्कि मदद देने के लिए यह एक important term है कि यानी कि

"the requirements of the Second Five Year Plan and the efforts made by those States to raise additional revenue from the sources available to them..'

यानी कि फाइनेंस कमिशन ने एक बहुत ज़रूरी बात अपने सामने रखी कि किस ढंग से उन्होंने स्टेट्स को मदद देनी है। इस बात पर काफी ज़ोर दिया कि हर एक individual स्टेट अपने resources को tap करे और उन्होंने इस बात को ग्रांट-इन-एड और दूसरी किस्म की मदद देने के वक्त ध्यान में रखा। न सिर्फ यह बल्कि और भी जगहों पर उन्होंने ग्रांट-इन-एड देने की शरायत रखी थीं और उन की जो recommendations हैं उन में कुछ हवाला दिया हुआ है—

"The gap between the ordinary revenue of a State and its normal inescapable expenditure should as far as possible be met by sharing of taxes."

और भी कई जगहें हैं जहां पंजाब का खास तौर पर ज़िक्र किया गया है। पंजाब को अगर आज मदद मिली है, फाइनेंस कमिशन की recommendations की वजह से, तो उस का कारण यही है कि हम ने अपने resources को tap किया है। पैरा 70 में इस तरह दर्ज है कि

"The relatively comfortable position of Bombay, Punjab and Uttar Pradesh was due to their tax efforts. These three States raised Rs. 24 crores, Rs. 4.5 crores and Rs. 11 crores, respectively, during the period"

कि यह पिछले प्लैन period की बात है। इस लिए यह मुनासिब है कि हम इस बात को सामने रखें। अगर इस के बाद भी कोई दूसरा फाइनेंस कमिशन मुकर्रर हुआ तो भी यही बात होगी कि हम ने target की attainment में additional resources tap करने के लिए अपनी तरफ से क्या effort की है। यह बहुत ज़रूरी और ध्यान में रखने वाली बात है, इस लिए मैं इसे दोबारा दुहरा कर अर्ज़ करता हूं:

We cannot over-emphasize the paramount importance of States balancing their revenue budgets. We have framed our scheme of devolution so as to enable them to do so. With a massive development plan

[वित्त मंत्री]
under implementation there is a grave risk of the budgetary deficits of the States endangering the country's economy by adding to the inflationary potential. Now that all expenditure creating permanent assets are being treated as capital outlay....

इसलिए, मैं समझता हूं कि हमें अपने ध्यान में यह बात स्पष्ट रखनी चाहिए कि हमारा बजट balanced हो। इस सिलसिले में बहुत से भाइयों ने इस बात पर ज़ोर दिया कि हमें additional resources raise करने के बजाए अपने expenditure में बचत करनी चाहिए। (विघ्न) इस के मुतअल्लिक मैं अर्ज़ करूं कि जहां तक गवर्नमेंट का ताल्लुक है वह इस असूल को मानती है। हमें हर वह बचत करनी चाहिए कि जहां भी efficiency को affect न करते हुए हम कर सकें। इसी असूल को सामने रखते हुए पिछले साल हमने दो कमेटियां मुकर्रर कीं एक Resources and Retrenchment Committee और दूसरी Cadre Committee। हमें खुशी है कि यह दोनों कमेटियां इस वक्त बहुत अच्छी तरह से काम कर रही हैं। जहां तक Resources and Retrenchment Committee का ताल्लुक है इस के चेयरमैन और मैम्बर साहिबान बड़ी दिलचस्पी से काम कर रहे हैं और उन्होंने बड़ी लेबर की है और हम आशा करते हैं कि वह जल्दी ही अपना काम खत्म कर लेंगे। उन्होंने कुछ interim recommendations की हैं और उन में से एक दो को हमने taxes की सूरत में मंज़ूर भी कर लिया है। गो जो दूसरी recommendations हैं वह गवर्नमेंट के under examination हैं और हम आशा करते हैं और उन से अपील करते हैं कि वह अपनी रिपोर्ट मुकम्मल करके जल्दी दें। उन्होंने काफी मेहनत की है और पांच छः recommendations की भी हैं और हम ने उन से request की है कि वह जून तक अपनी रिपोर्ट पेश कर दें तब इस से काफी फायदा हो सकता है और हम उस की मुनासिब scrutiny करके अगले बजट पेश करने के वक्त तक देख सकते हैं कि इस की क्या implementation कर सकते हैं। इसी तरह से Cadre Committee का काम भी जारी है और उस के मुतअल्लिक भी फैसला किया था कि वह छः महीनों के अन्दर अपनी रिपोर्ट ``। तो जहां तक expenditure को curtail करने का ताल्लुक है यह असूल हम मानते हैं और पिछले साल कुछ कमी की भी है। मैम्बर साहिबान को पता ही है कि हम ने contingencies के खर्च में 15 परसैंट का कट लगाया था और टी. ए. वगैरह में भी कट लगाया था और दूसरे खर्च भी कम किए थे। और इस तरह एक करोड़ की रकम बचाई थी।

एक आवाज़ : यह कट जारी रहना चाहिए।

मुख्य मंत्री : यह जारी रह नहीं सकता।

वित्त मंत्री : मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि कट को permanent शकल में कायम नहीं रखा जा सकता। इस के साथ हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि अगर हम contingency के खर्च में permanent शकल में कट कर देंगे तो हमारी efficiency पर असर पड़ेगा (हेअर हेअर) मान लीजिए कि

हम आज स्टेशनरी के खर्च में 10 फीसदी की कमी कर देते हैं तो हम इसे हमेशा के लिए कायम नहीं रख सकते क्योंकि जब हमारी स्टेशनरी में कमी हो जाएगी तो उस वक्त ज़रूरी है कि हमारी efficiency पर असर पड़ेगा।

इसी तरह यहां पर टी. ए. के बारे में ज़िक्र किया गया है। यह ठीक है कि जहां तक इस पर control किया जा सके, अच्छा होगा, लेकिन इस में मुशकिल इस बात की पेश आती है कि अगर tour न किए जाएं तो सरकारी काम को अच्छी तरह से नहीं किया जा सकता। हमें इस के बारे में इस बात को सामने रखने की ज़रूरत है कि कई जगहों पर जाने की सरकारी कर्मचारियों को ज़रूरत पड़ती है और यह उस इलाके की भलाई के लिए और फायदे के लिए भी ज़रूरी हो जाता है। इस लिए travel-ling पर पाबन्दी नहीं लगाई जा सकती।

फिर यहां पर transport और सरकारी vehicles के बारे में कहा गया। यह ठीक है कि इस मद में खर्च ज़्यादा है और हम भी चाहते हैं कि इस में कमी की जाए। जहां तक रैस्ट हाऊसों का ताल्लुक है और दूसरे इस तरह के अखराजात हैं, उन में कमी की जाए—हम भी यह चाहते हैं लेकिन efficiency की cost पर हम इस को कट नहीं कर सकते। और आप सब मेरे साथ इत्तफाक करेंगे जब मैं यह कहूं कि कुछ अखराजात ऐसे होते हैं जिन को कम करने से काम की efficiency पर असर पड़ता है। अगर हम खर्च को कम कर देंगे तो काम में inefficiency बढ़ जाएगी और लाज़मी तौर पर डिले होगी और फिर हमारे मेम्बर साहिबान यह आलोचना करेंगे कि हमारी चिट्ठी की acknowledgement नहीं आई, तो यह सारी चीज़ें हैं जिन को किसी कट लगाने से पहले ध्यान में रखना पड़ता है।

एक बात और है जिस का ज़िक्र मैं यहां पर करना चाहता हूं और वह यह है कि स्माल सेविंग स्कीम के ज़रिए हम रुपया इकट्ठा करते हैं। इस की तरफ भी इशारा किया गया है लेकिन यह भी एक ज़रिया है अपने resources को raise करने का। मैं इस की तफसील में नहीं जाना चाहता लेकिन इतना ज़रूर कह देना चाहता हूं कि इस स्माल सेविंग स्कीम के ज़रिए इस प्लान में 12 करोड़ रुपए रेज़ करने के लिए रखे गए हैं। इस स्कीम का फायदा कितना है, मैं इस की तफसील में नहीं जाना चाहता, लेकिन यह एक ऐसी चीज़ है जिस के ज़रिए दो फायदे हैं। एक तो यह कि सूबे के लिये resources raise किए जा सकते हैं और दूसरे यह कि यह inflationary trend को रोकने में मदद होती है। लोगों में जो फालतू रकम बचाने की भावना है, उसको इस स्कीम के ज़रिए मुल्क के विकास की स्कीमों की तरफ लगाया जा सकता है। इस लिए मैं नहीं समझता कि ऐसी स्कीमों पर किसी को एतराज़ हो सकता है। इस लिए मैं इस हाउस के सब मेम्बर साहिबान को अर्ज़ करूंगा कि वह इस स्कीम को आगे ले जाने में सरकार की मदद करें।

[वित्त मंत्री]

जहां तक हमारे balances के खर्च करने का सवाल है, जिस की तरफ डा० भाग-सिंह जी ने इशारा किया है कि हम पंजाब के balances को खा रहे हैं, यह ठीक है कि हम ने पंजाब के balances को खर्च किया है और यह अच्छी बात नहीं है और हम मानते हैं कि पिछले साल इस balances में से 9 करोड़ खर्च किया गया था और 17 करोड़ इस साल खर्च किया गया। लेकिन यह खर्च जो करना पड़ा वह मजबूरी की हालत में था। Resources की कमी की वजह से ऐसा करना पड़ा। जो हालात यहां थे उन्हीं हालात में इस तरह के खर्च हरेक स्टेट गवर्नमेंट को करने पड़ते हैं। मैं शायद इस वक्त इसकी तफसील में न जा सकूं लेकिन जिन मेम्बर साहिबान ने इस पर एतराज किया है उनकी information के लिए मैं यह बताना चाहता हूं कि जहां तक balances की खपत का ताल्लुक है यह हर स्टेट में किए जाते हैं। यहां पर कैरल स्टेट का ज़िक्र किया गया है। इस स्टेट के पिछले और इस साल के बजट proposals मेरे सामने हैं। यह मैं इस लिए यहां नहीं लाया कि मेरा इरादा किसी दूसरी स्टेट की इकानौमी पर नुक्ताचीनी करने का नहीं था। लेकिन क्योंकि इस स्टेट का ज़िक्र खासतौर पर मेरे कम्यूनिस्ट भाइयों ने किया है, इस लिए अर्ज़ करना चाहता हूं कि वहां भी इसी तरह मजबूरी की हाल में किया गया है। उस स्टेट ने न सिर्फ तीन करोड़ रुपया पब्लिक लोन की शकल में रेज़ किया बल्कि अगर आप वहां के फिनांस मिनिस्टर साहिब की बजट स्पीच को देखें तो आप को मालूम होगा कि वहां पर 220 लाख यानी दो करोड़ बीस लाख की अपनी securities को sale करने की जरूरत महसूस हुई ताकि इस सूबे के ज़रूरी अखराजात को मीट किया जा सके। (आवाज़ : आप किस की बात कर रहे हैं।) मैं कैरल की बात करता हूं जिस की बावत इशारा किया गया था। उनकी बजट proposals को आप देखें कि तीन करोड़ का public loan रेज़ किया गया और फिर भी 220 लाख की सरकारी securities को उन्हें liquidate करना पड़ा। तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि हरेक स्टेट को अपने हालात के मुताबिक इस तरह करने की जरूरत महसूस होती है।

इस से पहले कि मैं टैक्सों की individual proposals के बारे में जो एतराज किए गए हैं कुछ कहूं, मैं एक बात और आपके सामने रखना चाहता हूं। मैं कुछ आंकड़े कैरल सरकार के taxation proposals के बारे में आपके सामने रखना चाहता हूं। मेरे कम्युनिस्ट भाइयों ने इस के बारे में ज़िक्र किया था। वहां के पिछले साल की फिनांस मिनिस्टर साहिब की स्पीच को अगर आप देखें तो पता चलेगा कि वहां 232 .57 लाख के नए टैक्स लगाए गए। दो करोड़ 32 लाख के टैक्स पिछले साल लगाए थे।

(**डाक्टर भाग सिंह** : किन पर ?)

यह टैक्स वहां के लोगों पर लगाए गए। यह तो थे पिछले साल के टैक्स। इस साल भी केरल वालों ने 76.78 लाख के नए टैक्स लगाए हैं। मेरे लिए यह

बहुत मुनासिब नहीं कि मैं उनकी taxation proposal की हरेक individual मद बताऊं कि किस पर यह टैक्स लगाए गए हैं। यह अच्छा नहीं कि एक स्टेट दूसरी स्टेट की बजट proposals के मुतअल्लिक कुछ कहे। आप खुद ही देख कर अन्दाज़ा लगा सकते हैं। मैं इन पर कुछ comments नहीं करूंगा। अगर आप, स्पीकर साहिब, मुझे इजाज़त दें तो मैं उनकी taxation proposals को पढ़ कर सुना दूं ताकि मेरे भाई जो इतराज़ करते हैं, वह खुद ही अन्दाज़ा लगा लें। उसमें है कि—

"An increase in the rate of tax on urban immovable property; a stamp duty on forward transactions in pepper and coconut oil; a single-point tax at purchase point on timber instead of the present multi-point sales tax, a surcharge of 10 per cent on passenger fares in the State transport services, increase in the electricity duty........."

मुझे इस लिए यह जताने की ज़रूरत पड़ी कि पिछले साल भी जब taxes को increase किया गया था तो मेरे कुछ साथियों ने महसूस किया था और केरल का हवाला दिया था।

(Chaudhri Inder Singh : But you begin from below.)

हम तो अभी टैक्स लगा रहे हैं। उन्होंने पिछले साल ही इतने टैक्स लगा दिए थे। आप खुद उनकी बजट proposals देख सकते हैं।

अब मैं अपने बजट की individual taxation proposals पर आने से पहले एक और चीज़ पर आपके दो-तीन मिनट लेने ज़रूरी समझता हूं। वह यह है कि हमारे बजट पर comments करते हुए एक responsible newspaper ने अपने विचार दिए हैं। मेरा इशारा Hindustan Times की तरफ से दिए गए comments पर है। Hindustan Times ने हरेक स्टेट के बजट पर अपने comments निकाले थे। पंजाब के मुतअल्लिक भी उन्होंने comments निकाले हैं। उन्होंने लिखा है :—

"Punjab's budget for 1958-59 has two praiseworthy features. It has decided not to leave uncovered a revenue deficit of Rs 2.08 crores possibly rising to Rs 2.34 crores at existing levels of taxation and, secondly, it has sought to fill the gap by raising additional revenue through measures which seem to be on the whole reasonable in their context."

फिर कहा है :

"In the circumstances, attempts at balancing budgets are to be preferred to light-hearted deficit budgeting and Punjab's record in this respect has been better than that of certain other States."

फिर आगे चल कर लिखा है कि :

"For additional revenue Punjab's Finance Minister has drawn mainly on the sales-tax, extending its coverage by withdrawing exemptions enjoyed by certain agricultural and primary produce and raising its general rate. There may be a protest against the decision to tax sales of foodgrains, but the rate has been kept specially low at 75 nP. per 100 rupees and it is, therefore, unlikely to be onerous especially as foodgrain prices have lately tended to be some what easier and the consumer may not, therefore, be particularly sensitive to this small charge.

[वित्त मंत्री]

..but it is only fair to the Punjab Government to take note of the fact that its decision to make education free in Government Schools up to the sixth standard and to provincialize local body schools must cost money and that this money has to be secured from the public which stands to benefit from these two educational policies. Incidentally in considering the incidence of the new tasxation on the mass of the people it is but proper that the reliefs proposed for such vulnerable sections of the population as school teachers and low-paid Government employees should be allowed credit."

मैं इन quotations पर आपका ज्यादा वक्त नहीं लूंगा।

डाक्टर भाग सिंह : आप Tribune भी quote कर दें।

मंत्री : इस के मुतअल्लिक भी मैं बता दूंगा। अभी मेरे पास इतना टाईम नहीं। (*interruptions*) Let me finish please. I have very little time at my disposal.

मैं Hindustan Times की comments को quote कर रहा था। नये Taxes के बारे में ज़रा इस अखबार के विचार सुनिये।

"New taxes will not prove a great burden on the Punjab people. Duty on electricity is not much. Nobody will mind the small cess on foodgrains Nobody will object to license fee on arms being doubled in a countrry which believes in Ahinsa. A little increase of one naya Paisa in the general sales-tax can be tolerated."

अब मैं जो नये Taxes हैं इन के मुतअल्लिक कुछ briefly अर्ज़ करूंगा।

डाक्टर भाग सिंह : आप Tribune भी quote करें।

मुख्य मंत्री: यह मैं बतला दूंगा।

वित्त मंत्री : यह जो Tax है Electric duty का इस के मुतअल्लिक मैं कुछ points अर्ज कर देना चाहता हूं कि यह कोई नया Tax नहीं है। 1932 में यह बम्बई में लगा। फिर यह Madras, Bihar, Bengal, Madhya Pradesh, Uttar Pradesh और Kerala में भी लगा। Taxation Enquiry Commission ने भी यह Tax लगाने की सिफारिश की थी। और यह मेरे पास Finance Commission की Report है। इस के page 31 पर यह लिखा हुआ है कि Electricity duty, State को अपने resources कायम रखने के लिये लगानी चाहिये। इसी तरह से जून 1956 में State Finance Advisory Committee ने भी यह Tax लगाने की report, resources को कायम रखने के लिये, की और सिफारिश की कि यह Tax लगाना चाहिये। इस के साथ ही मैं ने बजट स्पीच में यह भी जाहिर किया है कि Electricity Board के बन जाने से हमें 18 लाख रुपये का घाटा होगा। इसलिये Finances Commission की Report के मुताबिक भी हम हक बजानब हैं कि Tax लगायें। जहां तक इस के rates का सम्बन्ध है, हम ने इन को reasonable basis पर लगाने की कोशिश की है। Domestic and Commercial use के लिए हमने इस duty का rate 10 प्रतिशत रखा है। 80 प्रतिशत

consumption domestic purposes के लिए होती है । तो जो कोई 15 unit तक इस का इस्तेमाल करता है, उस पर यह नया टैक्स 45 nP. तक पड़ेगा। यानी यह तकरीबन -/7/6 के हिसाब से होगा जोकि बहुत ही मामूली है । इसलिए यह किसी तरह से भी नामुनासिब नहीं है ।

अब मैं बताता हूं कि इस का Small Scale Industry पर क्या असर पड़ेगा। पुरी साहिब अब यहां नहीं हैं। मैं चाहता था कि इस के बारे में वह भी सुनते । Small Scale Industry पर जो average excess payment की जाती है वह 9 nP. से लेकर 11 nP. तक है । इस के अलावा 25 प्रतिशत पर duty जो होगी वह $2\frac{1}{2}$ nP. और शामिल कर के 11.5 से लेकर 13.5 nP. तक फी यूनिट Small Scale Industry पर देना पड़ेगा, जोकि बहुत ही मामूली है। अगर हम इस का मुकाबला दूसरी States के साथ करें तो हमें पता लगेगा कि यह rate दूसरी States में हमारी निसबत ज्यादा है । यह rate Bombay में Small Scale Industry पर 14 nP. है, New-Delhi में 13 nP. है और Andhra में भी 13 nP. है। Uttar Pradesh में 12 nP. है, Madhya Pardesh में यह 12 nP. है और Rajasthan में 12.18 nP. है। इस का मतलब यह है कि दूसरी States में हमारी State की निसबत ज्यादा है । अब Small Scale Industry के बाद मैं Medium Industry की बात लेता हूं । इस वक्त इन को 6.9 nP. के ऊपर $1\frac{1}{2}$ से 2 nP. तक लगेगा । और यह 75 से लेकर ऊपर तक 10 nP. होगा । अगर दूसरे सूबों से इस का मुकाबला किया जाये तो यह बहुत कम है। यह Rajasthan में 11.16 nP. है, Bombay में 15 nP. है Uttar Pradesh में 12 nP. है, Madhya Pardesh में 12 nP. है। Andhara में 12 nP. है और यह New Delhi में 10 nP. है। जहां तक Large Scale Industry का ताल्लुक है electricity charges 6 nP. per unit पड़ती है और यह duty फी unit $1\frac{1}{2}$ nP. शामिल होकर $7\frac{1}{2}$ nP. तक बनेंगे । दूसरी States की मेरे पास figures नहीं हैं वरना उन का भी मैं मुकाबला करता। अब आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि Industry पर इसका ज्यादा असर होने वाला नहीं है । इस के मुतअल्लिक Taxation Enquiry Commission ने सिफारिश की हुई है उस पर विचार किया और हम इस नतीजा पर पहुंचे हैं कि जब बिजली की cost केवल 20 प्रतिशत है कुल cost of production से तो इस duty का cost of production पर कोई खास असर नहीं पड़ता । इसलिए आज हम जो बढ़ौतरी कर रहे हैं इसका कोई खास असर होने वाला नहीं है और दूसरी States के मुकाबले में यह excess अब भी favourable है इस तरह से हमारे पास दूसरे भी rates

[वित मंत्री]

हैं लेकिन में आपका ज़्यादा वक्त लेना नहीं चाहता।

कि वहां का administration इस से भी बेहतर ढंग से कैसे चलाया जा सकता है, वहां पर वहां के बड़े अफसर को गाहे-बगाहे ज़रूर जाना चाहिए । सरकार के लिये ऐसा करना ज़रूरी है। तो, अध्यक्ष महोदय, मैं बड़े अदब के साथ कहता हूं कि यह बात नहीं कि मेरे मन में fair sex के बारे में यह जज़बा है कि वह काम के नाअहल हैं लेकिन यह एक सही बात है कि fair sex के लिए इतने दूर-दराज़ के लम्बे-चौड़े इलाके में काम करना और लोगों से deal करना एक मुश्किल की वजह बन सकता है । आप देखें कि लाहौल और स्पिति के अलावा Outer Seraj के काफी लम्बे-चौडे इलाके में जाने के लिए 10 हज़ार फुट की height पार करके जाना पड़ता है । दूर-दराज़ का इलाका है और फिर न कोई सड़क है और न transport का कोई खातर-खाह इन्तज़ाम है। तो एक lady से वहां के उस दूर-दराज़ के इलाके में कैसे पैदल जाया जा सकता है। नतीजा यह होगा कि वहां का दौरा नहीं हो सकेगा और administration को suffer करना होगा। अगर वहां पर किसी किस्म की गड़-बड़ हो जाए तो वहां कैसे इन्तज़ाम किया जा सकता है ? इसलिए, अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा पंजाब सरकार से प्रार्थना करूंगा कि वहां एक senior male I. A. S. अफसर भेजा जाए जोकि वहां के मसायल को घूम फिर कर हल कर सके । वहां के मसले इस तरह के नहीं हैं कि वहां कोई Hindi agitation की बात हो या वहां कोई मोरचे लगते हों । ऐसी बात वहां पर नहीं है । वहां पर डाके और कत्ल और खून भी नहीं होते । वहां का मसला जो है वह ग़रीबी का मसला है । इस वक्त हमारे देश की कांग्रेस सरकार ने यह मोरचा लगाया हुआ है कि हम ने ग़ुरबत के खिलाफ जंग लड़नी है और administration को घर २ तक पहुंचाना है। जब यह हमारी गवर्नमेंट का मकसद हो तो ऐसे backward area के लिए एक senior male I. A. S. अफसर का वहां पर भेजना ज़रूरी हो जाता है।

दूसरी एक बात और मैं, अध्यक्ष महोदय, आपके द्वारा पंजाब सरकार के notice में लाना चाहता हूं । इस में शक नहीं है कि लाहौल और स्पिति के लिए Centre से निहायत फराख दिली से रुपया दिया जा रहा है लेकिन उस रुपए को खर्च करने के लिए अकसर औकात चूक जाते हैं । वह कैसे चूक जाते हैं इस की मैं ठोस मिसालें दे सकता हूं । अगर वहां पर कोई स्कूल चालू करना है और उसके लिए staff भेजना है तो मिनिस्ट्री से तो order हो जाते हैं लेकिन Head of the Department के through जिस आदमी को वह जाने होते हैं उस को वक्त पर नहीं पहुंचते । Orders उस वक्त पहुंचते हैं जबकि वहां पर जाने के लिए रास्ते बंद हो जाते हैं और वह वहां जा नहीं सकते । इस लिए मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि लाहौल और स्पिति के जो development programmes हैं या दूसरे administration के programmes हैं

उन को emergency के तौर पर पूरा किया जाए । वैसे तो, अध्यक्ष महोदय, कुल्लू का सारा इलाका backward है और वह बुरी हालत में है। जब तक वहां के administration को emergency के तौर पर चलाने के लिए नहीं सोचा जाएगा तब तक वहां के हालात में सही तौर पर तबदीली नहीं आ सकती । लेकिन लाहौल और स्पिति का जो इलाका है उस की खास अहमियत है। वह लोग ऐसे हैं जिनकी भाषा न इस इलाके में समझी जा सकती है और न यहां की वह समझते हैं । इसलिए मैं समझता हूं कि वहां services में उसी इलाके के लोगों को तरजीह दी जानी चाहिए । इस में शक नहीं कि सरकार उनको तरजीह तो देती है मगर जिस ढंग से यह किया जा रहा है उस से वहां के लोगों की तसल्ली नहीं हुई है । अभी थोड़े ही दिन हुए हैं यहां एक deputation आया था और चीफ़ मिनिस्टर साहिब के पास पेश किया गया था । वह अपनी Scheduled Tribes Advisory Council की नुमाइंदगी बढ़ाना चाहते थे। यह नुमाइंदगी वैधानिक तौर पर बढ़ाई जा सकती है । तो मैं आपके द्वारा अर्ज़ करूंगा कि उस संस्था की तादाद 10 से बढ़ा कर कम से कम 14 तक ज़रूर कर देनी चाहिए। उस में जो नामीनेटिड अन्सर है उसे भी बढ़ा देना चाहिए क्योंकि वे अभी तक इतने advanced नहीं हैं कि वोट दे कर अपनी सही नुमाइंदगी लें। एक लिहाज़ से वे advanced भी हैं क्योंकि उन के व्यापार की सीमा जहां एक तरफ कालिम्पौंग से कलकत्ता तक जाती है वहां दूसरी तरफ तिब्बत तक जाती है। समझ तो उन्हें बहुत है लेकिन उन आदमियों को ज़रूर लाना चाहिए । वहां एक चीज़ कावले गौर है कि अमीर आदमी भी मिलते हैं लेकिन ग़ुरबत भी इन्तहा दर्जे की है और ग़रीब और अमीर में जितनी खलीज वहां पर है उतनी चौड़ी खलीज पंजाब में कहीं ढूंढे से नहीं मिलती। इसलिए मैं गुज़ारिश करूंगा कि उन ग़रीब लोगों को भी नुमाइंदगी देनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, बातें तो मैं ने और भी बहुत सी कहनी थीं लेकिन बदकिस्मती से मुझे पहले वक्त नहीं मिला इसलिए मैं इस direction में एक चीज़ आप के नोटिस में लाना चाहता हूं कि welfare के प्रोग्राम के मुतअल्लिक सेंटर में भी डीबेट की गई और पंजाब सरकार ने भी इस के लिए तजवीज़ें दी हैं। लेकिन हमारी पंजाब सरकार भूल जाती है कि पंजाब का पहाड़ी इलाका इन्तहाई backward है। उस के मुतअल्लिक वह सोचती नहीं और उसे एक ही pattern से चला रही है । उस के ऊपर जब कुल्लू में दौरा करते हैं उस वक्त तो ज़रूर सोचा जाता है लेकिन जिस वक्त चण्डीगढ़ में पहुंचते हैं तो यह सारी बातें भूल जाते हैं। यह ठीक है कि यहां पर बहुत सी पोलीटिकल उलझनें हैं लेकिन पोलीटिकल कशमकश में उलझ कर इस backward area की तकलीफात को भूलना नहीं चाहिए । जिस backward area का ज़िक्र हो रहा है, जिस की नुमाइंदगी मैं आपके सामने कर रहा हूं, मैं खास तौर पर इस चीज़ पर तवज्जुह दिलाना चाहता हूं कि पोलीटिकल कशमकश में पड़ कर backward areas और backward classes जोकि sufferers हैं, development के प्रोग्राम से बहुत दूर जा

[राजा रघुबीर सिंह]

रही हैं। वरना मैं समझता हूं कि जो जालन्धर में एजीटेशन पर खर्च हुआ है क्या ही अच्छा होता अगर यह रुपया देश की development पर खर्च होता। पहाड़ी इलाकों के लोग ग़रीब ज़रूर हैं लेकिन कुदरती तौर पर वे इस ढंग के बने हैं कि एक फैमिली अपने आप में मुकम्मल है। वह दूसरों पर किसी चीज़ के लिए निर्भर नहीं करते। उसी घर में जुलाहे मिलते हैं, मज़दूर मिलते हैं, लकड़ी चीरने वाले मिलते हैं। फारेस्ट की डिमांड नहीं रखी गई वरना मैं यह बताना चाहता था कि यह वहां लोगों का अहम मसला है। वहां चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने एक कमेटी बनाई थी जिसने वहां के लोगों से पूछा कि तुम्हारे क्या हकूक हैं। चीफ कंज़रवेटर साहिब इस कमेटी के चेयरमैन थे। उन्होंने वहां के लोगों को इकट्ठा किया और पूछा कि आप के क्या हकूक हैं। वह रिपोर्ट लिखी गई। इस बात को आज छः महीने हो चुके हैं लेकिन मालूम नहीं कि वह किस टेबल पर कीड़े का शिकार हो रही है। महकमा जंगलात वहां के जंगलात को कटाता है। इतनी आमदन गवर्नमेंट को उस से होती है लेकिन उस इलाका के लोगों की तकलीफ़ों को दूर नहीं किया जाता। अध्यक्ष महोदय, एक किसान खेत को बोता है, इतनी मेहनत उस पर करता है लेकिन उसे कह दिया जाये कि यह ले लो दस रुपये जो तुम्हारी मेहनत है और खेत पर तुम्हारा कोई हक नहीं यह सरकार की चीज़ है, उसी तरह इस इलाका के लोगों को कहा जाता है कि जंगलात पर तुम्हारा कोई हक नहीं, जंगलात उन के हैं जो मैदान में रहते हैं।

अध्यक्ष महोदय : आप लाहौल स्पित्ती से चल कर जंगलात पर कैसे आ गए। (How has the hon. Member come to forests while discussing Lahaul and Spiti.)

राजा रघबीर सिंह : यह जेनरल एडमिनिस्ट्रेशन में आ जाता है। इस के मातहत एक कमेटी बनाई गई जिस का चेयरमैन चीफ कंज़रवेटर था। उस का फैसला अभी तक नहीं बताया गया। अध्यक्ष महोदय, मैं अर्ज़ कर रहा था कि जो वहां के रहने वाले हैं उन्हें यह कहा जाता है कि यह दरख्त तेरे नहीं हैं, मैदान वालों के हैं और नतीजा यह होता है कि वे लोग starve करते हैं। इसलिए मैं यह अर्ज़ करता हूं कि यह फारेस्ट का काम कमर्शल बेसिज़ पर नहीं चाहिए बल्कि इस बात का भी ख्याल होना चाहिए कि उन लोगों का welfare भी हो सके।

आखिर में, अध्यक्ष महोदय, मैं welfare के मुतअल्लिक.......... (*Bell*)

Mr. Speaker : You should also keep in mind the 'Bell fare'. (*Laughter*)

राजा रघबीर सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं अर्ज़ कर रहा था कि कुल्लू के लोगों की स्पैशल भाषा है। लोगों में अपने देश से, अपनी मातृभूमि से ज़्यादा से ज़्यादा प्यार पैदा करने के लिए उन की कलचर में सहायता करने के लिए उन के रस्मो-रिवाज और उन की folklore पर भी ध्यान देना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि ड्रामा पार्टियां एक ही इलाके की कलचर का ध्यान करें। आज हम क्या

देखते हैं कि जालन्धर के अन्दर एक ड्रामा पार्टी ड्रामा करती है। रंगीन पर्दों को देख कर लोग इकट्ठे हो जाते हैं। लेकिन अगर सही तौर पर देखा जाए तो यह बेकार की चीजें हैं। मैं आप के द्वारा सरकार को अर्ज़ करूं कि इन बातों से कोई विशेष लाभ नहीं होता। इन से लोगों को कोई प्राप्ति नहीं होती।

अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि पब्लिसिटी डिपार्टमेंट की तरफ़ से जो ड्रामा पार्टियां देहात में जाती हैं वह कांगड़ा की कलचर और आर्ट की तरफ भी तवज्जुह दें। वहां की भाषा में बहुत अच्छी शायरी चलती है। पुस्तकें लिखी गई हैं, बड़े अच्छे अच्छे चित्र मिलते हैं। कांगड़ा स्कूल आफ आर्ट दुनियां में अपना नाम पैदा कर चुका है और सारी दुनिया को अपनी तरफ़ खींचता है लेकिन यहां की भाषा का, यहां की कलचर का, रहन-सहन के तरीके को तबदील कैसे करना है इसके बारे में कोई ध्यान नहीं दिया जाता। मैं समझता हूं कि इस के लिए कोई non-official आदमी मुकर्रर कर दिया जाए जो इस पर विचार करे जिस के बारे में मैं ने पहले भी अर्ज़ किया था। पिछड़े हुए इलाके में तबदीली पैदा करने के लिये हंगामी कदम उठाने की ज़रूरत है। यह नहीं कि haphazard तरीके से किसी स्कीम पर ग़ौर किया और बाद में उसे इल्तवा में डाल दिया। हमें अच्छी तरह से सोच-विचार कर के planned तरीके से इस पिछड़े हुए इलाके की economy को improve करने की कोशिश करनी चाहिये।

अध्यक्ष महोदय : मैं आप से प्रार्थना करता हूं कि आप का वक्त खत्म हो चुका है। (I may tell the hon. Member that his time is over.)

राजा रघबीर सिंह : मैं ने तो जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर बहुत सी बातें कहनी थीं लेकिन मेरे notes धरे के धरे रह गये हैं।

अध्यक्ष महोदय : आप को ज़रूर फिर मौका मिलेगा। (He will certainly get another opportunity.)

डाक्टर बलदेव प्रकाश (अमृतसर शहर, पूर्व) : स्पीकर साहिब, पुलिस और General Administration पर जो रुपया खर्च हो रहा है उस के मुतअल्लिक demand पेश की गई है जो इस वक्त ज़ेरे बहस है। जहां तक इस सूबे का सवाल है अगर मैं यह कहूं कि पिछले दो-तीन सालों में यहां पर dictatorship कायम हो चुकी है और जमहूरियत का नामो-निशां नहीं तो यह कहना अत्युक्ति न होगी। मुझ से पहले बोलने वाले माननीय सदस्य जिन को, स्पीकर साहिब, आप ने बोलने का वक्त न दिया वह जिस बात को हाउस के सामने रखना चाहते थे वह बहुत अहम थी। इस से पहले भी बहुत दफा मैम्बरों की तरफ से ऐसी बातें कही गई हैं लेकिन मुख्य मन्त्री महोदय की तरफ से जिन से यह महकमा सम्बन्धित है कभी भी ठीक ढंग से जवाब नहीं दिया गया। पिछले दो सालों से सूबे के हालात सुधरे नहीं, दिन-ब-दिन खराब होते जा रहे हैं। जहां तक जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन का ताल्लुक है मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि पुलिस के सम्बन्ध में

[डा० बलदेव प्रकाश]

Sessions Judge ने यह remarks दिये कि पुलिस का काम यह है कि झूठे मुकदमे बना कर, झूठी गवाहियां देने के लिये आदमी तैयार करना और इस तरह से innocent आदमियों को झूठे मुकदमों में फंसाना। यह ख्यालात Opposition के नहीं बल्कि एक Sessions Judge के हैं जिस से पता चल सकता है कि पुलिस का काम किस तरह से चल रहा है। इस किस्म की सैंकड़ों मिसालें पहले भी हाउस में दी गई हैं लेकिन इन पर गवर्नमेंट ने कभी ठीक ढंग से विचार नहीं किया। क्या यह dictatorship नहीं कि अगर किसी आदमी के गवर्नमेंट पार्टी से विचार नहीं मिलते, उन का विरोधी है, तो उसे बुला कर cell में बंद कर दिया या गोली से उड़ा दिया ? यह जहनियत बिल्कुल ऐसी है कि एक आदमी को बुलाया और उसके खिलाफ अपने दो touts को गवाहियां देने पर मजबूर किया और जो सज़ा देनी चाही वह दिलवा दी। इस ढंग से पंजाब के अंदर पुलिस की कार्रवाई चल रही है। मैं, स्पीकर साहिब, आप के द्वारा हाउस का ध्यान तीन-चार महीनों की वारदातों की तरफ दिलाना चाहता हूं। हमारे मुख्य मन्त्री General Administration और law and order के बारे में कहा करते हैं कि जहां कहीं भी अनियमित रूप से कोई कार्रवाई हो, irregularity हो मैं उड़ कर वहां पहुंचता हूं और उसे दूर करने की कोशिश करता हूं। अभी वह दिन पंजाब की जनता को भूला नहीं जब हाल ही में पुलिस की कार्रवाइयों और पंजाब की lawlessness का जनाज़ा Supreme Court के सामने निकल रहा था। कुछ अर्सा के लिये कुछ आदमियों को धोखा में रखा जा सकता है, बहुत अर्सा के लिये शायद धोखे में रखा जा सकता लेकिन हमेशा के लिए सारी जनता को बुद्धू नहीं बनाया जा सकता। आज पंजाब की जनता सही मायनों में समझ चुकी है कि पंजाब के अंदर law and order का नामोनिशां नहीं और महकमा पुलिस में चारों तरफ अराजकता फैली हुई दिखाई देती है। पहले मैं ने Sessions Judge के remarks का हवाला दिया अब मैं अमृतसर के तीन-चार दिन पहले के वाकयात हाउस के सामने रखना चाहता हूं। पुलिस ने वहां एक आदमी संत कुमार को गिरफ्तार किया इस इलज़ाम में कि उस ने गुरद्वारे में cigarette फैंका है। चार दिन उसे पुलिस torture करती रही। उस ने कहा कि मेरा नाम बेशक संत कुमार है लेकिन धर्म की दृष्टी से मैं सिख धर्म को मानने वाला हूं, अगरचि केशधारी नहीं हूं लेकिन आप घर पर जा कर देखें तो मैं ने गुरू ग्रंथ साहिब रखा हुआ है और मेरा सारा परिवार सिख धर्म का अनुयायी है। चार दिन के बाद उस का केस withdraw हो गया और उस बेचारे को चार दिन खामखाह पुलिस की torture को बरदाश्त करना पड़ा। पुलिस अपना कर्तव्य छोड़ चुकी है और गवर्नमेंट अपने political opponents के खिलाफ, जिन्होंने कांग्रेस को अपना vote नहीं दिया; अपनी अदावत निकालने के लिये पुलिस की मार्फत इस ढंग से case खड़े कर देती है। इस तरह से

एक dictatorship सूबे के अंदर कायम हो गई है। पिछले दिनों अखबारों में इस बात का ज़ोर शोर से चर्चा किया गया कि वर्याम चन्द कादियां वाले और राजेन्द्र जिज्ञासु पर पुलिस ने बहुत से अत्याचार किये। सरकार को, जो न्याय के ढोल बजाती है, चाहिये था कि जनता में विश्वास पैदा करने के लिए और इस मामले की जांच के लिए D. I. G., Police से enquiry करवाती लेकिन कितनी शर्म की बात है कि बावजूद लोगों की चीखो-पुकार के हमारे चीफ़ मिनिस्टर के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी और 300 मील दूर बैठी हुई केन्द्रीय सरकार को अपना प्रतिनिधि भेज कर इस बात की enquiry करानी पड़ी। जब इस सूबे में इस प्रकार की घटनाएं हों तो इस सूबे के citizen होने के नाते या इस हाउस का मैम्बर होने के नाते मैं समझता हूं कि जमहूरियत नाम की चीज़ इस पंजाब के अंदर नहीं रही। जमहूरियत का यह मतलब है कि हर आदमी के दिल में विश्वास हो पर यहां जमहूरियत की बजाए dictatorship का दौर दौरा है।

मैं, स्पीकर साहिब, आप की विसातत से एक-दो और बातें पुलिस के सम्बन्ध में हाउस में रखना चाहता हूं। जिन दिनों मैं फिरोज़पुर जेल में था तो हकूमत Hindi Agitation के सिलसिले में नये-नये आदमियों को पकड़ कर लाती थी और उन पर फर्द जुर्म लगा कर उन्हें मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करती थी। मैजिस्ट्रेट की अदालत एक तमाशा बना हुआ था, पुलिस दुकानों पर बैठे हुए आदमियों को बुला कर मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश करती थी। उस मैजिस्ट्रेट के remarks मैं हाउस को बताना चाहता हूं जिन्होंने कहा कि अंग्रेज़ की सरकार जैसा आप लोगों से सलूक करती थी वैसे ही आप लोगों की सरकार आप से सलूक कर रही है। मेरे कहने का मतलब यह है कि अंग्रेज़ों के चले जाने के बाद भी हम लोग ऐडमिनिस्ट्रेशन में परिवर्तन लाने में कामयाब नहीं हुए। हमें पुलिस की ज़हनियत को बदलना चाहिये, उन्हें ठीक ढंग से काम करने की प्रेरणा करनी चाहिये लेकिन हम देखते हैं कि इतनी भारी रकम पुलिस पर व्यर्थ खर्च की जा रही है। पुलिस पर यह किया गया खर्च व्यर्थ न जाए। हम ने उन्हें अधिकार दिये हैं। स्वतंत्रता की रीति से सोचने और विचारने का अधिकार दिया है। हमारी नागरिकता का और जनता का संरक्षण करने वाली General Administration और Police है। अगर यह नहीं है तो 8, 10 करोड़ रुपया जो हम General Administration और Police पर खर्च कर रहे हैं यह अपव्यय किया जा रहा है। असल हालत तो यह है। अभी इन्हीं benches पर से एक आदमी ने कहा कि reports नहीं लिखी जातीं। आम शहरों में यह हालत है कि अगर किसी आदमी ने report लिखवानी हो तो वह सीधा थाने में नहीं जाता। पहले वह किसी कांग्रेसी के घर जाता है, सिफारिश ढूंढता है। सिफारिश लेकर वह कोतवाली को जाता है। जब तक सिफारिश न होगी Police का थानेदार बात ही नहीं करेगा, report लिखनी तो दरकिनार रही। ऐसी व्यवस्था है कि किसी वक्त भी थाने में पहुंच जाएं या कोतवाली में जाएं वहां दो-चार कांग्रेसी workers बैठे मिलेंगे।

[डा० बलदेव प्रकाश]

पुलिस की यह व्यवस्था बनी हुई है। पुलिस को कुछ खास हाथों की कठपुतली बना दिया गया है और वह उनके इशारों पर चलती है । क्या यह असमानता नहीं है ? किस ढंग से यह काम चलाना चाहिए, उसके ऊपर ध्यान ही नहीं दिया जाता ।

स्पीकर साहिब, पुलिस के बारे में दो-चार बातें आपके सामने रखने से पहले मैं एक-दो बातें और रखना चाहता हूं । वे यह हैं कि सरकारी services के अंदर आज इस प्रकार की मनोवृत्ति बन चुकी है कि जो अफसरान सरकार के साथ या Ministers के साथ या हमारे मुख्य मंत्री महोदय के साथ सहमत हो कर चल सकते हैं उनका तो गुजारा हो सकता है अन्यथा मैं समझता हूं कि सरकारी services के अंदर जो appointments होती हैं, transfers होती हैं, actions लिए जाते हैं वे सारे के सारे इस ढंग से होते हैं जिस से कि administration और राज्य सत्ता बदनाम हो। मैं आपको administration की एक बात बताता हूं। मुझे यहां चंडीगढ़ में गिरफ्तार किया गया । उसके बाद Magistrate के सामने पेश किया गया। उसने मुझे अगली तारीख दे दी। वह मुझे जानता था कि मैं M.L.A. हूं । Qualification के लिहाज़ से भी मैं better class लेने का हकदार था । मैंने डाक्टरी पास की हुई है। मैंने उन्हें better class देने के लिए कहा । उन्होंने मुझे बुलाया और मैंने उन्हें कहा कि अगर आप मुझे better class दे दें तो सरदार प्रताप सिंह आपको निकाल नहीं देंगे । इस पर Prosecuting Inspector ने भी उन्हें कहा कि आप better class दे सकते हैं, आपको अधिकार है । लेकिन उस व्यक्ति ने यह चीज़ नहीं मानी क्योंकि वह चाहता था कि मैं मुख्य मंत्री की better books में रहूंगा । उसने वहां मुझ पर फर्द जुर्म लगा कर मुझे वैसे का वैसा फिरोज़पुर जेल में भेज दिया। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह बिल्कुल असाधारण सी बात है कि जिन services का morale यहां तक गिर चुका हो कि मुख्य मंत्री के इशारे जिस तरह से दिये जाते हों उसी तरह से वे काम किये जाते हों और हर एक कार्यवाही उनकी मर्ज़ी के मुताबिक की जाती हो । मैं यह तो नहीं कहता कि यह कार्यवाही communal तौर पर की जाती है; लेकिन, स्पीकर साहिब, आप अंदाज़ा लगाएं कि इस तरह ऐसे हालात में इस सूबे में General Administration का क्या स्वरूप हो सकता है ।

मैं आपको appointments के बारे में बतलाता हूं कि पटियाला Medical College में appointments हुईं । सारी की सारी ऐसी appointments हुईं। वहां ऐसे आदमी प्रोफैसर बनाए गए जिन का एक दिन का भी teaching experience नहीं हालांकि 5 साल का experience होना चाहिए । अपनी मर्ज़ी से बनाए गए..... (विघ्न) (चकबंदी तथा स्वास्थ्य मंत्री : यह गलत बात है ।) (स्वास्थ्य उपमन्त्री : यह गलत है ।) यह गलत नहीं है, ठीक है । Indian Medical Council ने

अभी तक उस को approve नहीं किया और वे appointments अभी तक regularize नहीं हुई । स्पीकर साहिब, अब मैं आपके सामने एक बात और रखना चाहता हूं कि अमृतसर में इन्होंने Assistant Professor of Psychiatry रखा है । Minister साहिब यहां बैठे हैं, यही बताएं कि क्या उस आदमी का एक दिन का भी experience है ?

अध्यक्ष महोदय : थोड़ा सा फर्क रखें । (Please differentiate a little.)

चकबंदी तथा स्वास्थ्य मंत्री : अभी तो Medical की demand पर बहस नहीं हो रही ।

डाक्टर बलदेव प्रकाश : मैं तो General Administration की बात कर रहा हूं । तो, स्पीकर साहिब, हमारे सूबे के अंदर इस तरह की व्यवस्था है। इस वक्त सारे के सारे महकमों के अंदर इस तरह की irregularities चल रही हैं कि जिसकी कोई सिफारिश है, जो अपने काम से मुख्य मंत्री को खुश कर सकते हैं उनके लिए तो सब कुछ ठीक है, उनके लिए तो जगह है। अगर कोई इस तरह से नहीं कर सकता उसके लिए कोई जगह नहीं। जो खुश कर सकता है उसकी तो 24 घंटे से पहले २ wireless message से ही transfer भी हो जाएगी, बदली भी हो जाएगी, और भी कहीं जगह दिला दी जाएगी। इसके अंदर मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर इस प्रांत की general administration को हम ठीक चलाना चाहते हैं तो हमें इन चीज़ों से ऊपर उठकर चलना पड़ेगा और हकूमत इस तरह से चलानी पड़ेगी जिस से कि हमारी services का morale ठीक हो । अगर किसी के साथ injustice हुआ है, अगर किसी की juniority या seniority ठीक ढंग से निश्चित नहीं की गई तो उसे ठीक करना चाहिए। एक नहीं ऐसे सैंकड़ों cases मुख्य मन्त्री के पास भेजे गए हैं । अगर House के पास वक्त हो तो मैं कह सकता हूं कि जो junior थे उन्हें senior बनाया गया है और senior को junior बनाया गया है। इस सूबे के अंदर इस ढंग की बातें चलती हैं । फिरकाप्रस्ती की बात तो मैं नहीं कहना चाहता कि यहां लोगों को कैसे लगाया गया है। फिरकाप्रस्ती, देहाती या शहरी की तमीज़ यह बातें तो हम छोड़ दें। मगर होता इसके बिल्कुल उल्ट है । फिरकाप्रस्ती के आधार पर key position दी जाती है। यहां पर यह बातें चल रही हैं। अभी अभी बहुत से मेम्बरान ने खोसला report की बात करने को कहा। मैं समझता हूं कि हम उस report पर कोई भी remark नहीं देना चाहते । हम चाहते हैं कि इस देश में कोई न कोई sanctity बनी रहे इस लिये हमें Supreme Court और High Court पर वह sanctity प्रदान करनी चाहिए । केवल यही खोसला report ही नहीं, पिछले 2 साल का समय जो है उसका इतिहास inquiries का ही इतिहास है । इन दो सालों के अंदर श्रीमन्नारायण inquiry हुई, फालशा inquiry हुई, Justice कपूर

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

inquiry हुई और फिर यह inquiry खोसला साहिब ने की । इन inquiries को सामने रख कर हमें सोचना पड़ेगा । यह नहीं कि अगर कपूर inquiry आ गई तो हम खुश हो गए और अगर खोसला inquiry आ गई तो Treasury Benches वाले खुश हो गए कि बहुत अच्छा काम है जो हो गया । लेकिन मैं उसे अच्छा नहीं समझता । Government जनता के साथ मुकाबले में लाखों रुपया बहा सकती है । Government अच्छे से अच्छे आदमी अपने लिए बुला सकती है, जैसा कि खोसला report के अंदर हुआ । अगर Government चाहती थी कि ठीक ढंग से न्याय हो, ठीक ढंग से inquiry हो तो एक छोटे से छोटे आदमी को बुला कर उस से काम चलाया जा सकता था । लेकिन मैं उसकी गहराई में न जाता हुआ सिर्फ इतना ही कहूंगा कि खोसला साहिब ने अपनी report में यह बात लिखी है और साफ शब्दों में लिखी है कि Police ने जो miscreants थे उन्हें कई दफा अंदर धकेला ; वे कई दफा बाहर आए इस ने उन्हें फिर अंदर धकेला । मैं House के सामने यह कहना चाहता हूं कि अगर यह police पहले से ही efficient होती तो यह व्यवस्था रोकी जा सकती थी । खोसला साहिब ने लिखा है कि यह दो आदमियों का मरना रोका जा सकता था; हालात ऐसे हो गए थे। यह ठीक है कि गोली चलानी ज़रूरी हो गई थी । उस से पहले Police प्रबंध कर सकती थी । Police के अफसरान इसका प्रबन्ध कर सकते थे; बजाए इसके कि वे ऐसा करने से वंचित रहे । इस सूबे के अंदर जब ऐसी व्यवस्था हुई तो Police का फर्ज़ था कि जो miscreants अंदर से आते उन्हें बाहर धकेलती । इस प्रकार के साथ रहती तो आगे की जो व्यवस्था पैदा हुई जबकि Police को मजबूर हो कर गोली चलानी पड़ी, वह न आती । इसका मतलब यह है कि Police होशियारी और सावधानी से काम नहीं ले रही । अफसरान के ऊपर 25, 30 हज़ार रुपया खर्च करके उन्हें बचा लिया गया है । इस में कोई सफलता नहीं है । उस से यह बात नहीं हो सकती । इसलिए जितनी भी inquiries हुई हैं वे हमारे सामने हैं । इन सारी इन्क्वायारीज़ से हम एक अन्दाज़े पर पहुंच सकते हैं कि पिछले दो साल के अन्दर इस सूबे के अन्दर क्या कुछ होता रहा है । किस प्रकार धार्मिक और साम्प्रदायिक भावनाएं उत्तेजित होती रही हैं। और हम किस प्रकार इन चीज़ों को रोक सकते हैं, हम किस प्रकार पुलिस और जनरल एडमिनिस्ट्रेशन के द्वारा इस चीज़ को रोक सकते हैं। यह सारी चीज़ आज हम ने सोचनी है । एक बात मैं और कहना चाहता हूं जैसा मैं ने पहले यह कहा कि जमहूरियत के अन्दर सब से मुख्य बात यह है कि जनता के अन्दर हम यह विश्वास पैदा कर सकें कि यह सरकार उन की अपनी है, जनता की सरकार है और जनता की भलाई के लिए है । सरकार जनता की है, जनता के अधिकारों की रक्षा के लिये है, और जो अधिकार विधान ने जनता को दिये हैं उन को ठीक

ढंग से जनता अपने पास रख सके इस बात के लिये हकूमत कायम की गई है। होता क्या है? आज की अवस्था इस के बिल्कुल उलट है, हमारी सरकार हमारे अधिकारों की रक्षा के लिये नहीं है। आज कोई भी इन्सान, कोई भी नागरिक इस सूबे का अपने आप को पूर्णतः सुरक्षित नहीं समझता। वह यह नहीं समझता कि वह एक आदर्श और अच्छे ढंग की जमहूरियत के अन्दर रह रहा है। इस चीज़ की ज़िम्मेदारी किस पर है? इस चीज की जिम्मेदारी हमारी सरकार के ऊपर है। बिल्कुल सीधे तरीके से इस की जिम्मेदारी हमारे मुख्य मन्त्री के ऊपर आती है क्योंकि वही इन डिपार्टमेंट्स के इन्चार्ज हैं। अपने भाषण को समाप्त करता हुआ मैं यह कहूंगा कि पिछले दो सालों से जो जिम्मेदारी हमारे मुख्य मन्त्री ने अपने ऊपर ली थी उस को निभाने में बिल्कुल असफल रहे हैं। हालात यहां तक बिगड़ चुके हैं कि आज ज़रूरत है कि दोबारा जनता को विश्वास दिलाया जाए कि यह सरकार ठीक ढंग की सरकार है और इस में भ्रष्टाचार नहीं हो सकता, जमहूरियत की सरकार है, इस में अपने ही रिश्तेदारों को परमिट नहीं मिलते बल्कि दूसरों को भी लेने का अधिकार है, इस में झूठे मुकदमे नहीं बनाए जा सकते, इस प्रकार का विश्वास दोबारा जनता के अन्दर पैदा करने की ज़रूरत है। जब हम दस करोड़ के करीब रुपया पुलिस के ऊपर खर्च कर रहे हैं तो यह विश्वास जनता के हृदय में फिर से कायम करना पड़ेगा। पिछले साल हमारे मुख्य मंत्री ने कहा था कि यह सरकार जनता की सेवा के लिये ही बनी है, मैं ने बड़ी सेवाएं की हैं और सेवा के लिए मेरा शरीर बना है। मैं समझता हूं कि आज सूबे की जनता के धैर्य का बान्ध टूट गया है, उन का पेट इन की सेवाओं से भर चुका है। यदि वह फिर से जनता के मन में सेवाओं का विश्वास पैदा करना चाहते हैं, यह ज़ाहिर करना चाहते हैं कि यह सरकार जमहूरियत के ढंग से काम करेगी तो मैं समझता हूं कि आज वह मुख्य मन्त्री का स्थान छोड़ कर किसी और को दे दें। तभी यह विश्वास जनता के मन में पैदा हो सकता है।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਮ ਸਿੰਘ ਕਿਰਤੀ (ਕਰਤਾਰਪੁਰ, ਜਨਰਲ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਏਸ ਵਕਤ ਜਿਹੜੀਆਂ ਦੋ ਆਈਟਮਜ਼ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਪੇਸ਼ ਹਨ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਸਪੋਰਟ ਕਰਨ ਲਈ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦੇ ਵਿਚ ਪਿਛਲੇ ਵੇਲੇ ਦੀ ਜਨਰਲ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਔਰ ਪੁਲਿਸ ਵੇਖੀ ਹੈ ਅਤੇ ਹੁਣ ਵਾਲੀ ਜਨਰਲ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਅਤੇ ਪੁਲਿਸ ਵੇਖੀ ਹੈ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦੇ ਵਿਚ ਪਹਿਲਾ ਅਤੇ ਹੁਣ ਦਾ ਨਿਜ਼ਾਮ ਵੇਖਿਆ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਕਹੇ ਬਗੈਰ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦੇ ਕਿ ਹੁਣ ਵਾਲਾ ਨਿਜ਼ਾਮ ਪਿਛਲੇ ਨਿਜ਼ਾਮ ਨਾਲੋਂ ਹਜ਼ਾਰ ਦਰਜੇ ਬਿਹਤਰ ਅਤੇ ਅੱਛਾ ਨਿਜ਼ਾਮ ਹੈ। ਥੋੜ੍ਹੇ ਦਿਨਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਦੇ ਵਿਚ ਪੁਲਿਸ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਲੋਕਾਂ ਅਗੇ ਹਥ ਜੋੜਦੀ ਰਹੀ ਹੈ, ਕਪੜੇ ਪੜਵਾਉਂਦੀ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਮਾਰ ਖਾਂਦੀ ਰਹੀ ਹੈ। ਲੋਕਾਂ ਦੀਆਂ ਮਿਨਤਾਂ ਕਰਦੀ ਰਹੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਫਿਰ ਭੀ ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਚੰਗੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਜਾਲੰਧਰ ਦਾ ਵਾਕਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ, ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਮੈਂਬਰ ਨੇ ਇਕ ਲਫਜ਼ ਇਸ ਦੀ ਬਾਬਤ ਇਸਤੇਮਾਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਸਿਰ ਤੇ ਇੱਟਾਂ ਪਈਆਂ, ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ

[ਸਰਦਾਰ ਕਰਮ ਸਿੰਘ ਕਿਰਤੀ]

ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਿਰ ਪਾਟੇ ਅਤੇ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤੰਗ ਆਕੇ ਹਥਿਆਰ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰਨੇ ਪਏ ਤਾਕਿ ਆਪਣੀ ਜਾਨ ਬਚਾ ਸਕਣ । ਅਸਾਂ ਪਿਛਲੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਦੀ ਪੁਲਿਸ ਵੇਖੀ ਹੈ । ਕਿਸੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਕੋਈ ਪੁਲਿਸ ਦਾ ਆਦਮੀ ਵਰਦੀ ਵਾਲਾ ਚਲਾ ਜਾਵੇ, ਉਸ ਦਾ ਜੇ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵਰਦੀ ਦਾ ਕਪੜਾ ਪਾਟ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਤਾਂ ਪਿੰਡ ਦਾ ਜੋ ਹਾਲ ਹੁੰਦਾ ਸੀ ਉਹ ਬਿਆਨ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ । ਸਾਰੇ ਦੇ ਸਾਰੇ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਵਿਚ ਤਾਜ਼ੀਰੀ ਪੁਲੀਸ ਬਿਠਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਸੀ ਅਤੇ ਅਜਿਹੇ ਅਤਿਆਚਾਰ ਹੁੰਦੇ ਸਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਸਰਾਹ ਨਹੀਂ ਸੀ ਸਕਦਾ । ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਮੰਨਣਾ ਪਏਗਾ ਕਿ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੇ ਰਾਜ ਦੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ ਪੁਲਿਸ ਅਤੇ administration ਸੀ ਹੁਣ ਦੀ ਪੁਲਿਸ ਅਤੇ administration ਉਦੇ ਨਾਲੋਂ ਹਜ਼ਾਰ ਦਰਜੇ ਚੰਗੀ ਹੈ । ਇਹ ਕਹਿ ਕੇ ਹੀ ਬਸ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਕਿ ਹੁਣ ਦੀ ਪੁਲਿਸ ਉਸ ਪੁਲਿਸ ਨਾਲੋਂ ਹਜ਼ਾਰ ਦਰਜੇ ਚੰਗੀ ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚ ਕਈ improvements ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਪਹਿਲੇ ਗੁਲਾਮ ਸਾਂ, ਹੁਣ ਅਸੀਂ ਆਜ਼ਾਦ ਹਾਂ । ਹੁਣ ਸਾਨੂੰ ਦੁਨੀਆਂ ਦੇ ਆਜ਼ਾਦ ਦੇਸ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨਾ ਹੈ । ਜਦੋਂ ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ administration ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਬਾਹਰ ਦੇ ਮੁਲਕਾਂ ਦੀ administration ਨਾਲ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਵੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲੋਂ ਕਈ ਦਰਜੇ ਪਿਛੇ ਹਾਂ ਅਤੇ ਸਾਡੇ ਵਿਚ ਬਹੁਤ ਕਮੀਆਂ ਹਨ । ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਬਾਹਰਲੇ ਮੁਲਕਾਂ ਦੇ ਅਫਸਰਾਂ ਦੇ ਸਿਰ ਉਪਰ ਜਿਹੜੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਜਦੋਂ ਉਹ convince ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਕਿਸੇ case ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਤਾਂ ਉਹ ਫੌਰਨ ਹੀ ਫੈਸਲਾ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ । ਪਰ ਐਥੇ ਕਾਗਜ਼ ਪਟਵਾਰੀਆਂ ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ Chief Minister ਤੱਕ ਭੌਂਦੇ ਫਿਰਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ । ਜੂੰ ਜੂੰ ਕਾਗਜ਼ ਉਪਰ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਤੂੰ ਤੂੰ man concerned ਵੀ ਨਾਲ ਨਾਲ ਹੀ ਭੌਂਦਾ ਰਹਿੰਦਾ ਹੈ । ਆਖਰ ਵਿਚ ਇਕ ਥਾਂ ਅਜਿਹਾ ਆਉਂਦਾ ਹੈ ਜਿਥੇ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਲਗਦਾ ਕਿ ਕਾਗਜ਼ ਕਿਥੇ ਗਏ । ਲੋਕ ਮਨਿਸਟਰਾਂ ਦੀਆਂ ਕੋਠੀਆਂ ਵਿਚ ਫੇਰੇ ਮਾਰਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ । ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਸਲ ਗੱਲ ਕੀ ਹੈ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਿੰਮਤ ਫੈਸਲਾ ਦੇਣ ਦੀ ਨਹੀਂ ਪੈਂਦੀ । ਉਹ ਆਪਣੇ remarks ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੇ ਕਿ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਤੁਹਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਦਾ ਇਹ ਹਾਲ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਗੱਲ ਤਾਂ ਠੀਕ ਹੈ, ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਇਹੋ ਫੈਸਲਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਪਰ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ, ਮੈਂ ਕੇਸ ਹੇਠਾਂ refer ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਰਿਪੋਰਟ ਮੰਗਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ । ਸਾਡੀ administration ਬੜੀ heavy ਅਤੇ ਲੰਮੀ ਹੈ । ਖਤਮ ਹੋਣ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ । ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਕ ਆਦਮੀ ਕੁਝ ਦਿਨ ਹੋਏ ਕਿਸੇ ਬਾਹਰਲੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚੋਂ ਆਇਆ । ਉਸ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਹਥਿਆਰ ਲਈ licence ਦੀ ਲੋੜ ਸੀ । ਉਸ ਨੇ S. P. ਨੂੰ application ਦਿੱਤੀ । S. P. ਨੇ ਉਸ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਤੂੰ ਬੜਾ ਭਲਾਮਾਨਸ ਹੈਂ ਸਭ ਕੁਝ ਠੀਕ ਹੈ ਪਰ ਮੈਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ licence ਨਹੀਂ renew ਕਰ ਸਕਦਾ, ਮੈਂ Inspector ਨੂੰ ਕਾਗਜ਼ ਭੇਜਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਉਸ ਤੋਂ ਰਿਪੋਰਟ ਮੰਗਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ । ਉਹ ਆਦਮੀ Inspector ਕੋਲ ਗਿਆ । ਪਰ Inspector ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਮੈਂ ਥਾਣੇਦਾਰ ਕੋਲੋਂ ਰਿਪੋਰਟ ਮੰਗਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ, ਜਦ ਤੱਕ ਉਸ ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੀ

ਉਸ ਵੇਲੇ ਤੱਕ ਮੈਂ licence ਨਹੀਂ renew ਕਰ ਸਕਦਾ। ਕਾਗਜ਼ ਥਾਣੇਦਾਰ ਕੋਲ ਗਏ। ਥਾਣੇਦਾਰ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਹ ਸਭ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਤੂੰ ਆਦਮੀ ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਹੈਂ ਪਰ ਮੀਰ ਮੁਹੱਲੇਦਾਰ ਦੀ ਰਿਪੋਰਟ ਆਉਣੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ। ਉਹ ਵਿਚਾਰਾ ਮੀਰ ਮੁਹੱਲੇਦਾਰ ਕੋਲ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਵੇਖੋ ਕਿ S. P. ਇਹ ਗੱਲ ਜਾਣਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਵੀ ਕਿ ਉਹ ਆਦਮੀ ਭਲਾਮਾਨਸ ਹੈ ਉਸ ਦਾ licence renew ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਆਪਣੇ ਸਿਰ ਤੇ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨਹੀਂ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ। ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ Inspector ਵੀ ਨਹੀਂ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਲੈਂਦਾ। ਥਾਣੇਦਾਰ ਵੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਅਗਲੇ ਤੇ ਸੁਟਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਆਖਰੀ ਫੈਸਲਾ ਮੀਰ ਮੁਹੱਲੇਦਾਰ ਤੇ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਕੋਈ ਵੀ ਅਫਸਰ ਆਪਣੇ ਸਿਰ ਤੇ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨਹੀਂ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ। ਦੂਸਰਿਆਂ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਦਾ ਵੀ ਇਹੋ ਹਾਲ ਹੈ। ਅਫਸਰ ਜਾਣਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਕੰਮ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਕੋਈ ਵੀ ਆਪਣੇ ਸਿਰ ਤੇ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨਹੀਂ ਲੈਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ। ਜਦੋਂ ਕੋਈ ਅਜਿਹੀ ਗਲ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ Secretary ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਨੀਚੇ ਜਾਉ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਆਖਿਰ ਵਿਚ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਗਰੀਬ clerk ਦੀ ਆ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ avoid ਕਰਨਾ ਪਵੇਗਾ। ਕਾਗਜ਼ ਇਕ ਦਫਤਰ ਤੋਂ ਦੂਸਰੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਪਏ ਫਿਰਦੇ ਹਨ। ਅਸੀਂ ਹੁਣ ਆਜ਼ਾਦ ਹਾਂ ਅਤੇ ਅਸਾਂ ਦੂਸਰੇ ਆਜ਼ਾਦ ਮੁਲਕਾਂ ਨਾਲ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕਰਨਾ ਹੈ।

ਦੂਜੇ ਦੇਸ਼ਾਂ ਦੇ ਲੋਕ ਇਥੇ ਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਭਾਖੜਾ ਵੇਖ ਕੇ ਚਲੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ ਬੜੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਪਰ ਜਦੋਂ administration ਵਲ ਵੇਖਣ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ

5 p. m.

ਨੂੰ ਕਹਿਣਾ ਪਵੇਗਾ ਕਿ ਇਥੋਂ ਦੀ administration ਦੂਜੇ ਮੁਲਕਾਂ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਵਿਚ ਬੜੀ weak ਹੈ—irresponsible administration ਹੈ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੀ attention ਇਸ ਪਾਸੇ ਲਗਾਉਣੀ ਪਵੇਗੀ ਕਿ ਇਸ ਨੂੰ responsible ਬਣਾਇਆ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਸਾਹਮਣੇ ਆਪਣੀ ਅੱਖ ਉੱਚੀ ਕਰ ਸਕੀਏ। ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਹਲਕੇ ਦੀ ਗੱਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਅਕਤੂਬਰ ਵਿਚ ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਹੋਇਆ ਕਿ ਜਿਥੇ ਹੜ੍ਹ ਆਏ ਹਨ ਉਥੇ ਉਥੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਮਾਮਲਾ ਮੁਆਫ਼ ਕਰਾ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਅਕਤੂਬਰ ਦਾ ਇਹ ਫ਼ੈਸਲਾ ਹੈ ਪਰ ਉਹ ਮਾਮਲਾ ਡੰਡੇ ਦੇ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਉਗਰਾਹਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਤਿੰਨ ਵਾਰੀ ਮੈਂ ਖੁਦ ਇਥੇ ਆਇਆ ਪਰ ਕਾਗਜ਼ਾਂ ਵਿਚ ਕਾਰਵਾਈ ਹੁੰਦਿਆਂ ਹੁੰਦਿਆਂ 6 ਮਹੀਨੇ ਲਗ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਆਰਡਰ ਹੋ ਚੁਕੇ ਹੋਏ ਹਨ ਪਰ implement ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਅਫ਼ਸਰ ਸੁਣਦੇ ਹੀ ਨਹੀਂ, ਪਰਵਾਹ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦੇ। ਇਹ ਮਾਮਲਾ ਮੈਂ D. C. ਦੇ ਨੋਟਿਸ ਵਿਚ ਲਿਆਂਦਾ, ਉਸ ਨਾਲ ਗਲ ਬਾਤ ਕੀਤੀ; Public Relations Committee ਵਿਚ raise ਕੀਤਾ ਕਿ ਇਸ ਆਰਡਰ ਦੀ implementation ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਪਰ D. C. ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ ਆਰਡਰ ਹੀ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਕਿਹਾ ਕਿ Orders ਹੋ ਚੁਕੇ ਹਨ ਇਸ ਦੀ ਕਾਪੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਖਾਈ ਪਰ ਕਹਿਣ ਲਗੇ ਇਹ ਸਾਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ implementation ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। Orders ਇੰਜ ਹੀ ਹੁੰਦੇ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਅਸੀਂ ਜਾਣਦੇ ਹਾਂ ਕਿ comply ਹੋ ਸਕਦੇ ਹਨ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿ ਕੇ ਖਤਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤੱਕ administration ਦੀ ਹਾਲਤ improve ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ—ਭਾਵੇਂ ਇਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਅੱਗੇ ਨਾਲੋਂ ਕਾਫ਼ੀ

[ਸਰਦਾਰ ਕਰਮ ਸਿੰਘ ਕਿਰਤੀ]
ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਿ ਹੋਰ improvement ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ; ਇਸ ਨੂੰ improve ਕਰਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਜਦੋਂ ਤਕ ਇਸ ਵਿਚ all round improvement ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਅਸੀਂ ਦੂਜੇ ਮੁਲਕਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार (नूह) : स्पीकर साहिब, आज जो रुपया हम मंज़ूर करने जा रहे हैं वह मिनिस्टरों के लिए भी हैं, वह सैक्रेटरियों के लिए भी—बड़े बड़े सैक्रेटरियों के लिए, वह पुलिस के लिए भी है।

एक आवाज़ : और वह आप के लिए भी है।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : उस में हमारे लिए भी है और, स्पीकर साहिब, जनाब के लिए भी रुपया है। अच्छी बात है। बहरहाल मैं आप की ख्वाहिश के मुताबिक़ उसी के अन्दर रह कर कुछ अर्ज़ करूंगा। अगर्चे जो सैक्रेटरी साहिबान हैं वह असल गवर्नमैंट हैं। मिनिस्टर साहिबान का हुकम होता है और वह उस को carry out करते हैं । मिनिस्टर साहिबान पालिसी chalk out करते हैं और वह उस को आगे बढ़ाते हैं। इसलिए अगर किसी सैक्रेटरी की बाबत शक हो कि उस ने अपने महकमा को ठीक नहीं रखा तो उस के बारे में आप की यह राय है कि चूंकि वह directly इस तसवीर में नहीं आता, इस बजट की तसवीर में नहीं आता इसलिए उस का बजट के साथ, इस की बहस के साथ ताल्लुक नहीं जोड़ा जा सकता । लेकिन मैं तो यह अर्ज़ करूं कि हमारा हक है कि हम उन secretaries के खिलाफ़, आप की सरकार की पालिसी के खिलाफ़, आप के Socialistic Pattern of Society का जो मक़सद है, मंज़िल है उस की तरफ न जाकर, Directors, Joint Directors, Assistant Directors और इसी तरह की बीसियों नौकरियां, services यानी आसामियां पैदा करके गवर्नमैंट के रास्ता में रुकावटें पैदा करते हैं । हमारा यह अधिकार है, हक है कि उन के कामों पर नज़र रख कर आप के ज़रिये गवर्नमैंट को कहें कि उन के ये तरीके, उन के ये काम गलत हैं, इन को discourage किया जाना चाहिए । क्यों ? वह इसलिए कि वही असल में इस गवर्नमैंट को चलाने के ज़िम्मेदार हैं ।

बहर हाल, स्पीकर साहिब, मुझे रंज है, इस बात का कि जहां आप यह तवक्को करते हैं कि यहां पर मेम्बर साहिबान इस हाऊस का पूरा पूरा एहतराम करें, अपने स्पीकर का पूरा पूरा एहतराम करें, वहां मैं यह भी तवक्को करता हूं कि जब हम उन के लिए लाखों रुपया मंज़ूर करते हैं—न सिर्फ उन की तन्ख़ाहों के लिए, उन की कारों के लिए, उन के बंगलों के लिए, उन के हाली मव्वालियों के लिए, तो हम यह भी उम्मीद करते हैं कि वह इस हाऊस के साथ किसी तरह से बेइन्साफ़ी न करें ।

ग्रभी कल ही हम ने देखा कि पार्लियामेंट के ग्रन्दर पंडित जवाहर लाल जी ने जिन पर दुनिया फख्र करती है, जिन के ऊपर हम फख्र करते हैं, जिन के ऊपर हमारे वज़ीर साहिबान फख्र करते हैं ग्रौर जिन की बदौलत ग्राज हम यहां पर पर बैठे हुए हैं, उन्होंने ग्रपने दामाद महबूब मिस्टर फिरोज़ गान्धी के यह एतराज़ करने पर कि "मुंधरा डील" में एक बड़ा भारी स्कैंडल हुग्रा है, बजाए इस के कि उस पर किसी तरह से नाराज़गी जाहिर की उन के साथ किसी तरह से खफ़ा होते, वह उस केस की जांच-पड़ताल करते हैं ग्रौर जांच पड़ताल करके ऐसे हालात में जब कि international तौर पर मिस्टर टी.टी. कृष्णमाचारी की मुल्क को शायद ग्रशद ज़रूरत थी इस बात का ख्याल न करते हुए सिर्फ़ इस बात का ख्याल करते हुए कि जिस राह पर मैं जा रहा हूं उस से मुल्क की वाहिद जमायत कांग्रेस की इज़्ज़त बढ़ती है, उसकी इज़्ज़त बचती है, देश की इज़्ज़त बचती है ग्रौर administration को पाक ग्रौर साफ रखने की खातिर administration को encourage करने के लिए उन्होंने ग्रपने बड़े से बड़े साथी Finance Minister को Cabinet से ग्रलग कर दिया। न सिर्फ उन्हीं को ग्रलग कर दिया बल्कि जो ग्रौर सैक्रेटरी साहिबान उन के ग्रलावा भी उस deal में involved थे उन को भी ग्रलग करने के लिए कार्यवाही की जा रही है, उन के खिलाफ़ मुक़दमे बनाए जा रहे हैं, उन के खिलाफ़ action लिया जा रहा है, उन के cases Anti-Corruption Staff को enquiry कराने के लिए दिए जा रहे हैं। लेकिन इस के बरखिलाफ इधर यह हालत है कि जब हमारे एक मुग्रज़िज़ साथी ने खड़े हो कर यह ग्रर्ज़ की कि कालका-शिमला के परमिट जो दिए गए हैं उन के ग्रन्दर भी एक स्कैंडल छिपा है, जब उन्होंने कहा कि परमिट न मालूम किस को दिए गए, किस को नहीं दिए गए—करतार सिंह है, राम लाल है, फलां है फलां है—जिन का एड्रैस भी नहीं दिया गया। इस तरह का जब उन्होंने चर्चा किया तो बजाए इस के कि हमारी सरकार उन की बातों की तरफ कोई ध्यान देती कि एक मुग्रज़िज़ मैम्बर साहिब ने definitely एक बात कही है जिस से Corruption की बू ही नहीं ग्राती बल्कि साफ़ तौर पर नज़र ग्राती है तो उस पर कोई ऐक्शन लिया जाए, उस का serious notice लिया जाए, कल मैंने ग्रखबार में पढ़ा कि मिनिस्टर साहिब ने फ़रमाया कि "किसी बेवकूफ़ के कहने पर मैं enquiry कराने के लिए तैयार नहीं। यह तो कुछ बात नहीं, यह तो मामूली बात है"। यह बात नहीं है। ग्रगर यह मामूली बात होती तो क्यों यहां पर इतना वावेला होता ? ग्रक्सर परमिटों में स्कैंडल हुग्रा है। क्यों एक ग्रादमी को जो कि पहले भी यह काम करता था दोबारा परमिट न दिया गया? क्यों दूसरों को परमिट दिए गए जिन को इस काम का पहले बिल्कुल इल्म नहीं? क्या ग्रजीब बात है कि जब यह सवाल उठाया गया तो उन्होंने जवाब में यह फ़रमाया कि इन्होंने इसलिए यह एतराज़ किये हैं क्योंकि इन्होंने परमिट मांगे थे ग्रौर उन को न दिए गए। इसलिए यह इस तरह की बातें करते हैं। स्पीकर साहिब, मुझे इस

[मौलवी अब्दुल गनी डार]
बात का अज़हद रंज हुआ है कि जिन मिनिस्टरों की हम इतनी इज्ज़त करते हैं, जिन मिनिस्टरों के लिए स्टेट के खर्च पर इतना शानदार इन्तज़ाम करते हैं, जिन की शान को कायम करने के लिए हम बड़े-बड़े बंगले बनवाते हैं, उन की कारों का इन्तज़ाम करते हैं—चाहे वह लाखों मील सफ़र करें, हज़ारों मील सफर करें, हम खुश आमदीद कहते हैं, वहां अगर अपने साथियों के लिये बेवकूफ़ का लफ़्ज़ इस्तेमाल करें तो उन्हें अपने कहे पर अफ़सोस होना चाहिए। मैं अब भी कहता हूं कि अगर enquiry कराई जाए तो चाहे ट्रांस्पोर्ट के परमिट हों, कोल डिपो के परमिट हों, स्टील के परमिट हों, इम्पोर्ट के हों और चाहे ऐक्सपोर्ट के हों, मैं दावे से कह सकता हूं कि उन में से बहुत सी बातों के राज़ फाश होने का इमकान है और साबित हो जाएगा कि पचास फ़ी सदी से ज़्यादा ब्लैक मार्किट में गए।

मैं पुलिस बेचारी को क्या कहूं? पुलिस अच्छी है या बुरी, पुलिस ज़्यादा है या कम, इस के मुतअल्लिक तो जो मेरे भाई आर्य समाज के लीडर हैं या जन संघ के नेता हैं वही बता सकते हैं कि क्यों उन्होंने democratic methods को छोड़ कर दूसरे तरीके अख्तियार किए, अपनी मांगों को मनवाने के लिए। वह और ढंगों से अपनी आवाज़ उठा सकते थे, ऐसे तरीकों से आवाज़ उठा सकते थे कि जिन के नतीजा के तौर पर पुलिस की फोर्स को न बढ़ाना पड़ता या इतना ज़्यादा खर्च न करना पड़ता। उन्होंने क्यों ऐसा रास्ता निकाला जिस से पुलिस पर अखराजात बढ़ें इस पर मैं क्या अर्ज़ कर सकता हूं? यह तो वही जानते हैं और वही बतला सकते हैं। मैं क्या जानूं? लेकिन, स्पीकर साहिब, जो चीज़ मैं कहना चाहता हूं और जिस को मैं आगे भी बार बार कहता आया हूं वह यह है कि जो एक कांस्टेबल और आई. जी. के अलाऊंस में फर्क है, उस को देख कर तो बड़े रंज के साथ यही कहा जा सकता है कि जिस रास्ता पर—जिस Socialistic pattern of society के रास्ते पर जाने का हम दावा करते हैं और कर रहे हैं वह उस से नज़र नहीं आता। इस में मुझे यह दिखाई नहीं पड़ा कि उन लोगों के लिए जो सिपाही हैं कुछ कदम उठाये गये हैं। तो, स्पीकर साहिब, मैं यह कह रहा था कि कैरों साहिब से मुझे बिल्कुल इत्तफ़ाक़ है कि आज की पुलिस और पहले की पुलिस में बड़ा फर्क है। मुझे इस बात से भी इत्तफ़ाक़ है कि अफसर भी पहले की तरह अब नहीं करते। वे अब अर्ज़ियां फैंक नहीं देते हैं। लेकिन जहां वह लोगों के साथ politely पेश आते हैं, बड़ी मुहब्बत से पेश आते हैं वहां वह उन अर्ज़ियों को जल्दी से deal नहीं करते और अब भी अपनी मर्ज़ी से काम करते हैं। Red tapism बल्कि पहले से ज़्यादा हो रही है। स्पीकर साहिब, मैं यह कह रहा था कि पुलिस बड़ी अच्छी है और वह अपने ढंग से enquiry करती है और वह हर जगह इस तरह से करती है और सिर्फ़ हमारे पंजाब की पुलिस ही ऐसा नहीं करती। आखिर बीसियों case बनते हैं और वह निकालती भी है। लेकिन अगर एक case

होता है और उस में 6 मुजरिम होते हैं और वह पांच को पकड़ सकती है और छटा भाग जाता है । पुलिस उस के लिये उस के खिलाफ दफ़ा 88 और 87 में कार्यवाही करती है लेकिन यहां से हुक्म चीफ़ मिनिस्टर साहिब का चला जाता है कि उस के खिलाफ़ कार्यवाही मत करो । इस तरह से पुलिस क्या कार्यवाही कर सकती है ? वह कुछ नहीं कर सकती । District गुड़गांव में District Engineer के खिलाफ District Authorities कार्यवाही के कुछ इलज़ाम लगा कर case करना चाहती है और P. W. D. के एक Executive Engineer ने कहा था कि उस ने जितना मसाला वहां लगवाना था उस का चौथा हिस्सा भी वहां नहीं लगाया। गया उस report पर District Authorities ने कहा कि कार्यवाही करनी चाहिये । लेकिन उस के लिये यहां चण्डीगढ़ से हुक्म चला जाता है कि कार्यवाही मत करो । इसी तरह से एक सरपंच के खिलाफ़ यह इलज़ाम आता है कि उस ने पंचायत का कुछ रुपया इधर-उधर कर दिया है, हो सकता है कि वह इलज़ाम ठीक हो और यह भी हो सकता है कि वह ग़लत हो । यह तो अदालत का काम है और local authorities का काम है कि वह उस को देखे कि वह ठीक है या ग़लत है । लेकिन, स्पीकर साहिब, होता क्या है ? यहां से हुक्म चला जाता है कि उस के खिलाफ कोई कार्यवाही न की जाये इनसाफ़ और अदालती कार्यवाही में दखल देने के लिये बहाना यह बनाया जाता है कि उस के लिये C.I.D. से enquiry करवाई है और यह कह दिया जाता है कि इलज़ाम ठीक नहीं है । यह अजीब बात है कि इस मामले में C.I.D. ने enquiry की है इस लिये वह इलज़ाम ठीक नहीं है हालांकि जिस की enquiry S.P. ज़िला कर चुके हैं और उस के हुक्म से case बनाया गया लेकिन एक S.P. और C.I.D. की इनक्वाइरियां ठीक नहीं थीं । मैं पूछता हूं कि क्या इस तरह से services का morale कायम रह सकता है ? इस तरह से पुलिस को बिल्कुल बेकार कर दिया जाये और अदालतें बेकार कर दी जायें, ठीक नहीं होगा और चीफ़ मिनिस्टर को खुद ही या मुनासिब दखल देकर ऐसा नहीं करना चाहिए । मैं आप से कहता हूं कि अगर हमारे चीफ़ मिनिस्टर साहिब के खिलाफ कोई writ हो जाये तो चीफ़ जस्टिस अपने पास रखते हैं—क्यों न रखें दोनों चीफ़ हैं हम इसी ख्याल से कहते हैं कि सूबे की administration ठीक नहीं चल रही । अगर श्री फिरोज़ गांधी Parliament में कह सकते हैं तो अब्दुल ग़नी यहां कह सकता है और छोटे से छोटा आदमी हरेक अपनी ज़बान से कह सकता है कि चीफ़ मिनिस्टर अदालतों में दखल न दें और इनसाफ मिलने में रुकावट न बनें। बड़े आदमियों की हर चीज़ बड़े आदमियों के पास जानी चाहिये । पुलिस कैसे काम कर सकती है ? जब वह अफसर जिन के खिलाफ Smuggling का इलज़ाम हो जिन के वक्त बहुत बड़ी smuggling होती रही हो, बहुत लूट मार हुई हो, और वह, स्पीकर साहिब, हमारे ही सूबे के साथ अन्याय नहीं बल्कि सारे देश के साथ अन्याय हुआ है । वह लोग देशद्रोही हैं जिन्होंने

[मौलवी अब्दुल ग़नी डार]

smuggling की है या करवाई है। और जिन के अहद में Smuggling हुई उन्हें तरक्की मिलती है। यह तरक्की नेक अफसरों को चुभती है। एक चोर दूसरे चोर को कहने लग जाये कि वह चोर गया वह चोर गया और कोई उसे पकड़े भी न। फिर स्पीकर साहिब, असल मुजरमों को न पकड़ा जाये और बहुत से दूसरे बेगुनाह आदमियों को पकड़ लिया जाय यह ज़ाहर करने के लिये कि हम चाहते हैं कि Smuggling बिल्कुल बन्द हो जाये। लेकिन स्पीकर-साहिब, हम देखते हैं कि Smuggling बढ़ रही है और इस बात की बहुत चर्चा है। पुलिस कप्तानों ने उन लोगों से मुआफी नामे लिखवाये हैं कि वह बुराई नहीं करेंगे। उन बु` आदमियों को जो दफा दस अल्लफ और दस बे में रखे जाते हैं उन्होंने आखिर मुआफी मांगी है। और उस में कहते हैं कि बड़े-बड़े Smuggling करने वालों को इस तरह से मुआफी मंगवा कर छोड़ दिया गया है। यह तो अब बिल्कुल साबत है यानी सोचा यह है—

जो न रिन्दों से भी हरगिज़ हो सकीं
वह खतायें पारसा करते रहे।

अगर कोई बात सामने आती है तो उसे मैं यहां कहता हूं। यह मैं इस लिये नहीं कहता कि इस तरह से मेरी सरकार का नाम बदनाम हो या मेरी पार्टी को धक्का लगे बल्कि मैं इस लिये कहता हूं कि इस की बदनामी न हो। ऐसे case जैसे गुड़गांव District Engineer के case में मदाखलत की गई, शादीपुर पुलिस case में मदाखलत की गई यह गलत है। Permit अपने रिश्तेदारों के नाम पर दिये गये और बड़े तमराक से कहा गया कि इस में मिनिस्टरों का और उन के रिश्तेदारों या उन के दोसतों के नाम पर कोई भी नहीं। (घंटी की आवाज़)।

स्पीकर साहिब, मैं आप का हुक्म मानूंगा और चन्द मिनटों में अपनी यह बात ख़त्म कर ूंगा कि मे` एक दोस्त ने खाण्ड का permit दिलाने के लिये फीस ली थी और उसे election के लिये ticket नहीं मिल सका था।

अध्यक्ष महोदय : अब आप कहां जा रहे हैं? (The hon. Member is going off the point.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : स्पीकर साहिब, मैं बिल्कुल पुलिस और General Administration पर बोल रहा हूं और एक इंच भी इधर नहीं हो रहा और अगर जरा भी इधर हुआ तो कान पकड़ कर मुआफी मांग लूंगा। दरअसल बात यह है कि एक साहिब जो M.L.A. थे उन्होंने चीनी का permit .....

अध्यक्ष महोदय : चीनी का permit General Administration की demand में नहीं आता। (The issuing of a sugar permit does not come under the demand for General Administration.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मैं जो बात कहना चाहता हूं वह यह है कि इस का..

अध्यक्ष महोदय : मुझे बतायें कि किस तरह से यह इस में आता है ? (Will the hon. Member please let me know how this matter comes under this demand ?)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : जब मिनिस्टर किसी को कहे कि किसी बेवाकूफ़ के कहने पर enquiry नहीं कराई जा सकती (एक आवाज़ : इस में transport का ज़िक्र नहीं किया गया)

अध्यक्ष महोदय : जब यह subject under discussion होगा तो उस वक्त इस पर कुछ कह लेना । (The hon. Member may refer to this subject when the demand for this Department comes before the House.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मैं ने transport को बिल्कुल discuss नहीं किया । मैं ने किसी और चीज़ को भी discuss नहीं किया । इस demand में वज़ीर आते हैं, बड़े २ Secretaries आते हैं और पुलिस अफ़सरान भी आते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : अगर आप ने किसी मिनिस्टर के Conduct को discuss करना हो तो उस के लिये आप को एक regular motion लानी पड़ेगी । (If the hon. Member wants to discuss the conduct of a Minister then he will have to bring in a regular substantive motion.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मैं तो एक hon. Member की बात करना चाहता हूं जिन की सारी ज़िन्दगी वतन की सेवा में गुज़री है और जिन्होंने दस वर्ष या 20 वर्ष जेल में बिताये है। जितनी देर के लिये उन्होंने कैद काटी है उतनी देर के लिये सिवाये एक आध Communist मैम्बर के शायद और किसी ने भी कैद न काटी हो.........

अध्यक्ष महोदय : आप ने जो बात कहनी होती है वह किसी न किसी तरीके से कह ही लेते हैं । (Whatever the hon. Member wants to say, he says that somehow or other.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : स्पीकर साहिब, मैं बहुत एहतियात से कहता हूं । पुलिस बेचारी इन हालात में क्या कर सकती है ? सरदार गुरबचन सिंह बाजवा एक हमारे hon. मैम्बर हैं.............

सरदार गुरबचन सिंह बाजवा : आप मुझे बहस में न लायें। (एक आवाज़ : वह कह रहे हैं कि मुझे मेरे दोस्तों से बचाओ) ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार: मैं आप के लिए नहीं कह रहा । मैं तो पुलिस को refer कर रहा हूं । आप के लिये तो मैं यह कह रहा हूं कि आप को हर

[मौलवी अब्दुल ग़नी डार]
मिनिस्ट्री में लिया जाता रहा है और आप की शराफत की इतनी चर्चा है फिर भी आप को परेशान किया गया और सिर्फ इसी बिना पर कि...............

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਬਾਜਵਾ : ਤੁਸੀਂ ਮੈਨੂੰ ਕਹਿਣ ਦਿਉ ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मैं कह रहा था कि ऐसे बजुर्ग का भी पुलिस ने ख्याल नहीं किया । (एक आवाज़—क्या उन को गाली दी गई है?) चीफ मिनिस्टर से पूछिये—पंत जी से राम्रो गजराज सिंह ने शिकायत की कि अब्दुल गनी ने परमिट लिये हैं । यह बहुतान है । मैंने बिल्कुल कोई truck permit नहीं हासिल किया । हां मेरे भाई मुहम्मद यासीन खां, M.L.A., के बेटे को दो permit दिये गये हैं और यह किस वजह से उसे दिये गये यह देने वालों को बेहतर मालूम होगा, साथ रखने के लिये या किसी और वजह से........

अध्यक्ष महोदय : चलो काफी है । (That will do.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : स्पीकर साहिब, बजट की discussion पर मुझे यह चीज़ें कहने का मौका नहीं मिल सका था । मैंने सोचा था कि चलो General Administration की demand पर यह चीज़ें कहने का मौका मिल जायेगा ।

अध्यक्ष महोदय : चलो दो-तीन मिनटों में आप अपनी स्पीच को wind up कर लें (All right. Let the hon. Member wind up his speech in two, three minutes.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : मैं बिल्कुल wind up करूंगा । आज General Administration का क्या हाल है ? जब इस के कामों में इस तरह से मदाखलत की जा रही है तो यकीनी तौर पर इस में demoralization ही आनी है । Public Service Commission के ज़िम्मे यह काम था कि वह appointments करे लेकिन political workers का नाम लेकर कुछ appointments सरकार ने अपने पास रख ली हैं । लेकिन जो लगाए गए हैं, स्पीकर साहिब, मैं आपके सामने यह बात अपना सीना खोलकर कह रहा हूं कि वह नहीं लगाए गए जो पोलीटिकल सफरर्ज़ हैं बल्कि वह लगाए गए हैं जो मेरी तरह लौढ़ूवाल तक पढ़े हुए हैं, लुध्याना तक भी नहीं पढ़े (हंसी) जिनकी न सर्विस है न तजरुबा, जिनको यह नहीं पता कि डिवैलपमैंट किस बला का नाम है । और तरक्कियां दी गई हैं ऐसे लोगों को जिनके तहत समगलिंग हुई । मुझे इल्म है कि मेरे यह बातें कहने पर कुछ भाई गुस्से हो जाएंगे, मिनिस्टर साहिब भी गुस्से में आ जाएंगे और शायद चर्चा भी करें मगर मैं कहता हूं कि अगर मुझे वक्त दिया जाए तो मैं तीन दिन तक आपके सामने खड़ा हो कर इसी तरह की सीरियस नेचर की शिकायतें कह सकता हूं । मैं क्या कहूं ? मैंने उस दिन कहना चाहा था मगर आप ने इजाज़त न दी । पुलिस से काम क्या लिया जाता है ? सी. आई. डी. का महकमा बड़ा आनरेबल महकमा है । उन का पेशा है मुल्क की हिफाज़त करें, फौज को देखें, पुलिस को भी देखें और अफसरों को देखें ताकि कोई गलत बात न हो ।

मगर उन से काम क्या लिया जाता है ? अगर आप कभी घूम कर देखें तो आपको पता चलेगा कि उन की ड्यूटीज़ कहां २ लगी हुई हैं । मैं यह नहीं कहता कि किसी मिनिस्टर की कोठी में चार आदमी लगाने गलत बात है मगर यह क्यों कि कहीं पर तो चार २ सी० आई० डी० के आदमी खड़े हों और कहीं एक भी न हो । अगर खड़े हों तो सब के हों । फिर अगर मैम्बर साहिबान की हिफाज़त मतलूब है तो जहां होस्टल में रहने वालों की हो तो उनकी भी हिफाज़त होनी चाहिए जो मिनिस्टर साहिबान की कोठियों में रहते हैं। यह क्या काम लिया जाता है सी० आई० डी० से ? नैया ही गलत रास्ते पर जा रही है । (घंटी) बहरहाल मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं और बैठते हुए यह बात कह दूं कि पुलिस एक सिविल सर्जन के पास जाती है और उस से जाली सर्टीफिकेट लेती है कि किसी को डबल नमोनिया है........

अध्यक्ष महोदय : यह बैठते २ ही कह रहे हैं। (Even while resuming his seat the hon. Member is referring to such things.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : और जिसके लिये वह सर्टीफिकेट लेती है वह है चीफ मिनिस्टर का लड़का.........

अध्यक्ष महोदय : तशरीफ़ रखिए । (The hon. Member may please resume his seat.)

श्री शेर सिंह (झज्जर) : अध्यक्ष महोदय, आपने जो बोलने के लिए सीमायें निर्धारित की हैं चूंकि वह आप का हुक्म है इसलिए मैं उन सीमाओं के अन्दर ही डीमांड नम्बर 10 पर बोलूंगा । हमारे इस बजट के सम्बन्ध में और जनरल ऐडमिनिस्ट्रेशन पर बोलते हुए हमारे योजना मन्त्री ने जो भावनाएं व्यक्त कीं मैं उन का हृदय से आदर करता हूं, स्वागत करता हूं। उन्होंने इस बात को तसलीम किया और पिछले दिनों हमारे मुख्य मन्त्री ने भी इस बात को तसलीम किया हालांकि वह पहले इस बात को तसलीम नहीं करते थे कि फिरोज़पुर में जो कुछ हुआ वह बहुत बुरा था और वह किसी भी सरकार के लिए शोभा वाली बात नहीं है, बदनाम और कलंकित करने वाली बात है और उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों की जान गई या हाथ पांव और दूसरे अंग टूटे उन्हें मुआवज़ा दिया जायेगा । उन्होंने बताया कि उस आदमी के परिवार को तीन हज़ार रुपया मुआवज़ा दिया जायेगा जिसको 62 लाठियां लगीं और जो जेल के अन्दर मारा गया। और 1,600 रुपया उन सब लोगों को दिया जायेगा जिन के हाथ पांव टूटे । क्या यह उपहास की बात नहीं है और उनके साथ हंसी नहीं और मज़ाक नहीं ? जिन लोगों पर इतनी ज़्यादतियां हुईं उन के लिये सिर्फ़ 1,600 रुपया मंज़ूर किया गया है । लेकिन तो भी मैं उस स्पिरिट की कदर करता हूं जो इस मंज़ूरी के पीछे है, जो उन्होंने इस चीज़ को तसलीम किया कि गवर्नमेंट का कसूर था और उन बेगुनाह लोगों पर ज़ुल्म था जो जेल के अन्दर रहते हुए 18 फुट दीवार से घिरे हुए सरकार की जिम्मेदारी में होते हुए पीटे गए। तो यह सरकार ने महसूस किया कि यह उसका कसूर था, इस की जिम्मेदारी थी

[श्री शेर सिंह]

इसलिए इन लोगों को मुआवज़ा मिलना चाहिए जो जीवित हैं या उन के माता-पिता को जो मर गए हैं। मगर इस सिलसिले में एक मज़ेदार बात यह है कि आज इस देश के कोने २ में वीर सुमेर सिंह का नाम गूंजता है। पिछले पांच छः महीनों में जगह २ भाषण हुए, समाचारपत्रों में भी यह सारी चीज़ें आईं और हमारी सी० आई० डी० खुद काम करती रही और उस के गांव में D.I.G तक गये। (विघ्न) और वह लोग जो इस काम पर लगे रहे हमारी पुलिस के, उन की ऐफ़ीशैंसी की यह हालत है कि बावजूद इस बात के कि यह सारी बातें समाचार-पत्रों में आती रहीं, भाषण होते रहे और बार बार यह ज़िक्र आता रहा कि सुमेर सिंह एक 25 साला नौजवान था जिस की शादी भी नहीं हुई थी और सत्यार्थ प्रकाश पढ़ते हुए उस को 62 लाठियां मारी गईं जिन से वह मर गया, बावजूद बार २ इन चीज़ों के दोहराए जाने के पुलिस और सरकार को पता नहीं कि वह अविवाहित था। हमारी सरकार ने जो मुआवज़ा दिया है वह दो हज़ार तो दिया उस की धर्मपत्नि को और एक हज़ार उस के माता-पिता को। यह बड़े उपहास की बात है कि गवर्नमेंट के आफिसर्ज़ जब उस वीर की लाश उस के गांव में लाए तो उस गांव के अन्दर चार-पांच दिन तक रहे। इन सब बातों के बावजूद हमारी पुलिस को यह पता नहीं चला कि जिस सुमेर सिंह का आज सारे देश में चर्चा हो रहा है, भाषण हुए, समाचार-पत्रों में आता रहा उस की शादी भी नहीं हुई थी और यहां सरकार ने दो हज़ार रुपये उस की धर्मपत्नि के लिए मंजूर किए हैं। यह है हमारी सी० आई० डी० की काबलियत ....

मुख्य मंत्री : फैमिली (family) का ज़िक्र होगा।

श्री शेर सिंह : धर्मपत्नि का नाम था.........

मुख्य मंत्री : वह आप जैसे किसी अंग्रेज़ी पढ़े ने लिख दिया होगा......

अध्यक्ष महोदय : जहां तक Transport के महकमे का सवाल था मैं ने इजाजत दे दी। अब vengeance का सवाल आ गया है इस लिए आप छोड़िए इस बात को। (I allowed the hon. Minister to clear the position so far as the question of Transport Department was concerned, but now that the question of vengeance has crept in, I would request him to leave this matter.)

ਮੁੱਖ ਮੰਤਰੀ : ਜਾਣ ਦਿਉ ਹੁਣ ਬਸ ਹੋ ਗਈ ਹੈ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਚਨ ਸਿੰਘ ਬਾਜਵਾ : ਅਸਾਨੂੰ ਸੁਣ ਲੈਣ ਦਿਓ।

लोक कार्य मंत्री : वह साहिब अगर मुझे पूछते कि उनका motive क्या था तो मैं उन्हें बता देता कि उनका कौनसा motive है। उनका motive पंच-शील co-operative society बनाने का यह था कि एक co-operative society बना कर एक Engineering Works Centre अलाट करवा लिया जाए जोकि पानीपत में अलाट करवा लिया गया और कई लाख का फायदा उठाया गया। फिर उन्होंने आकर कहा कि जो rates उस Centre के goods के मुकर्रर होने थे उनके rates में इजाफा कर दिया जाए। अगर सरकार rates में इजाफा कर दे तो सरकार अच्छी है और अगर सरकार उनकी इस मांग को पूरा न कर सके तो सरकार से उनकी दुश्मनी है और सरकार को कोसा जाता है। फिर यहां पर ही बस नहीं। इसी co-operative society ने फरीदाबाद में एक और वर्क्स लगाने की इजाजत ले ली ताकि लाखों रुपया का कर्जा इन्हें दे दिया जाए। अगर उन्हें लाखों रुपया का कर्जा दिया जाए तो सरकार अच्छी और अगर उनके इस motive को गवर्नमेंट पूरा न कर सके और इनको मुंह मांगा कर्जा न दे सके तो गवर्नमेंट बुरी। शायद आप मेरी इन बातों को पसंद न कर रहे हों लेकिन हाऊस को इन साहिबान के बारे में बताना ज़रूरी था जोकि सरकार पर motive attribute करते रहे।

[लोक कार्य मंत्री]

अब, स्पीकर साहिब, मैं चंद अलफाज़ पुलिस के बारे में कहना चाहता हूं। पिछले 1½ साल से मुझे पुलिस की working से ज्यादा वाबस्ता होना पड़ा है। (*Interruptions*)

Mr. Speaker : No interruptions please.

लोक कार्य मंत्री : मेरे ज़िम्मे गवर्नमेंण्ट की तरफ़ से यह काम लगाया गया था कि पुलिस के मुताल्लिक जितनी भी शिकायत आती हैं उनमें से कुछ pick out करके उनकी खुफ़िया तौर पर enquiry की जाए और enpuiry मैं बज़ातेखुद करूं। इसके बारे में मैं अर्ज़ करूं कि शुरू शुरू में हमारे पास जितनी भी पुलिस के खिलाफ़ शिकायात आईं हमारे दोस्तों की तरफ़ से, कोई किसी के बारे में, किसी पुलिस अफ़सर के बारे में, उनमें से कोई 40-50 प्रतिशत pick-up की गईं। किसी की शिकायत थी कि किसी के वारण्ट गिरफ्तारी थे, वह मफरूर हो गया, किसी का सामान इस लिए नीलाम किया गया कि वह मफ़रूर रहे। फिर यह कि पुलिस की तरफ़ से झूठे मुक़द्दमें बनाए गए और यह कि मुकद्दमें सच्चे दर्ज नहीं किए जाते। गर्ज़ेकि इस क़िसम की कई शिकायात मौसूल हुईं। तो इन में से हमने 40-50 प्रतिशत के क़रीब enquiry के लिए छांट लीं। फिर उनमें से चीफ़ मिनिस्टर साहिब ने 10 प्रतिशत छांट लीं। यह इसलिए भी किया गया कि बाद में ऐसी दरखास्तों की तादाद बहुत बढ़ गई थी। चुनांचि जो दरखास्तें छांटी गईं उनमें से मुझे यह बताते हुए कोई हिचक्चाहट नहीं होती कि 50 प्रतिशत के करीब शिकायात दुरुस्त साबत हुईं और मुताल्लिका अफसरों के खिलाफ action लिया गया और उन्हें सज़ा दी गई। लेकिन इसके साथ ही साथ मैं यह भी बता दूं कि बाद में जो दरखास्तें आईं उनमें से 5-10 प्रतिशत भी सच्ची नहीं थीं। आपको यह जान कर बड़ी खुशी होगी कि पिछले 6 महीनों से एक भी ऐसी शिकायात नहीं आई जिस से यह साबित हो सके कि police ने कोई झूठा मुक़दमा बनाया है। मगर बजाये इस के कि police की यहां कोई तारीफ़ होनी चाहिये यह पुलिस को बदनाम करना चाहते हैं। कल, स्पीकर साहिब, मेरे एक मुहतरिम मैम्बर ने कहा था कि पुलिस खुद मिल कर झूठी बातें बनाती है और लोगों पर मुक़दमे चलाती है। इस साथी की शिकायत पर Government ने एक बार enquiry भी की और वज़ीर साहिब खुद उनकी दरखास्त पर पहुंचे और hon. Member ने जो शिकायत की थी वह सच्ची निकली और उनकी शिकायत पर police अफसर को सज़ा दी गई। उस वक्त तो वह खामोश रहे और उनकी ज़बान से एक शब्द भी तारीफ का उस वकत नहीं निकला। जब उन्होंने police पर इस तरह से अपना रोब डाल लिया। इस तरह से enquiry करवा कर जो इन्होंने police पर अपना रोब जमाना शुरू किया और police से मिल कर सियासी हरीफ के रिशतेदारों को और अपने इस हरीफ को नीचा दिखाने के लिए एक मुक़दमा में फंसा दिया उन्होंने शिकायत की कि इस case की enquiry की जाये। जब C.I.D. के अफ़सरों ने पड़ताल की तो यह बनाया

हुआ मुकदमा झूठा निकला और यह साबित हो गया कि यह मुक़दमा झूठा बनाया गया है और उन को ग़लत फंसाया गया है। उस के बाद अब चाहे कोई भी मीटिंग हो, public meeting हो, कोई party meeting हो या Assembly का कोई session हो, हमेशा यही रट लगाई जाती है कि जो भी मुक़दमें बनाये जाते हैं वह सब झूठे होते हैं। इस बात की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता कि हमेशा कसूरवार को ही पकड़ा जाता है, चाहे वह किसी सियासी पार्टी से ताल्लुक़ रखता हो। यह नहीं देखते कि चीफ मिनिस्टर ने police की मार्फ़त कितने कसूरवारों को पकड़ा है और कितनी झूठी शिकायात की पड़ताल की है; इस काम को पूरा करने के लिए पुलिस ने कितनी सख्त मेहनत की है। इस लिये, स्पीकर साहिब, Police और General Administration के बारे में जो कुछ इस House के अंदर कहा गया है उस के कुछ एक points का मैं ने जवाब दिया है। बाकी detailed जवाब तो Leader of the House ही देंगे।

श्री बलवंत राए तायल: क्यो आपका भी स्यासी हरीफ पकड़ा गया है ?

लोक कार्य मंत्री: अगर आप को पता है तो बतायें मैं जवाब दूंगा। मैं कहता हूं कि जो बातें चंद दिनों से यहां हो रही हैं उन का जवाब देना, स्पीकर साहिब, बड़ा ज़रूरी था। अगर मेरी तरफ से कोई ऐसी बात कही गई हो जो House के decorum के खिलाफ हो या किसी मैम्बर साहिबान की शान में मैं ने कुछ कहा हो तो मैं उस के लिये मुआफी चाहता हूं। मगर मैं इतना ज़रूर कहूंगा कि जो मैम्बर साहिबान सियासी बिना पर ऐसी बातें करते हैं, ऐसी नुकताचीनी करते हैं, उन को ज़रा सोच समझ कर कहना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय: अब 3-30 बजे हैं और 5 बजे Chief Minister साहिब बोलेंगे। $1\frac{1}{2}$ घंटा तक मैम्बर साहिबान बोल सकते हैं। क्योंकि राओ वीरेंद्र-सिंह जी ने कुछ ज्यादा वक़्त ही लगा लिया है इस लिये मैं कहूंगा कि Chief Minister साहिब $1\frac{1}{2}$ घंटा की बजाये $1\frac{1}{4}$ घंटा ही लें। जो बोलने वालों की list आई है वह ज़रा लम्बी है। इस लिये मैं कहूंगा कि जितनी लम्बी list होती जायेगी उसके मुताबिक ही मैं time दूंगा। (It is now 3-30 p.m. The Chief Minister will reply at 5 p.m. The hon. Members can speak for $1\frac{1}{2}$ hours. I would however request the Chief Minister to take $1\frac{1}{4}$ hours instead of $1\frac{1}{2}$ hours as Rao Virendar Singh has taken a little longer in finishing his speech. The list of speakers rceived is a little longer. I would, therefore, submit that time would be given in proportion to the number of names given in the list.)

श्री इन्दर सिंह (जींद जनरल) : मुहतरिम स्पीकर साहिब, कल से police और General Administration पर बहस हो रही है । यह जो 8 करोड़ की demand House के सामने रखी गई है, मुझे यहां की बातें सुन कर, स्पीकर साहिब, यह कहना पड़ेगा कि "इस घर को आग लग गई घर के चराग़ से ।" कल जो मेरे कांग्रेसी भाई इस बात का दावा कर रहे थे कि हम Law and Order के जिम्मेदार हैं, इस House की बातें देख कर इनकार नहीं किया जा सकता कि आज इन की बातों पर कोई यकीन नहीं कर सकता कि एक problem सूबा पर इंतज़ाम करने के लिये हम लायक भी हैं या नहीं । उन को दोहराना एक खाम-ख्याली है ।

लोक कार्य मंत्री : आप अपनी बात कहिये ।

श्री इन्दर सिंह : आप सुनिये तो सही । मैं आप के ऊपर इलज़ाम नहीं लगा रहा । मैं तो congress की बात कर रहा हूं ।

अध्यक्ष महोदय : अगर आप Congress की बजाये लफ्ज़ Treasury Benches कहें तो किसी को भी कोई एतराज़ नहीं हो सकता । (No body can object to the hon. Member if he uses the words 'Treasury Benches' instead of 'Congress'.)

श्री इन्दर सिंह : मैं (Congress) इस लिए कह रहा हूं क्योंकि यह उन की नुमायंदगी करते हैं। अगर यह उस का पीछा छोड़ दें तो मैं कुछ और कहने लगूंगा । तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि जब यह मैम्बर्ज़ आपस में लड़ते हैं, झगड़ते हैं, एक दूसरे पर इलज़ाम लगाते हैं, उस का असर बाहर के लोगों पर क्या पड़ता होगा। यह ज़रा ग़ौर करने की बात है । इस से ज़ाहिर होता है कि न आज इनका कोई discipline है और न ही इन में कोई policy की बात है । यह अपनी अपनी बातें लेकर खड़े हो जाते हैं । यह ज़ाहिर ही है कि सारे सूबे की जो General Administration है और सारे सूबे को जिस ढंग से चलाया जा रहा है, इस में न कोई सूबे का मुफाद है और न ही कोई ठोस प्रोग्राम है। इस चीज़ का मुज़ाहरा हम हर रोज़ इस हाऊस के सामने देखते हैं । यह, स्पीकर साहिब, मैं ने वही अर्ज़ किया है जोकि मैं ने देखा है। बहरहाल मैं यह कहूंगा कि Police और General Administration का ढांचा जो हमारे सूबे के अंदर है वह हमें अंगरेज़ों से विरसा में मिला है। और मैं यह कहे बग़ैर नहीं रह सकता कि हमारी economic दशा जो है वह बड़ी बोसीदा है । और इस की background में, जो हमें सामराज शाही से विरसा में मिली, नौकर शाही है, उस की हालत कितनी खराब है। आज रोज़गार के मसला को दूर करने के लिये हमारे सामने बड़ी सकीमें हैं। नौकर शाही हमें विरसा में मिली हुई है। उन की हालत में अभी तक कोई फर्क नहीं पड़ा। अगर इस administration को ग़ौर से देखा जाये तो हमें इस के 2 हिस्से मिलेंगे ।

उसके लिये सब से पहिला कदम यह है कि सादा ज़िन्दगी और utmost economy के लिए हमें यह नारा देना चाहिये कि उसके रोकने के लिये यह ज़रूरी है कि top heavy administration के खर्च को कम किया जाए और इसके लिये जो Civil Secretariat में Deputy Secretaries, Additional Secretaries, Assistant Secretaries, Under Secretaries and there are so many Secretaries, इन पर कोई तीन लाख से लेकर सवा तीन लाख रुपया खर्च किया जा रहा है, उसको कम किया जाए। और अगर हम गांधी जी के असूल पर चलते हुए सादा ज़िन्दगी की तलकीन करें तो सब से पहिली जो कार्रवाई हमें करनी चाहिये वह यह कि जितने I. A. S. के अफसरान हैं उनको हिन्द सरकार के पास भिजवा दें या उनके लिये सिफारिश करें कि उनकी तनख्वाहें कम होनी चाहियें और जो निचले set-up की services हैं उनकी तनखाहें ज्यादा होनी चाहियें ताकि जो गैप है between low paid employees and sahib वह पूरा हो जाए। आज ऊपर की और नीचे की services में बहुत बड़ा गैप है। एक चपड़ासी है, उसको 22 सैक्टर से पैदल चलकर दफ्तर में आना पड़ता है। लेकिन जो अफसरान हैं वह 16 सैक्टर में हैं और जिनको घर वाले मोटर में बिठा के दफ्तर छोड़ जाते हैं और ले जाते हैं। हमें नये सिरे से यह set-up कायम करना पड़ेगा।

एक बात और है जो मैं अर्ज़ करना चाहता हूं। 8 करोड़ रुपये की मांग हमारे सामने रखी गई है। मैं Civil Secretariat का अंदाज़ा आप के सामने रखना चाहता हूँ। उसकी रकम 19 लाख 98 हज़ार 2 सौ रुपये हो गयी है। Travelling Allowance है 16 लाख 72 हज़ार 890 रुपया। इस में recurring और non-recurring शामिल है। Temporary Allowance में recurring और non-recurring शामिल है। हाऊसिंग Allowances, recurring, non-recurring और Local Compensatory Allowances जिसमें recurring, non-recurring और इसी तरह से 16,72,900 रुपया T. A. वगैरह के बनते हैं। इसके बाद Director, Food and Civil Supplies जिनकी तनखाह 153 हज़ार और T. A. वगैरह 126 हज़ार। यह हमारे हिन्दुस्तान के एक खास सूबे की बदकिस्मती है। खर्च इतना होता है और दूसरी तरफ यह नारा लगाते हैं कि हम Development करने के लिये taxation लगाना चाहते हैं। Taxation के सम्बन्ध में Finance Secretary के Memorandum में बताया गया है कि taxation लगाने की एक हद होती है। उस हद को महसूस करते हुए जिस तरीके से हमारा taxation का ढांचा होना चाहिये उस पर ग़ौर नहीं हो रहा।

इसके बाद Anti-corruption Department है जिसका ढोल पीटा जाता है। उनका खर्च 7 लाख है जिसमें T. A. वगैरह भी शामिल

[श्री इन्दर सिंह]
है। इसके लिये फाइनेंस मिनिस्टर साहिब ने अपनी बजट स्पीच में anti-corruption का व्यौरा दिया है, और 23 पैरा के अन्दर 14 लाख के लिये इस प्रकार कारगुज़ारी दी है।:—

'and both investigations and inquiries against corrupt officials are being pushed rapidly ahead.'

कोई ज़िक्र नहीं इस बात को justify करने के लिये कि उसने कितनों के खिलाफ मुकदमात दर्ज किये और कितनों को पकड़ा । एक गोलमोल बात कही गई कि एक enquiry हो रही है, मैं अर्ज़ करूंगा Still the Government has to keep vigilance over the Anti-Corruption Department so that the Police soldiers may not join hands with the thieves.

हमारी यह हालत है। और ऐसी हालत में कहा जाता है कि corruption बन्द कर रहे हैं । लेकिन हकीकत स्पीकर साहिब, यह है कि अगर हम ठंडे दिल से सोचें तो पता चलता है कि corruption बजाए बन्द होने के तेज़ी के साथ बढ़ रही है । चाहे District Level पर हो, चाहे तहसील level पर हो या State level पर हो बग़ैर सिफारिश के, बग़ैर रिश्वत के कोई काम नहीं होता । यहाँ तक कि Judicial Courts में भी इस हद तक corruption आ गई है कि वहाँ भी गरीब आदमियों को सही फैसला नहीं मिलता ।

अब मैं वज़ीरों की बात कहना चाहता हूं । Ministers के T. A. 1957-58 में, 40,823 रुपए और Petrol 12,385 रुपए का और फर्नीचर 12,000 रुपए से 14,000 रुपए तक और एक वज़ीर साहिब के यहाँ तो 9,000 का फर्नीचर है। 500 electricity consumption, 500 Housing Rents और कारों के ऊपर खर्च है 3,74,800 । यह हालत है इन साहिबान की। जब इन का ही पेट नहीं भरता तो Administration को क्या दुरुस्त करेंगे । Charity begins at home. यहाँ तो वही बात है कि "अँधेर नगरी चौपट राजा, टके सेर भाजी टके सेर खाजा।" स्पीकर साहिब, अगर इसी रफ्तार से काम किया गया तो next Five year Plan blank होगी । सिर्फ development के नाम पर बातें करने से तरक्की नहीं हो सकती। अगर तरक्की हो सकती है तो तभी जब हम utmost economy को अपनाएँ और सेवा भाव से अपनाएँ।

मैं पुलिस के बारे में, जनाब, अर्ज़ कर दूं जिसकी बाबत कहा गया है कि हमारा law and order ठीक है । अगर law and order ठीक है तो

पुलिस को घटाना चाहिये। लेकिन जो figures हैं उनसे पता चलता है कि पुलिस पर हर साल रुपया बढ़ाया ही गया है।

सन 1951-52 में 268 लाख खर्चा
„ 1952-53 „ 277 „ „
„ 1953-54 „ 294 „ „
„ 1954-55 „ 305 „ „
„ 1955-56 „ 345 „ „
„ 1956-57 „ 437 „ „
„ 1957-58 „ 451 „ „

8 साल में तकरीबन दो करोड़ के करीब रुपया खर्च में बढ़ चुका है।

अगर ला एंड आर्डर इतना अच्छा है तो पुलिस पर कटौती की जाए।

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮ ਦਿਆਲ ਸਿੰਘ : Law and order ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਨਹੀਂ ਠੀਕ ਰਹਿਣ ਦਿੰਦੇ। ਤੁਸੀਂ ਹੀ ਠੀਕ ਕਰੋ।

ਸ਼੍ਰੀ ਇੰਦਰ ਸਿੰਘ : ਜੇ ਅਸੀਂ ਆ ਗਏ ਫੇਰ ਤੁਸੀਂ ਇਕ ਦਿਨ ਨਹੀਂ ਰਹਿਣਾ। तो मैं कहना चाहता हूँ कि All India Taxation Inquiry Commission ने अपनी रिपोर्ट के सफा 41 के ऊपर यह बताया है कि हमारे हिन्दुस्तान में पंजाब एक ऐसा सूबा है जो पुलिस और Civil Administration पर सब से ज्यादा खर्च करता है।

All India Civil Administration की average है 20.5 प्रतिशत लेकिन हमार पंजाब की है 22 प्रतिशत और पुलिस की All India average है 9.8 प्रतिशत खर्च और सिर्फ पंजाब का है 12.8 प्रतिशत, हमारे पंजाब के अन्दर पुलिस के ऊपर जो खर्च हो रहा है वह per capita 2.8 से लेकर 2.13 तक है। यह हालत है हमारे पंजाब पुलिस के खर्चे की। आज इतनी बड़ी रक़म फिर मांगी जा रही है उसके लिये। अगर उस सरकार के हवाला यह रुपया कर दें जिस सरकार को यह पता नहीं कि पुलिस पर खर्चा ठीक हो रहा है या गलत हो रहा है, तो मैं इसको मुनासिब बात नहीं समझता। एक बात और ....

Mr. Speaker : Please wind up your speech.

श्री इन्दर सिंह : बहुत बेहतर जनाब। इसके अन्दर कई महकमें हैं जिनका जिक्र करना था, पर मैं एक का ही जिक्र करता हूं और वह Commissionaries का महकमा है। इनके बारे में जो साबिक फाइनेंशल कमिश्नर कौल साहिब थे उन्होंने Estimates Committee के सामने कोई वजह नहीं बताई कि कमिश्नरियों को रखा जाए। उन्होंने यह कहा कि अगर आप हटाना चाहते

[श्री इन्दर सिंह]
हैं तो हटा दें लेकिन जो कमिश्नर लगायें वह ऐसे लगाएँ जिनकी सर्विसिज़ बारह बारह साल की हो।

अंगरेज़ों के राज में, यह जो आज सामने बैठे हुए हैं, इस बात के खिलाफ नारा लगाते थे कि Commissioners को बहुत बड़ी तनखाहें दी जा रही हैं और खुद कहते थे कि उन की कोई ज़रूरत नहीं है। लेकिन आजकल जब वही बात हम कहते हैं तो जवाब देते हैं कि नहीं साहिब उनकी बड़ी ज़रूरत है। जनाब स्पीकर साहिब, 4 लाख रुपया सालाना Commissioners पर खर्च होता है जिन की कि कोई ज़रूरत नहीं है। आज हमारे सूबे को पैसे पैसे की ज़रूरत है। इस लिए Government को इस रुपये को बचाना चाहिए।

अब मैं हरिजन welfare का ज़िक्र करता हूं। स्पीकर साहिब, करोड़ों रुपया इस साल हरिजन welfare के नाम पर आता है। जनाब स्पीकर साहिब, जिस वक्त Pepsu और पंजाब की integration हुई तो State level पर जो advisory council थी वह तोड़ दी गई। 1956-57 में जो Backward Classes Commission ने Report पेश की तो उन्होंने यह कहा था कि अगर हरिजनों को सहूलतें देने का प्रबन्ध करना है, उन को घर वगैरह बनाने के लिए अगर ज़मीनें देनी हैं और उन को कारोबार में अगर मदद देनी है तो ज़रूरी है कि Government इस काम में public को अपने साथ ले। लेकिन इन्होंने उस recommendation पर अमल करने की बजाए सब public councils को तोड़ दिया है। इन public councils को तोड़ने की वजह जो मैं समझता हूं वह यह है कि Government, nepotism और favouritism करना चाहती है। इस लिए, स्पीकर साहिब, मैं यहां गुज़ारिश करूंगा कि हरिजनों के लिए जो रुपया खर्च करना है उस के लिए तमाम parties की, तहसील level पर, District level पर और State level पर Committees बनानी चाहिएं। So that those Committees may see that the funds are properly utilised for the actual interest of the Harijan Community. इस लिए मैं यह बात कहूंगा, हकूमत को आने वाले हालात को देखना चाहिए। अगर यह इसी तरह रुपया बरबाद करेंगे तो सूबे का नुकसान होगा और उस के साथ ही Government अपना भी नुकसान करेगी क्योंकि उन के अपने घर में ही इत्तफाक नहीं है। उस का result यह होगा कि एक दिन सब के सामने उन का जनाज़ा निकलेगा। इसलिये मैं दरखास्त करूंगा कि उन्हें रुपये को बरबाद नहीं करना चाहिए।

राओ गजराज सिंह (गुड़गांव) : जनाब स्पीकर साहिब, मेरे दोस्त ने अभी अभी कहा है कि इस "घर को आग लग गई घर के चिराग़ से" मैं तो उन्हें अर्ज़ करता

हूं कि आप दूसरी तरह का मिसरा पढ़ें "घर में आग लगी जमालो दूर खड़ी।" कुछ दोस्तों ने 1947 की तरह यहां पर ऐसे हालात पैदा करने की कोशिश की है और अपनी लीडरी को कायम रखने के लिए पंजाब में Communalism की ज़हर को फैला कर यहां पर भाई भाई को आपस में लड़ाने की कोशिश की। वह चाहते हैं कि यहां पर अबतरी फैली रहे और यहां पर दोबारा फिर वही चीज़ repeat हो जोकि 1947 में जब Pakistan बना था उस वक्त पंजाब में हुई थी। अगर आप Justice Khosla की Report का मुलाहज़ा फरमाएं तो आप को इन की तखरीबी कार्यवाहियों का पता चल सकता है। Khosla Report के बाद हिन्दुस्तान के एक एक संजीदा अखबार ने लिखा है कि पंजाब को अपनी पगड़ी सम्भालनी चाहिए। इस किस्म की चीज़ें एक border state को आगे नहीं ले जा सकतीं। पंजाब के अंदर अपने सूबे को और हिन्दुस्तान को मज़बूत करने के लिए सब को under restraint काम करना चाहिए। लेकिन ऐसा करने की बजाए यह जो Hindi agitation में हिस्सा लेने वाले मेरे भाई बैठे हैं इन्होंने यहां पर 1947 से भी बदतरीन हालात पैदा करने की कोशिश की है। इन्होंने Communalism का जो पंजाब के अंदर ज़हर फैलाया उस को सब जानते हैं। इन्होंने जो यहां पर फिज़ा पैदा की थी उस पर हमारी Government ने अच्छे तरीके से काबू पाया है। Justice Khosla ने जो Report दी वह आईने की तरह हमारे सामने है। मेरे दोस्त चौधरी सिरी चंद जी ने उस के बारे में बहुत कुछ कहा है इस लिए मैं उस में ज्यादा नहीं जाऊंगा।

मैं, स्पीकर साहिब, कहता हूं कि अगर Opposition की तरफ से किसी तामीरी काम पर नुक्ताचीनी की जाए तो हकूमत को उसे खुशी से मन्ज़ूर करना चाहिए और उस पर ग़ौर करना चाहिए क्योंकि उस से democratic country में देश को फायदा पहुंचता है। इस लिए मैं अपने दोस्तों से निहायत संजीदगी के साथ request करूंगा कि वे अपनी तखरीबी कार्यवाहियों को छोड़ें। हर रोज़ उन्हें यह बात शोभा नहीं देती कि वह एक ही चीज़ को पकड़ कर उस पर बोलते रहें। हम को पुरानी बातों को छोड़ कर कोई नई बात करनी चाहिए जिस से हमारा सूबा आगे बढ़े। मैं तो यह कहता हूं कि अगर unfortunately कुछ ऐसी घटनाएं हो भी गई हैं तो उन को हमें भूल जाना चाहिए। Communalism की चीज़ हिन्दुस्तान में अब पुरानी हो चुकी है। जो लोग इस पर अपनी लीडरी कायम रखना चाहते हैं उनका वजूद कायम रहना अब बहुत मुश्किल है। मैं, जनाब स्पीकर साहिब, अपने दोस्तों से संजीदगी के साथ मुअदबाना गुज़ारिश करूंगा कि उन्हें Communal बातों को ज्यादा हवा नहीं देनी चाहिए। हमारे ऊपर आज तमाम हिन्दुस्तान की जिम्मेदारी है क्योंकि हम border state में रहते हैं। अगर इस House में बैठ कर भी

[राम्रो गजराज सिंह]

ग्राप ऐसी ही चीजों को हवा देंगे तो उस के लिए ग्राप ग्रपने गिरेबां में मुंह डाल कर देखें ।

चौधरी धर्म सिंह राठी : ग्राप के Leader साहिब यहां पर क्या कहते हैं ।

राम्रो गजराज सिंह : मैं ग्रर्ज़ करने लगा था कि इन की वह बात है "घर में ग्राग लगी जमालो दूर खड़ी ।" जो लोग मुज़ाहरे करते थे ग्राज उन को भी पता लग गया है कि ग्रसली हालात क्या थे । उन बहादरों ने जो कुछ किया है उस की नंगी तसवीर सब के सामने ग्रा गई है । इन को नई नई agitations सूझती हैं । इन को बहादुरी का तमग़ा मिलना चाहिए । वह फिकर न करें । मैं चीफ-मिनिस्टर साहिब से कह दूंगा कि वह इन बहादुरों को तमग़े देने के लिए भी 10/20 रुपये का provision रख दें । (*At this stage there was loud noise in the House*).

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब , उन को इस किस्म के remarks पास करने का क्या हक है । वह जिन के पिट्ठू हैं वह खुद Communal हैं ।

ग्रध्यक्ष महोदय : ग्राप को 'जमालो' तो नहीं कहा उन्होंने । (हंसी) । (He did not call the hon. Member 'Jamalo') (*Laughter*)

राम्रो गजराज सिंह : हमारी जो police है वह भी इसी सूबे की है । ग्रगर हमारे भाई जो इतने समझदार भी हैं ग्रौर इस हाऊस के मेम्बरान हैं ग्रगर वे Communalism फैलाते हैं तो ज़रूरी है कि services पर भी उस का effect होता है । वह भी हमारे जैसे ही इनसान हैं । इस लिए वह भी demoralise हो सकते हैं । इस लिए मैं यहां कहूंगा कि services को criticise करने से पहले हमें ग्रपने ग्राप को पाक बनाना चाहिए । ग्रगर मेरे भाई ग्रपनी लीडरी कायम रखने की खातर खुद Communalism का प्रचार करें ग्रौर इलज़ाम लगाएं services पर तो मैं उस को ठीक नहीं समझता । हमारी जो services हैं वह भी हमारे जैसे ही इनसान हैं । जो कुछ हम करेंगे उसी चीज़ का उन पर भी लाज़मी तौर पर ग्रसर होगा ।

तो, स्पीकर साहिब, मैं इसी पर इक्तफा करूंगा कि मैं ने किसी गुस्से, रंज या vindictiveness की spirit से कोई बात नहीं की है । मैं बड़ी ग्राजज़ी के साथ ग्रर्ज़ करूंगा कि इन मुग्रज्ज़ लीडरान से कि ग्राप इस फज़ा को, जो पैदा कर रहे हैं, बंद करें । दूसरी कोई constructive फिज़ा पैदा करें । Constructive फिज़ा में ग्राप चाहे कोई सख्त से सख्त नुकताचीनी करें ग्रौर बताएं कि कहां खामी है ग्रौर फिर ग्रगर हकूमत न माने तो कहने की बात है । तो मैं ग्रर्ज़ कर रहा था कि मेरे कुछ इन दोस्तों ने जैसे कोई कचहरी में hostile witness हो जाता है

उसी तरह बातें करनी शुरू कर दीं और उन्हीं एक-दो बातों पर अपना दारोमदार बना लिया है। कुछ भाइयों ने एक ही बात को लेकर बार बार दोहराया और रट लगाते रहे हालांकि उस बात के जवाब में मिनिस्टर साहिब ने भी फरमा दिया है कि यह बात है और सब जानते हैं कि किस नीयत से वह यह बात कर रहे हैं और कह रहे हैं। सब जानते हैं कि यह क्यों हर दफा in season and out of season goose की तरह crackle crackle करते रहते हैं। यह जो इनकी कर कर होती है cracle और crackling होती है इस की बाबत तो कोई physician ही कह सकता है कि कैसे बंद हो सकती है। Agriculture के expert दीवाना साहिब आज यहां बैठे नहीं हैं। वह जानते हैं कि goose crackle crackle कैसे करती है और क्यों करती है। वैसे ही इन के पेट में दरद कुछ और है और बातें कुछ और की जा रही हैं। कहा गया कि rehabilitation क्या होती है। मिनिस्टरों की rehabilitation होती है ? तो इन में कुछ वजारत के खाहां हैं और कुछ वजारत में रहे हैं और यही 24 घंटे goose की तरह crackle crackle करते रहते हैं। यह crackling किस वक्त और कैसे बंद हो सकती है ? यह तो कोई expert ही बता सकता है कि कैसे बंद हो सकती है। उन्होंने तो समझ लिया है कि इसी चीज़ पर अपनी सारी बातों का दारोमदार रख लिया जाए। सब जानते हैं कि सब जगह पार्टियों में कुछ disgruntled element होता है। वह समझते हैं कि अगर वह नहीं है तो बाकी सारी कार्यवाही गल्त हो गई है। उनके बगैर कोई काम सही तौर पर नहीं हो सकता है। हमारे दो तीन भाइयों ने यह बातें कहने का ठेका लिया हुआ है कि चूंकि वह नहीं है इस वास्ते गवर्नमेंट के तमाम काम खराब हो गए। तो, जनाब, यह ऐसी दलीलें . . . . . (घंटी) मैं, जनाब, सिर्फ दो चार मिनट ही और लूंगा . .

अध्यक्ष महोदय : मैं देख रहा हूं कि आप कहते क्या हैं ? (I am trying to find out as to what the hon. member is driving at ?)

राओ गजराज सिंह : तो इस चीज़ को अर्ज़ करने के बाद मैं कुछ अब constructive बातें अर्ज करता हूं। मैं, जनाब, ज़िला गुड़गांव के backward इलाके से ताल्लुक रखता हूं। मैं इस बारे में यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि गवर्नमेंट की इन backward areas के सिलसिले में कोई खास definite policy होनी चाहिए कि इन की बहबूही किस तरीके से करनी है। मैं समझता हूं कि वह policy यह होनी चाहिए कि आप अपनी तरफ से एक officials and non-officials की committee मुकर्रर करें जो देखे कि किसी ज़िला की priority मांग क्या है और किस तरह से लोगों का फायदा हो सकता है। एक या दो भाइयों के ज़ाती मुफाद की बात नहीं करता

[राओ गजराज सिंह]

बल्कि आम जनता की भलाई किस तरीके से हो सकती है और वही measures adopt करने चाहिएं । मैं चीफ मिनिस्टर साहिब का मशकूर हूं कि हम जिस गुड़गांव tunnel की बाबत पिछले 20, 25 साल से शोर करते रहे हैं और demand करते आये थे अब की दफा उन्होंने खास मेहरबानी कर के हमारी उस बात को मान लिया है । हमारे ज़िला के 9 M.L.As और M.L.Cs. को हमारे राड़ेवाला साहिब ने यकीन दिलाया है कि हम वह कदम उठाएंगे और उठा रहे हैं . . . .

Mr. Speaker : Please try to be relevent.

राओ गजराज सिंह : मैं, स्पीकर साहिब, backward areas के बारे में अर्ज़ कर रहा हूं कि उनके बारे में गवर्नमेंट की क्या पालिसी होनी चाहिए और उनकी तरक्की के लिए क्या करना चाहिए तो इस सिलसिले में मैं ने अर्ज़ किया है कि हमारे backward area की जो बात पिछले 20,25 साल से किसी गवर्नमेंट ने नहीं सुनी थी वह आज इस गवर्नमेंट के वक्त में सुनी गई है और उसके लिए उसने यह कदम उठाया है ।

दूसरी बात मैं वहां के बांधों के मुताल्लिक ज़िक्र करता हूं जिसका ज़िक्र कि इस बजट के 169 सफा पर है । गुड़गांव ज़िले में बांध जो हैं वह उनकी ज़िन्दगी और मौत का सवाल है । आज से 20, 25 साल पहले वहां के लिए २ लाख रुपया मिलता था मगर अब की दफा वहां मिनिस्टर साहिब जा कर तमाम हालात का नकशा देख आए तो उन्होंने चार लाख कर दिया है । राड़ेवाला साहिब वहां गए थे और उनको मैं ने दिखाया था कि लोगों ने खुद बड़ी मेहनत करके लाखों एकड़ ज़मीन reclaim की है और बांध खुद बनाया था । Irrigation वालों ने तो सिर्फ पक्का ही किया था । जिस वक्त यह रकम दो लाख मिलती थी उस वक्त से अब खर्च कम से कम 20 गुना बढ़ गया है । तो इस चार लाख की रकम से वह नया बांध बनने का कोई इमकान नहीं है । यह खुद देख आए हैं ।

अध्यक्ष महोदय : जो आप कह रहे हैं इसका इस में कहां ज़िक्र आता है ? (Where is all this mentioned, which the hon. Member is referring to.)

राओ गजराज सिंह : बांध जो हैं वह इस General Administration की demand में शामिल है और गुड़गांव Bunds का हवाला इस बजट के 169 सफा के last में है । यह item हम ने खुद Irrigation Department से कह कर निकलवा लिया था और General Administration में शामिल करवाया था क्योंकि estimates आते नहीं थे और हर साल रकम lapse हो जाती थी । तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि राड़ेवाला साहिब ने खुद जा कर वह 50,60 मील का area देख लिया है कि कैसी position है । इस लिए वह खुद जितनी रकम की justification समझें उतनी काफी रकम वह दें । इस backward Gurgaon ज़िला के लोग इनके मशकूर होंगे अगर वह ज़्यादा और काफी रकम देंगे (घंटी) ।

अध्यक्ष महोदय : जब घंटी होती है तो आप को खुद ही अंदाज़ा लगा लेना चाहिए कि वक्त खत्म है । (When the bell is sounded, the hon. Member should himself realise that his time is over.)

राओ गजराज सिंह : मैं, जनाब, सिर्फ एक बात और कह कर बैठ जाता हूं । Constitution भी इसबात से मुतफिक है कि prosecuting staff जो है वह पुलिस से बाहर रखा जाना चाहिए और इस हाऊस में भी पहले कई दफा यह बात उठाई जा चुकी है और इस की approval भी हो चुकी है । मैं कहता हूं कि Justice के लिए यह ज़रूरी है कि separation of judiciary from the executive होनी चाहिए । इस वक्त prosecuting Inspectors और Sub-Inspectors जो हैं पुलिस के मातहत हैं और इस से जो लोग इन्साफ लेने जाते हैं उनको बड़ा फर्क पड़ता है (घंटी) । तो आखिर में मैं यह कहूंगा कि यह जो prosecuting staff है इस को L.R. के मातहत कर दिया जाए ताकि इनसाफ हो सके ।

श्री हंस राज शर्मा (फगवाड़ा) : स्पीकर साहिब, यह जो General Administration और पुलिस की demands कल से ज़ेरे बहस हैं, इस पर काफी नुक्ताचीनी हुई है । कुछ दोस्तों की तरफ से तो नुकताचीनी जो हुई वह तामीरी थी लेकिन कुछ दोस्तों की तरफ से वही नुक्ताचीनी थी जो बातें वह गुज़शता एक साल से किसी न किसी बहाने से करते आए हैं । मैं समझता हूं कि जहां तक law and order का ताल्लुक है इस साल जो figures हमारे सामने robberies, dacoities और thefts वगैरह की हैं उनसे साफ ज़ाहर होता है कि वह पिछले साल से बहुत कम हो गई हैं । फिर भी जहां कुछ दोस्तों ने यह कहना ज़रूरी समझ रखा है कि law and order बहुत खराब है । स्पीकर साहिब, मैं आप की मारफत इस हाऊस की तवज्जुह इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि वाकई ठीक है कि law and order की position खराब है लेकिन robberies, dacoities और thefts वगैरह की तरफ से खराब नहीं बल्कि political criminals जो हैं और state में जो political मुजरिम हैं उनकी तरफ से law and order की हालत खराब है । तो इस तरह से बाजवा साहिब भी ज़रा तकलीफ में हैं (हंसी) । मैं ज़रा माफी चाहता हूं उन से और अर्ज़ करता हूं, स्पीकर साहिब, इस तरह की democracy में जब किसी गवर्नमेंट को बदलना हो तो कायदा यह है कि उसे जैनरल इलेक्शन में बदलिये या अगर जैनरल इलेक्शन में न बदलना हो तो असेम्बली में बदलिये लेकिन यहां जैनरल इलेक्शन को हुए अभी एक साल हुआ है लेकिन कुछ दोस्तों की speeches आज भी इलेक्शन स्पीचिज़ हैं जो कि parliamentary function करने का जो तरीका है उस से दूर हैं । इस का नतीजा यह है कि हमारी स्टेट के अन्दर अमन में खलल पैदा होता है । हमारी स्टेट के लिए अमन की ज़रूरत बहुत हद तक लाज़म है क्योंकि हमारी बार्डर स्टेट है, काश्मीर का झगड़ा है, पाकिस्तान का झगड़ा है और

4-00 p.m.

[श्री हंस राज शर्मा]
किसी वक्त भी हमारे मुल्क में खातरा आसकता है और हमें सारे देश की हिफाज़त करनी है लेकिन इस स्टेट में पुलिटीकल झगड़े, कम्युनल स्लोगन्ज़, सैक्टेरियन स्लोगन्ज़ इस हद तक लगाए जा रहे हैं कि अमन कायम नहीं रह सकता और मुल्क के लिए खतरा पैदा हो गया है।

इसके साथ ही मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि अभी खोसला रिपोर्ट हमारे सामने आई। खोसला रिपोर्ट में एक बात साफ ज़ाहर है और उन्होंने साफ कहा है कि पंजाब को फिर्कापरस्ती से खतरा है और उन्होंने पहली दफा एक प्वायंटर दिया कि दोनों किस्म के फिर्कापरस्तों से इस स्टेट को खतरा है और हमें इस से बचना चाहिए। कुछ फिर्कापरस्ती ज़बान की शकल में आती है। इस एजीटेशन का मकसद सारी पुलिटीकल है। दूसरी एजीटेशन किसी और शकल में है लेकिन मकसद स्यासी है। मैं, स्पीकर साहिब, ऐसा महसूस करता हूं कि जिस तरह से इन एजीटेशनों को deal किया गया और सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से जिस तरह से हमारी गवर्नमेंट की हौसला अफ़ज़ाई की गई और जो strong stand हमारी स्टेट गवर्नमेंट ने लिया इस के लिए मैं पंजाब सरकार को और सरदार प्रताप सिंह कैरों को मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने strong hand से Communalism को deal किया और मैं समझता हूं कि अगर इसे इस तरह deal न किया जाता तो हमारी स्टेट खतरे में होती ––ऐसा मेरा विचार है।

चौधरी धर्म सिंह राठी : समझ उलटी है।

श्री हंस राज शर्मा : इस के बाद दूसरी चीज़ यह कही गई कि पैसा बड़ा फ़जूल खर्च किया जाता है। इस सिलसिले में मैं समझता हूं बहुत हद तक economy हो सकती है और बचत की गुंजायश है। स्टेट गवर्नमेंट ने Resources and Retrenchment Committee बनाई। उस की रिपोर्ट अभी नहीं आई। लेकिन पिछले साल economy के idea से cut लगाई थी जिस में allowances वगैरह cut किए थे जिस से कुछ रुपये का फायदा हुआ लेकिन वह cut हमने restore की। Resources and Retrenchment Committee की रिपोर्ट हमें नहीं मिली। मैं गवर्नमेंट से दरखास्त करना चाहता हूं कि Resources and Retrenchment Committee और Cadre Committee की reports जल्दी से जल्दी पेश की जाएं और उन पर अमल किया जाय जिस से रुपया बचाया जा सके।

दूसरे एक suggestion और है। वह delegation of powers के बारे में है। cases में बहुत delay होती है। अगर offices में powers delegate कर दी जाएं और दस हाथों में से केस गुज़रने की बजाए उस पर कम नोटस लिखें जाएं तो उस से केस expedite हो जायगा। दूसरे इस से district level पर भी केसिज़ का फैसला कमिश्नर के द्वारा हो सकता है। उसे Secretariat level पर आने की ज़रूरत नहीं रहती। Democracy में centralization delay करती है और कुरप्शन का मूजब होती है इस लिए भी decentralisation बहुत ज़रूरी है। यहां मेरे दोस्तों की तरफ से R.T.A. का ज़िक्र आया। मैं समझता हूं कि R.T. As.

को कानून में जितनी powers उन के लिए हैं पूरी देनी चाहिएं ताकि roads वग़ैरह के जितने cases हैं वे deal कर सकें और जो झगड़े हमारे सर पर पड़ते हैं वे न पड़ें ।

इस के साथ, स्पीकर साहिब, मैं हाऊस की तवज्जुह एक और चीज़ की तरफ दिलाना चाहता हूं । वह यह है कि मैंने पिछले साल भी अर्ज़ किया था कि Applebee Report पर सेंट्रल गवर्नमेंट ने विचार किया, ऐक्शन भी लिया । पिछले साल फाईनेंस मिनिस्टर साहिब ने कहा था कि उस को कंसिडर कर रहे हैं । उस से हम जो administrative reforms कर सकते हैं ज़रूर किए जाए ताकि administrative machinery में जो नुक्स हों वे दूर हो जाएं, economically cases expedite हो सकें और जिन अफसरान को, सेक्रेट्रीज़ या अडंर सेक्रेट्रीज करें, eliminate करना हो, कर सकें । इस लिए मैं अर्ज़ करूंगा कि उस रिपोर्ट पर ज़रूर अमल किया जाय ।

Kanwarani Jagdish Kaur (Jaitu) : ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕਾ ਖਾਲਸਾ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫਤਿਹ । Mr. Speaker, the Demands for Police and General Administration are under discussion in this House to-day. I rise to speak on these Demands. As far as Law and Order is concerned, there prevails lawlessness in the State and nothing has been done to control the deteriorating position of Law and Order in the State of Punjab. Mr. Speaker, I can give you an instance of village called Qila Nau in Faridkot Constituency. Two newly-married girls while sleeping at night at their homes were robbed of their ornaments. The thieves came and took to heels with the ornaments of the girls. The foot-prints of the thieves were shown to the Police and the matter was also reported to the Police. Sardar Sant Singh was the Deputy Superintendent of Police incharge at that time. Nothing so far has been done to trace out the culprits. The people of the village Qila Nau came to me to represent their case and requested me to hear their complaints against the Police. They told me that the dishonour of the girls was the dishonour of the whole village and that they would die for the honour of those girls. I also reported the matter to the Police, but nothing has been done in this connection.

I once went to that village and a Hindu brother came and requested me to give him a patient hearing. I asked him what his troubles and complaints were? He told me that the ornaments of the two newly-married girls had been taken away and the matter was reported to the Police. The villagers of Qila Nau only said Sat Sri Akal to the Deputy Superintendent of the Police. They then told the Deputy Superintendent of Police that they had come from village Qila Nau in Faridkot ilaqa. The Deputy Superintendent of Police said, "Don't worry. The culprits have been released". Mr. Speaker, this shows that there is no law and order in the State but instead there is lawlessness in the State.

Then the 'Muklawa' of the girls had to be given by the parents. But they could not do it without going in for new ornaments. The hardship to which the poor parents were subjected in getting the new ornaments for the girls can better be imagined than described here. You know, Mr. Speaker, the economy of our country is not so good. So when ladies are looted and no protection is given to them and when nothing is done to trace out the culprits, if this is not nepotism and favouritism, what else is this ? There are no Telegraph Offices, Telephone arrangements in the villages and, therefore, the villagers of Qila Nau went to the Police Station, reported the matter to the

[Kanwarani Jagdish Kaur]
Police, showed the foot-prints of the culprits, but in spite of all this, nothing has been done in this connection. To-day, Mr. Speaker, ornaments have been taken away from the body of the girls while they were sleeping and to-morrow it is possible that murders may take place. So the people must be more alert and wideawake.

Mr. Speaker, much has been said from the Treasury Benches and the Ministers about the walk-out staged by the Opposition when the Governor came to Address both the Houses assembled together on 10th February, 1958. A lot of hue and cry has been raised from the Treasury Benches. It has been said that the Opposition Members belong to 'Save Hindi' Agitation. Mr. Speaker, I want to bring it to the notice of the Government that some of the Members belonging to Opposition do not belong to this agitation. Members sitting on the Treasury Benches should clear their eyes and see that all the Opposition Members do not belong to this agitation. Hon'ble Member Chaudhri Balbir Singh remarked the other day that the Opposition Members do not get time to speak. One of the Members from the Opposition said that they were staging walk-out because there is so much lawlessness going in the State of Punjab.

Mr. Speaker : Please do not make any reference to that.

Kanwarani Jagdish Kaur : Mr. Speaker, we are being disrespected The holy Gurdwaras and the holy tanks (sarovers) are being desecrated A bomb was exploded in the Gurdwara in the Capital City of Chandigarh. Tins of cigarettes have been thrown in the holy tanks of Durbar Sahib and Dukh Niwaran Sahib Gurdwara Patiala. Mr. Speaker, nothing has been done in this respect and the Government is responsible for all this. The Government has not been able to control the situation. Mr. Speaker, these were my two reasons for staging a walk-out on 10th February, 1958.

Mr. Speaker, I have been to the Raj Bhavan to see the Governor. saw the Military Secretary to the Governor and told him that I wanted to see the Governor. I was kept waiting for 45 minutes and even then I was not allowed to see the Governor. Mr. Speaker, is this democracy that even 5 minutes are not given to the members belonging to the Opposition to see the Governor.

Mr. Speaker : The Governor's conduct cannot be discussed.

Kanwarani Jagdish Kaur : After all, he is not God. We respect the Governor so long as there is law and order in the State and common man gets justice.

Mr. Speaker : Governor cannot be the subject of discussion.

Kanwarani Jagdish Kaur : Mr. Speaker, I cite another instance of the deteriorating condition of law and order in the State. On the 5th of February, 1958, at 5.30 a.m. in the main Bazar of Bhatinda two or three persons entered a shop and strangled the shopkeeper—Chet Ram— and murdered him. They threw his body in one of the inner rooms under 25 bags of sugar. They locked the shop and ran away with money, etc., from the safe of the shopkeeper. It was after three days that the people came to know about the murder of Chet Ram. This, Mr. Speaker, goes to show that the law and order situation in the State is going from bad to worse.

Mr. Speaker, there are some people who work very conscientiously in the Police also. I do not want to say that all the Police Officers have not done good things. Hazara Singh, a notorious dacoit of Amritsar District, has been the subject of discussion in this House as also in the Press. Partap Singh Kairon, the Chief Minister, in order to favour the dacoit telephoned to the Superintendent of Police, Karnal, asking him to do something for Hazara Singh as his life was in danger. The Superintendent of Police, Karnal, did not carry out the orders because he was conscious that Hazara Singh was a notorious dacoit and he was shot.

(*Voices of shame, shame from Opposition Benches*).

Mr. Speaker, the Superintendent of Police and the Deputy Superintendent of Police concerned were degraded and transferred to the border side. This also proves that the law and order position in the State is not good. Instead of being rewarded, they were punished for doing good, by degradation.

Mr. Speaker, if there is justice and the General Administration is good in the State, all the smugglers should be punished. The Chief Minister Partap Singh Kairon's son, should also be punished.

Mr. Speaker : This matter is sub-judice and should not be discussed.

Kanwarani Jagdish Kaur : Mr. Speaker, I received a registered letter from my constituency some time back. I opened it and found that the letter was addressed to the Chief Minister. I accordingly forwarded the letter to the Chief Minister and I have got a postal receipt dated 3rd March, 1958. I would like to know if the kidnapped woman has been restored or anything has been done to recover the lady. Is this law and order and good general administration ? People are made fools here. Some hon. Members are unnecessarily laughing.

Sardar Bhupinder Singh Mann : On a point of order, Sir. The hon. Member has remarked that we are made fools. Sir, so far as I am concerned, I am not one of them.

Kanwarani Jagdish Kaur : Mr. Speaker, a social worker from Jaitu wrote on 17th February, 1958 to the Superintendent of Police, Bhatinda, to stop *darra* as the Police was involved in doing corruption in this matter from their agency of Khaiwals. The Superintendent of Police ordered the Deputy Superintendent of Police S. Sant Singh to make an immediate enquiry into the matter. The social worker also informed the Deputy Superintendent of Police (S. Sant Singh) that the Police is involved in doing corruption through their agency of Khaiwals.

The Police have got an agency called Khaiwals. The hard-earned income of 7 or 8 thousand poor people is put daily into the pocket of Khaiwals and even the Harijan women are made the '*shikar*' of this thing. I would request the Government to stop this thing immediately.

Then I wish to bring another thing to your notice. There is one relative of Sardar Jagdish Singh, Director of Health Services, Punjab.

Mr. Speaker : But Health is not covered by these Demands.

Kanwarani Jagdish Kaur : Sardar Pritam Singh, the brother-in-law of Sardar Jagdish Singh, Director of Health Services, is working as a doctor in the Jaitu Hospital. The whole *illaqa* is fed up with him.

Mr. Speaker : Order please, references to individuals cannot be made.

Kanwarani Jagdish Kaur : He is the most corrupt man. When one Officer went to that place, the local people went to him and requested him to transfer this person, he said "I have been sent to this place to hush up the case. I cannot have him transferred."

I hope the Minister concerned will take notice of this complaint and try to remove it.

Mr. Speaker : I would request you to please speak on the Demands.

Kanwarani Jagdish Kaur : Sir, I am just bringing to your notice how much corruption is going on ; how much favouritism is going on. I am sorry to say that no notice of these serious things is being taken. A corrupt person is working in Jaitu. In fact, he should not be in the Government service at all. (*Interruptions*).

Mr. Speaker : Order please.

Kanwarani Jagdish Kaur : Sir, I hear from the public all over the State and even from the Members that people are fed up with this Government because it has miserably failed in discharging its duties. We want peace and order in this State. We want law and order in this State. So, I pray to you, Mr. Speaker, that you may kindly send my message to the Government that it should set matters right. If it proves unequal to the task and is unable to set things right, then it certainly needs more overhauling than a car of a Minister which though has not done even a lakh of miles yet he wants to overhaul it. Just after 50 thousand miles run the Ministers have a new car. If the Congress Government does not mend its ways and does not keep the public interest in view then surely there will be a change and the people will replace it by a new and better Government.

(*Some hon. Members rose to speak.*)

अध्यक्ष महोदय : बस जी, अब दो दो, तीन तीन मिनट ही मिलेंगे ; time थोड़ा है । (विघ्न) खान साहिब, मैंने तो आपको यहां बुलाना है । (Now the hon. Members will get two or three minutes each to speak as the time at our disposal is short.) (*Interruption.*) (Khan Sahib, I have to ask you to come here to occupy the chair.)

खान अब्दुल गफ्फार खां : पहले यहां बुला लें, फिर वहां बुला लें ।

श्रीमती सरला देवी शर्मा : On a point of order, Sir. मैं अर्ज़ करना चाहती हूं कि जैसे आपने एक भाई को इधर से time दिया था और एक भाई को उधर से अब अगर Opposition की बहन को time दिया है तो इधर से भी एक बहन को time दें ।

अध्यक्ष महोदय : यह rules में नहीं है । इस में कौन सा point involve है (It is not provided in the rules. What point is involved in it ?)

ਸਰਦਾਰ ਧੰਨਾ ਸਿੰਘ ਗੁਲਸ਼ਨ (ਪੱਕਾ ਕਲਾਂ—ਰਿਜ਼ਰਵਡ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਆਪਣੇ ਆਪਣੇ ਵਿਚਾਰ ਪਰਗਟ ਕਰ ਰਹੇ ਨੇ । ਮੈਂ ਵੀ ਦੱਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਰਾਜ ਪਰਬੰਧ ਦਾ ਢਾਂਚਾ ਕਿਹੋ ਜਿਹਾ ਹੈ । ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਪੈਰ ਤੋਂ ਲੈ ਕੇ ਸਿਰ ਤੱਕ ਇਹੋ ਤਾਣਾ ਪੇਟਾ ਹੋ ਕੇ ਚਲਦਾ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਇਸ ਸੂਬੇ ਦੀ ਹਾਲਤ ਹਰ ਪਾਸੇ ਅਮਨ ਅਮਾਨ ਨਾਲ ਗੁਜ਼ਰਦੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਫਿਰ ਇਹ ਸੂਬਾ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਉੱਨਤੀ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਸਭ ਤੋਂ ਵਧੇਰੇ ਜ਼ਿਮੇਂਵਾਰੀ, ਰਾਜ ਦੇ ਢਾਂਚੇ ਨੂੰ ਚਲਾਉਣ ਵਾਲੇ ਇਸ ਸਦਨ ਤੇ ਪੈਂਦੀ ਹੈ, ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਕਨੂੰਨ ਬਣਾਉਂਦਾ ਹੈ । ਸਦਨ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਜਨਤਾ ਵਲੋਂ ਚੁਣ ਕੇ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਉਸ ਵੇਲੇ ਕਸਮ ਖਾਂਦੇ ਹਨ— ਮੈਂ ਆਪਣੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਉੱਨਤੀ ਲਈ ਆਪਣੇ ਫਰਜ਼ਾਂ ਦੀ ਪਾਲਨਾ ਲਈ ਸੌਗੰਧ ਚੁਕਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੈਂ ਇਸ ਕਰਤੱਵ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਾਂਗਾ । ਜੇ ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਏਥੇ ਇਹ ਕਸਮ ਚੁਕਣ ਤੋਂ ਬਾਦ ਕਨੂੰਨ ਬਣਾਇਆ ਹੈ, ਵੋਟਾਂ ਨਾਲ ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਯਾ ਅਸੀਂ ਸਰਬਸੰਮਤੀ ਨਾਲ ਬਣਾਇਆ ਹੈ, ਉਸ ਕਨੂੰਨ ਦੀ ਉਲੰਘਣਾ ਅਸੀਂ ਬਾਹਰ ਜਾ ਕੇ ਕਰਦੇ ਹਾਂ, ਇਸ ਵਿਧਾਨ ਸਭਾ ਦੇ ਮੈਂਬਰ, ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਬਣਾਏ ਹੋਏ ਕਾਨੂੰਨ ਨੂੰ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਜ਼ਲੀਲ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ।

ਦੂਸਰੀ ਜ਼ਿੰਮੇਂਵਾਰੀ ਸਾਡੇ ਇਸ ਰਾਜ ਦੇ ਢਾਂਚੇ ਨੂੰ ਚਲਾਉਣ ਵਾਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਬੰਦਿਆਂ ਤੇ ਪੈਂਦੀ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕੀਤੀ ਗਈ, ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨਾ ਕੋਈ ਮਾੜੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ । ਲੇਕਿਨ ਜੇ ਉਹ ਰਾਜ ਦੀ ਉੱਨਤੀ ਵੱਲ ਜਾਂਦੀਆਂ ਨੇ ਤਾਂ ਕੋਈ ਬੁਰੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ । ਅਤੇ ਜੇ ਕੋਈ ਹੋਰ ਪਾਸੇ, ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਢਹਿੰਦੀ ਕਲਾ ਵਿਚ ਲੈ ਜਾਣ ਵਾਲੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਜਾਂ ਹੋਰ ਪਾਸੇ ਵਿਚ ਹੋ ਰਹੀ ਉੱਨਤੀ ਨੂੰ ਬੰਨ੍ਹ ਪਾਉਣ ਵਾਲੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਇਹ ਕੇਵਲ ਰਾਜ ਸਰਕਾਰ ਹੀ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨਾਲ ਵੀ ਧੋਖਾ ਕਰਨਾ ਹੈ । ਜੇ ਦੋਵਾਂ ਪਾਸਿਆਂ ਤੋਂ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਮਿਲਵਰਤਨ ਹੈ, ਹਰ ਇਕ ਇਨਸਾਨ ਅਤੇ ਹਰ ਇਕ ਅਹੁਦੇਦਾਰ ਆਪਣੀ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿਮੇਂਦਾਰੀ ਨੂੰ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਹੀ ਰਾਜ ਪਰਬੰਧ ਚੰਗਾ ਚਲ ਸਕਦਾ ਹੈ, ਰਾਜ ਦੀ ਉੱਨਤੀ ਤਾਂ ਹੀ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਤਾਂ ਹੀ ਅਸੀਂ ਖੁਸ਼ਹਾਲੀ ਲਿਆ ਸਕਦੇ ਹਨ । ਅਸੀਂ ਏਸ ਵਿਧਾਨ ਸਭਾ ਦੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਅਜਿਹੇ ਵੇਖੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਏਥੇ ਵਫ਼ਾਦਾਰੀ ਦੀ ਕਸਮ ਖਾਂਦੇ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਬਾਹਰ ਜਾ ਕੇ ਉਹ ਅਜਿਹੀਆਂ ਕਾਰਵਾਈਆਂ ਕਰਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਦੇ ਅਮਨ ਨੂੰ, ਸੂਬੇ ਦੀ ਖੁਸ਼ਹਾਲੀ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਭਾਰੀ ਨੁਕਸਾਨ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ ਔਰ ਸਾਡੀ ਸਰਹਦ ਉਤੇ ਵਸ ਰਹੀ ਸਾਡੀ ਗੁਆਂਢੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਭਾਰੀ ਸ਼ਹਿ ਮਿਲਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਵਸਣ ਵਾਲੇ ਆਦਮੀ ਹੈਰਾਨੀ ਦਾ ਸ਼ਿਕਾਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ । (ਪੰਡਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ : ਇਹ ਗੁਰਦੁਆਰੇ ਵਿਚ ਕਹਿ ਲਿਉ ।) ਤਾਂ ਅਜਿਹੀ ਕਾਰਵਾਈ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖ ਕੇ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਹਰ ਮਹਿਕਮੇ ਤੇ ਜ਼ਿੰਮੇਂਵਾਰੀ ਪੈਂਦੀ ਹੈ । (ਵਿਘਨ) (Mr. Speaker : Order please.) ਕਿ ਉਹ ਜਿਸ ਡਿਊਟੀ ਤੇ ਲੱਗਿਆ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਪੂਰੀ ਜ਼ਿਮੇਂਵਾਰੀ ਨਾਲ ਨਿਭਾਵੇ । ਜਿਤਨੀ ਰਕਮ ਇਸ ਵਿਧਾਨ ਸਭਾ ਨੇ ਪਾਸ ਕੀਤੀ ਹੈ, ਜਿਸ ਮਤਲਬ ਲਈ ਉਹ ਹੈ, ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖਰਚੀ ਜਾਏ, ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਹ ਰਾਜ ਪਰਬੰਧ ਕਿਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਵੀ ਉੱਨਤੀ ਤੋਂ ਵਾਂਝਾ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਸਕਦਾ ।

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਜਿਹੜਾ ਮੈਂ ਵਕਤ ਦਿੱਤਾ ਹੈ, ਇਹ ਵੀ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਿਭਾ ਲਓ । (The time allotted by me may also be utilised properly by the hon. Member.)

ਸਰਦਾਰ ਧੰਨਾ ਸਿੰਘ ਗੁਲਸ਼ਨ : ਮੈਂ ਉਸ ਨੂੰ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਿਭਾਵਾਂਗਾ । ਤੁਹਾਡੀ ਬੜੀ ਮਿਹਰਬਾਨੀ ਹੈ, ਆਪ ਨੇ ਵਕਤ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਏਸ ਨੂੰ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਿਭਾਵਾਂਗਾ । (ਇਕ ਮਾਨਯੋਗ ਮੈਂਬਰ : ਕੋਈ ਕਵਿਤਾ ਹੀ ਕਹਿ ਲਓ ।) ਮੈਂ ਕਵਿਤਾ ਵੀ ਲਿਖਦਾ ਹਾਂ, ਪਰ ਅੱਜ ਨਹੀਂ ਲਿਖੀ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਰਾਜ ਪਰਬੰਧ ਵਿਚ ਕਈ ਨੁਕਸ ਹਨ । ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਪੁਲਿਸ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਤੇ ਬੜੇ ਭਾਰੀ ਹਮਲੇ ਹੋਏ । ਲੇਕਿਨ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬੜੀ ਸਿਆਣਪਤਾ ਨਾਲ ਅਜਿਹੇ ਢਾਂਚੇ ਨੂੰ ਨਜਿੱਠਿਆ ਅਤੇ ਨਿਪਟਾਇਆ ਹੈ, ਜਿਥੇ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਤੇ ਬੜੇ ਭਾਰੀ ਹਮਲੇ ਹੋਏ ਔਰ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਹਰ ਪਾਸੇ ਤੋਂ ਨਿੰਦਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਹਰ ਪਾਸੇ ਤੋਂ ਹਮਲੇ ਹੁੰਦੇ ਹੋਣ ਅਤੇ ਫਿਰ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਉਸ ਸਮੇਂ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖੇ, ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਸਾਡਾ ਰਾਜ ਡੈਮੋਕਰੇਸੀ ਦੇ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਕਈ ਅਫਸਰ ਜ਼ਿਮੇਂਦਾਰ ਹਨ, ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਕਈ ਰਿਪੋਰਟਾਂ ਵਿਚ ਆਇਆ ਹੈ । ਆਡਿਟ ਰਿਪੋਰਟ ਵਿਚ ਬੜਾ ਬੜਾ ਰੁਪਿਆ ਕੱਢਿਆ ਗਿਆ । ਮਸ਼ੀਨਰੀ ਖਰੀਦਣ ਲਈ ਖਰਚ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਲਈ ਪਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿ ਆਡਿਟ ਰਿਪੋਰਟ ਵਿਚ ਪੰਨਾ 25 ਕਲਾਜ਼ 79 ਤੇ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਫਰਮ ਨੂੰ 7,19,037 ਰੁਪਏ ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਕੋਈ ਪੇਸ਼ਗੀ ਦਿੱਤੀ ਗਈ, ਜਿਸ ਦੇ ਕਾਰਨ ਨਾ ਕੋਈ ਮਸ਼ੀਨ ਖਰੀਦੀ ਗਈ ਤੇ ਨਾ ਹੀ ਕੋਈ ਮੈਟੀਰੀਅਲ ਖਰੀਦਿਆ ਗਿਆ ਤੇ ਬਾਦ ਵਿਚ ਕੋਈ ਐਸੀ ਗੱਲ ਹੋਈ ਕਿ ਡਿਗਰੀਆਂ ਤੱਕ ਨੌਬਤਾਂ ਪਹੁੰਚੀਆਂ । ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਕ ਭੱਠੇ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ । ਪਹਿਲਾਂ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਠੇਕਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ, ਫੇਰ ਦੂਜੇ ਨੂੰ । ਇਕ ਨੂੰ ਕੈਨਸਲ ਵੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਪਰ ਦੋਵਾਂ ਨੂੰ ਰਕਮ ਦਿੱਤੀ ਗਈ । ਏਸ ਲਈ ਅਜਿਹੇ ਢਾਂਚੇ ਹਨ ਕਿ ਸਾਡੀ ਏਸ ਰਕਮ ਨੂੰ, ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਇਸ ਵੇਲੇ ਵਿਧਾਨ ਸਭਾ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਨੂੰ ਦਿੰਦੀ ਹੈ, ਉਹ ਠੀਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ । ਕਈ ਦਫਾ ਤਾਂ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਆਦਮੀ ਜ਼ਿਮੇਂਵਾਰੀ, ਉਤੇ ਬੈਠੇ ਹੋਏ ਅਫਸਰ ਨੇ, ਓਹ ਠੀਕ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਰਖਦੇ । ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਿਛੇ ਜਿਹੇ ਹੀ ਚੀਫ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਮੇਰੇ ਇਕ ਸਵਾਲ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿਚ ਦੱਸਿਆ ਹੈ ਕਿ....

